RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 74
लखनऊ, रविवार, 3 जनवरी, 2021
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पेट मजबूत तो प्रतिरक्षण मजबूत
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

www.dailypioneer.com

# कोविड-19: दो वैक्सीन को हरी झंडी, अंतिम मंजूरी का इंतजार

- भारत बॉयोटेक के स्वदेशी टीके कोवैक्सीन और सीरम इंस्टीट्यूट के कोविशील्ड के आपात इस्तेमाल की इजाजत देने के लिए विशेषज्ञों के पैनल ने की सिफारिश
- तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंट लाइन वर्करों को मुफ्त लगाई जाएगी वैक्सीन



नई दिल्ली में एक अस्पताल में टीके की तैयारियों का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू करने के बेहद करीब आ गया है। सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों के पैनल ने देश में दो टीकों के आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी है।

आम लोगों के लिए इस्तेमाल के लिए इन टीकों पर अंतिम मुहर भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) लगाएंगे। ये टीके सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और भारत बॉयोटेक की कोवैक्सीन हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शनिवार को ऐलान किया कि पूरे देश में मुफ्त में टीकाकरण किया जाएगा।

मंत्री ने ट्वीट किया कि पहले चरण के कोविड-19 टीकाकरण में पूरे देश में सबसे ज्यादा प्राथकमिकता वाले लोगों को मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मी तथा दो करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर शामिल हैं।' बहरहाल, उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर 27 करोड़ लोगों को जुलाई तक किस तरह से टीका लगाया जाएगा, इस बारे में ब्योरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन लाभार्थियों में 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग और पहले से किसी बीमारी से ग्रसित इससे कम उम्र के लोग शामिल हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोवैक्सीन अब भी क्लीनिकल ट्रायल के चरण में है, इसको कोरोना वायरस के बदलते स्वरूप के ( शेष पेज 7 )

## ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ब्रिटेन** से आठ जनवरी से 30 जनवरी के बीच आने वाले सभी यात्रियों को देश में आगमन पर स्वभुगतान के आधार पर कोविड-19 जांच करानी होगी। यह बात स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कही।

एसओपी में कहा गया है कि साथ ही ब्रिटेन से आने वाले प्रत्येक यात्री को यात्रा से 72 घंटे पहले करायी गई अपनी कोविड-19 जांच की निगेटिव रिपोर्ट लानी होगी। भारत ने ब्रिटेन में सामने आये कोरोना वायरस के नये प्रकार के प्रसार को रोकने के लिए वहां से आने वाली सभी उड़ानों को 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निलंबित कर दिया था। बाद में, इस रोक को सात जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। उड्डयन मंत्री मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा था कि भारत और ब्रिटेन के बीच आठ जनवरी से उड़ान सेवाएं फिर से शुरू होने पर प्रति सप्ताह केवल 30 उड़ानें ही संचालित होंगी और यह व्यवस्था 23 जनवरी तक जारी रहेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एसओपी में कहा गया है यात्रियों को उड़ान में सवार होने देने से पहले एयरलाइंस कंपनियां उनकी कोविड-19 निगेटिव रिपोर्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसमें कहा गया है कि हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच या उसकी रिपोर्ट के लिए इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। एसओपी में कहा गया है कि संक्रमित पाये गए यात्रियों को संबंधित राज्य के स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा समन्वित एक संस्थागत पृथक ( शेष पेज 9 )

## उप्र में मकर संक्रांति के आसपास होगी टीकाकरण की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में ऐलान किया कि वैश्विक महामारी कोरोना के खात्मे के लिए मकर संक्रांति के आसपास टीकाकरण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण श्रेणीवार किया जाएगा। इससे कोरोना संक्रमण पर प्रभावी रूप से नियंत्रण में सफलता मिलेगी। प्रदेश के छह जिलों में ड्राई रन शुरू हो चुका है। पांच जनवरी को प्रदेश के सभी जिलों में ड्राईरन सफलता पूर्वक सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2021 में कोरोना-19 महामारी का खात्मा हो जाएगा।

सीएम योगी, शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के बहुमंजिला चेम्बर के निर्माण कार्य के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 महीने से वैश्विक महामारी कोरोना-19 से हर व्यक्ति त्रस्त है। दुनिया की सबसे बड़ी ताकत अमेरिका की हालत किसी से छिपी नहीं। बिट्रेन जिसने टीका की शरुआत की वहां फिर से लॉकडाउन की स्थिति बनने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश में 2021 की शुरुआत में विश्वास के साथ कह सकते हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि जब किसी महामारी से लड़ते हैं तब सरकारें सिर्फ नेतृत्व करती हैं। लेकिन सफलता जन सहयोग और सभी संस्थाओं से साझा प्रयास से मिलती है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में तकनीक की मदद से महिलाओं, मजदूरों, पेंशनधारियों की चिंता की गई।



गोरखपुर में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## फील्ड में जाकर लोगों से सीधा संवाद करें अधिकारी: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड में जाकर लोगों से संवाद स्थापित करके जनसमस्याओं का निस्तारण करें। इसकी मॉनीटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जायेगी। सीएम योगी ने शनिवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुये कहा कि मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक केवल शासकीय कार्यालयों से ही शासकीय कार्यों का संचालन करें तथा फील्ड में जाकर लोगों से संवाद स्थापित करते हुए जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि मुख्य सचिव कार्यालय तथा मुख्यमंत्री कायार्लय द्वारा इन अधिकारियों के कार्यालय के लैण्डलाइन नम्बर पर फोन करके की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर धान क्रय तथा गन्ना क्रय किया जाए। डिप्टी आरएमओ धान खरीद के कार्य तथा जिला गन्ना अधिकारी गन्ना क्रय की नियमित मॉनिटरिंग करें। उधर नोडल अधिकारियों ने सभी जिलों का भ्रमण किया और संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की तथा अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी ( शेष पेज 7 )

# मांगें नहीं मानी तो 26 जनवरी को दिल्ली की ओर ट्रैक्टर परेड

- अगले दौर की वार्ता से पहले किसान संगठनों ने सख्त किए तेवर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** के साथ अगले दौर की वार्ता से पहले अपने रुख को और सख्त करते हुए प्रदर्शनकारी किसानों के संगठनों ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 26 जनवरी को जब देश गणतंत्र दिवस मना रहा होगा, तब दिल्ली की ओर ट्रैक्टर परेड निकाली जाएगी।

यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान संगठनों के नेताओं ने कहा कि अब 'निर्णायक' कार्रवाई की घड़ी आ गई है क्योंकि सरकार ने उनकी मांगों पर अब तक ध्यान नहीं दिया है। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर होने वाली परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। किसान नेता दर्शन पाल सिंह ने कहा कि उनकी प्रस्तावित परेड ' किसान परेड' के नाम से होगी और यह गणतंत्र दिवस परेड के बाद निकाली जाएगी। गौरतलब है कि सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के बीच अगले दौर की वार्ता चार जनवरी को प्रस्तावित है।

संगठनों ने शुक्रवार को कहा था कि अगर बैठक में गतिरोध दूर नहीं हो पाता तो उन्हें सख्त कदम उठाना होगा। संवाददाता सम्मेलन के बाद किसान नेता अभिमन्यु कोहर ने कहा कि किसान संगठनों को चार जनवरी को होने वाली बैठक से उम्मीद है, लेकिन वे पिछले अनुभवों के मद्देनजर सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने संवाददाताओं से कहा कि हम शांतिपूर्ण रहना चाहते हैं और हमने सरकार से बातचीत के दौरान कहा कि उसके पास दो विकल्प है- या तो तीनों कानूनों को रद्द करे या बलपूर्वक हमें (दिल्ली की सीमा पर चल रहे धरनास्थल से) हटाए।

अब निर्णायक कार्रवाई का समय आ गया है और हमने जनता की सर्वोच्चता को प्रदर्शित करने के लिए 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस को चुना है। पाल ने कहा कि अगर किसानों की मांगें नहीं मानी जाती तो हजारों किसानों के ( शेष पेज 7 )

## गाजीपुर सीमा पर बुजुर्ग किसान ने की खुदकुशी

**गाजियाबाद।** गाजीपुर में उत्तरप्रदेश-दिल्ली सीमा पर केंद्र के नये कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 75 साल के एक किसान ने शनिवार सुबह को कथित रूप से फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में बिलासपुर निवासी किसान सरदार कश्मीर सिंह ने सचल शौचालय में रस्सी से फांसी लगा ली। इंदिरापुरम के पुलिस अधीक्षक अंशु जैन ने बताया कि उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला है जो गुरमुखी में लिखा गया है। भारतीय किसान यूनियन के एक नेता के अनुसार सिंह ने सुसाइट नोट में लिखा कि सरकार को कृषि कानूनों को अवश्य ही वापस लेना चाहिए क्योंकि ये किसानों के हितों के खिलाफ हैं।

# देशभर में हुआ कोरोना टीकाकरण का पूर्वाभ्यास

- स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक ड्राई रन के दौरान नहीं पेश आई कोई समस्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 टीकाकरण अभियान बड़े पैमाने पर चलाने की तैयारियों के तहत शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इसका पूर्वाभ्यास किया। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हषवर्धन ने लोगों से टीके के सुरक्षित होने और इसकी प्रभाव क्षमता के बारे में अफवाहों से गुमराह नहीं होने की अपील की।

राष्ट्रीय राजधानी में तीन स्थानों पर कोविड-19 टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ राज्यों ने टीकाकरण पूर्वाभ्यास के लिए ऐसे जिलों को शामिल किया है जो दुर्गम स्थानों पर हैं। महाराष्ट्र, केरल और गुजरात ने चार-चार जिलों में, कर्नाटक और तमिलनाडु ने पांच-पांच जिलों में, जबकि राजस्थान ने सात जिलों में टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया। भारत में अब तक कोविड-19 के 1.03 करोड़ मामले सामने आये हैं।



नई दिल्ली में एक अस्पताल में एक महिला पर कोरोना टीके का पूर्वाभ्यास

उल्लेखनीय है कि टीकाकरण पूर्वाभ्यास से एक दिन पहले शुक्रवार को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 संबंधी एक विशेषज्ञ समिति ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोरोना वायरस रोधी टीके 'कोविशील्ड' के भारत में आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी देने की सिफारिश की। इसके साथ ही, भारत में अगले कुछ दिनों में कोविड-19 का टीका लगाये जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, पंजाब में 28-29 दिसंबर को पहला पूर्वाभ्यास किया गया था, जिसके तहत कम से कम 125 लाभार्थियों को शामिल किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि प्रायोगिक आधार पर किये गये पूर्वाभ्यास के दौरान कोई बड़ी परेशानी नहीं पाई गई और सभी राज्यों ने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए संचालन संबंधी दिशानिर्देशों तथा आईटी मंच पर भरोसा जताया है।

शनिवार को किये गये पूर्वाभ्यास के लिए विभिन्न गतिविधियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन गतिविधियों में लाभार्थियों के छद्म डेटा को अपलोड करना, सत्र स्थलों का निर्माण करना, टीका आवंटन, लाभार्थियों एवं टीका लगाने वालों को टीके का ब्योरा बताना आदि शामिल थे। वर्धन ने कहा कि मैं लोगों से अपील ( शेष पेज 7 )

# मुझे भाजपा पर भरोसा नहीं, अभी नहीं लगवाऊंगा कोरोना का टीका: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में शनिवार को खुला ऐलान कर दिया कि मैं कोरोना वायरस की वैक्सीन अभी नहीं लगवाऊंगा, क्योंकि मुझे भाजपा पर भरोसा नहीं है। अखिलेश ने कहा कि जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तब सबको फ्री वैक्सीन बंटेगी।

सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जो सरकार ताली और थाली बजवा रही थी, वो वैक्सीनेशन के लिए इतनी बड़ी चेन क्यों बनवा रही है। ताली और थाली से ही कोरोना को भगा दे ना। उन्होंने कहा कि देश मे कोरोना वायरस का संक्रमण कहीं पर भी नहीं है। अखिलेश ने कहा कि मैं तो बिना मास्क के सबके साथ बैठा हूं। उन्होंने प्रश्न किया कि कोरोना कहां है। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का फैलाया गया ( शेष पेज 7 )

## खुशी-खुशी लगवाऊंगा टीका : उमर अब्दुल्ला

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर



**समाजवादी** पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा शनिवार को कोरोना वायरस टीके को भाजपा का टीका करार दिए जाने के कुछ ही घंटे बाद नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कोविड-19 टीके का संबंध किसी राजनीतिक दल से नहीं बल्कि मानवता से है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने ट्विटर पर लिखा, मैं किसी और के बारे में तो नहीं कह सकता, लेकिन जब मेरी बारी आएगी तो मैं खुशी-खुशी टीका लगवाऊंगा। नेकां उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा कि जितने ज्यादा लोग टीका लगवाएंगे, देश और अर्थव्यवस्था के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने ट्वीट किया, कोई भी टीका किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं रखता।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 47,746 | |
| निफ्टी | 13,981 | |
| सोना | 49,675 | /10g |
| चांदी | 67,983 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अनेक इलाके पिछले 24 घंटों के दौरान जबरदस्त ठंड और शीतलहर की चपेट में रहे। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जबर्दस्त शीतलहर चली और कई क्षेत्र घने कोहरे के प्रभाव में रहे। प्रदेश की राजधानी लखनऊमें न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि इलाहाबाद में न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सुल्तानपुर में 5.2, बांदा में 5.0, बाराबंकी में 4.0 और मुज़फ़्फ़रनगर में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में बरेली सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा 3.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

## हिंदू देवी-देवताओं पर विवादित टिप्पणियों के मामले में पांच गए जेल

**भाषा।** इंदौर

**अभद्र** टिप्पणियों के मामले में भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर गिरफ्तार गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी और चार अन्य लोगों को जमानत देने से जिला अदालत ने शनिवार को इनकार कर दिया। इसके साथ ही, पांचों आरोपियों को 13 जनवरी तक न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया। नववर्ष पर यहां एक कैफे में आयोजित विवादास्पद कार्यक्रम को लेकर पांचों लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणियां की गयी थीं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बूटा सिंह नहीं रहे



बूटा सिंह की फाइल फोटो

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंदिरा** गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन व सरकार में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके तथा पार्टी के लिए हाथ का पंजा चुनाव चिन्ह चुनने में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ नेता बूटा सिंह का शनिवार को निधन हो गया।

वह 86 साल के थे। पिछले साल मस्तिष्काघात के बाद उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था और वह गत वर्ष अक्टूबर महीने से कोमा में थे।

उनके परिवार ने बताया कि बूटा सिंह ने शनिवार ( शेष पेज 7 )

## योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री बूटा सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज यहां जारी एक शोक सन्देश में सीएम ने कहा कि बूटा सिंह समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण व उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे। सीएम ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# प्रदेश में तीन साल में 17 गुना बढ़े स्टार्टअप

- नई नीति से बढ़ रही रोजगार की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर मोर्चे पर तैयार है। हर क्षेत्र में उनके कौशल के अनुरूप उन्हें रोजगार उपलब्ध हो सके इसके लिए सरकार नए स्टार्टअप स्थापित करने पर जोर दे रही है। योगी सरकार स्टार्टअप नीति 2020 के जरिए नए स्टार्टअप स्थापित करने के लिए युवाओं को विभिन्न माध्यमों से प्रोत्साहन भी दे रही है।

इसका ही नतीजा है कि जहां 2017 के पहले पूरे प्रदेश में जहां महज 200 स्टार्टअप ही स्थापित हो सके थे वहीं केवल तीन साल में 17 गुना अधिक बढ़कर कुल 3406 स्टार्टअप स्थापित किये जा चुके हैं।





इससे करीब 22 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सका है। अपर मुख्य सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश के 73 जिलों में स्थापित इन स्टार्टअप के जरिए 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व 12 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हुआ है। जल्द ही प्रदेश में 100 नए इनक्यूबेटर की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में लगभग 18 इनक्यूबेटर कार्य कर रहे हैं।

हर जिले में इनक्यूबेटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन इनक्यूबेटर के जरिए प्रबंधन प्रशिक्षण या अन्य जरूरी सेवाएं प्रदान करके नई स्टार्टअप कंपनियों को विकसित करने में मदद मिलेगी। इसके बाद करीब 10 हजार नए स्टार्टअप्स स्थापित किए जाएंगे। जिससे 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व 1 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। बताया कि वर्तमान में औद्योगिक नगर नोएडा में सर्वाधिक 1154 स्टार्टअप्स स्थापित किए जा चुके हैं।

वहीं गाजियाबाद में 533, लखनऊ में 500 और प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र व पूर्वांचल क्षेत्र के जिलों में कुल 1219 स्टार्टअप्स स्थापित किए जा चुके हैं। लॉकडाउन के बाद अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश लौटे चार लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की चुनौती थी। सरकार का उद्देश्य था कि इन प्रवासी श्रमिकों को ऐसी नौकरियां प्रदान करना जो उनके रोजगार के पेशे के अनुरूप हों साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों को ( शेष पेज 7 )

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 3 जनवरी, 2021





## किसकी सुनें

योगी सरकार के एक मंत्री इन दिनों बुरे संकट में फंसे हैं। किसकी माने और किसकी न माने यही चिंता मंत्री जी को सताये जा रही है। वैसे तो मंत्री योगी सरकार में काफी पावरफुल हैं लेकिन उन्हें सरकार के अपने बास के बीच फंसना पड़ा है। फिलहाल मंत्री जी जैसे तैसे अपना काम चला रहा है। दरअसल योगी सरकार में गांवों के विकास और पानी की योजनाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे मंत्री जी को सरकार के एक उप मुख्यमंत्री का फोन आया और उन्हें उनके विभाग के एक बड़े अधिकारी के पेंच टाइट करने कहा गया। इसके अगले ही दिन सरकार के इस मंत्री को सीएम के यहां से आये फोन में अधिकारी को किसी तरह की दिक्कत न होने के निर्देश मिले। अब मंत्री जी समझ नहीं पा रहे है कि अधिकारी के साथ क्या किया जाये। यह अधिकारी पिछले 12 सालों से दूसरे विभाग में थे और उनकी अब वापसी हुई है।

## इंजीनियर बने सेल्समैन

एलडीए के इंजीनियर्स अब मकान बेच रहे हैं। बेचारे! इंजीनियर इंजीनियरिंग छोड़कर मकान बनाने के बजाए बड़े साहब के दिए टारगेट को पूरा करने में जुटे हुए हैं। एक माह में पचास से अधिक मकान बेचने हैं। वैसे भी खाली फ्लैट जनता को रिझा नहीं पाए तो इंजीनियर क्या करेंगे। एलडीए के बड़े साहब भले ही अपनी अद्भुत मेधा शक्ति से भला करने चले हैं। यह आदेश आते ही शूरवीर इंजीनियर राशन पानी लेकर जुट गए हैं। कुछ कर्मचारी यहां तक कह गए कि हम लोगों को भी कुछ टारगेट मिल जाते तो बेहतर रहता। सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग और अवैध कब्जा नहीं रुक रहा है। कमी दूर करने के लिए बड़े साहब ने छापे की कार्रवाई की लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। बस यह चर्चा आम हो गई है कि साहब ने इंजीनियर्स को सेल्स मैन को बना दिया है।

## टेम्परेरी पावर चीफ की

सूबे के चीफ साहब अवकाश पर क्या गए, कार्यवाहक चीफ साहब को मौका मिल गया अपने आप को सुप्रीम सिद्ध करने का। वह इसलिए क्योंकि उनकी भी चाहत थी चीफ बनने की लेकिन अधूरी रह गई। अब जब साहब को चीफ पद का भी जिम्मा कुछ दिनों के लिए मिल गया है तो उनके पास पावर चीफ साहब की आना लाजिमी है। अब साल के पहले दिन उन्होंने ताबड़-तोड़ बैठकें कर डाली और अधिकारियों को नए साल की शुभकामनाओं के साथ बेहतर काम करने की हिदायत भी दे दी। कुछ अधीनस्थ अफसरों ने तो उनकी बात बड़ी ध्यान से सुनी लेकिन कुछ ने इस कान से सुनकर दूसरे कान से बात निकाल दी। भाई उनका कहना भी ठीक है कि चंद दिन के चीफ साहब का क्या मतलब?




## चिराग कहां रौशनी कहां

प्रवक्ता महोदय बहुत जानकार हैं लेकिन बीच बीच में भटक जाते हैं। अपने अलावा देश, प्रदेश, समाज सबकी सोचते हैं। इधर उनकी जिम्मेदारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। प्रवक्ता तो थे ही अब वह मुख्य वक्ता बन गए हैं। पार्टी मुखिया ने उन्हें विशेष जिम्मेदारी देते हुए पार्टी को प्रगति देकर और अधिक प्रगतिशील बनाने की अपेक्षा की है। वैसे देखा जाए तो प्रवक्ता महोदय दीपक की रोशनी में निरंतर प्रगति के पथ पर चलने की कोशिश करते हैं लेकिन बीच बीच में प्रवक्ता महोदय प्रगति के पथ से भटक कर लोहिया के पथ पर पहुंच जाते हैं। लोहिया पथ पहुंचते ही प्रवक्ता महोदय सब कुछ भूल जाते हैं और उसी पथ के होकर रह जाते हैं। फिर वहां उन्हें न तो किसी कि प्रगति याद रहती है और न ही किसी की प्रगतिशीलता। ऐसी स्थिति में प्रवक्ता महोदय का दीपक ही सहारा बनता है जो उन्हें प्रकाश देकर लोहिया पथ से वापस प्रगति के पथ पर ले आता है और दायित्व का निर्वहन करने साथ ही पार्टी को और अधिक प्रगतिशील बनाने के लिए प्रेरित करता है। प्रवक्ता महोदय एक बार फिर से पार्टी को प्रगति के पथ पर ले जाने और उसे प्रगतिशील बनाने में जुट जाते हैं लेकिन मजबूरी यह कि हर बार इनके सामने लोहिया पथ आ जाता है जिसको देखकर उनकी बेचैनी बढ़ जाती है। फिर भी पार्टी मुखिया को उस दीपक का शुक्रगुजार होना चाहिए जो हर बार भटकने के बाद भी प्रवक्ता महोदय को वापस प्रगति के पथ पर वापस ले आता है।

## नहीं रही चौधराहट

चौधरियों की पार्टी वाले नेताजी की पार्टी की सेहत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अवसरवादिता ने नेताजी को हाशिये पर खड़ा कर दिया है। स्थिति यह है कि पिता पुत्र अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मगर पार्टी के पदाधिकारियों के तेवर इतने कड़े हैं कि मानो अभी कल ही जनता ने विपक्ष में बैठने का मौका दिया है। हर बात पर विरोध करना आदत सी बन गई है। चाहे वह सूबे की सरकार हो या देश की सरकार। हर बात पर इनके एक्सपर्ट बयान जारी करते रहते हैं। बयान के साथ नसीहत व चेतावनी जैसे बयान वाली इनकी भाषा रहती है। अब इन्हें कौन समझाए कि जिस अवसरवादिता के चलते बदनाम हुए हैं उसी में समय के हिसाब से गणित लगा लेते तो पुरानी साख फिर से लौट आती।



## सैंया भये कोतवाल...

वीर बुंदेलों के जिले में तैनात खाकी महकमे के अफसरों की जान इस समय पूरी तरह से सांसत में है। छोटी सी छोटी घटना हो जाने पर भी उन्हें कार्रवाई का खौफ सताया करता है और ऐसा हो भी क्यों न। यहीं की धरती पर जन्म लेने वाला व्यक्ति इस समय सूबे की ब्यूरोक्रेसी का मुखिया जो है। जिले के छोटे बड़े, अमीर गरीब सभी से उनके संबंध भी हैं। कोई भी समस्या होने पर लोग सीधे मुखिया को फोन मिला देते हैं। पिछले दिनों तो मुखिया के खानदानी लोगों के बीच संपत्ति विवाद को लेकर अपहरण के प्रयास की घटना घटित हो गई। फिर क्या ऊपर से नीचे तक फोन घनघनाना शुरू हो गए। खाकी महकमे के अफसर तुरंत सक्रिय हुए और कार्रवाई शुरू कर दी लेकिन अचानक उन्हें अपनी कार्रवाई पर ब्रेक लगाना पड़ा। दरअसल घटना के जो आरोपी प्रकाश में आए थे उन्हें बचाने के लिए ऊपर से सिफारशी फोन आ गया। अब भला मुखिया की सिफारिश को कौन नजरअंदाज कर सकता है। लिहाजा अफसरों ने भी सिर्फ आरोपियों के ड्राइवर को जेल भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर दी।

# रिकवरी दर ठीक, फिर भी न बरतें कोई लापरवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोविड-19** की 96.6 प्रतिशत रिकवरी दर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतोष व्यक्त करते हुए बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना के सम्बन्ध में प्रत्येक स्तर पर पूर्ण सावधानी बरती जाए, इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 की मेडिकल टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन की प्रदेश की प्रयोगशालाओं में जांच के लिए सभी आवश्यक उपकरणों आदि का प्राथमिकता पर प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड वैक्सीन के सम्बन्ध में प्रदेश में की जा रही व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण किया जाए। वैक्सीन के सुरक्षित स्टोरेज, कोल्ड चेन तथा ट्रांसपोर्टेशन के लिए समस्त कार्यवाही निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने लोगों को कोविड 19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए।

उन्होंने ई संजीवनी एप का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश देते हुए कहा इसके माध्यम से लोगों को ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आगामी 10 जनवरी से प्रदेश में पुन: प्रारम्भ किए जा रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की सभी तैयारियां समय से पूरी की जाएं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपलान भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में मिले कोरोना के 728 नए मरीज

**लखनऊ।** प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 728 मामले सामने आए हैं। इस समय सक्रिय मामलों की संख्या 13,316 है। डिस्चार्ज हुए लोगों की संख्या अब 5,65,731 हो गई है। कल प्रदेश में 1,29,111 सैंपल्स की जांच की गई। अब तक कुल मिलाकर 2,42,16,483 सैंपल्स की जांच की गई है। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि यूपी में एक दिन पहले एक लाख 29 हजार 111 सैंपल्स की जांच की गई थी। अब तक प्रदेश में करीब दो करोड़ 42 लाख 16 हजार 483 सैंपल्स की जांच की जा चुकी है। प्रदेश में वक्सीनेशन को लेकर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शनिवार को लखनऊ जनपद में छह जगह वैक्सीन का ड्राई रन किया गया और तैयारी की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि पांच जनवरी को प्रदेश के सभी 75 जिलों में छह छह स्थानों पर ड्राई रन किया जाएगा। इन छह स्थानों में से तीन शहरी और तीन ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे।



# सर्वाधिक लोकप्रिय नेता चुने जाने पर पीएम को योगी ने दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वैश्विक** स्तर पर हुए एक ताजा सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता चुने जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामना दी है। सीएम योगी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित संस्था मॉर्निंग कंसल्ट ने अपने सर्वे में नेट अप्रूवल रेटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता माना है। यह देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी ने 6 वर्ष के कार्यकाल में देश की 135 करोड़ जनता की खुशहाली के लिए सतत काम किया है। उनके नेतृत्व व उनकी कार्यकुशलता के दम पर कोविडकाल में देश ने कोरोना पर नियंत्रण पाने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इसके चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी भारत की सराहना करने को विवश होना पड़ा। सीएम योगी ने कहा कि मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में ब्राजील के राष्ट्रपति को 46, यूएस के राष्ट्रपति को 41, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को जहां 39 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च 74 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग।

### ट्विटर पर टॉप ट्रेंड में रहे योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** नए साल का आगाज़ हो चुका है। एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई लेने देने के सिलसिलों के बीच एक बार फिर ट्विटर पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केंद्र में हैं। साल के दूसरे दिन ट्विटराइट्स ने न केवल योगी के नए यूपी की सराहना की बल्कि योगी आदित्यनाथ को सीएम नम्बर वन का खिताब दे दिया। शनिवार को दोपहर बाद से देर रात तक योगी आदित्यनाथ ट्विटर पर टॉप ट्रेंड में रहे। लोगों ने योगी को नीति और नीयत की खुल कर सराहना की। लोगों ने यूपी की कानून व्यवस्था को शानदार बताते हुए योगी की जीरो टॉलरेंस नीति और अपराधियों को बेल नहीं जेल पसंद होने की बात कही तो कइयों ने कोविड काल मे चीन से यूपी शिफ्ट हुई तमाम कम्पनियों के हवाला देते हुये उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश लिखा। सोशल मीडिया पर लोगों ने योगी को ईमानदार, विजनरी, साफगोई और दृढ़ संकल्प वाला नेता कहा। इससे पहले साल के पहले दिन प्रधानमंत्री ने सभी जरूरतमंद लोगों को आवासीय सुविधा देने की अभिनव योजना पीएम आवास योजना शहरी में सबसे अच्छा काम उत्तर प्रदेश में होने के लिये सीएम योगी को सम्मानित किया था।

आवश्यकता है
रामेश्वर दयाल राम किशोर मिश्र महाविद्यालय
कोरौना-सीतापुर को
प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की।
प्राचार्य -01 पद
प्राध्यापक-07 पद
विषय – हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, शिक्षा–शास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थ–शास्त्र एवं इतिहास।
योग्यता-यू.जी.सी. के मानकानुसार
(नेट अनिवार्य)
मो. 9453388835
7054122525

## मनवीर सिंह तेवतिया ने थामा प्रसपा का दामन

**लखनऊ।** किसान नेता मनवीर सिंह तेवतिया ने शनिवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के विचारों में आस्था जताते हुए प्रसपा का दामन थाम लिया है। 2010 में अलीगढ के टप्पल में हुए किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आए और ग्रेटर नोएडा के भट्टा ग्राम में भूमि अधिग्रहण के ख़िलाफ़ किसानों के पक्ष में संघर्ष का बिगुल फूंकने वाले मनवीर सिंह तेवतिया को शिवपाल ने प्रसपा की सदस्यता दिलाई। इसी क्रम में ब्राह्मण नेता और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नवीन दूबे, फिल्म निर्माता निर्देशक अजय सिंह सैंथवार, सुरेश यादव सहित सैंकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसपा की सदस्यता ली।

## मध्य प्रदेश से आए प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को मध्य प्रदेश के नेताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के संगठन एवं आगामी नगर निगम चुनावों के सम्बंध में चर्चा की। मध्य प्रदेश के नेताओं का कहना था कि मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस की सरकारों के रहते कोई विकास नहीं हुआ। आदिवासी, पिछड़े हैं और दलित उपेक्षित हैं। किसानों का बुरा हाल है। रोजी रोजगार का अभाव है। अखिलेश यादव से भेंट करने वाले मध्य प्रदेश के नेताओं में जगदीश यादव विदिशा, जयपाल सिंह यादव रूपनगर अशोकनगर, अमित यादव जंधार अशोक नगर, राहुल यादव मुंगावली अशोकनगर, आरएस यादव रायसेन, त्रिनेत्र शुक्ल रीवां, विश्वनाथ सिंह पटेल सिंगरौली, रामायण सिंह पटेल रीवां, इन्द्रभान सिंह यादव रीवां, धर्मेन्द्र सिंह चौहान सीधी, इन्द्रसेन यादव रीवां, प्रधान यादव शिव नारायण पन्ना, ददन सिंह यादव भोपाल, बच्छराज सिंह यादव गुना, जगराम यादव अशोकनगर, डॉ राकेश खरे ग्वालियर, राजेश यादव ग्वालियर, इन्दर सिंह गुर्जर ग्वालियर के नाम उल्लेखनीय है।

### रणजीत सिंह पटेल सपा में शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में शनिवार को प्रतापगढ़ सदर विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी रणजीत सिंह पटेल ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। रणजीत सिंह पटेल के पिता और माता दोनों मंडियाहूं जौनपुर से पूर्व विधायक रहे हैं जबकि पत्नी सुषमा पटेल जौनपुर मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र से विधायक हैं। रणजीत सिंह पटेल पूर्व पीसीएस अधिकारी है।

## किसानों का अपमान और उत्पीड़न कर रही योगी सरकार: लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि भाजपा की योगी सरकार के दावे के विपरीत उत्तर प्रदेश भय, भूख, भ्रष्टाचार की समस्याओं से कराह रहा है। जनकल्याणकारी राज्य की कल्पना को साकार रूप देने के स्थान पर सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार नफरत का बीजारोपण व विषवमन करने के साथ पुलिस की लाठी के बल पर जन आक्रोश को शांत करने व फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने तक ही सीमित है। प्रदेश अध्यक्ष ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से लेकर औद्योगिक विकास में सरकार शून्य का सफर तक तय करने में विफल हुई। बीता साल अपराध और अपराधियों के नाम रहा। प्रदेश में हुई आपराधिक घटनाओं से कुछ सीखने के बजाए सरकार झूठ के सहारे अपनी छवि चमकाने के लिये झूठ से भरे आंकड़ों के विज्ञापन जारी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तीनों काले कृषि कानूनों के विरोध में लामबंद किसानों का उत्तर प्रदेश में उत्पीड़न यहां तक किया गया कि आंदोलन में शामिल होने की कीमत पर उन्हें देश द्रोह के मुकदमों में फर्जी तरीके से फंसाया।

## भविष्य के लिए प्राथमिकताओं का आकलन जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने कहा है कि विगत वर्ष की हमारी चुनौतियों एवं हमारी उपलब्धियों का स्मरण एवं भविष्य के लिए हमारी प्राथमिकताओं का आंकलन करना अत्यन्त आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। डीजीपी ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेश भर के पुलिसकर्मियों को बधाई संदेश देते हुए कहा कि यह वर्ष आप एवं आपके परिवारजनों के जीवन में सुख समृद्धि, उल्लास एवं आनन्द का संचार करे। डीजीपी ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) एवं एनआरसी लागू होने के उपरांत प्रदेश का साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना एवं वैश्विक महामारी कोविड.19 की गाइडलाइन्स का पालन कराना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका निर्वहन उत्तर प्रदेश पुलिस ने कुशलतापूर्वक किया। इसकी न केवल प्रदेश वरन् पूरे देश में भूरि भूरि प्रशंसा हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा देश के सबसे बड़े डिफेन्स एक्सपो में त्रुटि रहित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करनाए अमेरिकी राष्ट्रपति एवं उनके परिवार की सुरक्षित आगरा की यात्रा सुनिश्चित करना, अयोध्या में अत्यन्त चुनौतीपूर्ण समय में अभेद्य सुरक्षा के साथ सकुशल राम जन्मभूमि मन्दिर शिलान्यास कार्यक्रम, मध्यावधि विधानसभा निर्वाचन एवं सभी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराकर एक बेहतर मिसाल प्रस्तुत की गयी है, जो हमारे इस प्रतिष्ठित पुलिस बल की क्षमता, कार्यकुशलता एवं दक्षता में चार चॉद लगाती है। उन्होंने कहा कि कोरोना रोकथाम हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा अपने वेतन से लगभग 21 करोड़ रुपए स्वैच्छिक योगदान देकर कोविड.19 कोष में जमा किए गए। महिला अपराध रोकथाम एवं जागरूकता के लिए प्रदेश में मिशन शक्ति चलाया जा रहा है, इसके अन्तर्गत प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है तथा पिंक बूथ बनाये गये हैं। महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों पर पुलिस द्वारा कड़े नियंत्रण हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के पुलिस कर्मियों का आवाहन किया कि इस नववर्ष के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं ईमानदारी के साथ करेंगे, जिससे जनता के समक्ष एक संवेदनशील, कार्यकुशल एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हो।

सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनज़फ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि लवलीन कुमार सिंह पुत्र शलोहन सिंह व श्रीमती विमल सिंह पत्नी श्री लवलीन कुमार सिंह के पक्ष मे राम चन्दर पुत्र सरजू प्रसाद द्वारा निष्पादित विक्रय पत्र दिनांक- 17.02.2010 जो कार्यालय उपनिबन्धक प्रथम लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-11034, पृष्ठ सं0-273/292, क्रमांक-2038 पर पंजीकृत है जो भूखण्ड खसरा सं0-369 रकबा 125.464 वर्गमीटर स्थित-हरिहरपुर, परगना-बिजनौर, लखनऊ के सम्बन्ध मे है, वर्तमान स्वामी अरूण कुमार पाण्डेय से खो गयी है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि अरूण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० श्याम नारायण पाण्डेय द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भरवण्न मटन के सम्बन्ध ने उक्त मूल विक्रय विक्रय पत्र दिनांक-17.02.2010 को बन्धक किया जाना है। अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक-17.02.2010 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बर: शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9559985554, 9559975554

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं श्रीमती मीना पत्नी नूर मोहम्मद, निवासी – मकान नं0 630, निशातगंज, लखनऊ की हूँ। मेरी जीवनबीमा पॉलिसी सं0 219596670 में मेरा त्रुटिवश गलत नाम बीना अंकित हो गया, जबकि सही नाम मीना है। मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा सही नाम मीना है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानी जाऊँ।

आवश्यकता

आवश्यकता है

राज्यानुदानित श्री त्रिवेणी संस्कृत महाविद्यालय, दारागंज, प्रयागराज में सहायक लिपिक का एक पद रिक्त है। शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण एवं CCC का प्रमाणपत्र आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों को संलग्न कर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं। 200 रु0 के बैंक ड्राफ्ट के साथ आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2021 है। किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**आवेदन पत्र भेजने का पता गोपाल कृष्ण अवस्थी, प्रबंधक 1228/859, दारागंज (निकट बड़ी कोठी) प्रयागराज**

# विकास की नई गाथा लिखेगा मल्टी माडल लॉजिस्टिक्स हब

## ग्रेटर नोएडा में 7725 करोड़ के निवेश से होगा निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में ग्रेटर नोएडा जल्द ही विश्व स्तरीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स का हब बनने वाला है। 7725 करोड़ के निवेश से बनने वाले मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब आने वाले समय में यूपी के विकास की नई गाथा लिखेंगे। इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। साथ ही एक ही स्थान पर यात्रियों के लिए रेल, सड़क और मेट्रो की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगीं।

इस प्रोजेक्ट के लिए ग्रेटर नोएडा में एक नए प्राधिकरण इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ऑफ ग्रेटर नोएडा लिमिटेड का गठन किया गया है। दादरी के पास 750 एकड़ भूमि में प्रोजेक्ट को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 85 फीसदी भूमि का अधिग्रहण भी हो चुका है। उत्पादों को रखने के लिए वेयर हाउसिंग से लेकर कोल्ड स्टोरेज सहित अन्य सुविधाएं भी मिलेंगीं। पूरे क्षेत्र को फ्रेट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। आईआईटी जीएनएल के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि ग्रेटर नोएडा अथारिटी दफ्तर से मात्र तीन किमी की दूरी पर बोड़ाकी रेलवे स्टेशन है और आने वाले समय में यहां से 15 ट्रेनें भी चलेंगीं जिससे यात्री देश में किसी भी स्थान पर जा सकेंगे। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू भाउपुर-न्यू खुर्जा खंड तथा ईडीएफसी के संचालन नियंत्रण केन्द्र का उद्घाटन किया है। ईडीएफसी के तहत चलने वाली मालगाड़ियों का रेलवे स्टेशनों पर ठहराव नहीं किया जाएगा। इसके लिए पूरी तरह से अलग रेलवे ट्रैक पर चलने व जगह-जगह लॉजिस्टिक व वेयरहाउस पर ठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

बोड़ाकी रेलवे स्टेशन के पास स्थित एमएमटीएच परियोजना यात्रियों को रेल, सड़क और एमआरटीएस तक सुगम पहुंच के साथ एक परिवहन हब के रूप में काम करेगी। एमएमटीएच में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल आईएसबीटी, स्थानीय बस टर्मिनल एलबीटी, मेट्रो, होटल और खुले हरियाली युक्त स्थलों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। प्रदेश में भविष्य में होने वाले विकास, एनसीआर के उप क्षेत्र और भीड़भाड़ से युक्त दिल्ली को सेवाएं देने वाले इलाकों में तेजी से बढ़ती आबादी को विश्वस्तरीय यात्री परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। इन परियोजनाओं से 100000 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने का अनुमान है और आसपास के इलाकों में विकास के अवसरों पर इसका सकारात्मक असर होगा। ग्रेटर नोएडा में एमएमएलएच और एमएमटीएच परियोजनाएं ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे, एनएच 91, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे, ईस्टर्न एंड वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स के नजदीक हैं। दरअसल लॉजिस्टिक हब के चयन के लिए सबसे जरूरी है कि ऐसी जगह हो जहां एक्सप्रेस-वे व हवाई मार्ग या बंदरगाह की व्यवस्था हो ताकि वहां से खाद्यान व अन्य सामानों को लाने व ले जाने के लिए आसानी हो। केंद्र सरकार द्वारा ग्रेटर नोएडा में जहां यह मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब बनाया जा रहा है वहां से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर विश्वस्तरीय व भारत का सबसे बड़ा नोएडा अंतरराष्ट्रीय ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा बनाया जा रहा है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिधौली, सीतापुर

पत्रांक–3182/पन्द्रहवां वित्त/निविदा पत्रा0/2020–21 दिनांक 01–01–2021

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है जिसमें पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहरबंद निविदायें समस्त ठेकेदारों से दिनांक 10.01.2021 के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 01.01.202.1 से दिनांक 10.01.2021 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन०एस०सी०/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी सिधौली के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में, प्रतिभूति की अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | पन्द्रहवाँ राज्य वित्त के कार्य का नाम | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरदोइया | फिदाहुसैन के घर से डामर रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 994000 | 1000.00 | 19880 | एक माह |
| 2 | विशुनदासपुर | अंगद के घर से अहिबरन के घर तक नाला निर्माण | 658000 | 1000.00 | 11840 | एक माह |

खण्ड विकास अधिकारी,
सिधौली, सीतापुर।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# राजधानी में हुआ कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन

## एसजीपीजीआई में मंडलायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीनेशन की तैयारियों का मंडलायुक्त द्वारा एसजीपीजीआई पहुचंकर, जायजा लिया गया। मंडलायुक्त के निरीक्षण के दौरान एसजीपीजीआई के निदेशक द्वारा ड्राइ रन की तैयारियों की जानकारी दी गयी। एसजीपीजीआई में पुरानी ओपीडी में वैक्सीनेशन किया जाएगा। वहीं, जिलाधिकारी द्वारा लोहिया संस्थान और सहारा अस्पताल में वैक्सीनेशन की तैयारियों को परखा।

शनिवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार व पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने एसजीपीजीआई में कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए की गयी तैयारियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय एसजीपीजीआई निदेशक डा आरके धीमन मौजूद रहे। मण्डलायुक्त ने बताया कि कोविड़-19 वैक्सीनेशन की तैयारी परखने के लिये शहर में 6 स्थानों पर सीएचसी माल, सीएचसी मलिहाबाद, सहारा हास्पिटल, केजीएमयू, आरएमएल व एसजीपीजीआई में वैक्सीनेशन का ड्राई रन (पूर्वाभ्यास) किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकाल के तहत वैक्सीनेशन की सभी व्यवस्थायें पूरी करा ली गयी हैं। निरीक्षण के समय डॉ अमित गोयल द्वारा मण्डलायुक्त को जानकारी दी गयी कि एसजीपीजीआई की पुरानी ओपीडी में वैक्सीनेशन सेन्टर बनाया गया है। पुरानी ओपीडी को तीन हिस्सों में बांटा गया है, पहले हिस्से में पेशेन्ट का डेटा वेरीफिकेशन किया जायेगा। दूसरे हिस्से में वैक्सीनेशन किया जायेगा और तीसरे हिस्से में अबर्जरवेशन एरिया बनाया गया है जहां पर वैक्सीनेशन के बाद पेशेन्ट को अबर्जरवेशन में 30 मिनट रखा जायेगा, जिससे यदि कोई रियेक्शन होता है तो उसका उपचार किया जा सके। इसके साथ ही 4 बेड का एक केबिन भी बनाया गया है जिसमें पेशेन्ट को रखा जायेगा व इमरजेन्सी में भी 4 बेड आरक्षित रखे जायेगे। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा सहारा और लोहिया इंस्टीटयूट में कोविड वैक्सीनेशन की तैयारियों का जायजा लिया गया।

लखनऊ में आयोजित ड्राई रन की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय भटनागर ने बताया कि जिले में आज शनिवार को प्रशिक्षित वैक्सीनेटर्स द्वारा कोविड वैक्सीन का ड्राई रन किया गया। इसके तहत कुल 7 सत्र संचालित किए गए। जिसमें केजीएमयू में 2, एसजीपीजीआई, राम मनोहर लोहिया संस्थान, सहारा अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल और मलिहाबाद में एक एक सत्र आयोजित हुआ। प्रत्येक सत्र के लिए एक टीम जिसमें पांच टीकाकरण कर्मी तथा 25-25 लाभार्थी थे। डा. भटनागर ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी को भी वैक्सीन नहीं लगायी गयी बल्कि केवल वैक्सीन का मॉक ड्रिल हुआ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ ने बताया कि आज की पूरी गतिविधि के माध्यम से बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन करने, आब्जर्वेशन कमरे में लाभार्थी को रखने के बाद वैक्सीन का प्रतिकूल प्रभाव देखने और उसका इलाज करने का ड्राई रन किया गया। प्रत्येक सत्र हेतु तीन कमरों में टीकाकरण केंद्र बनाया गया। पहला रूम वेटिंग रूम जिसमें लाभार्थी का वेरिफिकेशन करने के उपरांत उसे बैठाया गया तथा कोविंन पोर्टल पर डाटा अपलोड किया गया। दूसरा रूम वैक्सीनेशन रूम, जहां पर लाभार्थियों को टीका लगाया गया। तीसरा रूम ऑब्जरवेशन रूम, जिसमें टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को करीब आधे घंटे तक बैठाया गया। जहां पर 30 मिनट के भीतर टीका लगने वाले व्यक्ति पर टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर विशेष नजर रखी गयी, इसके लिए एक स्पेशलिस्ट टीम तैनात थी जिसमें डाक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल रहे, जो एडवर्स इफेक्ट फ्लोइंग इम्युनाइजेशन किट के साथ देखरेख कर रहे थे, वैक्सीनेशन के 30 मिनट बाद ही लाभार्थी घर भेजा गया। वैक्सीन का प्रभाव दोनों ही प्रकार से देखा गया। वैक्सीन के गंभीर प्रतिकूल प्रभाव और हल्के प्रतिकूल प्रभाव होने पर लाभार्थियों को किस तरह से इलाज मुहैया करा जायेगा इसका रिहर्सल किया गया।



## पुलिस आयुक्त ने की साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील

**लखनऊ।** कोरोना वैक्सीन के शुरू होने से पहले लखनऊ कमिश्नरेट ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करना शुरू कर दिया है। साइबर अपराधियों के फ्रॉड से बचने के लिए पुलिस ने सचेत रहने की अपील की है। शनिवार को पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने मंडलायुक्त लखनऊ के साथ एसजीपीजीआई का भ्रमण कर वैक्सीनेशन की सुरक्षा व्यवस्था में लगाए जाने वाले पुलिस बल का आकलन किया है। साथ ही वैक्सीनेशन के नाम पर साइबर अपराध से बचने के लिए आमजन को सचेत किया। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस की वैक्सीन अभी लगना शुरू नहीं हुई है, लेकिन इसके नाम पर साइबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। साइबर अपराधी वैक्सीन लगाने के नाम पर लोगों को फोन कर उनकी जानकारी हासिल करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में वह लोगों की सारी जानकारियां हासिल कर कभी भी साइबर अपराध को अंजाम दे सकते हैं। इस मामले पर लखनऊ कमिश्नर ने लोगों को इसके प्रति सचेत और सावधान रहने के लिए अपील की है।

## सीएए व एनआरसी के विरोध में तोड़फोड़ व आगजनी मामले के विवेचक को नोटिस

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**डॉ. कल्बे सिब्तैन की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी पर भी सुनवाई चार जनवरी को**

**एडीजे** पीएम त्रिपाठी ने सीएए व एनआरसी के विरोध में तोड फोड़ व आगजनी करने के एक आपराधिक मामले के विवेचक व इंसपेक्टर वीर पाल सिंह को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह आदेश इस मामले के मुल्जिम डॉ. कल्बे सिब्तैन उर्फ नूरी की अर्जी पर दिया है। अर्जी में विवेचक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। नूरी ने इसके साथ ही अपनी दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी भी दाखिल की है। इन दोनों अर्जी पर सुनवाई चार जनवरी को होगी।

अदालत में विवेचक के खिलाफ दाखिल अर्जी पर वकील प्रांशु अग्रवाल ने बहस की। उनका कहना था कि बीते 21 दिसंबर को सत्र अदालत ने नूरी की पहली अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। विवेचक ने सुनवाई के दौरान जमानत अर्जी का विरोध करते हुए एमसीआर फुटेज में किसी दूसरे व्यक्ति को मुल्जिम बताकर अदालत में झूठा कथन किया था। जबकि मुल्जिम इस घटना में शामिल नहीं रहा है। लिहाजा इस मामले में उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

22 दिसंबर, 2019 को इस मामले की एफआईआर एसआई राहुल द्विवेदी ने थाना ठाकुरगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक जिले में धारा 144 लगने के बावजूद मुल्जिम डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी अन्य मुल्जिमों के साथ सीएए व एनआरसी के विरोध में उग्र प्रदर्शन करते हुए भारी संख्या में एक स्थान पर एकत्र हुए। ईट, पत्थर, सुतली बम व असलहा आदि से लैस होकर फायरिंग करते हुए हुसैनाबाद चौकी से सतखंडा पुलिस चौकी में तोड़ फोड़ की। लैपटाप व अन्य सामान चोरी किया। वहां खड़ी सरकारी गाड़ियों में आग लगायी।

## एरा से दो कोरोना मरीज डिस्चार्ज

**लखनऊ।** एरा लखनऊ मेडिकल कालेज ने इसी सप्ताह कोरोना वायरस से संक्रमित दो गंभीर मरीजों को वेंटीलेटर से बाहर करते हुए उन्हें स्वस्थ कर अस्पताल से छुटटी दी है। यह दोनों मरीज कोरोना के साथ साथ अन्य बीमारियों से भी ग्रसित थे। एरा के डाक्टरों की कड़ी मेहनत सफल हुई और दोनों मरीजों को स्वस्थ कर वापस उनके परिवार के हवाले किया गया। एरा मेडिकल कॉलेज ने अबतक कोरोना से संक्रमित दर्जनों गंभीर मरीजों को वेंटीलेटर से बाहर लाकर स्वस्थ कर डिस्चार्ज किया है।

एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के क्रिटिकल केयर यूनिट के एचओडी डाक्टर मुस्तहसिन मलिक ने बताया कि 35 वर्ष के राज कुमार को 21 दिसम्बर को लखनऊ मेदांता से एरा अस्पताल लाया गया था, उन्हें वेंटीलेटर पर ही लाया गया था, वह निमोनिया से जकड़े हुए थे, ब्लड प्रेशर भी कम था। हमारी टीम ने उनका उपचार शुरू किया और मात्र तीन दिन में 23 दिसम्बर को हालत सुधरने पर उन्हें वेंटीलेर से बाहर कर दिया गया। कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उन्हें 31 दिसम्बर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उन्होंने बताया कि इसी तरह 40 वर्ष के फारूख अली को कोरोना संक्रमित होने बाद गंभीर अवस्था में एरा में 15 दिसम्बर को भर्ती कराया गया था। वह ब्लड प्रेशर, शूगर और स्कोलियोसिस से पहले से ग्रसित थे। 16 दिसम्बर को उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया। इसके बाद उनकी हालत में लगातार सुधार होता रहा और 29 दिसम्बर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चिनहट, लखनऊ**

पत्रांक–1096/लेखा/पंचम रा0वि0आ0/निविदा सूचना/2020–21 दिनांक–31.12.2020

**निविदा सूचना**

निविदा फार्म जमा करने की अंन्तिम तिथि व समय – 10.01.2021 अपरान्ह 01.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने की तिथि व समय – 10.01.2021 अपरान्ह 03.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने का स्थान – कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिनहट, लखनऊ।

विकास खण्ड चिनहट के पंचम राज्य वित्त आयोग 2020–2021 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो हेतु विकास खण्ड के पंजीकत ठेकेदारो से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में रूपया 100 के जनरल स्टाम्प पेपर जो निविदादाता फर्म के नाम हो, पर 01 रु0 की रसीदी टिकट लगाकर जमा होंगें। निविदा शुल्क का नगद भुगतान कर निविदा फार्म कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किया जायेगा। निविदायें दिनांक 04.01.2021 से दिनांक 10.01.2021 तक अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकेंगी तथा उसी दिन दिनांक 10.01.2021 को समय अपरान्ह 03.00 बजे तक उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य का प्राक्कलन/आगणन नियम व शर्ते कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिनहट लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि 5% (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पचांयत अनौराकला के मजरा भवानीपुर में दुर्गा प्रसाद सिंह के खेत से रश्मि सिंह के प्लाट तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.39 | 31960.00 | 500.00 | 3 Month |

निविदा नियम व शर्ते–1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज है, तो निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा तथा भविष्य में ज्ञात होने पर उसकी निविदा करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 2. निविदा डालने के पूर्व कार्य सील का निरीक्षण निविदादाता द्वारा कर लिया जाये अन्यथा की स्थिति में कोई दावा मान्य नहीं होगा। 3. निविदादाता द्वारा दो बन्द लिफाफों में टेण्डर डाले जायेगें, जिसमें एक लिफाफे में जमानत की धनराशि दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र रखा जायेगा। जिसके पर बड़े–बड़े अक्षरों में निविदादाता का नाम एवं कार्य का नाम अंकित किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। 4. स्वीकृत निविदादाताओं को कार्यालय आदेष के पूर्व नोटरी–शपथ पत्र देना होगा। 5. निविदा प्रपत्र डालने के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र की मूलप्रति की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 6. भुगतान के समय नियमानुसार टी0डी0एस0, सेस, SGST1%+CGST1%, जमानत 5% कटौतियाँ की जायेंगी। 7. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि कॉलम 06 में वर्णित है। 8. कार्य पूर्ण करने की अवधि की बढ़ोतरी नियमानुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा देय होगा। 9. भुगतान तकनीकी प्रभारी अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) के मापन एवं संस्तुति पर देय होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताए निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। जिसके विरूद्ध कोई वाद न्यायालय में नही चालाया जा सकेगा।

(प्रणता ऐश्वर्या) आई.ए.एस.
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/
खण्ड विकास अधिकारी
चिनहट, लखनऊ।

उ0प्र0 158431, दिनांक 01.01.2021
विज्ञापन वेबसाईट www.up.gov.nic.in पर उपलब्ध है।


## महिला समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक महिला सहित तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार जैसाना गांव में रहने वाले किसान राजेन्द्र कुमार वर्मा का बेटा कुलदीप पेशे से मजदूर है। वो दिल्ली में मजदूरी करता है। पत्नी 25 वर्षीय उमा डेढ़ साल की बेटी खुशी के साथ गांव में ही दूसरे घर में रहती थी। उसका बीती एक जनवरी को किसी बात को लेकर मोबाइल पर पति से झगड़ा हुआ था। उसके बाद वो नाराज होकर कमरे में सोने के लिए चली गयी। शनिवार को उसकी कोई आहट नहीं मिली। राजेन्द्र ने पोती खुशी के रोने की आवाज सुनी तो बहू के घर पहुंचे। वो बेड पर पड़ी चीख रही थी जबकि कमरे में उमा का शव साड़ी के सहारे पंखे के हुक से लटका था। उन्होंने इसकी सूचना दिल्ली में बेटे को दी फिर पुलिस को बताया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतका के परिवार वालों ने कोई शिकायत नहीं की थी। वहीं नेहरूबाग नाका में रहने वाले 30 वर्षीय निर्मल साहू ने बीती शुक्रवार रात कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। वो अकेले रहते थे। पत्नी बेटे व बेटी के साथ दो वर्ष से मायके सिवान बिहार में रहती है। निर्मल को दिल की बीमारी थी। जिसके चलते वो डिप्रेशन में रहते थे। उधर मसौली बाराबंकी के सुधीर कुमार सिंह हसनगंज के त्रिवेणीनगर में रहने वाले भवानी सिंह के मकान में किराये पर रहते हैं। उनका भाई 22 वर्षीय सचिन कुमार सिंह हफ्ते भर पहले गांव से आया था। उसने शुक्रवार को पंखे में बेल्ट व तोलिया के सहारे फांसी लगा ली। इसकी जानकारी पुलिस को तब हुई जब सुधीर ड्यूटी से घर पहुंचे। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## फायरिंग मामले में नही लगा आरोपियों का सुराग

**लखनऊ।** राजधानी के तालकटोरा थाना क्षेत्र स्थित राजाजीपुरम के एमआइएस चौराहे पर 15 दिसंबर 2020 की सुबह दो पक्षों में चलीं ताबड़तोड़ गोलियों के मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। हालांकि पुलिस घटनास्थल के आस पास से सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मामले के खुलासे के लिए पुलिस के साथ एसटीएफ को भी लगाया गया है। एसीपी बाजारखाला अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रंजीत पर गोली चलने के मामले की जांच चल रही है इस मामले में प्रोप्टर्टी और रंजिश समेत कई बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को घटनास्थल और सीसीटीवी कैमरे से कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर लाखों निकाले, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ( पीएनएस )।** जालसाजों ने एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर कई लोगों के खाते से करीब ढाई लाख रुपये निकाल लिये जिसकी जानकारी लगते ही पीड़ितों ने थाने पहुंचकर इस मामले की शिकायत दर्ज करायी है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा नगर सेक्टर 13 के रहने वाले विनीत जैन के खाते से शुक्रवार की देर शाम जालसाजों ने करीब 1,30,000 रुपए निकाल लिये वहीं सहादतगंज के मुजीब उर रहमान के खाते से 25,000 निकाले गये। विराम खंड के आशीष गुप्ता के खाते से 1,00,000 रुपये निकाले गये जबकि सहादतगंज के महबूबगंज के रहने वाले बाबूलाल के खाते से 11,000 और महबूब इलाके में रहने वाले अंकुश गौतम के खाते से करीब 3, 000 रुपये जालसाजों ने पार कर दिए । पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर शुक्रवार की देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर सेल की मदद से पुलिस कार्रवाई कर इन जालसाजों की तलाश कर रही है।

## भारत दर्शन यात्रा 28 से

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी द्वारा दक्षिण भारत दर्शन के लिए 28 जनवरी से 6 फरवरी विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान स्टैचू ऑफ यूनिटी के साथ 4 ज्योतिर्लिंग एवं साबरमती आश्रम भ्रमण कराया जाएगा।


**कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक–5025/न0पं0सिं0भे0/2020–21 दिनांक–02.01.2021

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पं0 दीनदायल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना से प्राप्त अनुदान धनराशि से निम्न प्रतिबंधों के अनुसार स्वीकृत सड़क निर्माण, विद्युतीकरण एवं आपूर्ति कार्यो की मुहरबन्द निविदायें अपर जिलाधिकारी कार्यालय में करायी जायेंगी। निविदा बॉक्स अपर जिलाधिकारी कार्यालय, तहसील निघासन एवं कार्यालय नगर पंचायत में भी मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। निविदा दिनांक 12.01.2021 को समय अपराहन 02.00 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। निविदाओं की बिक्री उसी तिथि को समय अपराहन 12.00 बजे तक बिक्री होगी। निविदायें उसी दिन सांय 4.00 बजे अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा ठेकेदारों की उपस्थिती में खोली जायेगी। मोहरबन्द निविदा के साथ आलोच्य अवधि का चरित्र प्रमाण–पत्र व हैसियत प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त ही लगाया जाना आवश्यक होगा। निविदा के साथ 2% जमानत धनराशि नगद/एफ0डी0आर/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशाषी अधिकारी के नाम बंधक कराकर जमा किया जाना आवश्यक है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरीकर्ता को होगा। कार्य विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या 04,08 में श्री राम स्वरूप मिश्र चौराहे का सौंदर्गीकरण। | 84907.00 | 1698.00 | 800.00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड संख्या 10,11 में श्री सूरथ बहादुर शाह चौराहे का सौंदर्गीकरण। | 185408.00 | 3708.00 | 800.00 | 03 माह |
| 3 | वार्ड संख्या 11 में श्री राम चरन शाह चौराहे का सौंदर्गीकरण। | 240204.00 | 4804.00 | 800.00 | 03 माह |
| 4 | वार्ड संख्या 06 में होली स्थल से बाबू लोध के खेत तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 983131.00 | 19663.00 | 800.00 | 03 माह |
| 5 | वार्ड संख्या 06 में श्रीराम मौर्य से नसरू के घर तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 937294.00 | 18746.00 | 800.00 | 03 माह |
| 6 | वार्ड संख्या 06 में चुन्ना के घर से गुरुद्वारा तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 967786.00 | 19356.00 | 800.00 | 03 माह |
| 7 | वार्ड संख्या 06 में जहीर साहब के प्लाट से चौराहे तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 932352.00 | 18647.00 | 800.00 | 03 माह |
| 8 | वार्ड संख्या 04 में श्री रामस्वरूप मिश्र चौराहे से अमर सिंह के घर तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 990354.00 | 19807.00 | 800.00 | 03 माह |
| 9 | वार्ड संख्या 07 में चौराहे से गुरजीत सिंह (बब्बू) के प्लाट तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 975459.00 | 19509.00 | 800.00 | 03 माह |
| 10 | वार्ड संख्या 07 में बाबू राम के खेत से पण्डित जी के खेत तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 990624.00 | 19813.00 | 800.00 | 03 माह |
| 11 | वार्ड संख्या 07 में जाबिर कबाड़ी की दुकान से ज्ञानी के खेत तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 952567.00 | 19051.00 | 800.00 | 03 माह |
| 12 | वार्ड संख्या 07 में ज्ञानी के खेत से अस्बाउद्दीन के कोल्हू तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 922129.00 | 18443.00 | 800.00 | 03 माह |
| 13 | वार्ड संख्या 01 में प्राइमरी स्कूल से प्रहाद भार्गव के मकान तक साइड पटरी पर नाली इंटरलॉक कार्य। | 989176.00 | 19784.00 | 800.00 | 03 माह |
| | **विद्युत कार्यों की सूची** | | | | |
| 14 | वार्ड संख्या 08 में राजेन्द्र के घर से हीरा लाल के घर तक प्रोवाइडेड वेंडेड पोल कार्य। | 462212.00 | 9244.00 | 400.00 | 03 माह |
| 15 | वार्ड संख्या 04 में मुरली घोसी के घर से बुद्धा के घर तक प्रोवाइडेड वेंडेड पोल कार्य। | 889850.00 | 17797.00 | 800.00 | 03 माह |
| 16 | वार्ड संख्या 04 में मोतीलाल के घर से सामुदायिक शौचालय तक प्रोवाइडेड वेंडेड पोल कार्य | 889850.00 | 17797.00 | 800.00 | 03 माह |
| 17 | **वाय विद्युतीकरण कार्य** | 250000.00 | 5000.00 | 400.00 | 03 माह |

**शर्ते एंव प्रतिबन्ध :**

1. कार्य निर्धारित समय अवधि के अन्तर्गत कराया जायेगा।
2. प्रस्तावित कार्यों का परीक्षण आवश्यकता अनुसार कराया जायेगा।
3. कार्य स्थल देखकर ही निविदा डालने का कष्ट करें।
4. शेष 03 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृति के उपरान्त नकद/एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।
5. विद्युत कार्य हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय लखनऊ द्वारा जारी क श्रेणी का लाइसेन्स होना अनिवार्य होगा।
6. विद्युत कार्य हेतु एम0एस0एम0ई0 प्रमाण पत्र एवं आईएसओ प्रमाण पत्र होना अनिवार्य होगा।
7. शासनादेश संख्या–120/16/2194/नौ–8–2016–96ज/2015, दिनांक 03.09.2016 का पालन करें तथा 5 साल की वारंटी देना अनिर्वाय होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा**
**लखीमपुर – खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा**
**लखीमपुर – खीरी**


# लोक नृत्य से सुरभित हुई यूपी महोत्सव की शाम

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव 2020 की 10वीं सांस्कृतिक संध्या राजस्थानी और कोलट्टम लोक नृत्य से सुरभित हुई।

इस अवसर पर सीमा गुप्ता के संयोजन और डॉ ममता पंकज व मुकेश कुमार सिंह निर्णनायक मण्डल की उपस्थिति में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मेंहदी में नेहा खरे और अंकिता सिंह, चित्रकला में शिवानी सिंह, श्रद्धा मिश्रा, आकाश सिंह, आर्यन खरे, रंगोली में रिचा वर्मा, अनिवआ वर्मा, सामान्य ज्ञान में नमरेह शोएब, सात्विक सिंह एवं निबन्ध प्रतियोगिता में बबिता पाण्डेय और श्रद्धा मिश्रा को डॉ एसबी सिंह एनबीआरआई एवं डॉ शकुन्तला सिंह ने पुरस्कृत किया।




यूपी महोत्सव में आज की सांस्कृतिक संध्या का आरम्भ जगदीप सिंह, दुर्गा, गोविन्द यादव, प्रीति मौर्या, वैष्णवी मिश्रा, आरती गौतम और अनंत शर्मा ने जय गणेश जय गणेश देवा गणेश वंदना को प्रस्तुत कर लोगों को विघ्न विनाशक भगवान गणेश की भक्ति का रसापान कराया। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस प्रस्तुति के उपरान्त ओम, आशी, एंजेल, हिमांशु, इमरान, किंजल, मीनार्वी, दिव्यांश, काविश, नक्ष और सपना ने सोनिया सोनिया यम आर माई सोनिया गीत पर नृत्य प्रस्तुत का दर्शकों का दिल जीता। अंशुमान ने खैरियत गीत पर मोहक नृत्य पेश किया। इसी क्रम में सपना, अनन्य, आकांक्षा गुप्ता, सविता, अंशिका मिश्रा, पीहू घोष, प्रीति मौर्या, वैष्णवी गौतम, दुर्गा और प्रज्ञा अवस्थी ने तमिलनाडु के लोकनृत्य कोलट्टम की मनोरम प्रस्तुति दी। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त संकल्प डांस ग्रुप के कलाकारों श्रद्धा डे, सुष्मिता चटर्जी, कमालिका पाल, शयन घोष और तपस घोष ने राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वहीं यूपी महोत्सव में कविता लोक के तत्वावधान में रेनु द्विवेदी की कृति पानी में भी प्यास का लोकार्पण आर्चाय ओम नीरव ने किया। इसके अलावा कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ अनिता मिश्र, कुंवर कुशमेश मुकुल महान, श्रीश चन्द्र दीक्षित, सरल आस्मा, शिखा श्रीवास्तव, निर्भय नारायण, डॉ हरि फैजाबादी, डॉ सुभाष चन्द रसिया, वर्षा श्रीवास्तव, अमर श्रीवास्तव, सरिता कटियार, शिखा सिंह, स्वाति मिश्रा, आशा द्विवेदी, रेनु वर्मा, अलका अधाना, गणेश द्विवेदी, प्रिया सिंह, घनानन्द पाण्डेय मेघ, अनमोल भाष्कर ने अपनी अपनी कविताओं से काव्यप्रेमी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग को ट्रामा सेंटर भिजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आशियाना के न्यू गुड़ौरा निवासी मोहम्मद फय्याज 60 सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में खरादी का काम करते हैं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब सवा आठ बजे फय्याज बाइक से नादरगंज जा रहे थे। तभी सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने फय्याज की बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे फय्याज बाइक सहित रोड पर गिर गए। इस हादसे में फय्याज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने ट्रक का पीछा किया तो ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर भाग निकला।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, 33/11 केवी उपकेन्द्र एच.ए.एल., फैजाबाद रोड, लखनऊ ई–निविदा सूचना विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–नवम्, लेसा–ट्रान्स गोमती, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी निविदादाताओं से दो अलग–अलग भागों में ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं, दिनांक 11.01.2021 समय 12:00 बजे तक निविदायें ई–पोर्टल पर प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगे। ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा शुल्क, धरोहर धनराशि, शुद्धिकरण, नियम एवं शर्ते आदि शर्ते ई–टेण्डर वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है :– **1. ई–निविदा संख्या–31/2020–21 :** लेसा ट्रान्स गोमती क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले विभिन्न मण्डलों में 33/11 केवी भूमिगत केबिल फॉल्ट अटेण्ड करने का कार्य। (ई–निविदा शुल्क रू0–5,900.00 एवं धरोहर राशि रू0–1,20,000.00 (जी0एस0टी0 सहित) **नोट :** निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से E.E, EUDDINDIRA NAGAR, LESA, LUCKNOW के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–आर०एस०एम०नगर, भूतनाथ इन्दिरा नगर, लखनऊ के खाता संख्या– 77290200000745 आइ0एफ0एस0सी0 कोड BARB0VJRSMN में जमा करना होगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये ई–निविदाओं को निरस्त करने तथा मूल अभिलेखों से सत्यापन का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। उक्त ई–निविदाएं निगम की वेबसाईट www.mvvnl.org पर भी देखी जा सकती हैं तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार/निरस्तीकरण के लिए निविदा खुलने की दिनांक से पहले लॉग ऑन करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्यत नगरीय वितरण मण्डल (नवम्) लेसा–ट्रा०गो0, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, 33/11 केवी उपकेन्द्र एच.ए.एल., फैजाबाद रोड, लखनऊ** पत्रांक : 04 दिनांक : 1.1.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें एवं एल0ई0डी0 का प्रयोग करें टोल फ्री नं0–1800–1800–440"

# अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादी और ग्राम प्रधान में मारपीट

### ● सिर फटने से प्रधान लहूलुहान ,केस दर्ज

**संवाददाता।** मोहनलालगंज





**जलभराव** की शिकायत लेकर आए फरियादी और ग्राम प्रधान के बीच ब्लाक अधिकारियों की मौजूदगी में हाथापाई हो गई। मारपीट के दौरान फरियादी ने कुर्सी उठाकर प्रधान के सिर पर दे मारी जिससे जख्मी होकर प्रधान लहूलुहान हो गए। ब्लाक अधिकारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष को कोतवाली ले गई। जहां प्रधान की शिकायत पर केस दर्ज कर शिकायतकर्ता को हिरासत में रखा गया है।

मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत बरवलिया के मजरे गुरुबक्शखेड़ा में मनरेगा से इण्टरलॉकिंग बिछाने का कार्य चल रहा है। शनिवार को गांव का निवासी और पीडब्ल्यूडी कर्मी रामकुमार अपने घर के आसपास इण्टरलॉकिंग नहीं कराए जाने से जलभराव की शिकायत लेकर ब्लाक आया था। इसी दरम्यान ब्लाक में मौजूद ग्राम प्रधान उमेश कुमार से उसकी कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों में हाथापाई शुरु हो गई जब तक ब्लाक में मौजूद कर्मचारी और अधिकारी ज्यादा कुछ समझ पाते रामकुमार ने कुर्सी उठाकर प्रधान के सिर पर दे मारी। सिर फट जाने से प्रधान उमेश कुमार लहुलुहान हो गए। बीडीओ ने बताया रामकुमार शिकायत लेकर आए थे जिस पर सचिव को जांच के निर्देश दिए गए। इतने में मैं दफ्तर के अन्दर चला गया और मारपीट हो गई। पुलिस को सूचना देकर सीसीटीवी फुटेज दिखाई गई है। वहीं इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया प्रधान की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दूसरे पक्ष से शिकायत नहीं आई है। बताया जा रहा है कि इसी बीच मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने मातहतों को फटकार लगाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# जरूरत मंद की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्यः ब्रजेश रावत

### ● वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में भेंट किए अंगवस्त्र

**संवाददाता।** सरोजनीनगर



**मोहान** विधानसभा क्षेत्र से विधायक ब्रजेश कुमार रावत ने कहा कि गरीब व बेसहारा परिवारों की सरकार द्वारा हरसंभव मदद की जा रही है इसके बाद भी अधिकतर जरूरतमंद जानकारी के अभाव में इन योजनाओ का लाभ नही ले पा रहे है। उन्होंने कहा कि जरूरत मंद की सहायता करने से बड़ा कोई पुण्य नही है। इसलिए समाजसेवी वर्ग को चाहिए कि वह जरूरतमंद परिवारों की मदद करने के लिए आगे आए। विधायक श्री रावत शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रेस क्लब सरोजनीनगर के संरक्षक राज कुमार सिंह चौहान द्वारा सरोजनीनगर के बनी गांव स्थित अपने निवास पर क्षेत्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर श्री रावत व श्री चौहान ने वरिष्ठजनों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने सभी वरिष्ठजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मोहान बृजेश कुमार रावत ने बुजुर्गों को अंग वस्त्र भेंट करके उन्हें सम्मानित किया कार्यक्रम में विशेष रुप से ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोज सिंह चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी द्वारा बुजुर्गों को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# कुख्यात इनामी अपराधी चार साथियों सहित मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने हत्या व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के 25000 के इनामी कुख्यात अपराधी सुभाष यादव उर्फ धीरज उर्फ नेता और उसके चार साथियों सुरेश यादव, सूरज यादव, वीरेंद्र कुमार पाल और शिवपूजन पटेल को वाराणसी में हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। अपराधियों के कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल तमंचा टाटा इंडिगो कार और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई।

गिरफ्तार अपराधी सुभाष यादव उर्फ धीरज उर्फ नेता ने पूछताछ के दौरान बताया कि वर्ष 2012 में अपने गांव के ही रहने वाले हरि यादव के कहने पर मैंने थाना केराकत के ग्राम छितौनी के रहने वाले अच्छे लाल मौर्या की हत्या कर दी थी। जिसमें मैं गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जमानत पर छूटने के बाद मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2016 में मुखबिरी करने का शक होने के कारण उदय विश्वकर्मा व राजू सेठ को वाराणसी से ले जाकर चन्दवक क्षेत्रान्तर्गत गोबरा गांव में हत्या कर दिया था। इसके बाद केराकत थाना क्षेत्रान्तर्गत गोलाबाजार में सर्राफा व्यापारी से लूट किया था। उक्त दोनों मामलो मे गिरफ्तार होकर जेल चला गया। इसी दौरान मेरे गांव के पास के ही गांव बेहडा के रहने वाले आदर्श सिंह से मेरी दोस्ती हो गयी। आदर्श के गैंग में पहले से ही बहुत से लूट करने वाले अपराधी मौजूद थे, जिनसे हमलोगों ने अपना एक मजबूत गैंग बना लिये। हमलोगों ने हवाला का कारोबार करने वाले तथा समूह बनाकर पैसा के लेन देन करने वालों के साथ कई लूट की घटनाएं की। अपने गांव के पास मैंने एक लूट की घटना किया, जिसमें गिरफ्तार होकर वर्ष 2018 में जेल चला गया। जेल में ही मैंने व आदर्श सिंह ने बेहडा गांव के रहने वाले संजय सिंह की हत्या की योजना बनायी थी।

आदर्श सिंह आपसी रंजिश के कारण संजय सिंह की हत्या कराना चाहता था। सुभाष यादव उर्फ धीरज उर्फनेता ने पूछताछ के दौरान यह भी बताया कि इस योजना के तहत आदर्श सिंह, गोरखपाल, सुरेश यादव, सूरज यादव तथा गोरखपाल के रिश्तेदार वीरेन्द्र कुमार पाल को साथ लेकर संजय सिंह बेहडा की रैकी करने निकले थे और मौका मिलते ही आज से लेकर कल तक हम लोग संजय सिंह बेहडा की हत्या कर देते।

# नववर्ष की बधाई देने के साथ ही एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक ने किया पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अजय** कुमार खन्ना मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल ने सभी स्टाफ सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी एवं सभी स्टाफ सदस्यो से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कार्य स्थल एवं पारिवारिक जीवन में सकारात्मक सोच हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर श्री खन्ना ने सेवा संकल्प लखनऊ के सहयोग से समाज के कमजोर वर्ग के लिए कम्बलों एवं मास्क का वितरण किया। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ने दिग्विजय सिंह रावत महाप्रबंधक, गजेंद्र सिंह राणा महाप्रबंधक एवं आलोक कुमार सिन्हा महाप्रबंधक एफआईएमएम ने स्थानीय प्रधान कार्यालय के प्रांगण मे वृक्षारोपण भी किया।

विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, सिस गोमती–लेसा, लखनऊ अल्पकालीन ई–निविदा पुनः आमंत्रण/रीटेण्डर सूचना एतदद्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ई–निविदा में कोई भी सफल प्रस्ताव न प्राप्त होने के कारण उक्त ई–निविदा को पुनः ऑनलाईन रीटेण्डर करते हुए निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :– **क्र0सं0** 1 **ई–निविदा सं0** 38/वि०वि०म०(च०)/20–21 उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट निविदा https://etender.up.nic.in पर अपलोड करने की तिथि दिनांक 12–01–2021 को 12:00 बजे तक **निविदा खुलने की तिथि** दिनांक 12–01–2021 को 16:00 बजे अथवा उपरान्त (खुलने की तिथि) निविदा में दी गयी अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी। नोट :– निविदा शुल्क रू0 1180.00 पुनः जमा करना अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता वि0वि0मं0(च०), लेसा** पत्रांक संख्या : 9030 /वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/निविदा दिनांक : 02.01.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, कमरा सं0 115–120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 04/वि0पा0ख0–प्र0(ल0)/2020–21 अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 04–वि0पा0खं0(प्र0)ल0/2020–21, के विरूद्ध दिनांक 26.01.2021 को "गणतन्त्र दिवस" के उपलक्ष्य में पारेषण भवन के चारों ओर सजावट के लिए लाइट की झालर लगवाने के कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि 1100.00, दिनाँक 18.01.2021 को 12:00 बजे तक ई–टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग–1 खुलने की तिथि 18.01.2021, समय 13:30 बजे, भाग–2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई–वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 236.00 मात्र (200.00 + G.S.T. @ 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, लखनऊ** पत्रांकः 09/वि0पा0ख0– प्र0(ल0)/टी0–4/2020–21 दि0 02.01.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।"

# सैनिक स्कूल में हुआ डा. सम्पूर्णानन्द जयंती समारोह

### ● हिन्दी एवं अंग्रेजी में निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ ऑनलाइन आयोजन, खेल प्रतियोगिताओं में किदवई सदन ने मारी दोहरी बाजी

**संवाददाता।** सरोजनीनगर



**उत्तर** प्रदेश सैनिक स्कूल की हीरक जयंती वर्ष के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक डॉ. संपूर्णानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर स्थित डा. संपूर्णानंद की प्रतिमा पर प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल उदय प्रताप सिंह द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सभी अध्यापकों और कर्मचारियों ने भी डॉ. संपूर्णानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुष्प चढ़ाए। इस मौके पर ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें हिंदी और अंग्रेजी के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हिंदी में वरिष्ठ वर्ग के विजेता अर्पित सिंह, जबकि दूसरे स्थान पर अंशु राजपूत रहे। वहीं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सैनिक चंदन यादव प्रथम स्थान पर, राज्यवर्धन द्वितीय स्थान पर और अजय कुमार यादव तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह अंग्रेजी निबंध लेखन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में ओम सेंगर प्रथम स्थान पर, प्रकाश शर्मा दूसरे स्थान पर और ज्योतिर्मय चौहान तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यालय परिसर स्थित ऑब्स्टकल ग्राउंड में ऑब्स्टकल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में किदवई सदन प्रथम स्थान पर, संपूर्णानंद सदन दूसरे स्थान पर और टंडन सदन तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार बालिकाओं के बीच अंतर सदन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें किदवई सदन प्रथम स्थान पर और टंडन सदन दूसरे स्थान पर रहा। विद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप कोविड संबंधित सावधानी का पूर्णतया पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रधानाचार्य ने हीरक जयंती कार्यक्रम की समग्र प्रभारी डॉ. विनीता भट्ट, प्रभारी डॉ. सुभा शुक्ला और एसके उत्तम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कम्प्यूटर के क्षेत्र में अद्वितीय प्रतिभा के लिए सीएमएस छात्र सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के कक्षा–6 के मेधावी छात्र रक्षित राव को कम्प्यूटर के क्षेत्र में अद्वितीय प्रतिभा हेतु व्हाइटहैट सर्टिफाइड गेम डेवलपर के खिताब से नवाजा गया है। रक्षित ने कम्प्यूटर क्षेत्र की शैक्षणिक संस्था 'व्हाइटहैट जूनियर' के कोडिंग सेशन में प्रतिभाग कर कम्प्यूटर विज्ञान के उत्कृष्ट ज्ञान व रचनात्मक प्रतिभा के दम पर यह उपलब्धि अपने नाम की है। सीएमएस के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस ग्लोबल प्लेटफार्म पर रक्षित ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा व कम्प्यूटर ज्ञान का परचम लहराकर साबित कर दिया है कि निकट भविष्य में वह देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। व्हाइटहैट जूनियर के सीईओ करन बजाज ने रक्षित को शानदार एप डेवलपमेन्ट हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## रुद्राभिषेक के साथ हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन

**निगोहां।** कस्बे में स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव धाम में नववर्ष की बेला में अखंड रामायण का पाठ व भगवान शिव का रुद्राभिषेक के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी विजय सोनी ने बताया नव वर्ष के शुभ अवसर पर क्षेत्र में सुख और शांति हेतु अखंड रामायण का पाठ एवं रुद्राभिषेक हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और लोग बाधाओं व कोरोना जैसी महामारी से मुक्त रहें इसी कामना के साथ इस वर्ष की शुरुआत में भगवान शिव से प्रार्थना की गई।

## सुजीत पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पुलिस कमिश्नर, की समीक्षा

**मोहनलालगंज।** व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय की तेरहवीं के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर उनके घर पहुंचे। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की फिर परिवार के लोगों से मिलकर बातचीत की। इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे और एसीपी प्रवीण मलिक और इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र के साथ सुजीत पाण्डेय हत्याकाण्ड की जांच के बारे में समीक्षा की। उन्होने हत्याकाण्ड के फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी प्रगति जानकर मातहतों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## एनएसयूआई मध्य जोन की प्रांतीय कमेटी घोषित

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उप्र मध्य जोन की प्रान्तीय व लखनऊ जिला कमेटी की घोषणा की गयी है। एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी शौर्यवीर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान द्वारा जहां लखनऊ के जिलाध्यक्ष मो. तारिक को पुनः लखनऊ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर एपी सिंह, शैलेस शुक्ला एवं विशाल वर्मा को नियुक्त किया गया है। अनस रहमान ने बताया कि प्रदेश महासचिव के पद पर अजफर सिद्दीकी सहित 6 प्रदेश महासचिव व आत्मिक रावत सहित 10 छात्र नेताओं को सचिव नियुक्त किया गया एवं शरीफअनीसन को प्रशासन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# नववर्ष पर जुनूं अवार्ड से विभूतियों का हुआ सम्मान




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विश्व** मानव संघ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी दिन शुक्रवार को मानव–दिवस 2021 को कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए मनाया गया एवं इसी दौरान 23 वें अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड–2020 प्राप्त करने वाले गणमान्य पुरस्कृत समाज सेवियों, कवियों, कलाकारों व साहित्यकारों के नाम की घोषणा के उपरान्त सभी को पुरस्कार, प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री उनके पते पर प्रेषित कर दी गयी। उक्त जानकारी विश्व मानव संघ के अध्यक्ष प्रवीण भूषण श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि मानव दिवस इस वर्ष चार जिलों लखनऊ, बहराइच, प्रयागराज व फतेहपुर में एक साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि जुनूं अवार्ड–2020 से सम्मानित हस्तियों में पश्चिम गोदावरी, आन्ध्र प्रदेश के पीवी सुब्बाराव, नवासारि, गुजरात के मनाली दर्पण नाइक, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के केशव प्रकाश सक्सेना, फतेहपुर के कुमार शेखर चन्द्रशेखर, बहराइच के गुलाम अली शाह व गुलाब चन्द्र जायसवाल एवं विदेशी विभूतियों में स्विट्जरलैंड के जीन क्रिस्टोफर जेरिलाई, युगाण्डा के डॉ. मारिया बावुब्या, जमैका के ई. जॉन स्टोन का सम्मान किया गया।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०
CIN:U31200UP2003SGC027460
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना
विद्युत वितरण मण्डल, उरई से सम्बन्धित ऑनलाइन निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण शासन की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **क्र० सं० – 1 ई–निविदा सं० –** 40/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020–21 **कार्य का विवरण –** विद्युत वितरण मण्डल, उरई के नियन्त्राधीन विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उरई के अन्तर्गत ऑनलाइन/ऑफलाइन पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत निजी नलकूपों के संयोजनों पर थ्री–फेज मीटर लगाने का कार्य। निविदा मूल्य (कर सहित)–1180.00 (1000+18%) एवं धरोहर धनराशि – 7000.00। **2 ई–निविदा सं० –** 41/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020–21 **कार्य का विवरण –** विद्युत वितरण मण्डल, उरई के नियन्त्राधीन विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, उरई के अन्तर्गत ऑनलाइन/ऑफलाइन पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत निजी नलकूपों के संयोजनों पर थ्री– फेज मीटर लगाने का कार्य। निविदा मूल्य (कर सहित)–1180.00 (1000+18%) एवं धरोहर धनराशि – 9000.00। **3 ई–निविदा सं० –** 42/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020–21 **कार्य का विवरण –** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उरई के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2020–21 के अन्तर्गत 132/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों से निर्गत 11 के0वी0 पोषको की अतिभारिता समाप्त करने हेतु विभाजित करने एवं परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि करने का कार्य। निविदा मूल्य (कर सहित)–1180.00 (1000+18%) एवं धरोहर धनराशि – 1980.00। **4 ई–निविदा सं० –** 43/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020–21 **कार्य का विवरण –** विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, उरई के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2020–21 के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों की लाइन में लगे जर्जर तारों को बदलना एवं 11 के0वी0 पोषकों पर स्थापित परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि करने का कार्य। निविदा मूल्य (कर सहित)–1180.00 (1000+18%) एवं धरोहर धनराशि – 1100.00। **5 ई–निविदा सं० –** 44/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020–21 **कार्य का विवरण –** विद्युत वितरण मण्डल, उरई के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्रों एवं फीडर की लाइनों के कई स्थानों पर 11 के0वी0 एक्स0एल0पी0ई0 केबिल बॉक्स (इनडोर टाइप) क्षतिग्रस्त है। विद्युत आपुर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए क्षतिग्रस्त केबिल बॉक्सों की आपूर्ति। निविदा मूल्य (कर सहित)–1180.00 (1000+18%) एवं धरोहर धनराशि – 2000.00। कम सं0 01 से 02 तक की निविदाओं को वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 07.01.2021 को अपरान्ह 15:30 बजे तक एवं निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि 08.01.2021 अपरान्ह 13:00 बजे तक, कम सं0 03 से 04 तक की निविदोओं को वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 15.01.2021 को अपरान्ह 15:30 बजे तक एवं निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथी 16.01.2021 अपरन्ह 13:00 बजे तक तथा कम सं0 05 की निविदा को वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 21.01.2021 को अपरान्ह 15:30 बजे तक एवं निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि 22.01.2021 अपरान्ह 13:00 बजे तक। **नोट–** निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर तथा सम्बन्धित निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी।
**अधी० अभि० वि०वि०मं०,उरई**
2082/वि०वि०मं०/उरई दिनांक 02–01–2021
राष्ट्र हित में बिजली बचायें



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिधौली, सीतापुर

पत्रांक–3181/चतुर्थ राज्य वित्त/निविदा पत्रा0/2020–21 दिनांक 01–01–2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है जिसमें पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहरबंद निविदायें समस्त ठेकेदारों से दिनांक 10.01.2021 के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 01.01.2021 से दिनांक 10.01.2021 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन०एस०सी०/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी सिधौली के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में, प्रतिभूति की अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | चतुर्थ राज्य वित्त के कार्य का नाम | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड | विकास खण्ड कार्यालय तथा छत की मरम्मत, रगांई, पुताई, टाइल्स कार्य | 999000 | 1000.00 | 19980 | एक माह |
| 2 | विकास खण्ड | विकास खण्ड में चहारदिवारी एवं रगाई पुताई तथा मरम्मत कार्य | 592000 | 1000.00 | 11840 | एक माह |
| 3 | विकास खण्ड | खण्ड विकास अधिकारी आवास मरम्मत एवं रगांई, पुताई कार्य | 320000 | 1000.00 | 6400 | एक माह |
| 4 | विकास खण्ड | टाइप–2 आवास की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य | 997000 | 1000.00 | 19940 | एक माह |
| 5 | सरांय | रामऔतार के घर से तुलाराम के घर तक सी0सी0 कार्य | 523000 | 1000.00 | 10460 | एक माह |
| 6 | किरतापुर | मुनेश्वर के घर से पुलिया तक सी0सी0 कार्य | 645000 | 1000.00 | 12900 | एक माह |
| 7 | बाड़ी | रामस्वरूप के घर से ठाकुर द्वारा तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 996000 | 1000.00 | 19920 | एक माह |

खण्ड विकास अधिकारी,
सिधौली, सीतापुर।


# नए साल पर पैंतालीस गांवों को बेहतर आपूर्ति की सौगात

**मोहनलालगंज।** नव वर्ष के मौके पर शुक्रवार को 33–11 केवी पूरनपुर सबस्टेशन का औपचारिक शुभारम्भ कर लेसा सिस गोमती प्रशासन ने मोहनलालगंज के तकरीबन 45 गांव के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति की सौगात दे दी। एक्सईएन आरएन वर्मा ने बताया पूरनपुर सबस्टेशन में पांच फीडर स्थापित किए गए हैं। एसएसओ और लाइन स्टाफभी नियुक्त कर दिया गया है। सबस्टेशन को ऊर्जीकृत कराने के बाद कालेबीरन खेड़ा के नाम से उनमें से एक फीडर का शुभारंभ कर कालेबीरन खेड़ा, सरथुआ, शिवढ़रा ,दहियर ,पूरनपुर, धरमावत खेड़ा ,इन्द्रजीत खेड़ा समेत लगभग 45 गांव को विद्युत आपूर्ति देने की शुरुआत की गई है। सबस्टेशन के लिए ट्रांसमिशन सबस्टेशन खुजेहटा से एक अन्य 33 केवी लाइन बनाई जा रही है। जिसका कार्य पूरा होने और सबस्टेशन में चिन्हित की गई कुछ कमियों को दूर कराकर अन्य फीडर की भी शुरुआत कराई जाएगी।

**निरीक्षण कर खामियां सुधारने की दी हिदायतः** पूरनपुर सबस्टेशन का शुभारंभ होने के बाद शनिवार को जेई राजेश कुमार और मनोज जायसवाल ने सब स्टेशन का निरीक्षण कर कंस्ट्रक्शन के अधिकारियों को मिट्टी भराई और हैण्डपम्प दुरुस्त कराने समेत अन्य खामियों को दूर कराने की हिदायत दी। अधिकारियों ने बताया खामियां दुरुस्त होने के बाद ही सबस्टेशन हैण्डओवर लिया जाएगा।

# कम्बल के लिए तहसील की चौखट पर एड़ियां घिस रहीं बुजुर्ग महिलाएं

**संवाददाता।** मोहनलालगंज





**कम्बल** पाने के लिए मोहनलालगंज की दो बुजुर्ग महिलाएं तहसील अधिकारियों की चौखट पर पिछले 15 दिन से एड़ियां घिस रही हैं। तहसील कर्मियों ने लिस्ट में उनका नाम लिखकर सप्ताह भर पूर्व उन्हें सीएम के प्रोग्राम में भी बुलाया लेकिन कम्बल नहीं मिल सका। लिहाजा कड़ाके की सर्दी में बुजुर्ग महिलाएं तहसीलदार आवास के सामने तहसील गेट के पास सुबह से शाम तक अधिकारियों से कम्बल मिलने के इंतजार में डटी रहती हैं। मोहनलालगंज कस्बे में रहने वाली बुजुर्ग पियारा की उम्र तकरीबन 105 वर्ष है। गरीबी में उनके पास तन ढ़कने के लिए गर्म कपड़े भी नहीं है साथ में दिव्यांग बेटे छोटेलाल की जिम्मेदारी भी उन्ही के कंधे पर है। लिहाजा पेट पालने के लिए पियारा को लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं। किसी ने उन्हें तहसील में कम्बल बंटने की जानकारी दे दी। जिसके बाद पिछले 15 दिन से पियारा ठण्ड में ठिठुरते हुए तहसीलदार आवास के सामने अधिकारियों के आवागमन के रास्ते में तहसील गेट पर सुबह से ही आकर बैठ जाती हैं। आंखों की नजर भी बेहद कमजोर है फिर भी उन्हें इंतजार है कि किसी न किसी दिन उन पर अधिकारियों की नजर पड़ेगी और कम्बल मिल जाएगा। मोहनलालगंज कस्बे की 70 वर्षीय रामपति को तो तहसील कर्मी लिस्ट में नाम लिखकर कम्बल दिलाने के लिए सप्ताह भर पहले ब्लाक में सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में भी बुला चुके थे फिर भी कम्बल नहीं मिल सका। लिहाजा रामपति भी कम्बल पाने के लिए तहसील की परिक्रमा करती फिर रही हैं।

# लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका

नव वर्ष में, न्यायपालिका को लोकतंत्र में अपनी भूमिका को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है और उसे वैसी भूमिका नहीं निभानी चाहिए जो उसने 2020 में निभाने का विकल्प चुना था।

**अनुराग तिवारी**
(लेखक विधि विश्वविद्यालय विशाखापत्तम से संबद्ध हैं।)





बीता वर्ष कई लिहाज़ से एक अद्वितीय वर्ष था और जीवंत स्मृतियों में सर्वाधिक विचित्र घटनाओं के लिए याद किया जाएगा। हालांकि भले ही सरकारों, वैश्विक नेताओं व आमजन के लिए यह चुनौतियों से भरा रहा हो, भारतीय न्यायपालिका के लिए, 2020 बड़ी चुनौतियों एवं खोए हुए अवसरों का वर्ष रहा। न्यायपालिका और खासकर शीर्ष न्यायालय के लिए यह अस्वाभाविक था, क्योंकि उसके समक्ष प्रस्तुत हुई चुनौतियां अभूतपूर्व थीं और उससे अपेक्षाएं असाधारण रूप से ऊंची थीं। यह बड़े संवैधानिक बदलावों का वर्ष था, जिसके प्रभाव कोरोनावायरस महामारी व उसे कारण पैदा चुनौतियों ने बढ़ा दिए। न्यायपालिका, खासकर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के लिए, यह ऐसा अवसर साबित हो सकता था जिसका वह लाभ उठाना चाहता होगा और यह संदेश देना चाहता होगा कि वह स्वतंत्र रूप से काम करता है।

उसे यह संदेश देना चाहिए था कि यह कोई कार्यकारी न्यायालय नहीं है : एक छवि जो केवल हाल के दौरान उससे जुड़ी है। हालांकि, वर्ष के अंत में, परिणाम काफी भिन्न हैं और कहा जा सकता है कि वे शीर्ष न्यायालय के पक्ष में नजर नहीं आते। पिछले वर्ष के अंत में, केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून को अमली जामा पहनाया। सीएए की संवैधानिकता को चुनौती और राष्ट्रीय नागरिक पंजिका के साथ उसका जो संयोजन माना गया और बाद में राष्ट्रीय जनसंख्या पंजिका के साथ, वह सर्वोच्च न्यायालय के सामने लाया गया।

सीएए बहस के मुताबिक हालिया अतीत सबसे विवादित हिस्सा था। यह कानून 1995 के नागरिकता कानून में संशोधन करता है तथा धार्मिक उत्पीड़न किए जाने अथवा धार्मिक उत्पीड़न के भय से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पलायन करके आए हिन्दुओं, सिखों, जैनों, पारसियों एवं ईसाइयों को भारत की नागरिकता प्रदान करता है। यह उत्पीड़न के शिकार लोगों के हित में एक मददगार कदम है। हालांकि, कानून में उन बहुत से समुदायों को बाहर रखा गया है जो पहले से ही देश में नागरिकता मांग चुके और पनाह लिए हुए हैं। खबरों में दर्शाया गया कि देश के कुछ हिस्सों में प्रदेश सरकारों ने उन लोगों के लिए हिरासत केंद्र बनाने प्रारम्भ कर दिए हैं जो अब इस देश में अवैध नागरिक बन जाएंगे जिसे वो अपनी मातृभूमि मानते हैं और उनके योगदान भी रहे हैं। वे लोग जो वृद्धि और विकास की इस कहानी के साक्षी एवं हिस्सा रहे हैं।

किसी लोकतंत्र में, जब सरकारें बहुसंख्यकवादी हो जाती हैं तो लोगों के पास विकल्प यही बचता है कि या तो विरोध करें या अदालतों की शरण लें। देश में सीएए के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। राजधानी में शाहीन बाग ने राज्य के साथ बातचीत के अनवरत प्रयासों के कारण अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की। लेकिन राज्य विरोध प्रदर्शन तथा प्रदर्शनकारियों को लगातार राष्ट्र विरोधी कहता रहा।

अत्यधिक हताश होकर, कुछ याचिकाकारों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-32 के अंतर्गत सीएए और एनआरसी की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाज़ा खटखटाया। एक अन्य याचिका में, प्रतिक्रिया स्वरूप शाहीन बाग में विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी अदालत में चुनौती दी थी। अमित साहनी बनाम पुलिस आयुक्त वाद में, यह दलील दी गई कि प्रदर्शनकारियों को अनिश्चितकाल के लिए किसी सार्वजनिक स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसे प्रदर्शनों से जनता को बहुत असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, और इसलिए ये प्रदर्शन अनुच्छेद- 19(2) के अंतर्गत प्रतिबंधों के दायरे में आते हैं। अतः, इस बिंदु पर, अदालत के समक्ष दो याचिकाएं थीं : एक सीएए की संवैधानिकता को लेकर तो दूसरी विरोध प्रदर्शनकारी के सार्वजनिक स्थानों पर विरोध करने के अधिकार को लेकर।

अदालत ने सीएए याचिका पर अभी तक सुनवाई नहीं की है, जबकि दूसरी याचिका पर फैसला सुनाया जा चुका है, जिसमें अदालत ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन के उद्देश्य से अनिश्चित काल के लिए कब्जा नहीं जमाया जा सकता और राज्य को उसके लिए वैकल्पिक स्थान मुहैया कराना होगा। ऐसा खासकर तब जब कि सरकार देश के विभिन्न स्थानों से प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर रही थी। इस दिन तक, सत्ताधारी दल के सदस्यों द्वारा चुनावी रैलियों के दौरान देश से अवैध प्रवासियों को बाहर खदेड़ देने संबंधी बयानों का सिलसिला जारी था और सर्वोच्च न्यायालय ने फिर भी भ्रम दूर करने के लिए मामले पर सुनवाई नहीं की। इसके चलते सत्ताधारी दल को चुनानी लाभ उठाने के लिए अपना आधार बढ़ाने का अवसर मिला जबकि विरोध प्रदर्शन बीतते हुए प्रत्येक दिन के साथ अप्रासंगिक होता गया।

> **यद्यपि वर्ष 2020 बड़ी चुनौतियों एवं खोए हुए अवसरों का वर्ष रहा, 2021 न्यायापालिका से उम्मीदों व आकांक्षाओं का वर्ष होगा। अदालत के समक्ष खड़े पक्ष न्यायपालिका की एक भिन्न प्रकार की छवि देखना चाहेंगे, जो सहानुभूतिपूर्ण, मजबूत, लोगों के मूल अधिकारों की संरक्षक, प्राधिकार से परिपूर्ण एवं ऐसी हो जो कार्यपालिका के आगे झुकने वाली नहीं है।**

उस याचिका का भी अंजाम वही हुआ जो 5 अगस्त 2019 को हुए अनुच्छेद-370 के उन्मूलन के विरुद्ध दायर की गई थी। उन्मूलन के पश्चात अदालत के समक्ष तीन तरह की दलीलें प्रस्तुत की गईं थी। पहली थी घाटी में कुछ प्रख्यात नेताओं को हिरासत में रखे जाने के विरुद्ध दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका। पूर्व मुख्यमंत्रियों व पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को नजरबंद कर दिया गया तथा एक वर्ष से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और कुछ तो आज तक हिरासत में हैं। कई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं न्यायालय के समक्ष लंबित हैं मगर उन पर कोई फैसला नहीं आया है। बंदियों को रिहा करने के राज्य के कार्यकारी निर्णय के बाद बहुत सी याचिकाएं निरर्थक हो चुकी हैं। लेकिन अदालत ने संज्ञान नहीं लिया।

दूसरी दलील थी मीडिया प्रतिबंधों एवं संचार ब्लैक आउट के खिलाफ दायर याचिकाएं। अदालत को श्रेय जाता है कि उसने अनुराधा भसीन और गुलाम नबी आज़ाद बनाम भारत संघ वाद में ऐतिहासिक फैसला सुनाया जिसके अंतर्गत इंटरनेट के माध्यम से वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखा गया है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने फैसले का अनुपालन नहीं किया और लगभग आठ महीने से अदालत में अवमानना याचिका लंबित है। अनुच्छेद-370 की संवैधानिकता को दी गई चुनौती भी एक वर्ष से अधिक समय से अदालत में लंबित है।

नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिकों, स्वतंत्र विचारकों एवं लेखकों की गिरफ्तारियों के मुद्दे पर चयनात्मक आक्रोश दर्शाने को लेकर भी न्यायालय की आलोचना हुई। स्पष्ट वैधता प्रतिवाद का विषय बन गई और नागरिक प्रत्येक सोशल मीडिया मंच पर अदालत की आलोचनाएं करने लगे। आज भी बहुत से पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिरासत में हैं और अदालत ने कुछ खास संज्ञान नहीं लिया है, कुछ तकनीकी आधारों का हवाला देकर जिन पर याचिकाकर्ता अपनी दलील स्थापित करने में विफल रहे हैं।

अंतिम मुद्दा जिस पर मैं संक्षेप में बात करना चाहूंगा वह है चुनावी बांड योजना। वित्त विधयक 2017 में चुनावी बांड लागू किए गए थे, जो कि ब्याज मुक्त बेयरर बांड थे। ये वह औजार है जिसका इस्तेमाल राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए किया जाता है। इसमें शामिल पार्टियां संभवतः दानदाता, राजनीतिक दल तथा भारतीय रिजर्व बैंक होंगे, जो एक मध्यस्थ का काम करता है। भारत में लागू की गई यह योजना किसी लोकतंत्र में पहली ऐसा योजना है। राजनीतिक दलों को अपारदर्शी तरीके से वित्तपोषण किया जा रहा है और ऐसी योजना भारतीय लोकतंत्र के घावों में और बढ़ोतरी ही करेगी। योजना को अदालत के समक्ष 2018 में चुनौती दी गई थी, हालांकि, शीर्ष अदालत ने अब तक इस मामले पर सुनवाई नहीं की है।


जिस तरह न्यायपालिका ने इस वर्ष काम किया है उसके कारण उसका सुर्खियों में होना परेशान करने वाला है। इसकी कार्यशैली की आलोचना करने वालों के खिलाफ अवमानना याचिकाएं इस तथ्य के प्रमाण हैं कि कि न्यायपालिका ने लोकतंत्र में जो भूमिका निभानी चाहिए उसे संकीर्ण बना लिया है। इस वर्ष नागरिक सड़कों पर उतरे हैं और उनके साथ एकजुटता दर्शाते हुए विरोध प्रदर्शन किए हैं जो मार्ग के गलत छोर पर रहे हैं जब मामला उनके मूलाधिकारों के संरक्षण का आता है।

यद्यपि वर्ष 2020 बड़ी चुनौतियों एवं खोए हुए अवसरों का वर्ष रहा, 2021 न्यायापालिका से उम्मीदों व आकांक्षाओं का वर्ष होगा। अदालत के समक्ष खड़े पक्ष न्यायपालिका की एक भिन्न प्रकार की छवि देखना चाहेंगे : जो सहानुभूतिपूर्ण, मजबूत, लोगों के मूल अधिकारों की संरक्षक, प्राधिकार से परिपूर्ण एवं ऐसी हो जो कार्यपालिका के आगे झुकने वाली नहीं है। नागरिक चाहेंगे कि उनके सरोकारों को और अधिक तत्परता और सहानुभूतिपूर्वक सुना जाए। नव वर्ष में, न्यायपालिका को लोकतंत्र में अपनी भूमिका को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है और उसे वैसी भूमिका नहीं निभानी चाहिए जो उसने 2020 में निभाने का विकल्प चुना था।

# भारत-चीन सीमा पर गंभीर खतरा

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति बदलने के चीन के प्रयासों को भारत द्वारा गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि बर्फ पिघलना शुरू होने पर पीएलए के पास अनेक विकल्प उपलब्ध होंगे।

**अनिल गुप्ता**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)





संकट व उथलपुथल भरे वर्ष 2020 में सेना ने देश के समक्ष मौजूद सुरक्षा चुनौतियों का डट कर सामना किया है, हालांकि विभिन्न देशों और जनता की तरह कोविड-19 का विनाशकारी प्रभाव हमारी सेनाओं पर भी पड़ा। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए की आक्रामकता ने संभवतः सेना को आश्चर्यचकित किया। इस वर्ष की शुरुआत भारतीय सेना ने पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ के रूप में जनरल बिपिन रावत की नियुक्ति से की थी। यह नियुक्ति कारगिल युद्ध के दो दशक बाद हुई है। इसके साथ ही सीडीएस के अंतर्गत सैनिक मामलों का मंत्रालय गठित कर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन परिवर्तनों का प्रभाव दिखने में अभी कुछ समय लगेगा।

चीन ने एकपक्षीय रूप से एलएसी पर यथास्थिति बदलने का प्रयास किया जिसके लिए संभवतः भारतीय सेना तैयार नहीं थी। इस गतिरोध के पहले विवादित क्षेत्र के काफी बड़े हिस्से पर भारतीय सेना गश्त करती थी और यह प्रक्रिया पिछले दो दशकों से जारी थी। सैनिकों की वापसी तथा तनाव दूर करने की तमाम बातों के बीच चीन सरकार के इरादों के प्रति कोई संदेह नहीं है और वह डेपसांग व गलवान क्षेत्रों में आसानी से पीछे हटने को तैयार नहीं है। पीएलए अब दौलत बेग ओल्डी में भारतीय ठिकानों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है।

इससे हम सियाचिन ग्लेशियर के पश्चिम में साल्टोरो पहाड़ी पर अपना कब्जा मजबूत बनाए रखने में सफल हुए हैं। इस पर हमारे कब्जे से काराकोरम दर्रे के पूरे क्षेत्र पर प्रभुत्व बनाए रखने में भारत को सहायता मिलती है तथा इसमें वह शक्सगाम घाटी भी शामिल है जिसे पाकिस्तान ने अवैध रूप से चीन को सौंप दिया है। हमारे सुरक्षा बलों की मौजूदा स्थितियां चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं। चीन व पाकिस्तान के लिए इसका महत्व बहुत अधिक है तथा दोनों देशों ने वहां भारी निवेश किया है। यह दोनों पड़ोसियों के बीच गठजोड़ व सहयोग का उदाहरण है।

भारतीय सेना ने चीनी आक्रामकता का कठोर जवाब दिया है तथा उसे गलवान घाटी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। 'आपरेशन स्नो लेपार्ड' के अंतर्गत उसने कैलाश पर्वत श्रृंखला की चुशुल व पैगांग सो क्षेत्रों में पहाड़ियों की चोटियों पर कब्जा जमा कर पीएलए पर दबाव बहुत बढ़ा दिया है। हालांकि, ये चोटियां हमारे क्षेत्र में हैं और इन पर चीन ने कभी दावा भी नहीं किया था, पर वे पैगांग सो के दोनों किनारों पर चीनी ठिकानों पर खतरा पैदा करती हैं। इससे हमें स्पांगुर के उस क्षेत्र पर नियंत्रण का अवसर मिला है जहां से चीनी मैकेनाइज्ड सैनिक चुशुल में हमारे ठिकानों की ओर बढ़ सकते हैं। अब भारतीय सेनायें अपने ठिकानों से चीनी क्षेत्रों में गहरे तक घुसपैठ करने के लिए तैयार हैं। यह भारतीय सेनाओं के लिए बहुत लाभ वाली स्थिति है। लेकिन हमें इस बयानबाजी से सतर्क रहना चाहिए कि चीनी रक्षात्मक मुद्रा में हैं, पीएलए हतोत्साहित है तथा उनका नेतृत्व अपनी छवि बचाने के लिए इस गतिरोध से निकलना चाहता है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की कार्रवाई से वे टैक्टिकल लाभ की स्थिति में आ गई हैं और मोर्चे पर स्थिति स्थिर हुई है, लेकिन पीएलए को अभी भी बेहतर आर्थिक व सैनिक शक्ति का लाभ प्राप्त है। भारतीय संचार सुविधाओं के विस्तार तथा ऊंचे पहाड़ों में युद्ध लड़ने की कमजोर क्षमता के कारण पीएलए अब हमें आश्चर्यचकित करने की स्थिति में नहीं है। इसके साथ ही यह तथ्य भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि उनका सामना अत्यधिक कठोर, युद्ध अनुभवों से लैस तथा ऊंचे पहाड़ों में युद्ध की अनुभवी भारतीय सेना से है।

> **भारत की सरकारें हमेशा चीन के मामले में अत्यधिक रक्षात्मक सोच से काम करती रही हैं। मोदी सरकार ने भी शुरुआत में बहुत संयम बरता तथा वार्ता की संभावना बनाए रखने के लिए चीन पर सीधे दोषारोपण से बचने का प्रयास किया। कैलाश पर्वत श्रृंखला की ऊंची पहाड़ियों पर भी हमारा कब्जा पीएलए की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में था और उम्मीद थी कि इससे तनाव और बढ़ने से रोकने में सहायता मिलेगी। पीएलए को ऐसी तीखी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी।**

वैसे भारत की सरकारें हमेशा चीन के मामले में अत्यधिक रक्षात्मक सोच से काम करती रही हैं। मोदी सरकार ने भी शुरुआत में बहुत संयम बरता तथा वार्ता की संभावना बनाए रखने के लिए चीन पर सीधे दोषारोपण से बचने का प्रयास किया। कैलाश पर्वत श्रृंखला की ऊंची पहाड़ियों पर भी हमारा कब्जा पीएलए की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में था और उम्मीद थी कि इससे तनाव और बढ़ने से रोकने में सहायता मिलेगी। लेकिन पीएलए को अपनी उकसावे वाली गतिविधियों के जवाब में भारत की इतनी तीखी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी। उनके पास जाड़ा शुरू होने के पहले काफी सैनिक भी नहीं थे। अनेक रणनीतिकारों के अनुसार भारत को इस स्थिति में और कठोर व्यवहार करते हुए एलएसी पर विवादित क्षेत्रों के मामले में पीएलए के खिलाफऔर तगड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी। इसका प्रयोग बाद में एलएसी पर वार्ताओं में दबाव डालने के लिए किया जा सकता था। इससे प्रधानमंत्री सीमा विवाद को भारत के पक्ष में हल कराने में काफी सीमा तक सफल हो सकते थे।

संभवतः सरकार ने इतना कठोर दृष्टिकोण चीनी प्रतिक्रिया की आशंका से नहीं उठाया। शायद भारतीय सेना की तैयारी भी चीन से लड़ने के लिए उस समय पूरी नहीं थी। भारतीय सेना को अधिक आर्थिक आबंटन की आवश्यकता है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे राजनेताओं में रणनीतिक मामले समझने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। वे सैनिक व रणनीतिक मामलों की तुलना में देश की आंतरिक समस्याओं पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसके परिणामस्वरूप भू-राजनीतिक जटिलताओं की सतही समझदारी राजनेता वर्ग में व्याप्त है, जबकि संस्थागत स्तर पर यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। इस अज्ञान का खामियाजा सशस्त्र बलों को भुगतना पड़ता है जिनको पिछली अनेक सरकारों ने अनदेखा किया है।

संभवतः ऐसा इस गलत विश्वास के कारण है कि शक्तिशाली सेना सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना के लिए आंतरिक खतरा बन सकती है। इसलिए सेना को नियंत्रण में तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा जाता है। राजनीतिक अवस्थापना का यह विश्वास बहुत गलत है और इससे परंपरागत युद्ध की स्थिति में सेना की क्षमता प्रभावित होती है। यह स्थिति क्षेत्रीय शक्तियों के नाभिकीय शक्ति संपन्न होने के बाद और गंभीर हो सकती है। यह विश्वास सैनिक नेतृत्व के कारण भी है जिसने आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों पर बहुत अधिक ध्यान दिया है तथा परंपरागत युद्धक क्षमताओं को लगातार बढ़ाने को एक सीमा तक अनदेखा किया है।

कुछ महीनों बाद बर्फ पिघलना शुरू होने पर एलएसी पर स्थितियां बदलने की कोई ज्यादा संभावना नहीं है। ऐसे में पीएलए के प्रति रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाना उचित नहीं होगा। पीएलए के पास अनेक विकल्प होंगे और वह हमारे ऊपर दबाव डाल सकती है। वे एलएसी के अन्य स्थानों पर दबाव डाल कर बीते वर्ष की तरह भारत को परेशान करने का प्रयास कर सकते हैं। संभवतः वे यह जांचना चाहेंगे कि क्या भारत की प्रतिक्रिया इतनी ही कठोर रहती है जितनी लद्दाख के मामले में दिखी है। शायद चीन व पीएलए समझते थे कि मोदी सरकार पर दबाव डाल कर वे उनसे कुछ रियायतें हासिल कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। यदि शी जिनपिंग अपनी सीमा पार नहीं करते हैं तो मोदी सरकार जनता का पूरा ध्यान आगे आने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों की ओर आकृष्ट कर उसमें विजय पाना चाहेगी। हालांकि, इससे यह समझ भी विकसित हो सकती है कि सीमायें पूरी तरह सुरक्षित व शांत हैं तथा वहां स्थिति बदली नहीं जा सकती है। इसके बाद स्थितियां फिर पहले जैसी हो जाएंगी और सीडीएस सेनाओं में अन्य सुधारों की ओर मुड़ सकते हैं।

# योगी ने दी अधिवक्ताओं को अत्याधुनिक चेंबरों की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**नए साल** में पहली बार अपने गृह जनपद आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ताओं को अत्याधुनिक चेम्बर्स की सौगात दी। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि प्रदेश के सभी कलेक्ट्री, कमिश्नरी एवं तहसीलों में अधिवक्ताओं के अत्याधुनिक बहुमंजिला चेम्बर्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के कलेक्ट्रेट, तहसील सदर और कैम्पियरगंज तहसील से इसकी शुरूआत हुई है। उन्होंने कलेक्ट्रेट मुख्यालय, तहसील सदर और कैम्पियरगंज तहसील में 11.68 करोड़ की लागत से बनने वाले मल्टी स्टोरी अधिवक्ता चेम्बर्स का शिलान्यास किया। सीएम रविवार को सहजनवां और बांसगांव तहसील में बनने वाले अधिवक्ता चैंबर भवन का शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम में नगर विधायक डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल, सदर सांसद रवि किशन, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह, मंडलायुक्त जयंत नार्लीकर, जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन, जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री रामशंकर राम त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी, बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अध्यक्ष भानु प्रताप पांडेय आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं की हरसंभव मदद को तत्पर है सरकार: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ता समाज की हरसंभव मदद कर रही है। 2017 में अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र को स्वीकार करते हुए सरकार ने अधिवक्ता सामाजिक सुरक्षा निधि के तहत 471 मामलों में 23.11करोड़ और अधिवक्ता कल्याण निधि के तहत 662 मामलों में 4.46करोड़ रुपये का भुगतान किया है। युवा अधिवक्ताओं को 5000 रुपये प्रति माह सहायता योजना के तहत 1.87 करोड़ की राशि स्वीकृत और 1.60 करोड़ की राशि वितरित की गई है। बहुमंजिला भवनों और पार्किंग के लिए हाइकोर्ट प्रयागराज और लखनऊ खंडपीठ को क्रमशः 573 और 184 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता तकनीकी के साथ जुड़ें। इससे सर्वजन की न्याय सुलभ कराने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ता भवन के निर्माण की परिस्थितियों की चर्चा करते हुए कहा कि यह इस भवन में बन रहे अधिवक्ताओं के चैंबर को महज एक चैंबर की तरह नहीं देखना चाहिए। यह आम आदमी को न्याय दिलाने और इसे लेकर विश्वास का चैंबर होगा।

### भय का विनाश कर योगी ने किया विकासः रविकिशन

शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि आज गोरखपुर हिंदुस्तान के पटल पर चमकता दिखाई दे रहा है। इसके पीछे सांसद के रूप में योगी आदित्यनाथ का संघर्ष है। योगी ने यहां से माफिया और भय का विनाश कर विकास किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी ने किया।

### विपक्ष पर साधा निशाना

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्ष पर भी हमला बोला। कहा कि राज्य वही, संसाधन वही, तंत्र भी वही लेकिन इच्छा शक्ति हो तो परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1947 में आजादी मिली तब से 2017 तक 12 मेडिकल कालेज बने थे। 2017-2020 के बीच में 30 नए राजकीय मेडिकल कालेज बना रहे हैं। पुराने मेडिकल कालेज में सुपर स्पेशिलिटी की सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। नियुक्तियां कर रहे हैं। दो एम्स और रायबरेली में एम्स बन रहा है। वाराणसी में एम्स जैसा संस्थान बना रहे हैं। कल प्रधानमंत्री ने लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया है। 2016 में प्रदेश का स्थान 26वीं था, सर्वश्रेष्ठ सम्मान 17.58 हजार आवास देकर उत्तर प्रदेश अव्वल स्थान पर आया है।

# दो महीनों में 1900 से अधिक रेलकर्मियों को दिया गया प्रमोशन का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**प्रयागराज मंडल** के कार्मिक विभाग ने माह नवम्बर और दिसम्बर 2020 में 1900 से अधिक रेलकर्मियों को प्रमोशन का लाभ दिया है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग ने मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में माह नवम्बर और दिसम्बर 2020 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कोविड 19 के वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुये तथा कोविड 19 सम्बंधी सभी दिशानिर्देशों का पालन करते हुये प्रयागराज मण्डल के कार्मिक विभाग द्वारा कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न कार्यों जैसे पास पीटिओ प्रमोशन एमएसीपी का लाभ रिक्रूटमेंट रिटायरमेंट तथा कर्मचारियों की शिकायतों का निस्तारण आदि कार्यों को लक्षित कर पूरा किया गया। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी ने बताया कि दो महीनों नवम्बर और दिसम्बर 2020 में कार्मिक विभाग द्वारा प्रयागराज मण्डल के विभिन्न विभागों के 1900 से अधिक कर्मचारियों को प्रमोशन तथा 165 से अधिक कर्मचारियों को एमएसीपी के अंतर्गत वित्तीय लाभ दिया गया। रेलवे भर्ती बोर्ड एवं रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ से प्राप्त पैनल में 146 और 77 कर्मचारियों की ट्रेनिंग पोस्टिंग आदि कार्य के साथ साथ अनुकम्पा के आधार पर बारह कर्मचारियों की नियुक्ति भी की। इसके साथ सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से जुड़े सभी प्रपत्रों को तैयार कराने से लेकर कर्मचारी को भुगतान कराने तक के कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत किया जाता है। जिससे सम्बंधित कर्मचारियों को समस्त लाभ उचित समय पर दिया जा सके। इसी क्रम में माह नवम्बर और दिसम्बर 2020 में सेवानिवृत्त हो रहे 107 कर्मचारियों को 29 करोड़ से अधिक का भुगतान प्रदान कराया गया। इन सभी कार्यों के साथ साथ कार्मिक विभाग द्वारा रेलकर्मी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों से प्राप्त 151 और रनिंग कर्मचारियों से प्राप्त 190 से अधिक शिकायतों का भी विगत दो महीनों में निस्तारण किया।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने एल-1 अस्पताल बिछिया का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने एल-1 अस्पताल बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डाक्टर्स व स्टाफ को ब्यवस्था सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक्टर्स के कपडों के पहनावे अस्पताल के अनुसार न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करी। डाक्टर्स को सख्त निर्देश दिये कि अस्पताल में डाक्टर्स मूल ड्रेस में ही रहे ताकि अस्पताल की गरीमा के साथ अस्पताल जैसे माहौल बना रहे। जिलाधिकारी को बताया गया कि अस्पताल में कुल 08 कोविड-19 के मरीज है, जिनमें 02 मरीज स्वास्थ्य लाभ लेकर घर भेजे जा रहे है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवतायुक्त भोजन उपलब्ध हो। भोजन की गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नही होनी चाहियें। कोविड मरीजों को प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त सुविधायें उपलब्ध करायी जाये।

### विवाद के दौरान मारी थी चाकू हुए गिरफ्तार

**नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव बाबा खेड़ा में एक सप्ताह पूर्व शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान बचाव में आई महिला को चाकू मारकर घायल किये जाने के मामले मे चार दिन पूर्व दर्ज हुई हत्या के प्रयास की रिपोर्ट में दो आरोपितों की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव बाबा खेड़ा निवासी सर्वेश पुत्र स्व.सन्तु ने 28 दिसंबर को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि 24 दिसंबर की शाम को गांव के ही दो सगे भाई अजय व विजय पुत्रगण छेदीलाल ने शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए उससे मारपीट की थी। इस दौरान बचाव में आई उसकी पत्नी चंद्रावती को अजय ने पीठ में चाकू मार दिया था। जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वही घटना को लेकर एसओ सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि शुक्रवार 1 जनवरी को दोनो भाइयों अजय और विजय को हत्या के प्रयास करने की धाराओं में गांव से गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आठ कांस्टेबल बने दीवान, थाने में हर्ष का माहौल

**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर थाने में तैनात 8 कांस्टेबल को दीवान बनाए जाने पर हर्ष का माहौल दिखा। उन सभी को प्रभारी निरीक्षक ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। नए वर्ष के आगमन पर जलालपुर थाने पर तैनात 8 सिपाही को दीवान बनाया गया है जिससे सभी लोगों में खुशी का माहौल रहा। थाने में तैनात सूर्यभान यादव ,अजय प्रताप यादव, राजेश यादव, राजेश राजभर, विनोद सरोज ,नवीन सिंह, अरुण वर्मा व विनय सिंह को दीवान बनाया गया है। जिले में जलालपुर ही ऐसा थाना है जहां पर सबसे अधिक दीवान बनाए गए हैं। इस खुशी में प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बनाए गए दीवानों को मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। इस मौके पर थाने के समस्त स्टाफमौजूद रहे।



### तहसील अधिवक्ता एसो. ने एसडीएम कोर्ट से विरत रहने का निर्णय लिया

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील के एक अधिवक्ता अपने मुअक्किल को लेकर उपजिलाधिकारी के चेंबर में पहुंचे। उप जिलाधिकारी ने उन्हें देखते ही बाहर निकलने का फरमान सुना दिया। अधिकारी की इस शैली से क्षुब्ध होकर अधिवक्ता एसोसिएशन ने उप जिला अधिकारी कोर्ट से विरत रहने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी और प्रदेश एसोसिएशन को भेजे गए पत्र में तहसील एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यपाल एडवोकेट व महामंत्री अजीत द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि तहसील के अधिवक्ता महमूद आलम अपने मुअक्किल के साथ उपजिलाधिकारी के चेंबर में पहुंचे थे। जहां पर मुअक्किल का विपक्षी एवं संबंधित लेखपाल मौजूद था। अधिवक्ता महमूद आलम को देखते ही उपजिलाधिकारी का पारा हाई हो गया और उन्होंने अधिवक्ता को फटकार कर चेंबर से बाहर का रास्ता दिखा दिया । उपजिलाधिकारी के इस व्यवहार से तहसील के अधिवक्ताओं में गहरा रोष है। अधिवक्ताओं ने मामले के निस्तारण होने तक उप जिलाधिकारी कोर्ट से विरत रहने का निर्णय लिया है।

### केक काटकर मनाया गया मुन्ना अल्वी का जन्मदिन

**फतेहपुर 84 उन्नाव।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. मुन्ना अल्वी के जन्मदिन को डॉक्टर मुन्ना अल्वी के टीम के सदस्यों द्वारा समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड उन्नाव के जिला सचिव युवा नेता अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में फतेहपुर 84 ब्लॉक में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर यूथ ब्रिगेड फतेहपुर 84 के ब्लॉक अध्यक्ष राजा यादव, प्रभाकर यादव पूर्व प्रधान गंगा दासपुर, हिमांशु द्विवेदी, शैलेश अग्निहोत्री, संदीप यादव समेत दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरेका रेल इंजन का निर्माण कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है: अंजली

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**बनारस रेल** इंजन कारखाना के महाप्रबंधक अंजली गोयल ने बरेका अधिकारी क्लब में आयोजित एक सादे समारोह में प्रेस व मीडिया को संबोधित किया। सर्वप्रथम उन्होंने प्रेस व मीडिया से आये पत्रकार बंधुओं को नव वर्ष की शुभकामना दी एवं बरेका द्वारा किये जा रहे कार्यों का निम्नलिखित संक्षिप्त विवरण दिया।

बनारस रेलइंजन कारख़ाना का शिलान्यास 23 अप्रैल 1956 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। प्रथम ब्राडगेज रेलइंजन डबल्यूडीएम-2 का शुभारंभ 03 जनवरी 1964 को एचसी दासप्पा, रेलमंत्री की उपस्थिति में श्री लाल बहादुर शास्त्री ने किया। बनारस रेलइंजन कारख़ाना न सिर्फ भारतीय रेल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रेल इंजन का निर्माण कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा हैए बल्कि घरेलू एवं विदेशी गैर रेलवे ग्राहकों के लिए भी रेलइंजन का निर्माण कर रहा है। बनारस रेलइंजन कारख़ाना ने पहला निर्यात रेलइंजन तंजानिया के लिए मार्च 1976 में बनाया और इसके बाद से विभिन्न गैर रेलवे ग्राहकों को 622 रेलइंजनों की आपूर्ति की गई। इसमें तंजानिया, वियतनाम, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, सेनेगल, सूडान, अंगोला, माली, मोज़ाम्बिक एवं मलेशिया जैसे देशों को निर्यात किए गए 165 रेलइंजन शामिल हैं।

# मिशन शक्ति के तहत स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने का चला अभियान

- जनपद में 25 इलेक्ट्रिक चाक एवं 6 लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा बनाने वाले सांचे राज्य स्तर से किये गये आवंटित



**अयोध्या।** मिशन शक्ति एवं पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित महिला स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने का चला अभियान जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद अयोध्या को मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में विभिन्न विभागों के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से समूह की दीदियों को आत्म निर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। इस योजना का नियमित समीक्षा कर विभिन्न विभागों के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है जिसमें से एक विभाग है माटी कला बोर्ड। जो मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार की अगुवाई में जनपद में 25 इलेक्ट्रिक चाक एवं 6 लक्ष्मी गणेश जी की प्रतिमा बनाने वाले सांचे राज्य स्तर से आवंटित किए गए थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त स्वरोजगार अयोध्या को 25 समूहों के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया। चिन्हांकन के पश्चात ही अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड धर्मवीर प्रजापति द्वारा 20 तथा जनपद प्रभारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ.नीलकंठ तिवारी द्वारा 5 स्वयं सहायता समूह की दीदियों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में पूर्व में प्रदान किया गया था ताकि वे स्वयं सहायता के माध्यम से स्वयं में आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। इसके सार्थक परिणाम सामने परिलक्षित हो रहे हैं। समूह की महिलाओं को इलेक्ट्रिक चाक एवं सांचे मिलते ही उनके चेहरे पर खुशी की लहर के साथ.साथ उनमें अपने रोजगार को आगे बढ़ाने का हौसला मिला। समूह की दीदियों को रोजगार के अवसर से जोड़ने एवं सतत चिंतित रहने वाले जनपद के मुख्य विकास अधिकारी महोदय यहीं तक सीमित नहीं रहे वे जिलाधिकारी से अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में समूह की दीदियों द्वारा इलेक्ट्रिक चाक से बनाए गए दीपक की खरीद हेतु वार्ता करते हुए उन्होंने 2 लाख सादे दीपक एवं 40 हजार डिजाइनर दीपक का आर्डर प्राप्त हुआ जिससे दीदियों को 3 लाख रूपये की आय हुई दीदियों के साथ.साथ 50 महिलाओं को एक साथ रोजगार के अवसर प्राप्त हुए थे। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा होने वाली सरयू के घाट पर दीपक से सजाने की तैयारी। दीपक के साथ ही साथ 6 लाख 50 हजार बाती का भी आर्डर दिलाया गया। अयोध्या में सरजू के घाटों से लेकर तमसा उद्गम स्थल तक दीदियों के द्वारा बनाए गए दीपों से अयोध्या प्रकाशमय हो गई एवं कुछ इस तरह पूरी अयोध्या राम माय के साथ.साथ सुशोभित हो रही है। इस प्रकाशमयी भगवान राम की धरती को देखकर समूह की दीदिया कहती हैं कि मैं धन्य हो गई जो मुझे इस दीपोत्सव में रोजगार करने के साथ.साथ जनपद के अधिकारियों द्वारा मुझे सेवा करने का अवसर प्रदान किया।

# पत्रकारिता केवल रिपोर्टिंग ही नहीं होती है बल्कि बहुत बड़ी क्रिएटिविटी होती है: कौशल राज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा ने शनिवार को सिगरा स्थित डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 33 वें कनिष्क देव गोरावाला मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन अवसर जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने कहा कि खेल स्वास्थ्य को ठीक रखने के साथ-साथ दैनिक दिनचर्या के तनाव को दूर करने का साधन भी है। कोरोना काल का जिक्र करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गुजरा हुआ साल कोरोना के कारण बहुत ही कष्टकारी रहा। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि विगत बुरे समय की स्मृतियों को भूलकर खुशियों का और तनाव को दूर करने का एक कारण आपने खेल के रूप में ढूंढ़ा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल रिपोर्टिंग ही नहीं होती है बल्कि बहुत बड़ी क्रिएटिविटी होती है। विचारों को एक आकार देकर लिखने की जो कला है वो सबमें नहीं होती है और क्रिएटिविटी के लिए जरूरी है कि दिमाग बिल्कुल तनाव मुक्त रहे। कोरोना के कारण बहुत से पत्रकार बन्धु व उनके परिवार के लोग भी कष्ट सहे और नुकसान उठाये वे लोग भी यहां आयें और तनावमुक्त वातावरण में सभी मिलण्जुलकर जीवन की गाड़ी को पटरी पर लायें।

जिलाधिकारी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नया साल आपके और आपके परिवारजनों के लिए अच्छा गुजरेए अच्छे अच्छे कार्य काशी में हों और उसकी जानकारी जनता तक पहुंचायें।अपनी लेखनी के माध्यम से काशी की पत्रकारिता को नयी ऊंचाइयों तक ले जायें। कार्यक्रम का संचालन खेल संयोजक रोहित चतुर्वेदी चतुर्वेदी ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता काषी पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजनाथ तिवारी ने तथा स्वागत महामंत्री मनोज श्रीवास्तव ने किया। वाराणसी प्रेस क्लब के मंत्री पंकज त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कौषल राज षर्मा को पुश्प गुच्छेक देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष बीबी यादव, सुभाश सिंह, पूर्व महामंत्री डॉ0 अत्रि भारद्वाज, प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदन रूपानी, षुभाकर दूबे, वरिश्ठ पत्रकार अम्बरीश सिंह, सुषील कुमार मिश्र, कोशाध्यक्ष जितेन्द्र श्रीवास्तव, षंकर चतुर्वेदी, आषीश बागची, राजेन्द्र रंगप्पा, रविकर दूबे, राजीव दीक्षित आदि सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# गड़वाघाट आश्रम के प्रतिनिधियों ने पीएम कार्यालय को दिया पत्रक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**संतमत** अनुयायी आश्रम मठ गड़वाघाट के प्रतिनिधियों ने शनिवार को गुरूधाम वाराणसी स्थित प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय पर कार्यालय प्रमुख शिवशरण पाठक को एक पत्रक दिया जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को पाकिस्तान स्थित एक आश्रम गिराये जाने के प्रति कड़ा आक्रोश प्रेषित किया गया। आश्रम प्रतिनिधि/सचिव प्रकाशध्यानानन्द के अनुसार बीते 30 दिसम्बर 2020 को पाकिस्तान के खैबर पख्तुंख्वा प्रांत के करक जिले में स्थित हमारे दादा गुरूदेव परमहंस दयाल महाराज जी की समाधि-मंदिर को वहां के उन्मादी मुस्लिमों ने षड्यंत्रपूर्वक तहस-नहस कर दिया।

इस घटना का वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया के जरिये तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर पूरे देश के हिन्दुओं और खासकर हम सभी संतमत अनुयायियों में भारी रोष है। हम सभी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। साथ ही हम सभी संतमत अनुयायी प्रधानमंत्री के माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि पाकिस्तान के धर्म उन्मादी मुस्लिमों द्वारा किये गये इस घोर निष्कृष्ट कृत्य के लिये भारत सरकार को पाकिस्तान सरकार के सामने कड़े शब्दों में अपना विरोध प्रकट करना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल भारत सरकार से आग्रह किया है कि तत्काल भारत में कार्य कर रहे पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों को तलब करते हुए उन्हें भारत सरकार की ओर स्पष्ट और कड़े शब्दों में संदेश दिया जाए साथ ही उनसे ये मांग की जाए कि करोड़ों हिन्दुओं और संतमत अनुयायियों के लिए पवित्र दादा गुरूदेव परमहंस दयाल महाराज जी की समाधि का जल्द से जल्द जीर्णोद्धार करें ताकि देशभर के करोड़ों अस्थावानों सहित हम सभी संतमत अनुयायी प्रधानमंत्री से निवेदन करते हैं इस मामले में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया जाय। आश्रम प्रतिनिधियों ने प्रकाश ध्यानानन्द, धर्मदर्शनानन्द, दिव्य दर्शनानन्द, चरन ध्यानानन्द, रोशन दर्शनानन्द सहित रोहनिया विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह, डा. ए.के. चौबे, देवदयाल, कालिका सिंह इत्यादि लोग शामिल रहे।

# कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं: डीएम



**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला अस्पताल का देर रात निरीक्षण किया। मरीजों के हालचाल लिए साथ ही जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। जिलाधिकारी ने सीएमओ से कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं होम आइसोलेशन मरीजों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त सुविधायें मरीजों को उपलब्ध करायी जाये। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय-समय पर दवाओं का वितरण, गुणवत्तायुक्त भोजन एवं प्रतिदिन साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने के निद्रेश दिये।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को निद्रेश देते हुए कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पडे। साथ ही कहा कि शीतलहर के चलते जन सामान्य को सर्दी से राहत मिले इसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों से कहाकि असहाय तथा गरीब एवं कमजोर वर्ग के जरूरतमंद व्यक्तियों महिलाओं को कंबल वितरित कर ठंड में राहत पहुंचायी जाय। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में ठंड से कोई भी जनहानि नहीं होनी चाहिये। जनपद स्तरीय अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेन बसेरा आदि स्थानों पर अलाव जलाने एवं रैन बसेरा को संचालित करने के निर्देश दिये।

### 6 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल के निर्देश पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के प्रयास से जनपद में रोजगार प्रदान करने हेतु आयोजित होगा रोजगार मेला। इस सम्बंध में जानकारी देते हुये जिलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या के तत्वावधान में दिनांक 6 जनवरी 2021 को प्रात: 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैए जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी वेलस्पेन इण्डिया लिमिटेडए अंजरए जिला.कच्छए गुजरात नामक कम्पनी जनपद अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसरए अयोध्या में टेऊनी पद हेतु जूनियर हाईस्कूलए हाईस्कूल एवं इण्टर पास तथा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है। प्रतिभाग कर सकते है। आवेदक को अपनी यूजर आईडी के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टल पर अपनी योग्यता के अनुरूप कम्पनी में आवेदन करना होगा। कम्पनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है।

# गैंगस्टर पार्षद सौरभ विश्वकर्मा की संपत्ति कुर्क

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



डीएम ने गैंगस्टर पार्षद सौरभ विश्वकर्मा की संपत्ति कुर्क कर दी है। शनिवार को फोर्स के साथ राजघाट के मुंडेरी चक पहुंचे तहसीलदार सदर ने सौरभ की जमीन, मकान और स्कार्पियो को जब्त कर लिया। सुबह आठ बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर एक बजे तक चली।

मिर्जापुर वार्ड के पार्षद सौरभ विश्वकर्मा उसके भाई चंदन समेत पांच लोगों पर राजघाट पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। थानेदार ने सौरव और उसके भाई चंदन पर भय कारित करके संपत्ति अर्जित करने की जानकारी डीएम को देते हुए जब्त करने की रिपोर्ट भेजी थी। तहसीलदार और लेखपाल से संपत्ति का परीक्षण कराने के बाद डीएम के. विजयेंद्र पांडियन ने पार्षद की संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था।

### दो एकड़ भूमि और कारखाना भी सील

शनिवार की सुबह आठ बजे तहसीलदार सदर डॉ. संजीव दीक्षित, टीपी नगर चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मुंडेरी चक में स्थित सौरभ और चंदन की दो एकड़ जमीन, मकान और मिठाई बनाने के कारखाना को सील कर दिया। मकान पर सरकारी ताला लगाने के बाद तहसीलदार ने मोहल्ले में मुनादी कराकर गैंगस्टर सौरभ और चंदन की प्रॉपर्टी जब्त किए जाने की जानकारी स्थानीय लोगों को दी। तहसीलदार डा. संजीव दीक्षित ने बताया कि पार्षद की स्कार्पियो गाड़ी को राजघाट पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### असलहे के पकड़े जाने पर हुई थी कार्रवाई

तीन माह पहले राजघाट पुलिस ने पार्षद सौरभ विश्वकर्मा और उसके भाई चंदन को चार तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों भाई आर्म्स एक्ट में जेल गए थे। एसएसपी के निर्देश पर राजघाट पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी।

# दहेज की लालसा में मारिया को मिली मौत

**अम्बेडकरनगर।** दहेज लोभियों ने दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पंहुचे पिता ने पति समेत अन्य लोगों के विरूद्ध अकबरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जबकि मुख्य आरोपी मृतका का पति फरार है। गौरतलब है कि जौनपुर जिले के सरपतहा थानान्तर्गत खान बड़ेपुर गांव निवासी कौसर अली ने अपनी पुत्री मारिया परवीन की शादी 28 अगस्त 2018 को अकबरपुर थानान्तर्गत लोरपुर निवासी कमर अब्बास के साथ की थी। कौसरअली के अनुसार शादी के दौरान उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज देकर पुत्री को विदा किया था लेकिन ससुराल आने के कुछ दिन बाद से ही मारिया को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। गत तीस दिसम्बर को मारिया ने पिता को फोन कर सास, ससुर व पति द्वारा मारे-पीटे जाने की बात बताई। जानकारी मिलने के बाद कौसर अली रात दस बजे ही लोरपुर पंहुच गये। यहां उन्होंने डायल 112 पर फोन कर पुलिस बुला लिया। दोनों पक्षों में समझौता हो जाने के बाद 31 दिसम्बर की सुबह कौसर अली वापस चले गये तथा पुत्री लोरपुर में ही रह गई। एक जनवरी की रात उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी दहेज के लिए दहेज दानवों ने हत्या कर दी है। पुलिस दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

# प्राणघातक हमले के आरोपियों पर मेहरबान अकबरपुर पुलिस

- ट्रामा सेन्टर में जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहा घायल
- जमीन के बैनामे को लेकर हुआ था हमला

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


**दबंगो** के हमले में घायल ट्रामा सेन्टर में जीवन व मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। प्राणघातक हमला करने वालों पर अकबरपुर पुलिस की कृपा बरस रही है। दूसरी तरफ पीड़ित परिवार पर दबंग आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। घटना के पीछे एक जमीन के बैनामे का मामला सामने आया है। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के एक विपणन निरीक्षक, जो आजमगढ़ जिले में तैनात है, के द्वारा पलई कल्यानपुर निवासी मुन्ना चौधरी की जमीन का सौदा किया गया था। बैनामे के लिए मुन्ना के खाते में लगभग सात लाख रूपये की धनराशि जमा कर दी गई थी तथा शेष धनराशि बैनामे के दौरान दिये जाने की बात कही गई थी। मुन्ना जब बैनामा करने के लिए पंहुचा तो उसने शेष पैसे की मांग की लेकिन दूसरा पक्ष उसमें आना-कानी करने लगा। हालात को भांप मुन्ना वहां से निकल गया तथा बाद में गाजियाबाद चला गया। इस बीच दबंगो ने उसके ऊपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा दिया। बताया जाता है कि जिले के एक उच्चाधिकारी के हस्तक्षेप के कारण पुलिस गाजियाबाद पंहुच गई तथा मुन्ना को लेकर वापस आई जहां उसे थाने में रखकर बैनामा करने के लिए प्रताड़ित किया गया। आखिरकार मुन्ना से बैनामा करवा लिया गया। बैनामा किये जाने के एक दिन बाद बीस दिसम्बर को शाम लगभग सात बजे पंहुचे दबंगो ने उसे बुरी तरह पीटा। दबंगो द्वारा चाकू से किये गये हमले में मुन्ना गम्भीर रूप से घायल हो कर ट्रामा सेन्टर में जीवन व मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घायल की पत्नी राधा ने प्रमोद द्विवेदी निवासी सिंहपुर, डिम्पल मिश्रा निवासी नरवा पीताम्बरपुर थाना जहांगीरगंज, अनिल यादव निवासी बनगांव थाना अकबरपुर समेत चार अज्ञात लोगों के विरूद्ध नामजद तहरीर दी है लेकिन अकबरपुर पुलिस दबंगो के विरूद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नही कर सकी है।

### पंकज ने कैंसर पीड़ित बच्चों संग मनाया नया वर्ष

**प्रयागराज।** प्रयागराज के युवा समाजसेवी पंकज रिजवानी ने कमला नेहरू अस्पताल के जवाहर वॉर्ड में कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ नववर्ष धूमधाम से। नववर्ष की खुशियाँ बच्चों के बीच जाकर साझा की। साथ में कॉपी पेंसिल चॉकलेट केक चिप्स पारले बिस्किट फ्ल समेत खाद्य सामग्री भी बांटी। उन्होंने इस मौके पर कैंसर से पीड़ित बच्चों का हौसला बुलंद किया। उन्हें किसी भी तरीके की सहायता के लिए आश्वासन भी दिया। पंकज रिजवानी के साथ पदमश्री सम्मान से सम्मानित कैंसर रोग विशेषज्ञ डा बी पॉल थैलियथ के साथ अन्य डॉक्टर्स भी उपस्थित रहे।युवा समाजसेवी पंकज रिजवानी लगभग 17 वर्ष से समाजसेवा के क्षेत्र में रहकर कैंसर पीड़ित लोगों की मदद कर रहे हैं। समाजसेवा के लिए उन्हें कई बार सम्मान मिल चुका है। लॉकडाउन में जहाँ एक ओर कोरोना से भय खाकर लोग घरों में बन्द थे वहीं पंकज लोगों की मदद के लिए जी जान से जुटे रहे। हाल ही में पंकज रिजवानी के कैंसर जागरूकता अभियान को लेकर आईजी विजय भूषण एसपी रमाकांत प्रसाद ने उन्हें लखनऊ में सम्मानित किया।

# आज के भारतीय स्टार्टअप ही कल की बहुराष्ट्रीय कंपनियां: प्रधानमंत्री

**भाषा।** संबलपुर (ओडिशा)



नई दिल्ली में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा के आईआईएम-संबलपुर के स्थायी परिसर के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप कल की बहुराष्ट्रीय कंपनियां है जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में लंबी दूरी तय कर सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के स्थाई परिसर की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि बीते दशकों में बाहर बनी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बड़ी संख्या में देश में आईं और यहां फली-फूली लेकिन ए दशक भारत में नई-नई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के निर्माण का है।

उन्होंने कहा कि भारत का सामर्थ्य दुनिया में छा जाए, इसके लिए ए उत्तम कालखंड आया है। आज के स्टार्टअप ही कल के मल्टी नेशनल्स हैं। यह रेखांकित करते हुए कि भारत में ज्यादातर स्टार्टअप टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में देखने को मिलते हैं, मोदी ने कहा इन स्टार्टअप को और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन मैनेजर चाहिए। उन्होंने युवाओं से इन नई संभावनाओं के लिए खुद को तैयार करने का आह्वान किया और वे अपने करियर को भारत की आशाओं और अपेक्षाओं के साथ जोड़ें। मोदी ने कहा कि इस नए दशक में ब्रांड इंडिया को नई वैश्विक पहचान दिलाने की जिम्मेदारी हम सब पर है। विशेष रूप से हमारे नौजवानों पर है। उन्होंने कहा कि साल 2014 तक देश में जहां सिर्फ 13 आईआईएम थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 20 हो गई है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ी संख्या में शिक्षा पा रहे प्रतिभाशाली युवा आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत विस्तार दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवोन्मेष, समग्रता और समावेश प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मंत्र के रूप में उभरे हैं, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोगपूर्ण, नवोन्मेषी और परिवर्तनकारी अवधारणाओं से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रौद्योगिकी की वजह से क्षेत्रों के बीच कम होती दूरियों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विश्व भर में हो रहे बदलावों के मद्देनजर डिजिटल संपर्क के क्षेत्र में तेजी से सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का प्रबंधन मानव प्रबंधन की तरह ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने यहां के छात्रों से लोकल को ग्लोबल बनाने के लिए नए और नवोन्मेषी समाधान सुझाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रबंधन का मतलब बड़ी-बड़ी कंपनियां संभालना ही नहीं होता बल्कि सच्चे अर्थ में भारत जैसे देश के लिए प्रबंधन का मतलब जिंदगियां संभालना भी होता है। उन्होंने कहा कि आप देश की जरूरतों से जुड़ेंगे, देश की चुनौतियों को समझेंगे, उतने ही अच्छे प्रबंधक भी बन पाएंगे और उतने ही अच्छे उत्तम समाधान भी दे पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि संबलपुर के परिसर के शिलान्यास के साथ ही ओडिशा के युवा सामर्थ्य को मजबूती देने वाली एक नवीन शिला भी रखी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह ओडिशा को प्रबंधन की दुनिया में नई पहचान दिलाएगा और कहा कि देश के नए क्षेत्रों में नए अनुभव लेकर निकल रहे प्रबंध मामलों के विशेषज्ञ भारत को नई उंचाई पर ले जाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संबलपुर का आईआईएम और इस क्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए खास बात यह होगी की यह पूरी जगह ही एक प्राकृतिक लैब (प्रयोगशाला) की तरह है। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से देश में स्टार्टअप्स व्यवस्था को व्यापक और मजबूत करने में सहायता मिलती है। संबलपुर और उसके आसपास की हाई-ग्रेड आयरन अयस्क, बॉक्साइट, क्रोमाइट, मैंगनीज, कोल-लाइमस्टोन, सोना, जेमस्टोन और हीरे जैसी प्राकृतिक संपदा का उल्लेख करते हुए मोदी ने छात्रों से कहा इनका बेहतर प्रबंधन कैसे हो और कैसे ए पूरे क्षेत्र का विकास करें इस बारे में छात्रों को नए विचारों पर काम करना है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में वन संपदा, खनिज, रंगबती-संगीत, आदिवासी आर्ट और क्राफ्ट, स्वभाव कवि गंगाधर मेहेर की कविताएं, यहां क्या नहीं है ओडिशा के पास।

जब आप में से अनेक साथी, संबलपुरी टेक्सटाइल्स या फिर कटक की फिलिग्री कारीगरी को वैश्विक पहचान दिलाने में अपने कौशल का इस्तेमाल करेंगे, यहां के टूरिज्म को बढ़ाने के लिए काम करेंगे तो आत्मनिर्भर भारत अभियान के साथ ही ओडिशा के विकास को भी और गति मिलेगी और नई ऊंचाई मिलेगी। इस समारोह में ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री प्रतापचंद्र सारंगी भी शामिल हुए।

## भाजपा की पंजाब इकाई ने कांग्रेस के इशारे पर उसके नेताओं पर हमला किए जाने का आरोप लगाया

**लुधियाना।** भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के इशारे पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को जिम्मेदार ठहराया। राज्य सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन के दौरान शर्मा ने एक घटना का हवाला दिया जिसमें शुक्रवार को होशियारपुर में भाजपा नेता टिकशान सूद के घर के बाहर कुछ लोगों ने गाय के गोबर से भरी एक ट्राली पलट दी। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजें बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस के इशारे पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टिकशान के घर पर हमला करने वालों की पहचान कर ली गई है और इस संबंध में मामला दर्ज किए जाने के बाद भी संबंधित व्यक्तियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।



गुरुग्राम में शनिवार को दो जनवरी 2021 को तीसरे सेमेस्टर में पदोन्नत होने के बावजूद अपने दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित करने के लिए अपने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करतीं गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

## कश्मीर में स्वर्णकार की हत्या एक भारत, एक देश की संकल्पना पर हमला: जम्मू-कश्मीर भाजपा

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** भाजपा ने श्रीनगर में निवास प्रमाण पत्र मिलने के कुछ दिनों बाद एक हिंदू स्वर्णकार की हत्या किए जाने की शनिवार को निंदा की और इसे एक भारत, एक देश की संकल्पना पर हमला करार दिया। साथ ही पार्टी ने इसे पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा समाप्त करने के बाद कुछ दलों द्वारा जनसांख्यिकी बदलाव का मुद्दा उठाने का परिणाम बताया।

जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रवक्ता ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अनिल गुप्ता ने कहा कि कश्मीर में अल्पसंख्यकों के घोर मानवाधिकार उल्लंघनों के अलावा आतंकवादी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का कृत्य सर्व धर्म सम भाव के भारत के विचार को चुनौती है, जो भारत में धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत है। ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) गुप्ता ने यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, भारत में हम सभी धर्मों को गले लगाते हैं लेकिन यह चिंता और शर्म की बात है कि कश्मीर में स्वघोषित धर्मनिरपेक्ष दलों के नेता एक बार फिर पाकिस्तान और इसके छद्म संगठन टीआरएफ की निंदा करने में विफल रहे हैं। आतंकवादियों ने 31 दिसंबर को स्वर्णकार सतपाल सिंह (62) की श्रीनगर के एक व्यस्त बाजार में हत्या कर दी। निवास प्रमाण पत्र हासिल करने से उन्हें जम्मू-कश्मीर में जमीन और संपत्ति खरीदने का अधिकार मिल गया था।

ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) गुप्ता ने शनिवार को कहा कि आतंकवादी संगठनों द्वारा जनसांख्यिकी बदलाव पर चिंता जाहिर करना उसी तरह है जैसे कश्मीरी नेता कश्मीरी मुस्लिमों के अलावा सभी को बाहरी बताकर स्थानीय लोगों की भावनाओं का दोहन करते हैं। उन्होंने कहा कि हत्या इस तरह के बयानों से प्रेरित लगती है और इसकी गहन जांच जरूरी है। ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) गुप्ता ने कहा कि धर्म के आधार पर भारत तीसरा विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता और कुछ समूहों के इस सिद्धांत के दबाव में नहीं झुक सकता कि केवल मेरा तरीका ही सही तरीका है और जो लोग मेरी राह पर नही चलते वे यहां रहने के काबिल नहीं हैं।

## पालघर में प्रदूषण के कारण 66 जल स्रोतों को सील किया गया

**भाषा।** पालघर

● अधिकारियों ने बताया कि इन जगहों पर पानी उपभोग के लिए अनुपयुक्त था और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता था

**महाराष्ट्र** में पालघर जिला प्रशासन ने 16 गांवों के 66 जल स्रोतों को प्रदूषण की वजह से सील कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर शनिवार को बताया कि इन जगहों पर पानी उपभोग के लिए अनुपयुक्त था और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता था। इसने कहा कि कुछ महीने पहले राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर इन स्रोतों को सील किया गया है।

एनजीटी ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी), जिले के अधिकारियों और अन्य को आदेश दिया था कि इस सिलसिले में उचित कदम उठाया जाए। बयान में बताया गया कि एनजीटी की तरफ से गठित समिति की अनुशंसाएं तारापुर एमआईडीसी के आसपास पर्यावरण को दुरूस्त करने की योजना का हिस्सा थीं। इसी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग ने तारापुर एमआईडीसी इलाके के 16 गांवों के आसपास सर्वेक्षण किया। इन गांवों में तारापुर, कंबोड, गिवली, डांडी, उचेली, मुरबे, अलेवाडी, तेंबी नवापुर, सतपति, खारेकुरन, शिरगांव, माहिम, वदराई, केलवा और दादरापाड़ा शामिल हैं। विज्ञप्ति में बताया गया कि 16 गांवों में 86 सार्वजनिक एवं 535 निजी स्रोतों के जल के नमूने लिए गए।

इसमें बताया गया कि इनमें से पांच सार्वजनिक और 61 निजी स्रोतों का जल प्रदूषित और उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया। जिले के अधिकारियों ने आदेश दिया है कि इन स्थानों पर बोर्ड लगाकर लोगों को निर्देश दिया जाए कि उनको वहां का पानी नहीं पीना चाहिए। बयान में बताया गया कि जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इन स्थानों पर प्रदूषित जल पीने से जो लोग बीमार पड़े हैं उनका इलाज कराया जाएगा।

## केंद्र को न्यायालय में मराठा आरक्षण का समर्थन करना चाहिए : अशोक चव्हाण

**भाषा।** जालना (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** सरकार में मंत्री अशोक चव्हाण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय में मराठा समुदाय को आरक्षण देने का समर्थन करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से यहां कहा कि शीर्ष न्यायालय ने मामले में अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल को सहायता करने के लिए कहा है और अगली सुनवाई 25 जनवरी को होनी है। उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र को अदालत से कहना चाहिए कि वह आरक्षण के पक्ष में है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने सितंबर 2020 में सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग (एसईबीसी) अधिनियम को लागू करने पर रोक लगा दी थी जिसमें मराठा समुदाय को राज्य के शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने का प्रावधान है। मराठा आरक्षण पर राज्य कैबिनेट की उप समिति की अध्यक्षता कर रहे चव्हाण ने मांग की कि भाजपा नीत केंद्र सरकार को मराठा आरक्षण को संविधान की नौ अनुसूची में शामिल करना चाहिए ताकि इसकी न्यायिक समीक्षा नहीं हो सके। भाजपा नेता विनायक मीते द्वारा उच्चतम न्यायालय से कथित झटके के बाद कैबिनेट की उप समिति के अध्यक्ष पद से उन्हें हटाने की मांग किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने कहा, मुझे सरकार ने नामित किया है न कि मीते ने। मैं आरक्षण को सुरक्षित करने के लिए पूरी लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सत्ता में सहयोगी शिवसेना द्वारा औरंगाबाद जिले का नाम सम्भाजीनगर करने की मांग पर चव्हाण ने कहा कि शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार का न्यूनतम साझा कार्यक्रम है जिसमें औरंगाबाद का नाम बदलने का मुद्दा शामिल नहीं है। चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोराट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी ऐसे प्रस्ताव का विरोध करेगी। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन सरकार के सहयोगियों में कोई मतभेद नहीं है और सरकार को कोई खतरा नहीं है।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने स्टालिन पर जानबूझकर बदनाम करने का लगाया आरोप

**भाषा।** रामनाथपुरम



**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने शनिवार को द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन पर उन्हें जानबूझकर बदनाम करने का आरोप लगाया। साथ ही उनकी अन्नाद्रमुक सरकार के खिलाफ कथित फर्जी आरोप लगाने की बात भी कही।

पलानीस्वामी ने कहा कि सत्ता में आने के लिए विपक्ष के नेता स्टालिन का कड़ी मेहनत करने का भी कोई इरादा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टालिन को लगता है कि वह सरकार के खिलाफ फर्जी आरोप लगाकर और शॉर्टकट के जरिए सत्ता प्राप्त कर सकते हैं लेकिन ऐसी चीजें काम नहीं करेंगी। परमाकुदी में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मैं स्टालिन से केवल इतना ही कह सकता हूं कि अन्नाद्रमुक के एक भी सदस्य को भ्रमित नहीं किया जा सकता है। जनता भी पूरी मजबूती से हमारे साथ है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को आगे बढ़ाने वाले दिवंगत मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता का अनुसरण करने वाली अन्नाद्रमुक के प्रभुत्व को कोई हिला नहीं सकता।

पलानीस्वामी ने आरोप लगाया, स्टालिन ने कई मौकों पर अन्नाद्रमुक को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन उन्हें जबरदस्त हार मिली क्योंकि लोग हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा, वास्तव में केवल कड़ी परिश्रम करने वाले ही उच्चतम स्तर पर पहुंच सकते हैं। असल में हम लोगों की भलाई के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। स्टालिन का सपना कभी सच नहीं होगा।

## प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने अरुणाचल प्रदेश के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट अग्रिम इलाकों में स्थित विभिन्न वायुसेना अड्डों का दौरा कर भारत के पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा हालात जायजा लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि जनरल रावत ने अरुणाचल प्रदेश की दिबांग घाटी और लोहित सेक्टर समेत विभिन्न अड्डों पर तैनात सेना, आईटीबीपी और विशेष सीमांत बल (एसएफएफ) के सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने प्रभावी निगरानी बनाए रखने और अभियानगत तैयारियां बढ़ाने के वास्ते अभिनव कदम उठाने के लिए सैनिकों की सराहना की। सूत्रों के अनुसार, जनरल रावत ने कहा कि ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में केवल भारतीय सैनिक ही सतर्क रह सकते हैं और सीमाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा अपने कर्तव्यों से आगे बढ़कर काम करने के लिए तत्पर रहे हैं। सूत्रों ने सीडीएस के हवाले से कहा, भारतीय सशस्त्र बलों को उनके कर्तव्यों को लेकर दृढ़ संकल्प रहने से कोई चीज नहीं रोक सकती।

## नारायणसामी पुडुचेरी के लोगों को मेरे एवं प्रधानमंत्री के खिलाफ गुमराह नहीं करें: किरण बेदी

**भाषा।** पुडुचेरी

**उपराज्यपाल** किरण बेदी ने मुख्यमंत्री वी नारायणसामी से उनकी और प्रधानमंत्री की आलोचना करके लोगों को गुमराह करने से बचने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मीडिया को भेजे व्हाट्स ऐप संदेश में कहा, मैं मुख्यमंत्री से मेरे और प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रतिदिन पुडुचेरी के लोगों को गुमराह करने से दूर रहने का अनुरोध करती हूं।

बेदी और नारायणसामी के बीच हाल ही में इस केंद्रशासित प्रदेश में नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न मनाने को लेकर वाकयुद्ध छिड़ा था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उपराज्यपाल के प्रति रोज-रोज जो क्षोभ, नाराजगी आदि प्रकट करते है, वह उसे समझती हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि यह शायद इस वजह से है कि पिछले चार वर्षों से अधिक समय से कानूनों और नियमावली का पालन करते हुए उपराज्यपाल सचिवालय समुचित, निष्पक्ष और पहुंच योग्य प्रशासन सुनिश्चित करने में निरंतर लगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूल जाते हैं कि केंद्र ने इस केंद्रशासित प्रदेश को कितना कुछ प्रदान किया है, वह चाहे केंद्र प्रायोजित योजनाएं हों या संकट की घड़ी में लाखों परिवारों में बांटा गया मुफ्त चावल हो।

उन्होंने दावा किया उपराज्यपाल की जिम्मेदारियों पर उच्चतम न्यायालय और मद्रास उच्च न्यायालय एवं भारत सरकार स्पष्ट रूप से मुहर लगा चुकी है। बेदी पर शुक्रवार को परोक्ष रूप से प्रहार करते हुए नारायणसामी ने कहा था कि नए साल की पूर्व संध्या का जश्न कुछ पक्षों द्वारा बाधा डालने के बावजूद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

# पेज 1 का शेष

## कोविड-19...

मद्देनजर एहतियातन जनहित में मंजूरी दी गई है।' डीसीजीआई की सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने कैडिला हेल्थकेयर को अपनी वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल शुरू करने के लिए डीसीजीआई द्वारा अनुमति दिए जाने की सिफारिश की है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और फार्मास्यूटिकल कंपनी आस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित वैक्सीन का सीरम इंस्टीट्यूट स्थानीय निर्माता है। ब्रिटेन ने अपने यहां निर्मित इस टीके को लगाने की पहले ही मंजूरी दे चुका है। भारत बॉयोटेक की कोवैक्सीन कोरोना वायरस के लिए भारत में बनी पहली स्वदेशी वैक्सीन है। इस वैक्सीन को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) के साथ मिलकर विकसित किया गया है। भारत बॉयोटेक के पहले चरण के ट्रायल के निष्कर्षों में पाया गया कि यह प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ता है और इसका कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया गया। दूसरे चरण के ट्रायल में सुरक्षा मानक ठीक थे जो संकेत करते हैं कि शरीर में एंटीबॉडी छह से 12 महीनों तक रह सकती है।

## ब्रिटेन से...

केंद्र में एक अलग (पृथक) इकाई में पृथक किया जाएगा। अगर जीनोम सीक्वेंसिंग से एसएआरएस-सीओवी-2 के नए प्रकार की मौजूदगी का पता चलता है, तो रोगी एक अलग पृथक इकाई में बना रहेगा। इसमें कहा गया है कि यह जांच यात्री के संक्रमित पाये जाने के 14 वें दिन की जाएगी और उसे तब तक पृथक इकाई में रखा जाएगा, जब तक कि उसके नमूने की जांच रिपोर्ट निगेटिव नहीं जा जाती। एसओपी में कहा गया है कि अगर कोई यात्री आगमन पर कोविड-19 से संक्रमित पाया जाता है तो यात्रियों की पंक्ति में बैठे यात्री, तीन पंक्ति आगे और तीन पंक्ति पीछे बैठे यात्रियों को अलग-अलग पृथक केंद्रों में संस्थागत पृथकवास में रखा जाएगा। इसमें कहा गया है कि हवाई अड्डे पर की गई जांच में कोविड-19 निगेटिव पाये जाने वाले यात्रियों को 14 दिनों के लिए घर पर पृथकवास की सलाह दी जाएगी और संबंधित राज्य या जिला प्रशासन को नियमित रूप से उनकी निगरानी करनी चाहिए।

## फील्ड में...

है। नोडल अधिकारियों की रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए जिलों की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए फील्ड के अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में डेयरी की महत्वपूर्ण भूमिका है। डेयरी सेक्टर के विस्तार के लिए राजस्व ग्रामों में अधिक से अधिक दुग्ध समितियां गठित करते हुए पशुपालकों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को अपने अपने जिले के गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कृषि तथा किसान कल्याण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण मिशन प्रारम्भ किया जा रहा है। किसान कल्याण मिशन का आयोजन आगामी छह जनवरी से शुरू होगा। इसके अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड पर किसानों के हित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी को वे स्वयं किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मांगें नहीं...

पास 26 जनवरी को अपने ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं राष्ट्रीय ध्वज के साथ दिल्ली कूच करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 'किसान परेड' के समय और मार्ग के बारे में पूछने पर पाल ने कहा कि संगठन बाद में इसकी घोषणा करेंगे। किसान नेता ने कहा कि उनके कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) राजमार्ग के रास्ते छह जनवरी को प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि यह 26 जनवरी की ट्रैक्टर परेड का पूर्वाभ्यास होगा। स्वराज इंडिया के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि सरकार का किसानों की 50 प्रतिशत मांगों को स्वीकार करने का दावा 'सरासर झूठ' है। उन्होंने कहा कि हमें अब तक लिखित में कुछ नहीं मिला है। एक अन्य किसान नेता ने कहा कि हम शांतिप्रिय हैं और बने रहेंगे लेकिन दिल्ली की सीमा पर तब तक जमे रहेंगे जब तक नए कृषि कानूनों को वापस नहीं ले लिया जाता।

## देशभर में...

करता हूं कि कोविड-19 टीके की सुरक्षा और इसके प्रभाव को लेकर चल रही अफवाहों से गुमराह नहीं हों। टीके को मंजूरी देने से पहले हम किसी भी प्रोटोकॉल से समझौता नहीं करेंगे।' वर्धन ने कहा कि सोमवार और मंगलवार को चार राज्यों में प्रायोगिक आधार पर किये गये पूर्वाभ्यासों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर राष्ट्रव्यापी पूर्वाभ्यास को अद्यतन किया गया। शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर, जालना, पुणे और नंदूरबार जिलों में तय स्वास्थ्यकेंद्रों में पूर्वाभ्यास किया गया। केरल के चार जिलों--तिरूवनंतपुरम, इदुक्की, वायनाड और पलक्कड-- में शनिवार को आयोजित टीकाकरण पूर्वाभ्यास में कम से कम 25 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा ने पूर्वाभ्यास में भाग लेते हुए कहा कि राज्य सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को कोविड-19 का टीका लगाने की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## मुझे भाजपा...

कोरोना वायरस का संक्रमण तो केवल विपक्ष के लिए है, जिससे कि कोरोना वायरस के नाम पर विपक्ष प्रदेश तथा देश में कोई कार्यक्रम न कर सके। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो भगवान राम की नगरी अयोध्या वासियों को कोई भी कर नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार नगर निगम बनने के बाद लगे सभी प्रकार के कर माफ करेगी। उन्होंने कहा कि सपा अयोध्या में ऐसे काम करेगी ताकि 365 दिन अयोध्या में दिवाली लगे। इसके साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को अयोध्या से आए सभी धर्म के गुरुओं से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। अयोध्या के कई संतों के साथ ही सिख गुरु और मौलानाओं से भी अखिलेश यादव मिले। इस दौरान सिख समाज के लोगों ने उनको पगड़ी भी पहनाई। अखिलेश यादव को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमको अयोध्या के धर्मगुरुओं का आशीर्वाद मिला है। अयोध्या तो एकता का प्रतीक है। हमको भरोसा है कि 2022 में प्रदेश में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उत्तर प्रदेश की इस सरकार के किसी भी फैसले पर अब भरोसा नहीं है। भाजपा तो देश में सबसे अधिक झूठ बोलने वाली पार्टी बन चुकी है।

## कांग्रेस के...

को सात बज कर करीब दस मिनट एम्स में निधन अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने बूटा सिंह के निधन पर दुख जताया और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। बूटा सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृह मंत्री, रेल मंत्री, कृषि मंत्री समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। इसके साथ ही वह बिहार के राज्यपाल और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे।

## प्रदेश में...

भी बढ़ावा दे सके। आज श्रमिकों को सरकार उनके कौशल की पहचान व उनका उपयोग कराकर रोजगार उपलब्ध करा रही है। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी व जनित सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, टेक्सटाइल व अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए स्टार्टअप स्थापित कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विवि और विद्यालयों में नवाचार और उद्यमिता विकास के पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे। नई स्टार्टअप नीति 2020 के तहत यह नीति एक सक्षम कारोबारी परिवेश को बढ़ावा देगी और उत्कृष्टता का एक अत्याधुनिक केंद्र स्थापित करेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य, कृषि, खादी, ऊर्जा, शिक्षा, परिवहनए पर्यटन आदि के विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप्स को एक समान महत्व देगी। इसे बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी और संचालन के लिए सरकार की ओर से 15 करोड़ रूपये की पहली किस्त से आर्थिक सहायता भी दी गई है। जल्द ही नए स्टार्टअप के जरिये यूपी सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्यों में शामिल हो जाएगा।

## अर्जुन पहली बार मुंबई की सीनियर टीम में शामिल

**मुंबई।** बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन को पहली बार शनिवार को मुंबई की सीनियर टीम मे शामिल किया गया और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए 22 सदस्ईय टीम का चयन किया गया है। मुंबई टीम के मुख्य चयनकर्ता सलिल अंकोला ने इसकी पुष्टि की। अर्जुन के अलावा तेज गेंदबाज कृतिक एच को भी टीम मे रखा गया है।

## बाबर दूसरे टेस्ट से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान के नियमित कप्तान बाबर आजम के चोट से उबरने में विफल रहने के बावजूद कार्यवाहक कप्तान मोहम्मद रिजवान ने उम्मीद जताई कि रविवार से क्राइस्टचर्च में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम के जीतने की बेहतर संभावना है। बाबर ने शुक्रवार को नेट सत्र मे भाग लिया था लेकिन उन्हें फिट नही होने के कारण मैच के लिए अनुपलब्ध करार दिया गया।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम का शिविर पांच जनवरी से

**नई दिल्ली।** कप्तान मनप्रीत सिंह और गोलकीपर पीआर श्रीजेश सहित भारतीय पुरुष हॉकी के 33 कोर संभावित खिलाड़ी तीन हफ्ते के ब्रेक के बाद मंगलवार से बेंगलुरू मे शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर मे लौटेंगे। शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर मे किया जाएगा। साइ और हॉकी इंडिया की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार ट्रेनिंग दोबारा शुरू करने से पहले कोर समूह के खिलाड़ी 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास से गुजरेंगे।

## पूर्व एलीट अंपायर डेरिल हार्पर ने अंपायर्स कॉल पर प्रतिबंध की मांग की

**सिडनी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एलीट पैनल के पूर्व अंपायर डेरिल हार्पर ने अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के विवादास्पद अंपायर्स कॉल पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव देते हुए कहा कि एक दशक से अधिक समय तक इस्तेमाल के बावजूद इससे जुड़े संवाद या समझ को लेकर कमियां है। अंपायर्स कॉल मुख्य रूप से उस समय तस्वीर मे आता है जब पगबाधा के फैसले के लिए रिव्यू मांगा जाता है। इस स्थिति मे अगर मैदानी अंपायर ने बल्लेबाज को नॉटआउट दिया है।

## श्रीलंका दौरे पर कोविड–19 के मामले रूकावट नहीं बनेंगे: रूट

**लंदन।** इंग्लैड के टेस्ट कप्तान जो रूट ने कहा कि कोविड-19 के किसी भी पॉजिटिव मामले से टीम का श्रीलंका दौरा खटाई में नही पड़ेगा। उन्होने हालांकि ऐसी परिस्थितियो मे यात्रा के दौरान खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देते हुए टीम के साथ मनोचिकित्सक के यात्रा करने की बात कही। इंग्लैड की टीम तीन महीने के उपमहाद्वीप दौरे के लिए रवाना होगी, जिसका आगाज श्रीलंका मे दो टेस्ट मैचो के साथ होगा।

# रोहित समेत पांच भारतीय क्रिकेटर पृथकवास में

### ● बायो बबल का कथित उल्लंघन जांच शुरू, ● बीसीसीआई खिलाड़ियों के साथ



**भाषा। मेलबर्न**

उपकप्तान रोहित शर्मा, उदीयमान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत समेत पांच भारतीय टेस्ट क्रिकेटरों को पृथकवास में रखा गया है और यह जांच की जा रही है कि उन्होंने जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो नहीं किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले एक प्रशंसक ने ट्विटर पर वीडियो डाली थी जिसमें ए पांचों एक इनडोर रेस्तरां में खाना खा रहे थे। उस व्यक्ति ने यह भी दावा कि वह इन खिलाड़ियों के करीब बैठा था और उनके खाने का बिल चुकाने के बाद उसने पंत को गले लगाया। उसने बाद में गले लगाने वाला ट्वीट हटा लिया क्योंकि इससे प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मसला खड़ा हो गया था। बीसीसीआई ने पहले अपने स्तर पर जांच से इनकार किया लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बाद में कहा कि मामले की संयुक्त जांच की जा रही है। इन पांचों को टीम के बाकी सदस्यों से अलग कर दिया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बयान में कहा , बीसीसीआई और सीए जांच कर रहे हैं कि जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो नहीं हुआ है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा , भारतीय क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को आज इस वीडियो पोस्ट के बारे में बताया गया जिसमें दिखाया गया है कि रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, शुभमन गिल, पृथ्वी साव और नवदीप सैनी नववर्ष के दिन मेलबर्न के इंडोर रेस्तरां में खाना खा रहे थे। समझा जाता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड अपने खिलाड़ियों का साथ देगा क्योंकि इस पर आम सहमति है कि जान बूझकर कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। समझा जाता है कि भारतीय टीम 2007 . 08 के मंकीगेट विवाद की तरह एकजुट रहेगी जब एंड्रयू साइमंड्स ने दावा किया था कि हरभजन सिंह ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की। भारत और आस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रहे हैं और तीसरा मैच सात जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। प्रोटोकॉल के तहत खिलाड़ियों को सामाजिक दूरी का पालन करते हुए आउटडोर रेस्तरां में खाने की अनुमति है। मेडिकल टीमों से सलाह मशविरे के बाद ही पृथकवास प्रोटोकॉल लागू किया गया। आस्ट्रेलिया और भारत की मेडिकल टीमों से सलाह के बाद इन खिलाड़ियों को एहतियातन पृथकवास में रखा गया है। ए खिलाड़ी यात्रा या अभ्यास के दौरान आस्ट्रेलिया और भारत की टीमों के बाकी सदस्यों से अलग रहेंगे। इन्हें हालांकि अभ्यास की अनुमति रहेगी। समझा जाता है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया के जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत खिलाड़ियों को इनडोर रेस्तरां में भोजन नहीं करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही उन्हें सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहा गया है लेकिन वे पैदल टहल सकते हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के बयान में जांच की कोई समय सीमा नहीं दी गई है लेकिन यह भी पता चला है कि भारतीय टीम प्रबंधन इससे खफा है। खिलाड़ी रेस्तरां के बाहर खड़े थे और बूंदाबांदी होने के कारण भीतर गए। अगर तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम पर दबाव बनाने के लिए यह किया गया है तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया का यह बुरा तरीका है। रोहित हाल ही में 14 दिन का पृथकवास खत्म करके सिडनी से यहां पहुंचे हैं। यह पूछने पर कि क्या क्रिकेट आस्ट्रेलिया तीन खिलाड़ियों (रोहित, पंत और गिल) को अगले टेस्ट में भाग लेने से रोक सकता है, अधिकारी ने कहा , पहली बात तो यह है कि उन्हें अभ्यास की अनुमति दी गई है। दूसरा, हमें नहीं लगता कि बात यहां तक पहुंचेगी क्योंकि ऐसा होने पर उसके विपरीत परिणाम होंगे। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी ने कहा था कि टीम को प्रोटोकॉल की जानकारी है और उसे तोड़ा नहीं गया है। अधिकारी ने कहा था , जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं हुआ है। भारतीय टीम से जुड़े हर व्यक्ति को प्रोटोकॉल की जानकारी है।

## मुश्ताक अली ट्राफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम घोषित, भुवनेश्वर टीम में शामिल



**लखनऊ।** उत्तर क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने 10 जनवरी से बेंगलुरू में होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दो मैचों के लिए उत्तर प्रदेश की टीम घोषित कर दी।टीम की कमान प्रियम गर्ग को सौंपी गई है जबकि सीनियर क्रिकेटर सुरेश रैना और भुवनेश्वर कुमार को भी टीम में शामिल किया गया है। यूपीसीए के सचिव युध्दवीर सिंह ने भाषा को बताया कि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार चोट से उबर चुके हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। टीम : प्रियम गर्ग (कप्तान), करण शर्मा, सुरेश रैना, रिंकू सिंह, माधव कौशिक, समर्थ सिंह, शुभम चैबे, ध्रुव चंद जुरेल, आर्यन जुआल, भुवनेश्वर कुमार, अंकित राजपूत, मोहसिन खान, शिवम मावी, शिवा सिंह और शानू सैनी।

## स्टेन ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया है। पिछले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 साल के इस खिलाड़ी ने हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने की योजना को खारिज कर दिया।इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वह कुछ समय के लिए खेल से दूर रहना चाहते है। स्टेन से ट्वीट किया, सभी को यह बताने के लिए एक छोटा सा संदेश कि मैंने इस साल के आईपीएल में आरसीबी के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया है।

## महिला क्रिकेटः अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर अनिश्चितता, क्लब प्रतियोगिता में भाग ले रहीं भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** जेमिमा रोड्रिग्ज, वेदा कृष्णमूर्ति और दीप्ति शर्मा जैसी भारत की शीर्ष खिलाड़ी सोमवार से बेंगलुरू में क्लब टी20 क्रिकेट में हिस्सा लेंगी क्योंकि कोविड–19 महामारी के बीच टीम के अगले अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। टीम मार्च में टी20 क्रिकेट विश्व कप के बाद से मैदान से दूर है और टीम के अगले टूर्नामेंट को लेकर भी स्पष्टता नहीं है क्योंकि इस महीने होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे को 2022 तक स्थगित कर दिया गया है।

## वेस्ट हैम की जीत

**भाषा। लीवरपूल**

टॉमस सोसेक ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में 2021 का पहला गोल दागा जिससे वेस्टहैम ने एवर्टन को।–0 से शिकस्त दी। सोसेक ने 86वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा। इसके साथ ही वेस्टहैम ने एवर्टन के लीग में लगातार चार जीत के अभियान को रोका। इस हार के बावजूद एवर्टन के 29 अंक हैं जबकि वेस्टहैम की टीम 26 अंक के साथ 10वें स्थान पर है। लीवरपूल की टीम 33 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड ने विला को हराया

**मैनचेस्टर।** ब्रूनो फर्नांडिज के पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड ने शुक्रवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग में एस्टन विला को 2–। से हराया। इस जीत से मैनचेस्टर यूनाईटेड के शीर्ष पर चल रहे लीवरपूल के समान 16 मैचों में 33 अंक हो गए हैं लेकिन खराब गोल अंतर के कारण टीम दूसरे स्थान पर है। यूनाईटेड की ओर से फर्नांडिज के अलावा एंथोनी मार्शल ने गोल दागा जबकि एस्टन विला की ओर से एकमात्र गोल बरट्रेंड ट्रेंओरे ने किया। फर्नांडिज का 11 महीने पहले टीम से जुड़ने के बाद पेनल्टी का यह नौवां गोल है।

# गांगुली को हल्का दिल का दौरा, एंजियोप्लास्टी हुई

**भाषा। कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को शनिवार को हल्का दिल का दौरा पड़ा और शहर के अस्पताल में उनकी प्रारंभिक एंजियोप्लास्टी हुई। एक डॉक्टर ने यह जानकारी दी। इस 48 साल के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर की हालत स्थिर है। वुडलैंड्स अस्पताल के डॉक्टर सरोज मंडल ने बताया कि प्रारंभिक एंजियोप्लास्टी में धमनियों में आए अवरोध का उपचार किया जाता है जिससे ही हृदय की ओर जाने वाले रक्त के प्रवाह में सुधार हो। उनकी तीन धमनियों में अवरोध पाया गया जिसे हटाने के लिए स्टेंट दिया गया। उन्होंने बताया कि और स्टेंट देने के बारे में बाद में उनकी हालत देखकर फैसला लिया जाएगा। मंडल ने कहा , अगले कुछ दिन उनकी हालत पर कड़ी नजर रखी जाएगी। आगे क्या करना है, यह उनकी हालत देखकर ही तय होगा। उनके बाकी सभी अंग दुरूस्त हैं और उन्हें अगले तीन चार दिन अस्पताल में रहना होगा। उन्हें एक्यूट मायोकार्डियल इनफारक्शन (एमआई) है लेकिन उनकी हालत स्थिर है। उनके दिल में तीन ब्लॉक पाए गए। उन्हें दोहरी एंटी प्लेटलेट्स और स्टेटिन दिया गया है। उनकी प्रारंभिक एंजिएप्लास्टी हुई है और अब वह जाग चुके हैं। उनकी हालत स्थिर है। मायोकार्डियल इनफारक्शन (एमआई) को सामान्य भाषा में दिल का दौरा कहा जाता है जब दिल के किसी हिस्से में रक्त प्रवाह कम हो जाता है या रुक जाता है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है। इससे पहले डाक्टर ने बताया था कि गांगुली ने अपने घर में बने जिम में ट्रेडमिल पर वर्कआउट करते हुए सीने में असहजता महसूस की थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि गांगुली के परिवार में इसकैमिक हार्ट डिजीज को इतिहास रहा है। इस बीमारी में सीने में दर्द या असहजता पैदा होती है जो हृदय के किसी हिस्से में पर्याप्त रक्त नहीं मिलने के कारण होता है। ऐसा अधिकतर उत्साह या उत्तेजना के दौरान होता है जब हृदय के रक्त के अधिक प्रवाह की जरूरत होती है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उनके उपचार पर नजर रखने के लिए पांच डॉक्टरों की टीम का गठन किया गया है। अस्पताल द्वारा जारी बयान में कहा गया , जब उन्हें दोपहर को अस्पताल लाया गया तो उनके क्लीनिकल पैरामीटर सामान्य सीमा के भीतर थे। ईसीजी और इको भी किया गया। वह उपचार पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



### जल्द स्वस्थ होने की कामना

**कोलकाता।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और कप्तान विराट कोहली समेत भारतीय क्रिकेट जगत ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष और राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के जल्द स्वस्थ होने की कामना की, जो हल्का दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती है। भारतीय कप्तान कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्द ही ठीक हो जाइए। टीम में लंबे समय तक गांगुली के जोड़ीदार रहे तेंदुलकर ने कहा, अभी सौरव की बीमारी का पता चला, उम्मीद है कि हर गुजरते दिन के साथ आप पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होगे। जल्द ठीक हो जाइए। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि गांगुली पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है। शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मै गांगुली के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना और प्रार्थना कर रहा हूं। मैने उनके परिवार से बात की है। दादा (गांगुली) की स्थिति स्थिर है और उन्हे उपचार का फायदा हो रहा है। बीसीसीआई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी गांगुली के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, बीसीसीआई अध्यक्ष के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते है। आईसीसी ने लिखा, भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली को आज सुबह हल्के स्तर के हृदयाघात का सामना करना पड़ा। उनकी स्थिति अब स्थिर है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते है। वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, अनिल कुंबले और गौतम गंभीर जैसे गांगुली के पूर्व साथी खिलाड़ियो ने भी उनके जल्द ठीक होने की कामना की। सहवाग ने ट्वीट किया, दादा, जल्दी से ठीक होने का, आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। गंभीर ने ट्वीट किया, गांगुली को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। ध्यान रखे और भगवान आपकी रक्षा करे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गांगुली के अस्पताल के भर्ती होने पर चिंता जताई है। ममता ने ट्वीट किया, गांगुली को हल्का दिल का दौरा पड़ने और उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके जल्द और पूरी तरह से उबरने की कामना करती हूं। मेरी प्रार्थनाएं उनके और उनके परिवार के साथ है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होने लिखा, दिल का दौरा पड़ने के बाद उपचार करा रहे गांगुली के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। वुडलैड्स अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि वह स्थिर है।

## भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट होना काफी मुश्किलः वार्नर



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले उनका पूर्ण फिटनेस हासिल करना काफी मुश्किल है। उन्होंने हालांकि कहा कि वह चयन पैनल और टीम प्रबंधन के भरोसे पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वार्नर को भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी और उनका सात से 11 जनवरी तक होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट होना मुश्किल लग रहा है। वह श्रृंखला के पहले दो टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे जहां पारी का आगाज करने वाले जो बर्न्स और मैथ्यू वेड उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रहे। फिटनेट के बारे में पूछने पर वार्नर ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, हमें आज और कल ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लेना है इसलिए मैं आपको इससे अधिक संकेत नहीं दे सकता कि अभी मेरी स्थिति क्या है। मैंने पिछले कुछ दिन से ट्रेनिंग नहीं की है लेकिन आज और कल की ट्रेनिंग के बाद बेहतर संकेत मिलेगा कि मेरी स्थिति क्या है। क्या मैं शत प्रतिशत फिट हो जाऊंगा? काफी मुश्किल है। उनके अगले बयान में हालांकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया और टीम प्रबंधन की उन्हें खिलाने को लेकर उत्सुकता का पता चलता है। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, लेकिन मैं मैदान पर उतरने और खेलने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। अगर इसका मतलब यह भी है कि मैं शत प्रतिशत फिट नहीं हूं तो भी अगर चयनकर्ता हरी झंडी देते हैं तो मैं हर संभव प्रयास क–रूंगा। कुछ नेट सत्र के दौरान उन्होंने पैर बाहर निकालकर खेलने का प्रयास नहीं किया लेकिन उन्हें पता है कि मैदान के दौरान कितने जज्बे की जरूरत होती है।

### स्मिथ का बचाव किया

**मेलबर्न।** डेविड वार्नर का मानना है कि कभी-कभी सभी की फॉर्म मे गिरावट को स्वीकार किया जाना चाहिए और स्टीव स्मिथ भी इससे अलग नही है। वार्नर ने पूर्व कप्तान स्मिथ की भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला मे फॉर्म मे गिरावट को एशेज 2019 मे अपनी खराब फॉर्म से जोड़ा। स्मिथ मौजूदा श्रृंखला में खराब फॉर्म से जूझ रहे है और रविचंद्रन अश्विन ने उन्हें दो जबकि जसप्रीत बुमराह ने एक बार आउट किया है। लेकिन वार्नर का मानना है कि यह स्मिथ के रवैए से अधिक भारत की अच्छी गेंदबाजी से जुड़ा है क्योंकि इस बल्लेबाज ने तैयारी में कोई कमी नही छोड़ी है।

# अमेरिकी कांग्रेस में रक्षा विधेयक पर ट्रंप का वीटो खारिज

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिकी कांग्रेस** ने एक रक्षा नीति विधेयक पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वीटो को खारिज करते हुए कार्यकाल के अंतिम दिनों में उन्हें बड़ा झटका दिया है।

नव वर्ष के दिन आयोजित विशेष सत्र में रिपब्लिकन पार्टी की बहुमत वाले सीनेट ने उनके वीटो को आसानी से खारिज कर दिया और 740 अरब डॉलर के विधेयक को लेकर ट्रंप की आपत्ति को दरकिनार करते हुए उन्हें ऐसे समय में झटका दिया है, जब उनका कार्यकाल महज कुछ ही सप्ताह में समाप्त होने जा रहा है। सीनेट ने 81–13 के वोट से नेशनल डिफेंस अथॉराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पर ट्रंप के वीटो को खारिज कर दिया। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव) में ट्रंप के वीटो को दरकिनार करने के लिए 322–87 मत पड़े थे। राष्ट्रपति ने एनडीएए 2021 पर वीटो का इस्तेमाल किया था, क्योंकि उनका कहना था कि इस विधेयक के कुछ प्रावधानों से राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है। वहीं, वह कुछ सैन्य प्रतिष्ठानों का नाम गृह युद्ध के कुछ जनरलों के नाम पर रखने के प्रावधान से भी असहमत थे।राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में पहली बार ऐसा हुआ, जब उनका वीटो दरकिनार कर दिया गया। ऐसा होने के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने ट्विटर पर कहा, हमारे रिपब्लिकन सीनेट ने धारा 230 से छुटकारा पाने का अवसर गंवा दिया, जिससे बड़ी टेक कंपनियों को असीमित शक्तियां मिलती हैं। कांग्रेस द्वारा पारित विधेयक को कानून का रूप लेने के लिए राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की जरूरत होगी।सीनेटर जिम इनहोफे ने कहा कि सीनेट ने एनडीएए वित्त वर्ष 2021 को कानून बनाने के पक्ष में मतदान करके सैनिकों के समर्थन में मजबूत संदेश दिया है।

इनहोफे सीनेट आर्म्ड सर्विस कमेटी के अध्यक्ष हैं। वहीं, राष्ट्रपति के वीटो को खारिज करने के लिए वोट डालकर सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा कि सालाना रक्षा विधेयक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम है। सीनेट में बहुमत के नेता (रिपब्लिकिन) मिच मैक्कोनल ने मतदान से पहले कहा कि कांग्रेस पिछले 59 वर्षों से प्रत्एक साल नेशनल डिफेंस अथॉराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पारित करती आई है और किसी भी तरीके से हम 60वां वार्षिक एनडीएए पूरा करेंगे और रविवार को सत्र के समापन से पहले विधेयक पारित करेंगे। ट्रंप ने पिछले सप्ताह रक्षा कदमों को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह सोशल मीडिया कंपनियों को सीमित करने में विफल है। ए वही सोशल मीडिया कंपनियां हैं, जिसके बारे में ट्रंप का मानना है कि हाल में हुए राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान ए पक्षपाती रही थीं। सोशल मीडिया और सैन्य अड्डों के नामों को लेकर चिंताओं के अलावा ट्रंप ने यह भी कहा कि यह रक्षा विधेयक विदेश नीतियों के संचालन के उनके तरीकों में, खासतौर पर सैनिकों की घर वापसी के प्रयासों में बाधा डालता है।ट्रंप विधेयक के उस प्रावधान का हवाला दे रहे थे, जिसमें अफगानिस्तान और जर्मनी से हजारों सैनिकों की वापसी की उनकी योजना पर शर्तें रखी गई हैं। ट्रंप ने आठ अन्य विधेयकों पर भी वीटो का इस्तेमाल किया था, जिससे वे विधेयक कानून नहीं बन पाए। ट्रंप के हस्ताक्षर के बिना विधेयक के कानून बनने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के प्रत्एक सदन में दो–तिहाई मतों की जरूरत पड़ती है।

### टेक्सास के न्यायाधीश ने चुनाव परिणाम को पलटने संबंधी वाद खारिज किया

**वाशिंगटन।** एक संघीय न्यायाधीश ने रिपब्लिकन पार्टी के एक सदस्य की ओर से दायर उस वाद को शुक्रवार को खारिज कर दिया जिसका मकसद उप राष्ट्रपति माइक पेंस को देश मे हाल ही मे हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को उस वक्त पलटने की शक्ति देना है, जब अगले सप्ताह कांग्रेस औपचारिक रूप से इलेक्टोरल कॉलेज के वोट की गिनती करेगा। राष्ट्रपति चुनाव मे जो बाइडन ने जीत दर्ज की है। सीनेट के अध्यक्ष के रूप मे पेंस की देखरेख मे बुधवार को सत्र आयोजित होगा और वह व्हाइट हाउस की दौड़ मे विजेता के नाम की घोषणा करेंगे। इलेक्टोरल कॉलेज ने इस माह बाइडन की जीत पर मोहर लगा दी और वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चुनाव के नतीजो को पलटने के कई कानूनी प्रयास विफल साबित हुए है।वाद मे अदालत से 1887 के उस कानून को रद्द करने का अनुरोध किया गया था, जो यह बताता है कि कांग्रेस किस प्रकार से मतगणना करेगी।



कैलीफोर्निया में ट्रंप के समर्थन में रैली के दौरान नारे लगाती एक महिला

## अमेरिका में भारत के पहले सांस्कृतिक राजनयिक तीन साल का कार्यकाल पूरा कर स्वदेश लौटें

**संवाददाता। वाशिंगटन**

अमेरिका में भारत द्वारा नियुक्त किए गए पहले सांस्कृतिक राजनयिक डॉ. मोक्षराज अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद शुक्रवार को स्वदेश के लिए रवाना हो गए। अपने तीन साल के कार्यकाल में डॉ. मोक्षराज ने यहां संस्कृत एवं हिंदी भाषा की शिक्षा दी और अमेरिका के कई राज्यों में योग व ध्यान के जरिए भारत की पारंपरिक संस्कृति का प्रचार किया, जिसका वैदिक मूल मंत्र है वसुधैव कुटुम्बकम एवं कोविड–19 के बाद की दुनिया में इसका अपना महत्व है। भारतीय संस्कृति के शिक्षक के रूप में तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद डॉ.मोक्षराज ने कहा, भारत एकमात्र देश है जो वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत में विश्वास करता है और भारत का यह विचार नया नहीं है बल्कि इंसान की उत्पत्ति से ही है, इसलिए इसे यजुर्वेद में यात्रा विश्व भवतेकनिदम की प्रेरणा देता है। जैसे कि सभ्य व्यक्ति अपने परिवार या कुटुम्ब को खोना नहीं चाहता, उसी प्रकार से भारतीय संस्कृति भी सभी के कल्याण के लिए कार्य कर रही। इसलिए भारत योग, ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य, शाकाहार और अहिंसा के जरिए प्राकृतिक संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। डॉ. मोक्षराज उन 162 शिक्षकों में से हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी सरकार की पहल पर भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा दुनिया भर के भारतीय मिशन में तीन साल पहले भारतीय परंपरा एवं संस्कृति का प्रसार करने के लिए भेजा गया था।

## कैलिफोर्निया में कोरोना से एक दिन में 585 लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** कैलिफोर्निया में कोरोना वायरस के कारण एक दिन के भीतर 585 लोगो की मौत हो गई। राज्य के लोक स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यहां कोविड-19 के 47,000 से अधिक नए मामले सामने आए है जिससे इस महामारी के कुल मामले 22.9 लाख से भी अधिक हो गए है।

## एस्ट्राजेनेका की ब्रिटेन को एक सप्ताह में कोविड–19 टीके की 20 लाख खुराकों देने की योजना : खबर

**लंदन।** ब्रिटेन मे कोविड-19 रोधी टीको की पर्याप्त आपूर्तियो को लेकर बढ़ते दबाव के बीच फार्मास्युटिकल कंपनियो ने सरकार के इन दावो पर पलटवार किया है कि पर्याप्त टीको का बंदोबस्त करने की एक सीमा है। उनकी तरफ से कोई दिक्कत नही है।एस्ट्राजेनेका का कहना है कि उसे एक पखवाड़े के अंदर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित टीके की हर सप्ताह 20 लाख खुराको की आपूर्ति की उम्मीद है, वही फाइजर बायोएनटेक ने कहा कि उसने ब्रिटेन को लाखो की संख्या मे खुराक भेजी है।

# लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर लखवी पाक में गिरफ्तार

### ● मुंबई हमले का सरगना है आरोपी

**भाषा। लाहौर**

**मुंबई हमले** का सरगना और लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर जकी– उर–रहमान लखवी को पाकिस्तान में शनिवार को आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। देश में खुलेआम घूम रहे आतंकवादियों पर शिकंजा कसने के लिए इस्लामाबाद पर पड़ रहे अंतरराष्ट्रीय दबाव में यह कदम उठाया गया है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी लखवी मुंबई हमला मामले में 2015 से ही जमानत पर था। उसे आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने पंजाब प्रांत से गिरफ्तार किया।बहरहाल, सीटीडी ने यह नहीं बताया है कि उसकी गिरफ्तारी कहां से हुई।इसने कहा, सीटीडी पंजाब द्वारा खुफिया सूचना पर आधारित एक अभियान में प्रतिबंधित संगठन लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादी जकी–उर–रहमान लखवी को आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। इसने बताया कि लखवी (61) को लाहौर के सीटीडी थाने में आतंकी वित्त पोषण से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया।सीटीडी ने कहा, लखवी पर एक दवाखाना चलाने, जुटाए गए धन का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्त पोषण में करने का आरोप है। उसने और अन्य ने इस दवाखाने से धन एकत्रित किया और इस धन का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्त पोषण में किया। उसने इस धन का इस्तेमाल निजी खर्च में भी किया। सीटीडी ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर–ए– तैयबा से जुड़े होने के अलावा वह संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित आतंकवादियों की सूची में भी शामिल है।इसने कहा, उसके खिलाफ मुकदमा लाहौर में आतंकवाद निरोधक अदालत में चलेगा। लश्कर ए तैयबा और अल–कायदा से जुड़े होने और आतंकवाद के लिए वित्त पोषण, योजना, सहायता मुहैया कराने या षड्यंत्र रचने की खातिर लखवी को संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2008 में वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था।



## न्यूयॉर्क एक्सचेंज ने चीनी कंपनियों को हटाया तो जवाबी कार्रवाई करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) द्वारा चीन की तीन बड़ी दूरसंचार कंपनियों को एक्सचेंज से हटाने की घोषणा पर जवाबी कार्वाई की चेतावनी दी है। इससे अमेरिकी व चीन के बीच पहले से जारी तनाव और बढ़ सकता है। स्टॉक एक्सचेंज ने बृहस्पतिवार को कहा कि चाइना टेलीकॉम कॉर्प लि., चाइना मोबाइल लि. और चाइना यूनिकॉम हांगकांग लि. को एक्सचेंज से हटाया जाएगा। इन कंपनियों के शेयरों में कारोबार सात जनवरी से 11 जनवरी के बीच किसी समय बंद किया जाएगा।

माफिया डॉन अतीक अहमद के साथ फोटो वायरल होने के बाद

# अहमद ब्रदर्स पर कसा शिकंजा, 50 करोड़ की सम्पत्ति जब्त

● हिस्ट्रीशीटर भाइयों के बंगले सीज, पूर्व प्रमुख महोली मुजीब अहमद के बंगले समेत 24 सम्पत्तियां सीज

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-हिस्ट्रीशीटर मुजीब अहमद के घर पर सीज की सूचना लिखवाते एएसपी राजीव दीक्षित, एसडीएम अमित भट्ट व अन्य पायनियर

**कोतवाली** नगर में गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, इस एक्ट की धारा 14-एक के तहत जिलाधिकारी के आदेशानुसार अपराध से अर्जित सम्पत्ति जब्त करने की कार्रवाई प्रचलित है, शहर व अन्य जगह 40 से 50 करोड़ की 24 सम्पत्तियां जब्त की गई है, मुजीब के बंगले की तलाशी लेने के बाद फिलहाल कुछ नहीं मिला है।
**डा. राजीव दीक्षित, एएसपी नॉर्थ।**


सीतापुर-पूर्व ब्लाक प्रमुख महोली मुजीब अहमद के साथ माफिया डॉन अतीक अहमद (फाइल फोटो)

**सीतापुर** में नये साल की शुरूआत 100 गैंगेस्टर्स पर कार्यवाही कर योगी सरकार की मंशा को पुलिस ने अमलीजामा पहना दिया लेकिन शहर के अहमद परिवार पर जब कार्रवाई की तो उसकी गूंज से जिला व पुलिस प्रशासन ने अपना इकबाल बुलन्द कर लिया। इस चर्चित अहमद परिवार की लम्बी चौड़ी अपराधिक पृष्ठ भूमि है। जिनमें महोली के ब्लाक प्रमुख मुजीब अहमद, एकलाख अहमद, अहमद हुसैन उर्फ छन्नू का दिन बेहद खराब रहा। अपर पुलिस अधीक्षक डा. राजीव दीक्षित, सिटी मजिस्टेऊट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, ईओ गुरू प्रसाद पांडेय, कोतवाल टीपी सिंह, एसओ खैराबाद धर्मप्रकाश शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर तीनो भाईयों की कोठियों को सीज कर 50 करोड़ की अचल सम्पत्तियां और 12 बेसकीमती गाड़ियों को जब्त कर लिया। यह कार्यवाही यही तक नहीं रूकी। अहमद भाइयों की चिन्हित 29 सम्पत्तियों जिनमें महोली में दो, रामकोट व ऐलिया में 1-1 ईंट भट्ठो पर भी सीज करने की कार्रवाई की गई है। जबकि इससे 2 दिन पहले एकलाख अहमद की जीआईसी चौराहा स्थित दुकान, बट्सगंज स्थित को बुलडोजर से ढहाया जा चुका है। मुजीब अहमद के सीज किए गए आलीशान बंगले की बैधता के नोटिस का जवाब प्रशासन ने मांगा है। संतोषजनक न मिलने पर ढ़हाए जाने की कार्रवाई की जा सकती है। अभी साल ही बीता होगा, इसी मुजीब अहमद ने तत्कालीन एसपी एलआर कुमार का फूलमालाओं से स्वागत कर अपनी नजदीकियों को सार्वजनिक किया था। जिसकी फोटो भी खूब सार्वजनिक किया था। जिसकी फोटो भी खूब वायरल हुई थी। इसके बाद एनआरसी को लेकर जब मुस्लिम संगठन पुराने सीतापुर में प्रदर्शन करने तो उनके हंगामे को रोंकने के लिए पुलिस ने ढ़ाल बनाया था। अब लोग कयास लगा रहे है कि आखिर मुजीब और उसके भाइयों पर इतनी बड़ी कार्रवाही कैसे हो गई। चर्चा है कि जब मुजीब ने आलीशान बंगले का लोकार्पण किया तब माफिया डान अतीक अहमद को भी बुलाया था जिनके साथ का फोटो और वीडियो विरोधियों ने प्रशासन तक पहुंचा दिया। योगी सरकार इन दिनो अतीक और उनके गुर्गो के साथ कैसे पेश आ रही है। यह सभी जानते ऐसे में पुलिस प्रशासन को बड़ी कार्रवाई करने के रूप में सुनहरा अवसर मिल गया। चर्चा यह भी है कि अहमद भाइयों की आपसी रंजिश से मुजीब अहमद की लंका में आग लगाने का मौका पुलिस प्रशासन को मिला। क्योंकि कच्ची पक्की सारी जानकारियां और साक्ष्य घर के भेदी ने ही उपलब्ध कराए। बहरहाल जो भी हो इस कार्यवाही से जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह की धमक कायम हो गई है। मुजीब अहमद पर हुई भारी भरकम कार्यवाही के बाद अन्य सफेद पोश माफिया सहम गए है। उधर प्रशासन की लिस्ट में ऐसे नामो पर मंथन जारी है। अगला नम्बर यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

## पुलिसिया गिरफ्त में पहुंचा चर्चित हिस्ट्रीशीटर हसीन..!

● शहर कोतवाली पुलिस कई बार दे चुकी थी अभियुक्त के ठिकानों पर दबिश, एएसपी नार्थ ने शनिवार सुबह ही दे दिये थे संकेत


पुलिस की गिरफ्त में हसीन पायनियर

**सीतापुर** में पुलिस ने शातिर अपराधियों पर कार्यवाही तेज करते हुए हिस्ट्रीशीटर हसीन उर्फ इंकलाख अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाली पुलिस इस बाबत लगातार अभियुक्त के ठिकानों पर दबिश दे रही थी, परन्तु वह हाथ नहीं आ रहा था। एएसपी नार्थ डॉ. राजीव दीक्षित ने शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात के संकेत भी दिए थे, जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त को उसके बट्सगंज स्थित घर से धर दबोचा। इससे पहले 31 दिसम्बर को सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, ईओ गुरु प्रसाद पांडे व कोतवाल टीपी सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अभियुक्त की हिस्ट्रीशीट जारी करते हुए शहर के जीआईसी चौराहे पर बनी बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया था। लगभग 4 घण्टे के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के बाद पुलिस ने उसके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को खाली कराकर नगर पालिका को सौंप दिया था। इतना ही नहीं पुलिस महकमे ने शहर कोतवाली में दर्ज 14 मुकदमों का अपराधिक इतिहास भी जारी कर दिया था, जिसमें गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर समेत कई मुकदमे शामिल है। पुलिस द्वारा अभियुक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त करने की बात भी कही जा रही है।

---

सीतापुर के छह अस्पतालों में चलेगा ड्राई रन, तीन शहरी व तीन ग्रामीण अस्पताल शामिल

## पहले चरण में 16200 लगेगी कोरोना वैक्सीन

● ड्राई रन में नहीं होगा वैक्सीन का इस्तेमाल, ड्राई रन में वैक्सीनेशन प्लान की होगी टेस्टिंग

संवाददाता। सीतापुर




**कोरोना** खात्मे के लिए सीतापुर की जनता को नए साल में जिस वैक्सीन के आने का बेसब्री से इंतजार था, वो मुराद अब जल्द पूरी होने वाली है। कोरोना वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल के बाद अब पांच जनवरी से वैक्सीन का ड्राई रन शुरू होगा। ड्राई रन के दौरान कोई वैक्सीन इस्तेमाल नहीं होगी। इसके जरिए केवल यह टेस्ट किया जाएगा कि सरकार का तैयार वैक्सीनेशन प्लान कितना कारगर है। ड्राई रन के आधार पर ही वास्तविक टीकाकरण अभियान को अंजाम दिया जाएगा। पहले चरण में सीतापुर में साढ़े पंद्रह हजार के बजाए अब 16200 टीके लगेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वैक्सीन कैरियर दे दिए गए हैं। सीरेंज आने वाली है। सीतापुर जिले में तीन अर्बन और तीन रूरल अस्पतालों में ड्राई रन चलेगा। ड्राई रन के दौरान कोल्डचेन प्वांइट पर डेटा भेजा जाएगा। डेटा के आधार पर ड्राई रन के प्लान को टेस्ट किया जाएगा, अगर कोई कमी रहती है, तो उसे पूरा किया जाएगा।

जिस ग्रुप का चाहिए ब्लड, उसी ग्रुप का लाएं

## सावधान! जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में खून का अकाल

● ब्लड के लिए भटकते रहे तीमारदार

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-जिला अस्पताल में खून के लिए भटकता तीमारदार पायनियर

**जिला** अस्पताल के ब्लॅड बैंक में खून की कमी के मसले पर 'पायनियर' ने ब्लॅड बैंक के प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव से बातचीत की। बातचीत में उन्होंने कोरोना के चलते ब्लॅड बैंक में खून की कमी होना बताया।
**डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी ब्लॅड बैंक।**

**अगर आपको** खून की जरूरत है तो अपने साथ में एक डोनर साथ में रखें, वरना सीतापुर ब्लॅड बैंक में खून मिल नहीं पाएगा, क्योंकि यहां के ब्लड बैंक में खून का अकाल है। हर वर्ष 36 सौ यूनिट खून की जरूरत होती है, पर बामुश्किल से महज 720 यूनिट ही खून मिल पा रहा है। खून की कमी से थैलीसीमिया, हीमोफीलिया, गर्भवती महिलाएं सहित सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। रोजाना दर्जनों मरीज बैरंग लौट रहे हैं। इससे उनकी जान पर आफत आ जाती है। शहर में जिला पुरुष और महिला अस्पताल हैं। इन सरकारी अस्पतालों में बेडों की क्षमता के मुताबिक जिला ब्लड बैंक में हर महीने तीन सौ यूनिट खून संजोने की क्षमता है, लेकिन मौजूदा वक्त में यहां के ब्लॅड बैक में महज पंद्रह यूनिट खून की है। यहां के ब्लॅड बैंक में खून की कमी पिछले काफी समय से है। जिस कारण अत्यंत गंभीर मरीजों को भी समय पर ब्लड नहीं मिल रहा है। खून के लिए संबंधित ग्रुप के डोनर की व्यवस्था परिजनों को करनी पड़ रही है। इमरजेंसी में खून उपलब्ध कराने में ब्लड बैंक ने अपने हाथ खड़े कर रखे हैं। अगर हम ब्लड ग्रुप की बात करें तो यहां के ब्लॅड बैंक में केवल बी- पॉजिटिव खून स्टॉक में है। अन्य ग्रुप का एक भी यूनिट खून मौजूद नहीं है। अगर किसी को भी इमरजेंसी में खून की आवश्यकता पड़ जाए, तो उसे खून मिलना संभव नहीं है। ऐसे में मरीज की जान बचाना मुश्किल हो जाता है। इससे परिवारीजनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के ब्लॅड बैंक में जानकारी पड़ताल की, तो पता चला कि ब्लड बैंक में खून की कमी है। केवल ब्लॅड बैंक में महज पंद्रह यूनिट खून हैं, वो भी बी-पॉजिटिव ग्रुप हैं, अन्य ग्रुप का कोई खून नहीं है। 'पायनियर' ने जिला अस्पताल में खून पाने के लिए भटक रहे मरीज के तीमारदार से बातचीत की तो उन्होने कहा कि दो दिन से भटक रहा हूं लेकिन कहीं भी ब्लड नहीं मिल रहा है।

---

जिला अस्पताल का बंद जन औषधि केंद्र फिर खुला

## फिर से सस्ती दवाएं पा सकेंगे मरीज

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-जिला अस्पताल में खुला जनऔषधि केन्द्र पायनियर

**सीतापुर** के जिला अस्पताल में करीब दो महीने से बंद जन औषधि केंद्र पर एक बार फिर मरीजों को सस्ती जीवन रक्षक दवाएं मिलेंगी, कागजातों में कमी के चलते यहां के केंद्र को लॉक कर दिया गया था। सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब इसे दोबारा खोल दिया गया है। इस केंद्र से करीब 1300 से ज्यादा जनेरिक दवाएं मरीज ले सकेंगे। ऐसे में वो महंगी एलोपैथ की दवाओं से निजात पा सकेंगे, हालांकि कुछ चिकित्सक जीवनरक्षक दवाओं में सहयोग कर रहे हैं, जबकि कुछ इससे परहेज किए हुए हैं। चार साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की योजना शुरू की थी। इस केंद्र के माध्यम से लोगों को सस्ती जीवनरक्षक जेनरिक दवाएं मिलेंगी। यह दवाएं ब्रांडेड कंपनी की दवाओं की अपेक्षा दो से तीन गुना सस्ती होती है। इन्हें बनाने का जो फॉर्मला ब्रांडेड दवा कंपनी अपनाती हैं, वही फॉर्मूला जनेरिक दवाओं को बनाने पर लागू होता है, बशर्ते दवाओं की कंपनी का नाम नहीं होगा। ये दवाएं केवल फॉर्मूले से ही बिकती हैं। सीतापुर में भी वर्ष 2018 जिला अस्पताल में जनऔषधि केंद्र खोला गया था। इससे यहां आने वाले मरीजों को सस्ती जनेरिक दवाएं मिलने लगी थी मगर कुछ कागजों की कमी के चलते 18 सितंबर 2020 को यह केंद्र बंद कर दिया गया। जिस कारण मरीजों को सस्ती दवाएं मिल नहीं पा रही थी। इससे मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। बंद जन औषधि केंद्र दोबारा खुलने से एक बार फिर सस्ती जेनरिक दवाएं मिलने लगेंगी।

● कांशीराम आवासीय कॉलोनी से जिला अस्पताल में अपने बेटे की दवा लेने आई मरीज मंजू देवी से बातचीत की, बताया कि वह अपने बेटे को चिकित्सक द्वारा दिखाया, उन्होंने बाहर की दवाएं खरीदने के लिए परचा लिखा।
**मंजू देवी, तीमारदार।**

● जिला अस्पताल में दूर-दराज से अपने रिश्तेदार को दवा दिलाने आए अतुल कुमार का कहना है कि वो पिछले एक महीने से दवा लेने अस्पताल आ रहा है। चिकित्सकों द्वारा बाहर से दवाएं भी लिखी जा रही है। इससे लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी रही हैं।
**अतुल कुमार, तीमारदार।**

● 'पायनियर' ने जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र के फॉर्मासिस्ट प्रांजुल पांडेय से बात की, बातचीत में उन्होंने बताया कि कागजों में कमी के चलते जन औषधि केंद्र बंद कर दिया गया, जिसे अब दोबारा खोल दिया गया था।
**प्रांजुल पांडेय, फॉर्मासिस्ट।**

## बार कौंसिल ने किन आश्रितों की आर्थिक मदद

**सीतापुर।** बार कौंसिल ऑफउत्तर प्रदेश ने नए साल पर शुक्रवार को सीतापुर के आठ दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रितों को 10 लाख आठ हजार 936 रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की। इन्हें यह सहायता राशि बार कौंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के सदस्य, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ला ने प्रदान की। बार एसोसिएशन सभागार में पूर्व चेयरमैन शुक्ला ने दिवंगत अधिवक्ता स्व. महेंद्र प्रताप सिंह तोमर की पत्नी संध्या सिंह, स्व. अनिल कुमार अवस्थी की पत्नी बीना अवस्थी, स्व. कृष्ण राज सिंह की पत्नी पन्ना सिंह, स्व. मुजक्किर हुसैन खां की पत्नी उजमा अख्तर, स्व. विनीत प्रकाश शुक्ला की पत्नी रचना शुक्ला एवं स्व. अतुल कुमार सक्सेना की पत्नी विनीता सक्सेना ट्रस्ट कमेटी द्वारा पांच-पांच लाख रुपये तथा स्व. जय प्रकाश श्रीवास्तव की पत्नी सोनपरी श्रीवास्तव एवं स्व. ओम प्रकाश दुबे की पत्नी शांति दुबे को डेढ़-डेढ लाख रुपये प्रदान किए गए। शुक्ला ने बताया कि दिवंगत अधिवक्ता स्व. लक्ष्मी नारायण वर्मा की पत्नी सावित्री देवी को डेढ़ लाख का चेक प्रदान किया जाएगा।

## मानव की सेवा ही सच्ची सेवा है : जिलाधिकारी



सीतापुर-कार्यक्रम को सम्बोधित करते एसपी आरपी सिंह, मौजूद डीएम विशाल भारद्वाज व अन्य पायनियर

● खैराबाद में जरूरतमंदों को बांटी गई रजाई

संवाददाता। सीतापुर

**इस शीतलहर** में पात्र व्यक्तियों को रजाई वितरण एक पुनीत कार्य है। इस कार्य की जितनी ही प्रशंसा की जाए कम है। यह बात जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज ने खैराबाद में रजाई वितरण के दौरान कही। उन्होंने इस सेवा कार्य का और अधिक विस्तार करने की अपेक्षा जताई। पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह ने कहा कि हम सभी इस वृहत समाज के अंग है। इससे पूर्व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता व हाजी सकील खान ने आए हुए अतिथियो का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर 100 वृद्धजनों को रजाई वितरित की गयी। कार्यक्रम का संचालन सलाउद्दीन मुफ्ती आफताब ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अंकुर गोयनका, हाजी रिजवान, हाजी रिजवान खान, जमान अहमद, उस्मान खां, हाजी शफीक, इमतियाज अहमद, अरविन्द कुमार, जफर, डा नफीस सहित तमाम लोग उपस्थिति रहे।

---

नैमिष में नववर्ष पर आयोजित

## दीपोत्सव में शामिल हुए पुलिस अधीक्षक


नैमिषारण्य-आरती में शामिल एसपी आरपी सिंह पायनियर

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नववर्ष की संध्या पर चक्रतीर्थ को दीपों से सजाया गया। इस अवसर पर आयोजित अष्टकोणीय आरती में सीतापुर एसपी आर पी सिंह परिवार सहित शामिल हुए। नववर्ष की पहली शाम को चक्रतीर्थ प्रांगण स्थित श्री भूतेश्वर नाथ का अलौकिक श्रृंगार एवं श्री चक्रतीर्थ का दीपोत्सव किया गया। सनातन ऋषि सत्संग महाआरती सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य अष्टकोणीय आरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसपी ने परिवार सहित चक्रतीर्थ का पूजन किया। चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पांडेय एवं नैमिष आचार्य रमेश चन्द्र शास्त्री ने उनको दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।

कोतवाली लहरपुर इलाके के गांव चंदेसुआ का मामला

## संदिग्ध हालातों में गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

● परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

● मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

संवाददाता। भदफर सीतापुर


रामपुरकलां-घटना स्थल पर जांच करती पुलिस पायनियर

**सीतापुर** में एक युवक का शव संदिग्ध गन्ने के खेत में पड़ा मिला। शनिवार सुबह शव देखे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गयी है। दरअसल मामला कोतवाली लहरपुर इलाके के गांव चंदेसुआ का है, जहां मृतक की पत्नी के अनुसार 35 वर्षीय मुन्ना शुक्रवार को 2-3 बजे घर से निकला था। शनिवार सुबह उसका शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने जैसे ही परिजनों को इसकी सूचना दी उनके होश उड़ गए। पिता कमलेश ने बताया कि उसका विवाद गांव कुछ लोगों से चल रहा है। तहरीर देकर पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। इससे पहले सूचना मिलते ही सीओ लहरपुर यादवेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। कोतवाल लहरपुर ओपी राय भी सीओ के साथ मय हमराही मौजूद थे। जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया है। पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

## नए साल के पहले दिन नौनिहालों संग बांटी खुशियां

**व्यवसाई व समाजसेवी मनीष लाठ ने 101 बच्चों को प्रदान किए गर्म कपड़े**

**नव** वर्ष का पहला दिन शहर के प्रमुख व्यवसाई व युवा व्यापर उद्योग मण्डल के जिला अध्यक्ष मनीष लाठ ने नौनिहालों के साथ खुशियां बांटकर मनाया। केक काटने के बाद समृद्धि फाउंडेशन के 101 बच्चों को कपड़े वितरित किए। फिर सभी को भोजन कराया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अग्रवाल अतिथि गृह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन महरोत्रा का स्वागत पारिजात का पौधा भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा इस तरह के आयोजन से समाज में समरसता पनपती है। समाजसेवी मनीष लाठ ने नए साल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए समृद्धि फाउंडेशन की चेयरपर्सन अपर्णा मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। इस मौके पर अग्रवाल मनोज पाण्डेय श्रीराम अग्रवाल प्रेम चन्द्र अग्रवाल राजीव डाइजी नन्द लाल भुटानी हरी ओम अग्रवाल सुन्दर सिंह चौहान मुख्य रूप से मैजूद थे।

# दहेज हत्या, दुराचार व अन्य मामलों में आठ गिरफ्तार

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**नीमगांव कोतवाली** पुलिस ने भिन्न भिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर आठ लोगों को जेल भेजा। जानकारी के अनुसार नीमगांव कोतवाली क्षेत्र के खरगपुर बिलरिया गांव में बीते तीन दिन पहले एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसी मामले में मृतका भानमती के मायके से दहेज उत्पीड़न व मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके आधार नीमगांव पुलिस ने मृतका के पति रुपराम, ससुर गंगा राम व सास संगीता देवी को गिरफ्तार कर दहेज उत्पीड़न मामले में जेल भेज दिया है। वहीं मलिगंवा गांव में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुराचार करने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस पर बेहजम चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने हमराही सुरेन्द्र दुबे के साथ दबिश देते हुए मलिगंवा गांव के ही आरोपी हैदर अली पुत्र जलीस को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं मुखबिर की सूचना पर भरहेटा गांव में हो रहे जुआ खेले जाने की सूचना पर पहुंच कर फड़ से 1220 रुपये, ताश गड्डी के साथ अमित, अक्षय, अवधेश, लवकुश व सुनील सहित पांच जुआरियों को धर दबोचा। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है।

## किसानों के साथ थाना प्रभारी ने किया संवाद

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव कपरहा मे ग्राम प्रधान नीरज शुक्ला के साथ गांव के बाहर झाला बनाकर रह रहे सिक्ख किसानो ने पहुंच कर उनके साथ वार्ता की। इस अवसर पर हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार ने सिख समुदाय के कश्मीर सिंह, सरदार बलविंदर सिंह, अमृत सिंह, सरदार बब्बू सिंह, समर सिंह, सरदार अंग्रेज सिंह से वार्ता की। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जो भी किसान बिल लाया गया है वह किसानो के लिये बहुत ही कल्याणकारी है। किसी के भी बहकावे में न आयें। यदि कोई व्यक्ति आप लोगों को गुमराह कर रहा है तो ऐसे लोगों से दूर रहने की नसीहत दी जाती है। आप लोगों से यह निवेदन है कि अपने-अपने घरों में ही रहें। किसी को दिल्ली या सिंधु बार्डर पर जाने की जरूरत नहीं है। आप लोग अपने परिवार में अपनों के साथ प्रेम पूर्वक रहें। जिसका समर्थन ग्राम प्रधान नीरज शुक्ला ने भी किया। इस अवसर पर हल्का प्रभारी महेन्द्र यादव, आरक्षी संजय राय, आरक्षी महावर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तहरी भोज का हुआ आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** शहर की अस्पताल रोड पर नये वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल तहरी भोज का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में राहगीरों ने भोज का आनन्द उठाया। बता दें कि शहर की अस्पताल रोड स्थित स्टेट बैंक के समीप शनिवार को एक विशाल तहरी भोज का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे के बाद शुरू हुए तहरी भोज में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भोज का आनन्द उठाया। इस मौके पर विजय कश्यप, प्रशांत श्रीवास्तव, मोनू श्रीवास्तव, आकाश गुप्ता, मो. नसीर, गौरव श्रीवास्तव, विक्रम शर्मा, पुष्पराज शुक्ला, रवि चौधरी व जीतू राज आदि लोग मौजूद रहे।

## अचल ने किया गन्ने का रिकार्ड उत्पादन

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी के ग्राम जगदेवपुर निवासी प्रगतिशील किसान अचल कुमार मिश्रा ने गन्ने में रिकॉर्ड उत्पादन कर जिले ही नहीं वरन पूरे प्रदेश के किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं। अचल बताते हैं कि खेती.किसानी के क्षेत्र में उनकी विशेष रूचि है। कुछ अलग कर दिखाने का जज्बा उन्हें उनके पिता से मिला। उन्होंने बताया कि उनके पिता की मृत्यु वर्ष 2016 में किसान सम्मान दिवस के दिन हुई। जो पेशे से किसान थे। उन्होंने कहा कि गन्ने के क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर 3296 कुंतल गन्ने का उत्पादन कर रिकॉर्ड कायम किया।

# पूर्ववर्ती सरकारों में बगैर लाइसेंस चलती थीं समितियां: विनीत मनार

संवाददाता। निघासन-खीरी



**वार्षिक सामान्य** निकाय की बैठक किसान सेवा सहकारी समिति की बैठक समिति प्रांगण में सम्पन हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष विनीत मनार का समिति के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार में बगैर लाइसेंस की समितियां चलती थी। प्रयास करके सभी सचिव को 25 दिवसीय प्रशिक्षण करके सभी सचिवों को सर्टीफिकेट जारी कराया गया। सभी समितियों को खाद की यवस्था कराई गई। इफ्को का पशु आहार की भी सुरूआत समितियों द्वारा कर दी गई है। 100 एमटी का गोदाम निघासन को स्वीकृति हो गई है। अनमोदन कराने के बाद चालू की जाएगी। प्रधानमंत्री के द्वारा पास बिल को किसानों के हित में है। किसानो को बिल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।अपर जिला सहकारी अधिकारी जालंधर प्रसाद ने समिति के लेनदेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि सही लेन-देन होगा तो समिति सही प्रकार से चलेगी। समय-समय पर वसूली जरूरी है। बताया कि वर्ष दौरान एक लाख छियानबे हजार हिस्सा सदस्यों से प्राप्त हुआ है। शेष 511.92 लाख सदस्यों को कर्जा दिया गया है। 534.93 लाख कर्ज सदस्यों से वसूला गया है। वर्ष का लाभ 10.81 हुआ है। आदि विभिन्न प्रकार का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने सम्बोखित किया। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद लोधी, राजकिशोर मौर्य, संकटा प्रसाद लोधी, समिति अध्यक्ष दयाशंकर मौर्य, नागेंद्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, शशिकांत चतुर्वेदी, प्रज्ञांद श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, दामोदर मौर्य, मोहित जायसवाल व दिलीप जायसवाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीएलओ नहीं ले रहे मतदाता संबंधी कार्यों में रुचि

- कई वार्डों के बीएलओ रहे नदारद
- एक ने कहा:मेरे पास और भी कई काम हैं

संवाददाता मैगलगंज-खीरी।

लोकतंत्र के पर्व के रूप में मनाये जाने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज हो चुका है। जिसके लिए प्रशासन के साथ-साथ निर्वाचन आयोग ने भी कमर कस ली है। चुनाव संबंधी सारी कार्ययोजनाओं की जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मतपत्र आदि की छपाई के साथ ही मतदाता सूचियों में नाम बढ़वाने के लिए प्रशासन ने घर-घर जाकर वोट बढ़ाने घटाने के लिए बीएलओ की व्यवस्था की है। आज जब कुछ मतदाता अपने परिवार के सदस्यों का नाम लिस्ट में वोट के लिए बढ़वाने के लिए मैगलगंज के प्राथमिक विद्यालय में गए वार्ड संख्या 12, 13, 14, 6, 7 व 8 बीएलओ नहीं मिले। जब बीएलओ रामसहाय से फोन के माध्यम से बात की गई तो उनके द्वारा जानकारी दी गई कि उनके पास और भी कई काम रहते हैं। न कि इसी काम में व्यस्त रहें। बोले कि किसी और काम में व्यस्त हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जो मतदान देश के हर नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है। वह अपने मत का प्रयोग कैसे कर पायेगा। इसके अतिरिक्त बीएलओ का कार्य में रूचि न लेना कहीं न कहीं से संदेहात्मक भी प्रतीत होता दिख रहा है। अब संबंधित अधिकारी इस पर क्या कार्यवाही करते हैं ये बड़ा सवाल है।

# बच्चों ने केक काटकर मनाया नव वर्ष

- बच्चों ने दी नव वर्ष से संबंधित जानकारी
- नि:शुल्क ट्रिपल सी कोर्स चलाने की घोषणा

संवाददाता। बेहजम-खीरी




**स्थानीय लक्ष्य** कंप्यूटर एवं लक्ष्य कॉम्पिटिशन संस्थान में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। संस्थान प्रबंधक नीरज वर्मा ने नव वर्ष के अवसर पर निशुल्क ट्रिपल सी कोर्स चलाए जाने की घोषणा की। संस्थान प्रबन्धक नीरज वर्मा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया को बढ़ावा दे रही है। संस्थान भी इस मुहिम में सरकार के साथ है। इस मुहिम से लोगों को जोड़ने के लिए संस्थान निशुल्क ट्रिपल सी कोर्स संचालित करेगा। इसके रजिस्ट्रेशन कि शुरुआत भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन चलेंगे। इसके अलावा संस्थान आगामी परीक्षाओं के मद्देनजर कई विशेष क्लास भी आयोजित करेगा। संस्थान में अध्यापन करने वाले बच्चों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए 2021 का केक काटा और स्टाफको खिलाकर नए साल की खुशी मनाई। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में विभा तिवारी, ज्योति, शाबान, आसिफ खान, जावेद, जामिया, आरती, निशा और निदा सहित तमाम बच्चों ने नव वर्ष के अवसर पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रबंधक नीरज वर्मा, ट्रेनर हकीक खान, रविन्द्र, संजय श्रीवास्तव, शिल्पी, रवि सिंह, नवीन शुक्ला और निखिल वर्मा मौजूद रहे।

# समाजसेवियों ने गरीबों में बांटे कम्बल

संवाददाता। मोहम्मदी/गोला-खीरी

**नव वर्ष के** प्रथम दिन बरखेड़ा कलां प्रधान समोद सिंह ने कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। करीब तीन सौ कम्बल वितरित हुए। सभी अतिथियों व मीडिया कर्मियों का भी शाल ओढ़ा कर अभिनंदन किया गया। गांव के कमजोर वर्गों, बुजुर्गों, महिलाओं को अतिथियों ने कम्बल दिए। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ये कार्यक्रम राजनीति से प्रेरित नहीं है। मेरा गांव ही मेरा देश है। जब गांव विकसित होगा तभी विकास होगा। उन्होंने प्रधान के इस कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला, प्रमुख आशीष रस्तोगी, प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, डीके गुप्ता, आलोक सिंह, नीरज रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन रमाकांत द्विवेदी ने किया। गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, ग्राम पंचायत गोला देहात में इस सर्दी को देखते हुए ग्राम पंचायत की सभी विधवा महिलाओं को समाजवादी पार्टी के नेता ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक वारिस अली अंसारी ने लगभग सौ कम्बलों को वितरित करके नया साल मनाया। इस वितरण के दौरान सर्वेश गौतम, आसिफ अली अंसारी, मुन्ना अंसारी, वारिस अली मंसूरी, रहीस मंसूरी, बबलू अंसारी, मुकेश गौतम, सरदार टीटू सिंह, राजू भार्गव एवं बहुत से साथी उपस्थित रहे।

# हाईपावर से फुंके घरेलू उपकरण

**मैलानी-खीरी।** 1/2 जनवरी की रात मोहल्ला गौतम नगर वार्ड नंबर 2 में और रामलीला वार्ड नंबर 5 में हाईपावर से सभी घरों के बल्ब सहित अनिल के घर की पूरी लाइन जल कर राख हो गई। घरों में अन्य सामान का भी नुकसान हुआ। वही रामलीला वार्ड नंबर 5 के निवासी रामूमूर्ति पुत्र अजुध्धी के किराने के खोखे में आग लग जाने से सारा सामान जलकर राख हो गया। अनुमानित किराने का सामान करीब 70000 रुपए का था। वहीं रामलीला वार्ड में जली हुई किराने की दुकान के पास में ही नया साल मना रहे मोहित के घर के सामने किराए के 3 एंपलीफायर फुंक गए। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि कोई कमी आने के कारण ट्रांसफार्मर के अंदर न्यूटन करने की वजह से लाइट तेज आ गई थी। कर्मचारियों को भेजकर इस कमी को जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक ने थाने का किया घेराव

संवाददाता। फतेहपुर

- भ्रष्टाचार के चलते न्याय नहीं मिल पाता है, पुलिस द्वारा हीला हवाली भी की जाती है जिसके लिये संगठन उत्पीड़न के खिलाफ संघर्षरत हैं

**गुलाबी गैंग** लोकतान्त्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में संगठन की महिलाएं पीड़ित परिवार के साथ खखरेरू थाना पहुंची। महिला उत्पीड़न के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए थाना का घेराव किया। थानाध्यक्ष के माध्यम से जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्राम सिमौर थाना गाजीपुर की निवासिनी सईदा बेगम की शादी 2 वर्ष पूर्व ग्राम किशुनपुर चिरयी थाना खखरेरू के महबूब पुत्र कबूल अली साथ हुई थी। जिसकी 29 नवम्बर की मध्य रात्रि ससुरालीजनों द्वारा हत्या कर दी गयी। मृतका के परिजनों नें बताया कि ससुराल पक्ष के लोग आये दिन दहेज की मांग किया करते थे। उनकी मांग को पूरा करने के बावजूद भी उसको मार डाला। थाना में एफआईआर तो लिखी गई परन्तु अब एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होनें मांग किया कि उसको न्याय मिले दोषियो को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। इसके लिए वे लोग थाने आये हुए हैं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु थाना में घेराव करते हुए यह मांग रखी की घटना की निष्पक्ष जाँच कराते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर ठोस कार्यवाही करते हुये न्याय दिलाया जाये एवं अध्यक्ष ने कहा की दिन-प्रतिदिन ऐसे मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। भ्रष्टाचार के चलते उनको न्याय नहीं मिल पाता है, पुलिस द्वारा हिला हवाली भी की जाती है। जिसके लिये संगठन उत्पीड़न के खिलाफ संघर्षरत हैं। इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष नें बताया है विवेचना सीओ द्वारा की जा रही है। निष्पक्ष जांच करते हुए त्वरित कार्यवाही जल्द से जल्द की जाएगी। अध्यक्ष नें कहा कि पूर्ण आशा है की इस प्रकरण का निवारण करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिया जायेगा। इस दौरान सरला सिंह, राजरानी, चेतरानी, प्रीती, शहरुन, रामश्री, नीलू, सुमन, कैलाशा, पुष्पा, सुनीता, निर्मला, रानी, कमला, रामरती, आमना, अंजना आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दंपति समेत तीन घायल

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** दो बाइकों की तेज भिड़ंत में दंपति समेत कुल 3 लोग घायल हो गये। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ललौली रोड जाफराबाद मोड में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक में सवार पट्टा उम्र 55 वर्ष पुत्र रघुराई निवासी जाफराबाद तथा दूसरी बाइक में सवार शिव कुमार उम्र 45 वर्ष तथा उनकी पत्नी सुनीता देवी उम्र 40 वर्ष निवासी फरीदपुर कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें जाफराबाद निवासी बाइक सवार की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# किशोर समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**दो** अलग-अलग स्थानों पर एक किशोर समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने घरेलू विवाद के चलते गांव के समीप एक पेड़ में फांसी लगाकर जहां जान दे दी वहीं संदिग्ध अवस्था में किशोर का शव गांव के समीप अमरूद के पेड़ पर लटका मिला।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जहानपुर गांव निवासी योगेंद्र पासवान 40 वर्ष पुत्र भुल्ली पासवान ने गांव के ही समीप एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक देर शाम से घर से लापता था। रात भर लोगों ने खोजबीन की लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। सुबह लोगों ने युवक का शव गांव के समीप एक पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लगी रही। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

उधर दूसरी ओर बरेठर बुजुर्ग गांव में संदिग्ध अवस्था में राकेश सोनकर के 14 वर्षीय पुत्र सत्यम सोनकर का शव गांव के समीप ही एक अमरूद के पेड़ की डाल पर लटका मिला। लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लगी रही हालांकि परिजनों एवं ग्रामीणों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि गोली खेलने को लेकर भाइयों के बीच ही विवाद हुआ था। जिससे नाराज होकर किशोर ने आत्महत्या कर लिया। किशोर की मौत के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। पूरे गांव में शोक का माहौल था।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चक्की नाका के समीप शुक्रवार की शाम रेलवे लाइन पार करते समय लगभग 23 वर्षीय एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चक्की गांव निवासी चन्द्र प्रसाद की पत्नी सुमन देवी शुक्रवार की शाम जंगल से घर आ रही थी। जब वह रेलवे लाइन पार करने लगी तभी ट्रेन की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अधेड़ ने जान देने का किया प्रयास

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमी में शनिवार की सुबह मानसिक तनाव के चलते लगभग 45 वर्षीय एक अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सिलमी गांव निवासी रणबहादुर का पुत्र रणझोर सिंह ने आज सुबह मानसिक उलझन के कारण सल्फास खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सरकारी एम्बुलेन्स के जरिये उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# नगर निगम को प्रथम स्थान के लिए जनता का सहयोग जरूरी

**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम विभाग ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

शहर के घंटाघर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में भाग लेने आए लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि अब लोगो को स्वंय जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर शाहजहॉपुर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है तथा स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर महानगर को देश में प्रथम स्थान पर लाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने महानगर को स्वच्छ बनाने के लिए युद्धस्तर पर भाग लेने की अपील की सुभाष टावर घटांघर से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि नगर वासियो से मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी के तहत अपने कूड़े की स्वंय जिम्मेदारी लेकर उसका निस्तारण कि कोशिश करना होगी ।ताकि जिले को प्रथम स्थान मिल सके इस अवसर पर



नगर आयुक्त शंतोष शर्मा ने लोगो से नगर को साफ स्वच्छ बनाने हेतु सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर निगम को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देष्य से सभी नगर वासियो से सक्रिय प्रतिभाग करना होगा । समारोह में स्कूल के बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया । कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सुभाष टावर घंटाघर से बहादुरगंज, सदर चौराहा होते हुये शहीद उद्यान पर समापन हुआ। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में मंत्री द्वारा रैली के समय दुकानदारो से गन्दगी न करने एवं दुकानों के पास गाड़ियां न खड़ी करने की अपील की गई। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह , पुलिस अधीक्षक एस आंनद व बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सहित कई अधिकारीयों ने स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया मेगा रैली को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा विभाग, स्कूली बच्चे, स्वच्छता वार्ड कमेटियों का सहयोग रहा।

# भाकियू टिकैत गुट की बैठक में नहरों में पानी न आने पर जताई नाराजगी

- सात सूत्रीय मांगों को लेकर हुई बैठक

**बिंदकी ( फ्तेहपुर )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की हुई बैठक में नहरों में पानी ना आने पर गहरी नाराजगी जताई गई। बैठक में कृषि कानून पर भी नाराजगी जताई गई और कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में कृषि कानून वापस लेना होगा।नगर के तहसील परिसर में भाकियू टिकैत गुट की बैठक हुई बैठक में नहरों में पानी ना आने पर यूनियन के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि नहर में पानी ना आने से किसान की फसल सूख रही है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि धान केंद्र में किसानों का धान कम तौला जाता है। बिचौलियों तथा व्यापारियों का धान अधिक तौला जाता है। बैठक में अधूरा बाईपास का भी मुद्दा उठा और कहा गया कि सरकार और जनप्रतिनिधियों की लचर नीति के कारण बाईपास अधूरा है। बैठक में तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम पर प्राणघातक हमले की आशंका जताई गई और कहा गया कि कभी भी उनके ऊपर मारपीट कर घायल किया जा सकता है। इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई। वहीं बैठक में आवास तथा वृद्धावस्था पेंशन का भी मुद्दा छाया रहा। इस मौके पर भाकियू के तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम, खजुहा ब्लाक अध्यक्ष महिला मोर्चा की तहसील अध्यक्ष महामंत्री पप्पू सिंह, नगर महामंत्री देवदत्त, भारती, छोटेलाल, रामभवन, राकेश कुमार, ननकू, दिनेश, गरीबे आदि मौजूद रहे।

## 15 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद की आधा दर्जन थानों की पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, खखरेरू एक, कल्यानपुर पांच, चांदपुर तीन, हथगांव दो तथा असोथर थानाध्यक्ष ने तीन लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

# मरीज देखने के ग्राफ में कमी मिलने पर डीएम नाराज

संवाददाता। शाहजहांपुर




**जिलाधिकारी** इन्द्र विक्रम सिंह ने विकास भवन सभागार में आयोजित जिला टास्कफोर्स अर्न्तविभागीय एवं कोविड-19 टीकाकरणध्निियमित टीकाकरण सर्विलेंस की समीक्षा बैठक में कहा कि षासकीय योजनाओं लाभान्वित परिवारों के गोल्डेन कार्ड चरणबद्ध तरीके से बनाए जाए ।

बैठक में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बण्डा, ददरौल, तिलहर, पुवायां, भावलखेड़ा, खुटार आदि चिकित्सालयों में मरीज देखने के ग्राफ कमी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की है। इस सम्बन्ध में उन्होंने सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों से मरीजों को देखने के ग्राफ में कमी आने बारे में जानकारी ली तो सम्बन्धित अधिकारी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया । जिलाधिकारी ने संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने उक्त चिकित्साधिकारी के स्थान पर अन्य को तैनात करने के निर्देष दिए है। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नवम्बर मंथ की तुलना में दिसम्बर माह में जिला महिला चिकित्सालय एवं बण्डा, तिलहर में डिलेवरी केस में कमी दिखने पर नाराजगी जाहिर की है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित द्वारा संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया। उक्त के दृष्टिगत उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय व एमओआईसी-बण्डा, तिलहर को स्पष्टीकरण देने के निर्देष दिए है। इसके साथ ही जिला महिला चिकित्सालय में प्रधान मंत्री मातृत्व वन्दना योजना के 949 लाभार्थियों के भुगतान लम्बित मिलने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए सम्बन्धित को उत्तरदायित्व निर्धारित करने के चेतावनी दी है। जिलाधिकारी ने 151 आषाओं का मानदेय पेण्डिग मिलने पर समय से भुगतान किए जाने के निर्देष दिए है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम में धीमी प्रगति मिलने पर कहा है कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों में गति लाई जाए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कुष्ट नियंत्रण के अन्तर्गत 170 मरीजों की समुचित देखभाल एवं अंधरता निवारण पर बल देने को कहा है। उन्होंने डिफ्थीरिया के केस पुवायां, निगोही, मदनापुर, ददरौल,षाहजहांपुर षहर में मिलने पर सम्बन्धित एमओआईसी, आषा, एनएम की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने के निर्देष दिए है।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कोविड-19 की समीक्षा के दौरान कहा है कि कांट्रेक्ट टेªसिंग परॉपर की जाए। कोविड-19 के कार्यों में किसी प्रकार लापरवाही संज्ञान में आई तो सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जनपद में 11360 कोविड-19 वैक्सीन हेतु चिन्हित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि कोल्ड चेन वैक्सीन के लिए मुख्या चिकित्साधिकारी कार्यालय एवं स्वास्थ्य केन्दों पर व्यवस्था की गयी है जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी कार्याल्य में एक सी0सी0टी0वी0 कैमरे तथा सिंधौली, खुदागंज में आवष्यकता है। बाकी समस्त स्थानों सी0सी0टी0वी0 कैमरे व्यवस्था पर्याप्त है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सी0सी0टी0वी0 कैमरे व्यवस्था षीघ्र करने के निर्देष दिए है।

जिलाधिकारी ने कहा है कि दिनांक 18 जनवरी 2021 के आस-पास गवर्नर महोदया का आगमन प्रस्तावित है जिसकी सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणाषर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी षैलेन्द्र कुमार आर्या आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# शासन के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे परियोजना निदेशक

● गढ़ा कुसमरा के ग्रामीणों ने केंद्रीय टीम से शिकायत कर सचिव पर आवास में सुविधा शुल्क लेने का लगाया था आरोप


शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करते परियोजना निदेशक

**संवाददाता।** कदौरा (जालौन)

**ब्लाक** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ा व कुसमरा के ग्रामीणों ने विगत 8 दिसम्बर को महेबा ब्लॉक के ग्राम कुटरा में विकास कार्यो का निरीक्षण करने आई केंद्रीय टीम संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार आईएएस नीता केजरीवाल व अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार से शिकायत कर सचिव वैभव कुमार पर आवास में 20-20 हजार रुपये लेने व अपात्रों को आवास देने का आरोप लगाया था। आईएएस नीता केजरीवाल ने मुख्य विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए थे।

शनिवार को परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी की अगुवाई में ग्राम गढ़ा कुसमरा पहुंची जांच टीम ने ग्रामीणों की शिकायतों को सुन कर स्थलीय निरीक्षण किया इसी बीच ग्रामीणों ने ग्राम विकास अधिकारी वैभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए वही मनरेगा मजदूरों ने भी अपनी मजदूरी नहीं मिलने के आरोप मढ़े और बताया कि जिन लोगों ने मनरेगा में कार्य नहीं किया है उनके खातों में रुपये डाले गए है। शिकायत पर परियोजना निदेशक ने जल्द मजदूरी डालने का आश्वासन दिया। परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि शासन के आदेश पर जांच की गई है और वो जांच आख्या शासन को सौंपी जाएगी जल्द कार्यवाही भी होगी। इस मौके पर बीडीओ अतिरंजन सिंह सहित अन्य ब्लॉक कर्मी व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

### फोटो खींचने पर सेक्टर प्रभारी को लगी मिर्ची

कदौरा गांव पहुंचे परियोजना निदेशक जब शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर रहे थे उसी दौरान गांव के जागरूक लोग उसकी फोटो खींचने वीडियो बनाने पर लाभार्थियों व सेक्टर प्रभारी मनोज गुप्ता तीखी बहस होने पर परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी ने मामले को शांत कराया।

### पंचायत सचिव पर कार्यवाही के संकेत मिले

कदौरा। शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करने पहुंचे परियोजना निर्देशक ने चलते-चलते इस बात के संकेत दिये कि गांव के पंचायत सचिव वैभव कुमार पर भी कड़ी कार्यवाही की गाज करने की संभावना से इंकार नहीं किया। अब यह तो समय ही बतायेगा कि इस मामले में जांच टीम किसे दोषी मानती है और कितने लोगों पर कार्यवाही की जायेगी।

## एक करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित पशु शेल्टर होम का लोकार्पण



**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका फर्रुखाबाद के द्वारा कान्हा गौशाला एवं गोवंश आश्रय योजनान्तर्गत 1 करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित किये गये 'पशु शेल्टर होम्स' का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा केबल सरकार के ऊपर गायों की जिम्मेदारी छोड़ना ठीक नही है। हम सभी को उसकी जिमेम्दारी उठाने की जरूरत है।

शनिवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें पशु शेल्टर होम्स सकवाई का फीता काट व हबन-पूजन के साथ गायों को गुड़ और चना खिलाकर लोकार्पण किया। गौशाला में गोवंश हेतु बेहतर व्यवस्थायें की गई है। गौशाला में गोबर गैस प्लांट भी लगाया गया है जो कि वि्ुत ऊर्जा बनाने का भी कार्य करेगा। गौशाला के निर्माण कार्य से फर्रुखाबाद नगरवासी एवं आस-पास के किसानों को निश्चित ही लाभ प्राप्त होगा। पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल नें कहा कि आस पास के सभी किसान पहली रोटी गाय के नाम दान कर संस्कारों से जुड़े। डीएम नें कहा कि आवारा गोवंश के जिम्मेदार भी हम ही लोग है हम सभी को गाय के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। किसान भाई गाय को दूध निकालने के बाद छोड़ने वाले चलन का त्याग करें। वर्तमान सरकार द्वारा गोवंश के बेहतर संरक्षण हेतु प्रदेश की प्रत्येक नगर पालिका में कान्हा गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कार्य कराया है। गोवंश के संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार के ऊपर न डाले। गोवंश के संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं उठायें। जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान गौसेवा से जुड़कर रवी की फसल में गोवंश के बेहतर भरण पोषण हेतु 01-01 कुन्टल भूसा दान करें।

## क्विक न्यूज

### डीएम को जिला सूचना अधिकारी ने दी नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



**कानपुर देहात।** नववर्ष 2021 के शुभअवसर पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जहां अधिकारियों, कर्मचारियों आदि गणमान्य नागरिकों द्वारा बधाई व शुभकामनायें दी। इसी क्रम में जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को पुष्प देकर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी।

### नौटंकी कराने और देखने में 144 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** बीती रात नौटंकी कराने के मामले में पुलिस नें 144 लोगों के खिलाफ महामारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस नें जाँच शुरु कर दी। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनकापुर निवासी पंकज पुत्र दिवारीलाल, सुरजीत पुत्र करन सिंह व हरवीर पुत्र फूल चंद, रवि पुत्र मुकेश निवासी बहादुरपुर, पृथ्वीराज निवासी कनकापुर सहित 140 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाने के हेडकांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद नें बिना अनुमति नौटंकी कराने का मुकदमा 188, 269, 270 व महामारी अधिनियम की धारा 3 के तहत मुदकमा दर्ज किया है। जिसमे आरोप लगाया गया है कि पृथ्वी सिंह अपनी नातिन के जन्मदिन पर नौटंकी करा रहे थे। मंच से लेकर भीड़ तक कोई मास्क नही लगाये हुए था। जाँच दारोगा रमा शंकर सरोज को दी गयी है।

### खेत में लगे नलकूप से स्टार्टर चोरी

**जालौन (उरई)।** खेत में लगे नलकूप का स्टार्टर चोरी होने की सूचना किसान ने कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने फसल की सिंचाई के लिए खेत में निजी बोरिंग कराकर नलकूप लगवाया था। जिसका स्टार्टर बीती रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब भतीजा आदर्श खेत पर पहुंचा तो स्टार्टर चोरी होने की जानकारी मिली। किसान की शिकायत पर पुलिस स्टार्टर चोरी करने वालों की तलाश कर रही है।

### रंगबाजी को लेकर हुए विवाद में युवक से मारपीट

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माड़री में रंगबाजी को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। विवाद में 3 लोगों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट कर दी। माड़री निवासी कोमेश वर्मा पुत्र राजकुमार ने बताया कि रंगबाजी को लेकर उनके गांव के उल्झन सिंह उनके साथ गाली-गलौज करने लगे जब उन्हें मना किया तो उनके साथ आये 2-3 लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के कारण उनके चोटें आयी है। पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दो युवाओं ने खाया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग.अलग स्थानों पर दो युवाओं ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया । मिली जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्योना निवासी 20 वर्षीय अंशुल पुत्र महावीर ने , वही कस्बा व थाना कंपिल के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी 20 वर्षीय अमन पुत्र हरिशंकर, दोनों ने अपनी .अपनी घरेलू परिस्थितियों से खिन्न होकर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होते ही घबराए परिजन दोनों को अलग.अलग समय में उपचार के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। यहां से ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

### आमने-सामने बाइकें टकराईं, दोनों के चालक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी 30 वर्षीय राजेश पुत्र चंद्रपाल तथा कस्बा कायमगंज के मोहल्ला चिलांका निवासी 18 वर्षीय समीर पुत्र शकील अपनी .अपनी बाइकों से जा रहे थे। तेज गति से दौड़ती हुई दोनों की बाइकें आमने सामने टकरा गई। दुर्घटना में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से प्रथम उपचार के बाद हालत गंभीर होती देख डॉक्टर ने दोनों को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

## अधिकारियों की मौजूदगी में पालिका कर्मियों ने हटाया अतिक्रमण

● अवैध तरीके से पक्के निर्माण को भी जेसीबी से तोड़ा गया

**उरई (जालौन)।** शनिवार को नगर के मुख्य राजमार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें जिला अस्पताल से लेकर इलाहाबाद बैंक चौराहा तक सड़क के दोनों ओर जो दुकानदार नालियों को पाटकर अपना कब्जा जमा चुके थे उनके अतिक्रमण को चिन्हित कर मौके पर ही जेसीबी मशीन से तुड़वा दिया गया। इतना ही नहीं नगर के घंटाघर चौराहा पर भी अतिक्रमण होने की वजह से आवागमन बाधित रहता था इस अभियान में मुख्य टारगेट घंटाघर चौराहा को रखा गया था।

नगर के मुख्य राजमार्ग के दोनों ओर लंबे समय से दुकानदारों को पहले अस्थाई फिर स्थाई पक्का निर्माण कर नालियों को ही खत्म कर दिया था। ऐसे अतिक्रमणकारियों को सबक सिखाने की मंशा से सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सदर संतोष कुमार के साथ नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में पालिका कर्मियों ने जिला अस्पताल से सड़क के दोनों ओर अवैध अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया। इस बीच जिन स्थानों पर पक्का निर्माण कराया गया था उसे भी जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। अधिकारियों ने ऐसे दुकानदारों को चेतावनी दी कि वह नाली के बाहर किसी भी कीमत पर अपनी दुकान का सामान न रखें और न ही नाली पर अतिक्रमण करें।

### महिला की हत्या कर शव जलाने के मामले में पांच दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बीते पांच दिन पूर्व महिला की हत्या कर शव को जलाने के मामले में पुलिस फिलहाल हर तरीके से खाली हाथ है। अभी तक ना ही महिला की शिनाख्त हुई और ना ही हत्यारोपियों का कोई सुराग लगा है। पुलिस फिलहाल हवा में तीर चला रही है। बीते दिन 29 दिसंबर को थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहाली नगला निवासी कृष्णवीर यादव का गाँव के ही निकट खेत के निकट पुलिया में महिला का अधजला शव बरामद हुआ था। लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी थी। महिला के शव अक बीते दिन पुलिस नें पोस्टमार्टम भी कराया था। जिसमे गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि हुई थी। शिनाख्त ना होनें से पुलिस नें थाना क्षेत्र के आस.पास के जनपद के करीबी थानों को भी अवगत कराया।

## तीन वर्ष पूर्व पत्नी को दिया तलाक प्रेमिका को लेकर हुआ रफूचक्कर

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खलवारा निवासी अनुराग यादव पुत्र श्री पंजाब सिंह यादव निवासी खलवारा नेअपनी पत्नी सीमा यादव को 3 वर्ष पूर्व पत्नी को नौकरी लगवाने के बहाने तलाक दिया। तलाक के कागजों परअंगूठा लगवा लिया और चुपचाप बना रहा पत्नी से कहा तुम्हारी अस्पताल में नौकरी लगेगी।

सीधी साधी पत्नी कुछ नहीं पता था मेरे साथ क्या हो रहा है। उधर पतिअपनी प्रेमिका पिंकी पाल पुत्री कन्हैया लाल पाल निवासी ममरेजपुर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग इतना परवान चढ़ा जोकि पत्नी को छोड़ प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करा ली। इसकी भनक घरवालों को बिल्कुल नहीं लगी। वह अनुराग अपनी टीम का 5 वर्ष से प्रेम कर रहा था। घरवालों को इसकी भनक जब लगी जबकि अनुराग अपनी प्रेमिका से 1 माह पूर्व कोर्ट मैरिज करा चुका था। इसके बादजब अनुराग अपनी प्रेमिका को लेकर के अपने घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने एवं घर वालों ने घर में नहीं घुसने दिया। अनुराग की पत्नी सीमा देवी के पैरों के तले जमीन खिसक गई। जब अपनी प्रेमिका को लेकर घर पहुंचा था । जब घर वालों ने घर में घुसने नहीं दिया। तब वह प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। प्रेमिका के घर वालों को इसकी सूचना जब मिली जब घर पर कोर्ट मैरिज के कागज घर पर रजिस्ट्री द्वारा आए तब पिंकी के पिता कन्हैयालाल को जानकारी हुई। तो घरवाले उसके पिता कन्हैया लाल थाना पुलिस में इसकी लिखित तहरीर दी और बताया मेरी पुत्री पिंकी को अनुराग पुत्र पंजाब सिंह वहला फुसलाकर भगा ले गया है।

### शुभम तिवारी युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तीसरी बार बने



**फर्रुखाबाद।** युवा कांग्रेस का शुभम तिवारी को पुन: जिलाध्यक्ष बनाया गया है। 27 लोगों की जारी सूचना के अनुसार शुभम तिवारी का जनपद फर्रुखाबाद का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम तिवारी तीसरी बार युवा कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष बने हैं। इससे पहले वह दो बार लगातार कार्य करते चले आ रहे हैं। तीसरी बार नियुक्ति होने पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी और उनके निवास पर जाकर फूल-मालाओं से स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस के मोहित चौधरी ने उन्हे उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिला युवा कांग्रेस की कमान फिर सौंपी है।

### रामपुरा चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को बांटे कंबल

**रामपुरा (जालौन)।** सर्दी के मौसम में बढ़ोत्तरी को देखते हुए आदर्श नगर पंचायत रामपुरा के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह द्वारा अपनी तरफसे नगर पंचायत के 60 सफाई कर्मी महिला व पुरुषों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। चेयरमैन ने बताया कि नगर की साफसफाई का दायित्व नगर पंचायत के सफाई कर्मी बखूबी निभा रहे हैं। सर्दी का मौसम भी अपने चरम पर हैं। ऐसे में सर्दी से बचाव के लिए व्यक्तिगत तौर पर सफाई कर्मियों को मुफ्त कम्बलों का वितरण किया गया है। चेयरमैन ने कहा कि वो इस वर्ष व्यक्तिगत तौर पर 2000 कम्बलों का वितरण गरीबों व जरूरतमंदों को करेंगे। शुक्रवार को चेयरमैन द्वारा जगम्मनपुर के बाबा साहब व करन देवी मंदिर पर साधू सन्यासियों को कम्बलों का वितरण कर चुके हैं। आगे भी ऐसे कार्य करते रहेंगे। चेयरमैन द्वारा महेन्द्र, दीपू, सुरेश आदि 60 सफाई कर्मियों को कंबल वितरण किये। इस मौके पर चेयरमैन के साथ जेई आरके द्विवेदी मौजूद रहे।

## डा. विनायक दीक्षित नहीं रहे

● विगत 40 वर्षो से क्षेत्रीय लोगों को प्रदान कर रहे थे चिकित्सीय सेवाएं

● घुटना प्रत्यारोपण के बाद हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेंदाता हास्पिटल में दिल का दौरा पड़ने से निधन

● कस्बे में फैली शोक की लहर

**रूरा, कानपुर देहात।** पिछले 40 से अधिक वर्षो से कस्बा व भटौली गॉव में अपनी चिकित्सीय सेवाओं की दम पर लोकप्रियता अर्जित करने वाले डा0 विनायक दीक्षित का मेंदाता हास्पिटल गुरूग्राम हरियाणा में दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। प्रख्यात चिकित्सक के आसमायिक निधन पर क्षेत्र में शोक की गहरी लहर व्याप्त हो गयी है।

मूल रूप से सरगॉव बुर्जग गॉव निवासी डा0 विनायक दीक्षित रूरा के डेरापुर रोड शिवाजीनगर में निवास कर रहे थे। भटौली गॉव में अपनी डिस्पेन्सरी के माध्यम से भारी सॅख्या में क्षेत्रीय लोगों की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का उपचार कर रहे डा0 दीक्षित कब मधुमेह व घुटनों सम्बन्धी समस्या से स्वयॅ ग्रसित हो गये। घुटनों के प्रत्यारोपण के लिये डा0 दीक्षित पिछले दिनों हरियाणा प्रान्त के गुरूग्राम जिले में स्थित विख्यात मेंदाता हास्पिटल में भर्ती थे। शुक्रवार को उनके घुटने का सफल प्रत्यारोपण हो गया था। घुटने के सफल आपरेशन के बाद वह अपने परिजनों से सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे, शनिवार की सुबह अचानक दिल का दौरा पडने से उनकी दु:खद मौत हो गयी। डा0 दीक्षित के असमायिक निधन की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों में शोक की गहरी लहर फैल गयी है। मृतक चिकित्सक की धर्मपत्नी मुन्नी देवी अकबरपुर के गर्ल्स इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात है तथा एकमात्र पुत्री है जो कि केन्द्रीय विद्यालय माती की छात्रा है।

### ताऊ के साथ साइकिल से दवा लेने जा रही छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौत

**फर्रुखाबाद।** ताऊ के साथ साइकिल पर बैठकर दवा लेनें जा रही छात्रा को तेज रफ्तार ट्रक नें कुचल दिया। जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस नें ट्रक व चालक दोनों कब्जे ले लिये। थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम बरखिरिया निवासी 50 वर्षीय सोनेलाल अपने छोटे भाई सुभाष की 14 वर्षीय भतीजी गुनगन को साइकिल पर बैठाकर फतेहगढ़ दवा लेनें के लिए जा रहे थे। तभी अचानक सकबाई एसबीआई के निकट पीछे से आये तेज रफ्तार ट्रक नें साइकिल सबार के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गुनगुन की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सोनेलाल बाल-बाल बच गये।

घटना की सूचना पर कार्यवाहक कोतवाल हरीओम त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने जाँच पड़ताल की। पुलिस नें ट्रक और उसके चालक को दबोच लिया। लेकिन घटना की भनक लगते ही भीड़ एकत्रित हो गयी।

## योजनाओं से 3500 श्रमिकों को 29253516 रुपये की धनराशि से किया गया लाभान्वित


श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी श्रमिकों व उनके बच्चों को साइकिल प्रदान करते हुये

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के निर्देशन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी ने विधायक विनोद कटियार के जन्मदिवस के अवसर पर प्रेमा देवी कटियार महाविद्यालय पुखरायां कानपुर देहात में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के लाभार्थी श्रमिकों का हितलाभ वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री, विधायक, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा 3500 श्रमिकों को 2 करोड 92 लाख 53 हजार 516 रूपये की धनराशि तथा 100 श्रमिकों के बच्चों को साइकिल प्रदान की गयी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि लाभान्वित श्रमिकों का विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि योजना मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में 110 लाभार्थियों को 4589016 रूपये की धनराशि से लाभावित किया गया। इसी प्रकार योजना पुत्री विवाह अनुदान योजना में 100 लाभार्थियों को 5500000, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना (साइकिल) में 100 लाभार्थियों को रु. 350000 से लाभावित किया गया। इसी प्रकार संत रविदास शिक्षा सहायता योजना (छात्रवृत्ति) में 100 लाभार्थियों को 274500 रुपये, चिकित्सा सुविधा योजना में 3090 लाभार्थियों को 9270000 को धनराशि से लाभावित किया गया।

कार्यक्रम में अपर श्रमायुक्त उप्र कानपुर क्षेत्र, कानपुर एसपी शुक्ल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी, संजय सिंह एवं श्रम विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## डीएम ने ब्लॉक सरवनखेड़ा में लगायी चैपाल, सुनी समस्यायें

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**शासन के** निर्देशों के क्रम में अकबरपुर तहसील क्षेत्र विकासखंड सरवन खेड़ा में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में चैपाल लगायी गयी। चैपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा लोगों की समस्याओं का निस्तारण भी किया गया। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राजस्व परिषद के माध्यम से गांव.गांव में अभियान चलाकर ऐसे भूमिदर जिनकी मृत्यु हुयी है उनके परिजनों का नाम भूमि खतौनी में दर्ज नही हो पा रहा था उनका नाम वरासत में दर्ज किया जाये।

जिलाधिकारी ने चैपाल में वरासत अभियान के अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत 37 मृतक खातेदारों के 106 उत्तराधिकारियों को नि:शुल्क खतौनी वितरित की गयी। वहीं चैपाल में सर्दी से बचाव हेतु गरीब पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क कम्बल भी वितरित किये गये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जो योजनायें चलायी जा रही है उसका लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बारे में कैम्पए स्टाल लगाकर लोगों को जागरूक कर लाभावित किया जाये।

### बालिका दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

कानपुर देहात। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश साधना रानी (ठाकुर) के निर्देशन में एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राममिलन सिंह की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा न्यायालय सभाकक्ष में बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनाली पूनिया द्वारा किया गया।

## भदरस टंकी का नया बोर भी फेल, पेयजल संकट बरकरार



**घाटमपुर।** विकास खंण्ड घाटमपुर के गांव भदरस पानी टंकी का नलकूप खराब होने से बीते तीन साल से जलापूर्ति ठप्प है, जिसके चलते ग्रामीण पानी के लिये हैंण्ड पम्पों में लाइन लगाने को बिवश है और जल निगम के अधिकारी गांव वालों की शिकायत पर शिकायत के बाद भी जलापूर्ति बहाल किये जाने की ओर ध्यान नही दे रहे है।

बताया जाता है कि करीब डेढ़ लाख लीटर की छमता वाली इस टंकी से भदरस के अलावा उसके मजरा राजेपुर के लोगों को पेयजल आपूर्ति होती थी, पूर्व ग्राम प्रधान जयनरायन सिंह बताते है कि सपा शासन में बनी इस टंकी का नलकूप बीते तीन साल से खराब पड़ा है क्षेत्रीय बिधायक स्व0 कमलरानी वरुण ने भी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में बात कर नया नलकूप लगवाने की बात कही थी, उनकी पहल पर ही टंकी में नया बोर किया लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से दूसरे बोर की सफाई किये बगैर कंप्रेसर मशीन लौट गयी थी। मालुम हो समाचार पत्र पायनियर की खबरों का संज्ञान लेने के बाद अधिषाशी अभियंन्त देवेंन्द्र सिंह ने बोर सफाई के लिये मशीन भेजी थी तथा कंम्प्रेसर मशीन कई दिनों तक बोर सफाई में लगी रही लेकिन बोर सफा नही हो सका गांव के राजा बाजपेयी और हुकम सिंह बताते है कि बोर सफाई के लिये मशीन आने के बाद लगने लगा था कि अब लोगों को पानी मिलने लगेगा, लेकिन नया बोर भी फेल हो जाने से क्षेत्रीय बिधायक स्व0 कमलरानी वरुण की पहल भी बेकर चली गयी है। इस संवंन्ध में अवर अभियन्ता रबि कुमार से बात की गयी तो उनका कहना था कि भदरस टंकी उनके अधीन नही है।

### सहादतपुर, रोगी गौशाला में सर्दी व बीमारी से तीन गौवंशों की मौत

**कदौरा (जालौन)।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहादतपुर रोगी में अस्थाई गोशाला बनी है जहां लगभग आधा सैकड़ा गोवंश है जिसमें से 3 गौवंश काल के गाल में समा गए जबकि शाशन के कड़े निर्देशो के बाबजूद भी गोवंशों की मृत्यु या तो सर्दी या बीमारी से हो रही है जबकि समय समय पर अधिकारियों के द्वारा लगातार गौशालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है बिगत दिनों के पूर्व ही इस गौशाला के लिए 35 हजार रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। फिर भी मवेशियों के लिए सर्दी से बचाव के कोई कारगर उपाय नहीं किये जा रहे है। जबकि शासन की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक गोशाला में 25 मवेसी पर एक चरवाहा होना चाहिए जबकि रोगी में सिर्फएक चरवाहा है। गोशाला पूरे मानकों के अनुसार नहीं चल रही है अलाव आदि के भी इंतजाम नही है। इस संबंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह का कहना है कि एक बछड़ा बीमार था उसकी मौत हुई है उसको दफना दिया गया।

## शहर क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्त्रियां बांटेंगी लाभार्थियों को 750 ग्राम दाल



**फर्रुखाबाद।** शहर क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चो गर्भवती महिलाओं धात्री किशोरियां कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को 750 ग्राम प्रति लाभार्थी को दाल का वितरण किया जायेगा। जिसके तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को 31-12- 2020 से 02-02-2021तक बढपुर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से चना दाल का उठान करा दिया गया है। हालांकि शहर क्षेत्र के के अंतर्गत समूह का संचालन ना होने के कारण आंगनवाड़ी केन्द्रों में तैनात कार्यकत्रियो को अपने केन्द्रों पर दर्ज लाभार्थी को दाल का वितरण करना है। दाल वितरण की कोई तारीख निश्चित नही है। गौरतलब है कि शहर बाल विकास परियोजना कार्यालय के तहत शहरी क्षेत्र के नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के बार्ड व मोहल्लो मे 178आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन चल रहा है । जिसमे प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र पर तैनात कार्यकत्री को 45किलो से 52 किलो तक दाल लाभार्थी मे वितरण करने के दी बाल विकास परियोजना कार्यालय बढपुर से दी गयी है। मालूम हो कि शहर मे समूह संचालित नही है। शहर बाल विकास परियोजना अधिकारी पुष्पा सेन ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को केन्द्र मे पंजीकृत लाभार्थी को 750ग्राम प्रति लाभार्थी को दाल का वितरण करना है। घटतौली की शिकायत या लापरवाही बरतने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

## नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, दर्जन भर पर पुलिस का शिकंजा कसा

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**नाली** निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। शांतिभंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों के खिलाफ की कार्रवाई की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया में सीसी रोड का निर्माण चल रहा है। सीसी सड़क के किनारे गांव के गंदे पानी को निकालने के लिए किनारे पर नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। लेकिन गांव के देवेंद्र नाली निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। जिसके चलते सीसी सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जबकि गांव के अन्य लोग नाली निर्माण के लिए तैयार हैं। गांव के लोगों का कहना है कि नाली यदि बन जाती है तो गांव का पानी आसानी से बाहर निकल जाएगा और गांव में जल भराव की समस्या भी दूर हो जाएगी। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह देवेंद्र को समझाना चाहा तो देवेंद्र व अन्य ग्रामीणों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ता हुआ देख ग्रामीणों ने विवाद की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में एक पक्ष से देवेंद्र और दूसरे पक्ष से चंद्रभान, नंदकिशोर, मुन्नीलाल, रज्जन, मायाराम, बसंतलाल, राजेश, बंटू, दीपचंद्र व काशीप्रसाद के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर चेतावनी दी कि यदि वह शांतिभंग की कोशिश करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### ट्रक खड़ा करने को लेकर दुकानदारों में हुआ विवाद

**जालौन (उरई)।** ट्रक खड़ा करने को लेकर दुकानदारों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के कोंच चौराहे पर लला की पंक्चर की दुकान है और उन्हीं के बगल में तौहीद की एसेसरीज की दुकान है। शनिवार की सुबह एक ट्रक पंक्चर बनवाने के लिए तौहीद की दुकान के सामने खड़ा हो गया। जिस पर तौहीद ने ट्रक को आगे बढ़ाकर पंक्चर की दुकान के सामने लगाने के लिए चालक से कह दिया। इसी बात को लेकर तौहीद व लला के बीच विवाद हो गया।

### विद्युत पोल न होने से बढ़ी परेशानियां

**जालौन (उरई)।** मोहल्ले में कनेक्शन के लिए पोल काफी दूरी पर स्थित होने के चलते अक्सर मोहल्ले के लोगों की केबिल टूट जाती है अथवा फॉल्ट हो जाती है। ऐसे में मोहल्ले के लोग परेशान है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पोल लगवाने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला धर्मशाला निवासी रामजीवन राठौर, रामस्वरूप आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में काली माता व हनुमान मंदिर स्थित है। उक्त मंदिरों के आगे उनके मकान हैं।

# साइबर क्राइम के मामलों में बैंकों का नहीं मिल रहा है सहयोगः आईजी

## एसपी पाटीदार की गिरफ्तारी में राजस्थान व गुजरात पुलिस नहीं कर रही सहयोग

संवाददाता। हमीरपुर



**चित्रकूटधाम** मंडल के पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायण ने आज पुलिस लाइन व कोतवालीका निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बात चीत में कहा कि साइबर क्राइम के खुलासे में बैंको का असहयोग मिल रहा है, इस मामले को शासन स्तर पर उठाया जायेगा। उन्होने महोवा के निवर्तमान पुलिस एसपी पाटीदार की गिरफ्तारी के मामले में कहा कि उनके गिरफ्तारी के लिये प्रयास किया जा रहा है इसके लिये राजस्थान व गुजरात पुलिस का सहयोग नही मिल रहा है वहा की पुलिस पाटीदार के मामले में क्राइम हिस्ट्री मांग रही है। एसपी पाटीदार राजस्थान के निवासी है।

आईजी ने कहा कि मंडल में यातायात व्यवस्था को लेकर नये सिरे से प्रयास किया जायेगा इसके लिये शासन स्तर से ट्राफिक पुलिस कर्मियों को लाया जायेगा। इधर उधर खड़े ठेलिया व अन्य वाहनो को संबंधित स्थल पर खड़े होने के लिये एक नंबर दिया जायेगा ताकि संबंधित दुकानदार वही पर खड़ा हो सके इसके लिये सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये है।महिला हेल्प डेस्क के मामले मे आईजी ने कहा कि महिलाओं में अब थाने आ कर शिकायत करने का साहस हो गया है पहले महिलाएं थाने आने में डरती थी मगर महिलाएं अब सीधे पुलिस कप्तान व जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराती है। हमीरपुर जिले में महिलाओं की शिकायत संबंधी निस्तारण के लिये सीओ मौदहा सौम्या पांडेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होने कहा रेंज में पास्को एक्ट में 17 मामलों में आजीवन कारावास की सजाहो चुकी है। आईजी ने दावा किया कि हमीरपुर जिले में 1410 लोग वांछित चल रहे थे जिसमे 1390 लोगों को हिरासत में लिया गया है। 25 हजार के इनामी बदमाशो में कई लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मौदहा में अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बिंवार मार्ग में बीती रात अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। मौदहा क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी रवि (22) पुत्र प्रकाश बीती रात क्षेत्र के गांव रमना निवासी जीतू को बाइक में बैठा कर मौदहा की ओर आ रहा था।जब उनकी बाइक बिंवार मार्ग में ग्राम सिलौली के मोड़ पर पहुंची थी कि तभी सामने से आ रही अनियंत्रित मारूती कार ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर तड़पने लगे।राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने घायलों को मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ दोनों की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।सदर अस्पताल जाते समय रवि ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया है।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में चटकी लाठी

## 14 घायल, 11 की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में खेतों से मौरंग के भरे ट्रैक्टरों को निकालने पर दो पक्षों में जमकर लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी चले। वहीं एक पक्ष ने छत से ईंट पत्थर बरसाकर लोगों को घायल कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के 14 लोग घायल हो गये। जहां 11 लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बरौली गांव निवासी चंद्रभान 35 पुत्र झिंझीलाल पाल ने बताया कि उसके खेत से मौरंग के भरे ट्रैक्टर निकलते है। शनिवार की सुबह उसकी पत्नी उर्मिला ने जब खेतों से ट्रैक्टर निकलने के लिये मना किया। उसी दौरान दो दर्जन से अधिक लोग लाठी डंडा लेकर उसके घर पर आ धमके और गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उक्त लोगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट से उसकी पिता झिंझीलाल पत्नी उर्मिला व परिवार के गनेश, अंकित, त्रिलोकीनाथ गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष से मंगल सिंह राजपूत पुत्र गोकुल प्रसाद ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर पर तिली की खाखर ट्रैक्टर में भर रहे थे। उसी दौरान गांव के दो दर्जन लोग लाठी, डंडा व कुल्हाड़ी लेकर आये और मारपीट करने लगे। मारपीट से उसका भाई देवेंद्र, उसकी पत्नी ऊषा व परिवार के बालेंद्र नेहा कुमारी पत्नी बालेंद्र, मिथलेश पत्नी गोकुल प्रसाद, दीक्षा पत्नी धर्मेंद्र रामकली पत्नी ईश्वरदास गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डा.भरत राजपूत ने बताया कि एक पक्ष से बालेंद्र, नेहा, मिथलेश, मंगल सिंह, देवेंद्र कुमार व दूसरे पक्ष से गनेश, झिंझीलाल, चंद्रभान, अंकित, उर्मिला, त्रिलोकीनाथ की हालत गंभीर होने जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने किया 1227 वाहनों का चालान, छह सीज

**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में 2020 के अंतिम दिन चारों जिलों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कमियां पाए जाने पर जुर्माना के साथ छह वाहनों को चारों जिलों में सीज किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के. सत्यनारायण के निर्देश पर 31 दिसंबर को चारों जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दोपहर 12 से 2 व रात्रि 11 से सुबह 2 बजे तक सीओ आदि ने वाहन चेकिंग की। रेलवे स्टेशन बस स्टैंड होटल माल व भीड़भाड़ वाले स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की गई। बाजारों सार्वजनिक स्थानों में आने वाले व्यक्तियों को कोविड.19 से बचाव के लिए मॉस्क का उपयोग करने की सलाह दी गई। बांदा में पुलिस ने 1184 दोपहिया वाहनों को चेक किया इसमें 273 वाहनों का चालान किया गया। एक वाहन को सीज किया गया। तीन लाख 14 हजार 494 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। हमीरपुर पुलिस ने 330 वाहनों का चालान किया। चार हजार 250 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। चारों जिलों में लगभग 4537 दो पहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग में 1227 वाहनों का चालान किया गया। छह वाहनों को सीज किया गया। सात लाख 50 हजार 950 वसूल किए गए।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम बसावनपुरवा निवासी अरविंद कुमार पुत्र पातीराम द्वारा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की सुबह उसका 22 वर्षीय भतीजा अंकित बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही ग्राम मिरगामा के निकट पहुंचा। उसी समय अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक अज्ञात चालक ने उसके भतीजे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके भतीजे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और मृतक के चाचा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बसपा नेता ने अखिलेश में जताई आस्था

**चित्रकूट।** बसपा के वरिष्ठ नेता महेश अनुरागी एक दर्जन साथियों के साथ बसपा छोड़कर सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर सपा की सदस्यता ग्रहण की। शनिवार को सपा के सदस्यता ग्रहण करने वाले महेश अनुरागी समेत साथियों को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने माला पहनाकर स्वागत कर कहा कि आम आवाम बीजेपी की गलत नीतियों से तंग आकर सपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। केन्द्र व प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है, तब से बेरोजगारी बढ गई है। किसान कर्ज में डूबकर आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं। महंगाई आसमान चूम रही है। देश-प्रदेश का गरीब सिर्फआनलाइन से ही परेशान है। उन्हें सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव फराज खान, मो गुलाब खान, सुभाष पटेल, सीताराम कश्यप, रामचन्द्र वर्मा, राजकिशोर विश्वकर्मा, चन्दन कोटार्य आदि मौजूद रहे।

### आप के यूथविंग के जिलाध्यक्ष बने अमित गुप्ता

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला व शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सिंह की मौजूदगी में आप की यूथविंग के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता को मनोनीत कर अपेक्षा की है कि वह आप के हित में कार्य करेंगे। शनिवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने पार्टी को जिले में मजबूती प्रदान करने को यूथविंग का जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता को बनाया है। उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि वह यूथविंग की कमेटी का जल्द गठन कर उन्हें अवगत करायें। अपेक्षा की कि आम आदमी पार्टी के हित में जिले में बेहतर काम दिखायें। उन्होंने आम आदमी पार्टी यूथविंग के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेन्द्र कुमार यादव को सौंपी व मऊ-मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष भी नियुक्त किये। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों को आप की ईमानदारी व भ्रष्टाचार मुक्त नीतियों की विस्तार से जानकारी दी।

### दोहरे हत्याकांड के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर पहाड़ी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्रा की टीम ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी राहुल रैकवार पुत्र कमलेश निवासी प्रसिद्धपुर को दबोच लिया है। ज्ञात है कि 29 दिसम्बर को रात साढ़े आठ बजे पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव में राहुल रैकवार ने लाइसेंसी राइफल से अशोक कुमार सिंह व शुभम सिंह की गोली मारकर हत्याकर फरार हो गया था। कमलेश रैकवार को पकडने का प्रयास करने वाले आकाश सिंह व उसकी मां को लाठी मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। पहाड़ी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्रा की टीम के दरोगा तपेश कुमार मिश्रा, सिपाही पंकज यादव व मधुसूदन पाठक ने राहुल रैकवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के भौली ग्राम पंचायत के मजरा कोतूपुर निवासी महिला ने तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। है। क्षेत्र के कोतूपुर गांव निवासी महिला रजोली पत्नी जौहरी ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर में अपने घर के पास काम कर रही थी। तभी गांव निवासी नरेंद्र, नीरज, शिवकरन, ने आकर गाली गलौज किया तथा मना करने पर मारपीट किया।जिससे चोट आई है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### बांदा में अवैध खनन व गैंगस्टर के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** अवैध रूप से मौरंग का खनन करने वालों पर पुलिस महकमे की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। अवैध खनन व परिवहन में गैंगस्टर के दो आरोपितों को नरैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने अवैध कारोबार पर लगाम के सख्त निर्देश दिए हैं। गैंग बनाकर अवैध रूप से मौरंग का खनन और परिवहन में संलिप्तता लोगों की पहचान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दो दिन पहले ही शहर कोतवाली व मटौंध थाना पुलिस ने काले कारोबार में लगे पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। नदियों का सीना छलनी करने के साथ अवैध खनन में टीलों तक को समतल कर दिया जाता है। इसी कड़ी में नरैनी कोतवाल इंद्रदेव को सूचना मिली कि नसैनी में अवैध खनन किया जा रहा है। जिसके बाद मुकेश यादव व अखिलेश पांडेय के साथ घेराबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर के आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही थी। कोतवाल इंद्रदेव ने बताया कि गिरवां थाना क्षेत्र के शेखरपुर मुरवा निवासी साकिर और नरैनी कोतवाली क्षेत्र के लहुरटा निवासी श्याम शिवहरे को गिरफ्तार किया गया है।

### संत ने गोली मारकर खुदकुशी की

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के खरेहटा खुर्द गांव में नदी किनारे कुटिया में रह रहे साधु ने बीमारी से तंग आकर गोलीमारकर खुदकुशी कर ली है. महोबा जनपद के चरखारी थाना अंर्तगत रिवई निवासी मलखान सिंह पाल (75) करीब 32 वर्ष से खरेहटा खुर्द गांव में नदी किनारे सिद्ध बाबा की मंदिर रूपी मढिया में रह रहा था। अभी कुछ दिन पहले उसने महावीर पुत्र नाथूराम निवासी अकौना के नाम से अपना आधार कार्ड बनवाया था। शनिवार की सुबह मंदिर के बगल में कुटिया में गोली लगने के बाद साधु का खून से लतपथ शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस संबंध में कोतवाल केके पांडेय ने बताया कि मृतक बीते काफी दिनों से गठियां रोग से पीड़ित था। बीमारी में आराम न मिलने पर त्रस्त होकर उसने अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली। फोरेंसिक टीम को जांच के लिये बुलाया गया है।

# बांदा में नहीं मिल रहा किनारा, मझधार में धन



**बांदा।** जनपद में इन दिनों सात पुलों का निर्माण चल रहा है। मगर इन पुलों के निर्माण की गति बहुत ही धीमी है या फिर कहें कि काम बंद चल रहा तो ये भी गलत न होगा। पुलों के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा धन आवंटन व पुनरीक्षण का रोड़ा है। भदावल-भैसौंधा मार्ग पर बागेन नदी पर बनने वाले पुल के एक फाउंडेशन का काम इसलिए रुक गया है कि जमीन नहीं मिली है। हालांकि अधिकतर का काम अंतिम दौर तक पहुंच चुका है।

आवास विकास कालोनी निवासी आरटीआइ कार्यकर्ता कुलदीप शुक्ला ने जिले में बनने वाले पुलों की जानकारी मांगी थी। राज्य सेतु निगम लिण् द्वारा दिए गए जवाब में बताया गया कि जिले में सात पुलों का निर्माण हो रहा है। कुछ का काम अंतिम पायदान पर है जबकि कुछ में धन या दूसरी समस्या का रोड़ा है। इसमें औगासी घाट मर्का घाट ओरा. ममसी मार्ग पर बागे नदी सेतु नरैनी. कालिजर मार्ग के किमीण् 1313/9.1314 नए बाइपास के निर्माण में आने वाले चार लेन रेल उपरिगामी सेतु बाइपास रिग रोड के किमी. 7 में पड़ने वाले केन नदी पर राजघाट हैं।

# मौरंग के ओवरलोड ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, मौत

**मौदहा( हमीरपुर )।** मौदहा कस्बे की मुख्य सड़क पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को रौंद दिया जिससे कि घटना स्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया है। क्षेत्र के फत्तेपुर मुन्नू की पत्नी मैकी प्रतिदिन दोपहर का खाना लेकर दुकान पहुंच जाती थी और यहाँ पर कपड़ों में काज बटन लगाती थी। आज मैकी(50) अपने पति के खाने का टिफिन लेकर नाती अंकित के साथ सायकिल में पीछे बैठक दुकान जाने के लिए घर से निकली थी।जैसे ही सायकिल पाण्डव गेस्ट हाउस के मोड़ से मुख्य मार्ग पर आयी थी कि तभी पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने सायकिल में टक्कर मार दी।

बाईक की टक्कर से सायकिल में पीछे बैठी मैकी सड़क पर गिर गई यह देख आसपास मौजूद लोग बाइक सवारों को पकड़ने उनके पीछे दौड़े कि तभी तेजगति से आ रहे मोरम के ट्रेक्टर ने मैकी को रौंद दिया तथा इसका चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से भाग निकला।

# अभियान में स्वास्थ्य टीमें घर-घर खोजेंगी टीबी मरीज



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन के तहत सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान की बाबत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक जिले में 526 लोगों की स्क्रीनिंग में 13 लोग संदिग्ध मिले।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में सीएमओ डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि दो से 12 जनवरी तक शहरी एवं ग्रामीण मलिन बस्ती में 13 से 25 जनवरी तक निजी डॉक्टरों व दवा विक्रेताओं से सम्पर्क कर क्षय रोगियों की खोज की जायेगी। दस दिवसीय अभियान में स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर जांचकर दो सप्ताह से लगातार खांसी आने व भूख न लगने तथा लगातार वजन कम होने आदि के लक्षणों की जांच करेंगे। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य टीमों को पहचान पत्र दिया जाये। आशा, एएनएम, आंगनबाडी को खासतौर पर सक्रिय कर स्वास्थ्य विभाग से प्रशिक्षण दिलायें। बैठक में सीडीओ अमित आसेरी तथा संबंधित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

# पर्वों में सोशल डिस्टेंसिंग का हो सख्ती से पालनः जिलाधिकारी



**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट शेषमणि पाण्डेय ने आगामी दिनों में नववर्ष, बसंत पंचमी, बैशाखी के साथ माघ माह के मेले व संत समागम के मद्देनजर कोरोना संक्रमण रोकने को शासन से मिले निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट शेषमणि पाण्डेय ने जिले में कोरोना से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार कर संक्रमण रोकने को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार के जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क के प्रयोग का सख्ती से पालन करायें। पालन न करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयोजनों व सभाओं में निर्धारित प्रतिभागियों से ज्यादा लोग शामिल न हों। विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाये।

# बांदा में सरकार के कागजी अलाव पर भारी पड़ रही सर्दी

संवाददाता। बांदा

**नए वर्ष** का एक ओर जहां लोग स्वागत कर रहे है तो वहीं गलन भरी सर्दी लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही है। ऐसे में सरकार के अलाव भी लोगों को कोई राहत नहीं दे पा रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को हो रही है। नगरवासियों ने पालिका कार्यालय पहुंचकर ईओ से मिलकर प्रमुख जगहों पर नियमित अलाव जलाए जाने की मांग की है।

सर्दी के साथ ही नगर पालिका की ओर से की चिह्नित करीब तीन स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन ये अलाव सिर्फ पालिका के कागजों पर ही संचालित हो रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों बांदा रोड बस स्टैंड बबेरू बस स्टैंड सीएचसी परिसर रेलवे स्टेशन गल्ला मंडी आदि स्थानों में अलाव नहीं जल रहे हैं। यहां पहुंचने वाले किसानों मुसाफिर राहगीरों को ठंड के मौसम में समय काटना पड़ रहा है। पालिका ने शुरुआती दौर में इन सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था किया था। तहसील प्रशासन इन स्थानों में अलाव जलवाने की बात कहने पर बंद करवा दिया था। तब से अभी तक एक सप्ताह से अधिक समय गुजर गया है। इन सार्वजनिक स्थानों में अलाव नही जल सके है। जबकि इन सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलवाने की जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की है। शनिवार की दोपहर नगर के सत्यम तिवारी रज्जू ओमप्रकाश सहित एक दर्जन लोगों ने पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी से बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलवाने की मांग की है।

### धूप के बावजूद रही गलन

जनपद में मौसम साफरहने के बावजूद गलन बदस्तूर जारी है। शाम ढलने के बाद मंडल मुख्यालय में कुछ जगहों पर ही अलाव जल सके। शनिवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को गलन बढ़ने और मौसम साफ रहने की बात स्थानीय मौसम विज्ञानियों ने बताई है।

# बांदा में एक माह बाद भी नहीं मिला चोरी गया चांदी का मुकुट व छत्र

**बांदा।** प्रसिद्ध हनुमान मंदिर से भगवान का मुकुट व छत्र चोरी हुए एक माह हो गया। लेकिन पुलिस अभी तक घटना का पर्दाफाश नहीं कर सकी है। चोरों के न पकड़े जाने से श्रद्धालुओं में जहां नाराजगी है वहीं पुलिस की किरकिरी हो रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के केन नदी तट के नजदीक प्रसिद्ध करियानाला हनुमान मंदिर में चोरों ने 4 दिसंबर को वारदात को अंजाम दिया था। इसमें भगवान श्रीराम माता जानकी लक्ष्मण व हनुमान जी के चांदी के मुकुट के साथ एक छत्र व दानपेटिका की नकदी आदि में हाथ साफकिया था। इसमें खास बात यह थी कि चोरों ने ताला तोड़ने की जगह उन्हें खोलकर घटना की थी। अगले दिन सुबह श्रद्धालुओं के मंदिर जाने पर मामले की जानकारी हुई थी। पुजारी राधेश्याम त्रिपाठी की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज किया था। शुरू में पर्दाफाश के लिए पुलिस ने सुरागरसी शुरू की थी। लेकिन बाद में पुलिस हाथ में हाथ रखकर बैठ गई। इससे घटना हुए 30 दिन का समय निकल गया। पुलिस अभी तक चोरों की परछाईं तक नहीं छू पाई है।

मंदिर से चोरी हुए मुकुट व छत्र न मिलने से श्रद्धालुओं में पुलिस के प्रति नाराजगी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की आस्था से जुड़ा मामला है। इसमें पुलिस को सक्रियता दिखाते हुए चोरों को पकड़ना चाहिए। इस संबंध में सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध है। इसमें किसी आपसी व्यक्ति का हाथ होना लग रहा है। शीघ्र चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# 15वें वित्त आयोग में जिले की स्थानीय निकायों को मिले करोड़ों रुपये

## सबसे ज्यादा हमीरपुर पालिका को

**हमीरपुर।** 15वें वित्त आयोग के जन उपयोगी प्रस्तावों की स्वीकृति के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जन उपयोगी कार्य हेतु यथा सीसी रोड निर्माण एवं मरम्मत ,नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पेयजल संबंधी कार्यों ,ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु 15 वें वित्त आयोग की संस्तुति के अंतर्गत बुनियादी अनुदान के प्रथम किस्त के रूप में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद की नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित कार्ययोजना को जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में अनुमोदन दिया गया। इसके अंतर्गत नगरपालिका हमीरपुर के दो करोड़ नौ लाख, नगर पालिका राठ को एक करोड़ चौरासी लाख उनतालीस हजार पांच सौ तिहत्तर, मौदहा नगर पालिका के 1.36 करोड़ के कार्यों, सुमेरपुर नगर पंचायत के 90,61,031 के कार्य ,कुरारा नगर पंचायत के 64,18,230 के कार्यों, सरीला नगर पंचायत के 22,15,222 के कार्य, गोहांड के 19,05,910 के विभिन्न जन उपयोगी कार्यों को अनुमोदन दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यों के शेष प्रस्ताव को शीघ्र भेजा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद , मौदहा नगर पालिका अध्यक्ष, कुरारा व सुमेरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष, समस्त अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

**भाई ने भाई को पीटाः** कुरारा (हमीरपुर)। कुरारा थाना क्षेत्र के शिवनी गांव में दो भाई आपसी विवाद के चलते पिटाई कर जख्मी कर दिया है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी छोटे पुत्र सदाराम ने थाने में पुलिस को बताया कि आपसी विवाद के चलते मेरे भाई विनोद ने मेरे घर पर आकर गाली गलौज किया तथा मेरे मना करने पर मारापीटा जिससे मेरे चोट आई है।

# तीन के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**शातिर** बदमाशों द्वारा जनपद सहित कई जनपदों में गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। स्थानीय कोतवाली में कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गैंग लीडर पवन पुत्र राकेश निवासी उदयपुर थाना ऊसराहार जनपद इटावा, रोहित उर्फ छोटू पुत्र अशोक कुमार निवासी किशनपुर उसराहार इटावा, मनोज उर्फ गुरुदेव पुत्र प्रमोद कुमार निवासी माही खेड़ा थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी आदि के साथ में संगठित गिरोह बनाकर अपने एवं अपने परिवार के आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु चोरी जैसे जघन्य अपराध योजना बनाकर जनपद सहित कई जनपदों में अंजाम देकर धनोपार्जन करने वाले तीनों शातिर युवकों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई।

# ईमानदारी से कार्य को अंजाम देने बाले कर्मी हमेशा याद रहते हैंः राजा दिनेश सिंह

## कोतवाली प्रभारी ने सेवानिवृत्त कर्मी को साल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सेवानिवृत्ति एक सतत् प्रक्रिया है जिससे एक न एक दिन हम सभी को गुजरना है। व्यक्ति अपने पद से नहीं बल्कि अपने मिलनसार स्वभाव व कार्य करने की क्षमता से जाना जाता है। ईमानदारी से ड्यूटी को अंजाम देने वाले कर्मी हमेशा याद रहते हैं।

यह उद्गार स्थानीय कोतवाली में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होमगार्ड पीसी सुरेश चंद्र को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर व फूल मालायें पहनाकर सम्मानित करने के उपरांत उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने कही। कहा कि कर्तव्यनिष्ठ भाव से कार्य कर लोगों की मदद करने वाले कर्मी विभाग का नाम रोशन करते हैं। इसके उपरांत कोतवाल जितेंद्र पाल सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत, मझपुरवा चौकी प्रभारी बृजेश यादव, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा, उपनिरीक्षक विजेंद्र सिंह आदि ने भी सेवानिवृत्त होमगार्ड पीसी सुरेश चंद्र को साल ओढ़ाकर व फूल मालायें पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह भदौरिया, अभिलाष बाजपेई, अवधेश कुमार, अभय कुमार, संदीप कुमार सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# शासन की मंशानुरूप किसानों को सरकारी योजना का लाभ दें अधिकारीः टीपी शाही

संवाददाता। चित्रकूट



**कृषि भवन** सभागार कर्वी चित्रकूट मे उप कृषि निदेशक टी पी शाही की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रिय कार्यो को एवं कार्यालय स्टाफके साथ दिसम्बर वर्ष 2020 तक किये गये कार्यो/योजनाओं की समीक्षा की गई तथा दिये गयें लक्ष्यो के वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व करने की रणनीति भी बनाई गई।

इस मौके पर उपकृषि निदेशक टी पी शाही ने किसान कल्याण मिशन के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बताया कि प्रत्येक बुद्धवार को कृषि विभाग द्वारा कराये जाने वाले किसान कल्याण मिशन के शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के अनुरूप कार्य योजना तैयार कर जनपद के सभी विकाश खण्डस्तरिय/ न्यायपंचायत/ ग्राम पंचायत स्तरीय क्षेत्रीय कर्मचरियो को कार्यक्रम के सफल क्रियावयन हेतु निर्देश/उत्तर दायित्व निर्धारित कर दिये गये है। इस बैठक में सभी किसान कल्याण मिशन के तहत उद्देश्यो, जागरूकता व योजनाओ को कृषक तक पहुँचाने तथा प्रक्रिया अपनाकर लाभान्वित करने हेतु कर्मचारीवार/अधिकारीवार रणनीति बना ली गयी जिससे अधिकाधिक कृषक सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित कार्यक्रमो/योजनाओ से लाभान्वित हो सके।

जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे ने कृषि निवेशो के वितरण यथा बीज, उर्वरक, खाद पर चर्चा व समीक्षा की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र अवस्थी ने जनपद में बोई जाने वाली फसलो के रोगो व कीटों से बचाव हेतु सहभागी निगरानी निदान प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

विषय वस्तु विशेषज्ञ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आज की समीक्षा बैठक मे रवी अभियान 2020-21 के अन्तर्गत बीज वितरण एवं विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत ग्रामवार प्रर्दशनो की डी बी टी कृषि यन्त्रीकरण की प्रगति, परम्परागत कृषि विकास योजना में ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों की अधिसूचित फसलों को बीमित किये जाने की विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गयी। अन्त मे कृषि विभाग के सभी स्टाफ ने नव वर्ष 2021 की समस्त कृषक भाईयो एवं जनपद वासीयो को हार्दिक शुभकामनाये प्रषित की।

# एसपी अंकित मित्तल के लिए उपलब्धियों भरा रहा साल



**चित्रकूट।** वर्ष 2020 पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के लिए उपलब्धियों भरा साल रहा। पुलिस ने गैंग बनाकर जनता में भय एवं आतंक फैलाकर अपराध करने वाले 39 लोगों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही कर दीपक पटेल के खिलाफ डकैती एक्ट की कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने वर्ष 2020 में बेमिसाल पारी खेली है, आगे भी वह खासी बेहतर पारी खेलने के मूड में हैं। उन्होंने कोतवाली कर्वी के दीपक पटेल उर्फ गुड्डू पुत्र बोधीलाल निवासी चुनहापुरवा के खिलाफ डकैती एक्ट की कार्यवाही कर स्कार्पियो वाहन समेत नौ लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की है। अपराधियों के खिलाफजारी अभियान के क्रम में बरगढ़ थानाध्यक्ष ने 25 हजार रुपये के ईनामी हंसा उर्फ मुन्ना पुत्र स्व मुन्नी उर्फ मुन्नीवा निवासी बालापुर खालसा कोतवाली कर्वी को दबोचा है। ये बदमाश अपनी व परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने को धमकी, अपहरण, फिरौती, मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि देता था। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस ने हंसा के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की। जमानत में रिहा होने के बाद गैगेस्टर एक्ट में सजा से बचने को हंसा उर्फ मुन्ना पलायन कर पहचान बदलकर दूसरी जगह रहने लगा था। कोतवाल रहे पंकज पाण्डेय ने भय एवं आतंक फैलाने वाले रिंकी पुत्र संजय निवासी छोटी खरहरी थाना वजीरगंज जिला गोंडा के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की थी। इसी प्रकार ढेरों ऐसे मामले हैं, जिनमें पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने वर्ष 2020 में बेमिसाल कार्रवाई की है। एसपी अंकित मित्तल के लिए वर्ष 2020 खासा उपलब्धियों भरा रहा।

# विवेचनाओं के निस्तारण में लखनऊ जोन में सुलतानपुर जिला पहले स्थान पर

## ● गैंगेस्टर के अपराधियों की गिरफ्तारी में प्रदेश में चौथा तो लखनऊ जोन में हासिल किया पहला नंबर

दिनेश पाण्डेय। सुलतानपुर

**जनपद** में अपराध रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ की गई कार्यवाही तथा विवेचनाओं के निस्तारण में वर्ष 2020 में प्रदेश भर में सुलतानपुर जिला दूसरे स्थान पर और लखनऊ जोन में पहले स्थान पर रहा। यही नही गैंगेस्टर के खिलाफ अपराधियों पर हुई कार्यवाही में प्रदेश में सुलतानपुर ने चौथा स्थान बनाते हुए लखनऊ जोन में पहला स्थान हासिल किया है। जिले में पुलिस की सक्रियता से हुए क्राइम कन्ट्रोल पर


पुलिस लाइन में मातहतों के साथ क्राइम मीटिंग करते डीएम और एसपी पायनियर

पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना ने अपराधियों को जो संदेश दिया वह काबिले तारीफ रहा।

गौरतलब हो कि जनपद का पुलिस विभाग अपराध एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने में हमेशा प्रयासरत रहा है। पुलिस की सक्रियता से काफी हद तक जहां अपराधों पर लगाम लगी है वहीं अपराधियों में पुलिस का खौफ भी बढ़ा है। वर्ष 2019 और वर्ष 2020 के तुलनात्मक आंकड़े में जिले के पुलिस महकमे ने काफी हद तक कामयाबी हासिल की है। जनपद में वर्ष 2020 में डकैती के मामलों पर पुलिस ने पूरी तरह से अंकुश लगाया है। जिले में वर्ष 2019 और वर्ष 2020 की घटनाओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें वर्ष 2019 में लूट की 31 तो वर्ष 2020 में 12, हत्या की वर्ष 2019 में 54 तो 2020 में 51, बलवा की वर्ष 2019 में 87 तो 2020 में 65, गृहभेदन की वर्ष 2019 में 155 तो वर्ष 2020 में 69, वाहन चोरी की वर्ष 2019 मं 275 तो वर्ष 2020 में 171, कुल चोरी की वर्ष 2019 में 479 तो वर्ष 2020 में 272, अपहरण की वर्ष 2019 में 157 तो वर्ष 2020 में 121, दहेज हत्या की वर्ष 2019 में 20 तो वर्ष 2020 में 17, बलात्कार की वर्ष 2019 में 52 तो वर्ष 2020 में 50 मामले दर्ज हुए हैं। इसके साथ बदमाशों व अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही में भी काफी वृद्धि हुई। पुलिस के इस अपराध नियंत्रण पर प्रदेश और जोन में जिले ने अपना एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।

इनसेट-

### शासन द्वारा संचालित ऑपरेशन में भी पुलिस विभाग रहा अव्वल

**शासन** द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन अंकुश में दो अभियोग में 20-20 वर्ष की तथा एक अभियोग में आजीवन कारावास और एक अभियोग में एक वर्ष की सजा अभियुक्तों को दिलाई गई है। इसके साथ ही आपरेशन लाडली के तहत 156 अपहृताओं को पुलिस ने बरामद किया और आपरेशन मुस्कान के तहत 81 बच्चों की बरामद करने में पुलिस ने सफलता हासिल किया। इसके साथ पुलिस पुलिस मुठभेड़ के दौरान 11 अभियुक्तों को अवैध असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा। आपरेशन निष्पक्षता दिवस के तहत 117 मामलों का निष्पक्ष निस्तारण कराया गया। आपरेशन निदान के तहत 2750 प्रकरण त्वरित निस्तारित हुए। इसके साथ साथ महिलाओं संबंधी मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए सभी थानों पर महिला डेस्क की स्थापना कर दो-दो महिला आरक्षियों को तैनात किया गया। इसके अलावां कोविड-19 का पालन न करने पर 1547 मामले दर्ज किए गए और 4735950 रुपये जुर्माना वसूलकर राजकीय कोष में जमा किया गया। इसके अलावां लाकडाउन के दौरान पुलिस ने लोगों को भारी मदद पहुंचाई।

### अपराध गोष्ठी में अफसरों ने मातहतों को दी सख्त हिदायत

**शनिवार** को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अफसरों ने मातहतों के पेंच कसते हुए अपराध नियंत्रण की सख्त हिदायत दी। डीएम और एसपी ने कहा कि भूमि विवादों को चिन्हित कर राजस्व एवं पुलिस की टीम नियुक्त कर मामले को निस्तारित करें इसके साथ ही महिलाओं सम्बंधी अपराधो की रोकथाम व एण्टीरोमियो अभियान में प्रभावी कार्यवाही के लिए आदेश मातहतों को जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को प्रतिदिन अपने अपने थाना क्षेत्र में पैंदल गस्त कर, संदिग्ध वाहनो, संदिंग्ध व्यक्तियो की व बैंको की संघन चेकिंग करें। अभियान चलाकर वांछित, वारण्टी, फरार, ईनामिया आपराधियो की गिरफ्तारी की जाए। इसके साथ ही लम्बित विवेचनाओ, आई0जी0आर0एस0 एवं जनसूचना का निस्तारण समय पर किया जाये। जेल से छुटे हुए अपराधियो का नियमित निगरानी की जाए। इसके अलावां जिले की कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए।

# नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन




संवाददाता। श्रावस्ती

**पुलिस** अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दुबे द्वारा जनपद में नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती का उद्घाटन किया गया। अब उक्त थाने पर फरियादी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे जनपद में अब कुल 08 थाने हो गए हैं। यह थाना पर्यटन थाने के रूप में भी कार्य करेगा। थाने के शुभारंभ करने के पश्चात एस0पी0 व ए0एस0पी0 द्वारा बंदी ग्रह कंप्यूटर कक्ष सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। थाने पर महिलाओं की शिकायतों को सुनने के लिए अलग से महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। जिले में नया थाना बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मुस्तैदी बढ़ेगी इससे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा इस दौरान क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा वह थाना प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत

संवाददाता। खीरों, रायबरेली

**शनिवार** की सुबह लगभग 9 बजे सेमरी-देवपुर मार्ग बिन्दाखेड़ा-भगवानबक्सखेड़ा के बीच मे मोड़ पर एक बाइक अनियन्त्रित होकर एक पेंड़ से टकरा गई । जिससे उस पर सवार दो चचेरे भाई किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गए । ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस के जरिये दोनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुँचाया । जहाँ दोनों घायल किशोरों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और गाँव में मातम छा गया । पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । जानकारी के अनुसार पूरेलालसाहब मजरे गहिरी निवासी सुदीप कुमार (16) पुत्र हरिकेशन सेमरी चौराहा के एसएम सिंह के पी सिंह इण्टर कालेज की कक्षा-6 का छात्र है । उसका चचेरा भाई सूरज कुमार (15) पुत्र कल्लू प्रसाद



निहस्था के इन्दिरा गांधी विद्यालय की कक्षा-8 का छात्र है । सूरज के पिता कल्लू प्रसाद अस्वस्थ हैं । शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे सूरज अपने चचेरे भाई सुदीप के साथ बाइक से अपने पिता की दवा लेने महरानीगंज गंज जा रहा था । दोनों बाइक सवार किशोर सेमरी-देवपुर मार्ग पर स्थित गाँव बिन्दाखेड़ा-भगवानबक्सखेड़ा के बीच में स्थित मोड़ पर पहुँचे । तभी उनकी बाइक सड़क के किनारे खड़े एक पेंड़ से टकरा गई और दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस के जरिये सीएचसी खीरों पहुँचाया । जहाँ डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना घर पहुँचते ही परिवार में कोहराम मच गया । पूरे गाँव में मातम छा । इस दर्दनाक घटना से सीएचसी पहुँचे ग्रामीणों की भी आँखों से आँसू नहीं थम रहे थे । इस घटना से सुदीप के पिता हरिकेशन, माँ रामदेवी, बहन सविता, कंचन, कोमल,ललती और सूरज के पिता कल्लू प्रसाद, माँ श्यामा, भाई उत्तम, दीपक बहन आरती, भारती, पूजा, लक्ष्मी, शिवानी सहित सभी परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि बाइक अनियन्त्रित होकर पेंड़ से टकराने के कारण दुर्घटना हुई है । शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । परिवारजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है । रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

## क्विक न्यूज

### पंजीकृत श्रमिकों के लिए मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना बनी वरदानः जिलाधिकारी

**श्रावस्ती।** जिला अधिकारी टी के शिबु ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रम विभाग द्वारा पंजी कृत श्रमिकों के हित मे मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत पुरुष निर्माण श्रमिकों को उसकी पत्नी के संस्थागत प्रसव के लिए 6000 रुपये एक मुश्त प्रदान किया जाता है। बालक शिशु के जन्म पर पौष्टिक आहार के लिए 20000 रुपये एकमुश्त तथा बालिका शिशु के जन्म पर 25000 रुपये एकमुश्त प्रदान किया जाता है इसी प्रकार पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को संस्थागत प्रसव की दशा में मातृत्व लाभ के रूप में उसकी श्रेणी के अनुरूप निर्धारित न्यूनतम वेतन की दर से 3 माह के वेतन के समतुल्य परिसर में एकमुश्त एक बार में देना होगा तथा चिकित्सा बोनस के रूप में 1000 रुपये अलग से दिया जाएगा इसके अतिरिक्त परिवार में पहली बालिका के जन्म होने पर एकमुश्त 25000 रुपये बतौर सावधि जमा के रूप में होगा यदि जन्म लेने वाली बालिका दिव्यांग हो तो यह धनराशि 50ए000 रुपये बतौर सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मन नगर में आज सुबह घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसे में सड़क पार कर रहै एक युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन समेत भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रावस्ती जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मण नगर के सती पुल के पास की है जहां 55 वर्षीय राम किशुन पुत्र हीरालाल अपने खेत की तरफ से आकर सड़क पार कर घर जा रहा था तभी भिनगा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस व परिजनों को दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है। इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस अधीक्षक ने प्रमोशन पाये सिपाहियों का किया सम्मान



**सुलतानपुर।** पुलिस कप्तान शिव हरी मीणा ने कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल का प्रमोशन पाएं सिपाहियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। बताते चलें कि योगी सरकार ने 2005-2006 बैच के सिपाहियों को नए साल का तोहफा देते हुए उनको प्रमोशन प्रदान किया था। एक कार्यक्रम में जिले के कप्तान ने जिले में तैनात प्रमोशन पाएं सिपाहियों को बैच लगाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया की हमेशा की भांति सभी प्रमोशन पाएं सिपाही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। गोसाईगंज थाना के अंतर्गत द्वारिकागंज चौकी पर तैनात तेज तर्रार सिपाही वीरेंद्र मिश्रा संतोष कुमार, शैलेन्द्र यादव, रामाश्रय यादव को प्रमोशन मिलने पर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने बधाइयां दी। और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की बताते चलें कि सभी पदोन्नति पुलिस कर्मी अपने कार्यकुशलता के लिए हमेशा जाने जाते हैं।

# शिवगढ़ राजमहल प्रांगण में सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**क्षेत्र के** शिवगढ़ राजमहल श्महेश विलास पैलेसश् प्रांगण में नव वर्ष के पावन अवसर पर रॉयल पब्लिक स्कूल बछरावां की ओर से सैकड़ों दिव्यांगों,असहायों,वृद्धो एवं जरूरतमंदों को कंबल बांटकर हाड़ कपाती ठंड में राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया गया। कम्बलों का वितरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व एमएलसी एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, रॉयल पब्लिक स्कूल बछरावां के प्रबंधक शिव शंकर सिंह, गिरीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बछरावां के प्रबंधक अम्बेश कुमार सिंह ने गरीब,बेसहारा, दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को कंबल 0बांटकर मानवता की सच्ची मिसाल



पेश की। कंबल पाकर मुरझाए चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर पूर्व एमएलसी एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहाकि गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा। विद्यालय प्रबंधक की ओर से जरूरतमंदों को किया गया कंबलों का वितरण बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसकी जितनी सराहना की जाए कम है। इस मौके पर पूर्व जेष्ठ ब्लॉक प्रमुख प्रवेश चौधरी, रॉयल पब्लिक स्कूल के शिक्षक आदित्य कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह उर्फ शशी भदौरिया, रणविजय सिंह उर्फ नंगू सिंह,नेरथुआ प्रधान प्रतिनिधि उमेश आदि लोग मौजूद रहे।

### विकास खंड राही के भांव व झकरासी में खुले नये धान क्रय केन्द्र

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत फारमर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 द्वारा विकास खण्ड राही के भावं व झकरासी में धान क्रय केन्द्र खोले के निर्देश दिये गये है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जिला खरीद अधिकारी राम अभिलाष द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के डायरेक्टर्सध्जिला प्रभारी द्वारा विकास खण्ड राही में भावं व झकारी में खोल दिये गये है। जिसमें धान क्रय केन्द्रों पर क्रय सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाए तत्काल पूर्ण करते हुए किसानों से नियामानुसार व मानक के अनुरूप धान क्रय करने के निर्देश भी दे दिये गये है। शासन द्वारा निर्गत क्रय निति एवं समक्ष स्तर पर समय-समय पर निर्गत आदेशों को उल्लघंन या विचलन किया जाता है तो उक्त संस्था से खरीद को तत्काल बन्द करवाते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# सोलर पैनल शोरूम का एमएलसी ने किया उद्घाटन


सोलर पैनल शोरूम का शुभारम्भ करते एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह पायनियर

## ●कहा, क्षेत्र के लोगों को मिलेगी सहूलियत

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**तहसील** क्षेत्र बल्दीराय की प्रमुख बाजार वल्लीपुर स्थित सेमती मोड़ पर आज जिले के प्रतिष्ठित एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने एक सोलर पैनल शोरूम का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे शोरूम से क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्राप्त होगी। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, सुरेंद्र कुमार पांडे, विभूति सिंह, विनय मिश्रा, जेपी तिवारी, महेश तिवारी, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। शोरूम के मालिक सहज राम सोनकर ने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# नवागत डीएम ने किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा

## ● बैठक कर नोडल अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

संवाददाता। गोंडा

**शासन** के निर्देशन में आयोजित किए जाने वाले किसान कल्याण मिशन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने के साथ ही कोविड-19 संबंधित सुरक्षात्मक उपायों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। विभिन्न विभागों द्वारा कृषि कल्याण की संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ दिया जाये तथा मेले के आयोजन हेतु ब्लाकवार निर्धारित तिथियों में ब्लाकों पर विभिन्न विभागों की कृषकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी स्टाल लगाकर दी जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 06 जनवरी से आरम्भ हो रहे किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम की तैयारी बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों


अफसरों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही पायनियर

को दिये हैं। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त करने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में अधिरकारियों के साथ प्रथम बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 06 जनवरी को जनपद के विकासखण्ड पण्डरीकृपाल, करनैलगंज, कटरा बाजार तथा छपिया में, 13 जनवरी को हलधरमऊ, इटियाथोक, परसपुर, तरबगंज, नवाबगंज तथा वजीरगंज में तथा 20 जनवरी को ब्लाक झंझरी, मुजेहना, रूपईडीह, बेलसर, मनकापुर तथा बभनजोत में किसान कल्याण मिशन के तहत किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तत्काल प्रभाव से जनपद स्तरीय पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती करते हुए निर्देश दिए हैं कि समस्त नामित जिला स्तरीय पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपने-अपने निर्धारित ब्लाक पर पूरा दिन उपस्थित रहकर कार्यक्रम का सफल आयोजन कराते हुए उन्हें रिपोर्ट देगें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला, प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिचाई, लघु सिचाई, नेडा, विद्युत, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज, वन, बाल विकास पुष्टाहार आदि विभाग अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगायेगें एंव लाभार्थी परक योजनाओं के स्वीकृत पत्र, प्रमाण पत्र, कृषि यंत्र वितरण, पुरूस्कार आदि का वितरण आदि सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश मे महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आत्म निर्भर बनाने हेतु मिशन शक्ति का संचालन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में भी महिला किसानों की अधिक से अधिक भूमिका हो यह भी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये तथा इस उद्देश्य से जागरूक महिला कृषकों तथा कृषि उत्पादन पर आधारित स्वयं सहायता समूहों की भी सहभागिता सुनिश्चित करायी जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में पशुओं के इलाज के लिए उपलब्ध मोबाइल यूनिट के माध्यम से पशुओं का इलाज कराया जाना सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, एडीएम राकेश सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, डीडी एग्रीकल्चर डा0 मुकुल तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण होंगे विकास कार्य

## ● नवागत जिलाधिकारी ने संभाली जनपद की कमान

संवाददाता। गोंडा

**नवागत** जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने शनिवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पत्रकारों से भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को जिले में अक्षरशः क्रियान्वित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत प्रभावित हुए शिक्षण व विकास कार्यों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक व समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराए जाएगें। ताकि जनपद में त्वरित विकास के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल दिया जा सके। साथ ही शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने हेतु उनके द्वारा आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने इसमें मीडिया का भी सहयोग लेने की बात कही। जिलाधिकारी ने विभिन्न जनपदों में


कार्यभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही पायनियर

अपने निर्वाचन सम्बन्धी अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से पंचायत चुनाव पूरी शुचिता व सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाएगा। यह भी कहा कि जनपद में 18 एकड़ भूमि पर 383 करोड़ की लागत से बनने वाले 500 बेड के नए मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। ताकि वर्ष 2022 से मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की कक्षाएं चालू हो सकें। नवागत जिलाधिकारी 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा इससे पहले वे जनपद संतकबीर नगर व जनपद प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी रह चुके हैं। साथ ही जनपद बलिया, बस्ती व महराजगंज के सीडीओ एवं अन्य जनपदों में अपर जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे रहे हैं। इसके पूर्व वे विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा के पद पर कार्यरत थे। इसके अतिरिक्त वे निदेशक, समाज कल्याण, स्टॉफ ऑफीसर कृषि उत्पादन आयुक्त उ0प्र0, प्रबन्ध निदेशक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, नियंत्रक बांट-माप उ0प्र0, विशेष सचिव गृह व सतर्कता उ0प्र0 के पद भी कार्य कर चुके हैं। इस अवसर पर एडीएम राकेश सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर व करनैलगंज सहित अन्य अधिरकारीगण मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों में चलाया गया सफाई अभियान

● प्रत्येक सप्ताह हर ब्लॉक से एक ग्राम पंचायत में चलेगा अभियान

संवाददाता। सोनभद्र

**ग्रामीण** क्षेत्रों के बड़े ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक एक समस्या बनती जा रही है जिसको इकट्ठा करने के साथ लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने के संदेश देने के लिए, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अमित पाल शर्मा के निर्देश के क्रम में आज 9 विकास खंड के 9 बड़े ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विकास खंड राबर्टसगंज के नई बाजार में सामूहिक सफाई अभियान का नेतृत्व जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह द्वारा किया गया एवं गांव में जो भी दुकानें हैं उनको एक संदेश दिया गया कि आप सिंगल यूज प्लास्टिक किसी को न दें इसका प्रयोग भी न करें तथा लोगों को सामान लेने के लिए थैली प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें साथ ही अपने दुकान के पास एक डस्टबिन रख ले जिससे कि गंदगी सभी जगहों पर न फैल पाए। इन 9 ग्राम पंचायतों में लगभग 5 क्विंटल प्लास्टिक इकट्ठा किया गया इन इकट्ठे प्लास्टिक को आगे अभियान चलाकर इसके निस्तारण हेतु डाला सीमेंट फैक्ट्री को सुपुर्द कर दिया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो बड़ी ग्राम पंचायतें हैं उनमें सफाई एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक की समस्या खड़ी हो जा रही है इसका व्यापक रूप से निस्तारण किया जाना है उसके क्रम में विकास खंड घोरावल के साहगंज बाजार में विकास खंड राबर्ट्सगंज के नई बाजार विकासखंड चतरा के रामगढ़, विकासखंड चोपन के कोटा बाजार विकासखंड कोन के कोन बाजार, विकासखंड करमा के केकराही बाजार विकासखंड म्योरपुर के ग्राम पंचायत म्योरपुर विकासखंड बभनी के ग्राम पंचायत बभनी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सभी ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारी पंचायतों के द्वारा सफाई अभियान का नेतृत्व किया गया। सफाई के साथ सभी जगहों पर सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों के सचिव व प्रशासक को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह एक एक। ग्राम पंचायत का चयन कर ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा किया जाएगा एवं लोगों को संदेश भी दिया जाना है कि न्यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें तथा सफाई को बढ़ावा दें क्यों की सिंगल यूज़ प्लास्टिक एक आदत में आ गई है और इस आदत को बदलने के लिए लगातार हमको एक अभियान चलाना है तथा इसके साथ ही शौचालय प्रयोग के लिए भी सफाई अभियान के साथ साथ लोगों को जागरूक किया जाएगा।



# जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

संवाददाता। सोनभद्र



**नवागत** जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने शनिवार को जिले के 37वें जिलाधिकारी के रूप में जिला कोषागार में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवागत जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तर्ज पर जिले में चलायी जा रही भारत सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जिले में जन समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार निपटाया जाएगा। उन्होंने कहाँ कि विकास परक कार्यक्रमों जन कल्याणकारी योजनाओं लाभार्थी परक स्कीमों को मूर्त रूप देकर जिले के चतुर्दिक विकास का प्रयास किया जायेगा। जिले में हर दृष्टि से समृद्ध बनाना है जिले चतुर्दिक विकास कार्य कराना प्राथमिकताओं में है। इसके साथ ही जिले की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर भी खास ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखना विरासत अभियान के तहत पात्रों का नाम खतौनी में दर्ज कराने के साथ ही जन समस्याओं के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी जायेगी। नवागत जिलाधिकारी अभिषेक सिंह वर्ष 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। श्री सिंह अपनी कठोर परिश्रम ईमानदारी और मृदु भाषिता के लिए मशहूर हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह डिप्टी कलेक्टर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुशील कुमार यादव उप जिलाधिकारी सदर डॉ0 कृपा शंकर पाण्डेय उप जिलाधिकारी घोरावल जैनेन्द्र सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा प्रकाश चन्द्र जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी वरिष्ठ कोषाधिकारी अजय कुमार सिंह वरिष्ठ अधिकारीगण कोषागार के रामवृक्ष अनन्त राम दिलीप कुमार आदि सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# उप निरीक्षक के सेवानिवृत होने पर दी गई उन्हें भावभीनी विदाई

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**स्थानीय** थाना में उप निरीक्षक के पद पर तैनात रहे चंद्रशेखर सिंह के गत वर्ष 2020 के माह दिसम्बर के 31 तारीख को सेवानृवित होने पर शनिवार को थाना परिसर में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

बीजपुर थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव के नेतृत्व में आयोजित विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक श्री यादव ने सेवानिवृत श्री सिंह को माल्यार्पण करने के उपरांत उन्हें उपहार देकर उनका सम्मान किया। उपस्थित थाना के कर्मियों एवं संभ्रांत नागरिकों ने श्री सिंह को माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई देने के परम्परा का निर्वहन किया। अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक श्री यादव ने श्री सिंह के बीजपुर में बिताए कार्यकाल की जमकर सराहना करते हुए उनके आगामी भविष्य के सुखमय जीवन की कामना व्यक्त किया। उपस्थित थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के संभ्रांत नागरिकों ने भी एक स्वर से उप निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के मृदुल व्यवहार व कार्य के प्रति लगन जिम्मेवारी एवं निष्ठा की प्रसंशा की।

विदाई समारोह का समापन उप निरीक्षक शेषनाथ मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। समारोह में मुख्यरूप से उप निरीक्षक एन एन सिंह कोमल यादव वीरेन्द्र विश्वकर्मा यशवंत सिंह मंदिर के पुजारी पंडित भोलानाथ पाण्डेय आदि के साथ क्षेत्र के अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित थे।

# शौचालय में किया 11.28 लाख का गबन

● दोनों ने मिलकर शौचालय का 11.28 लाख का गबन कर लिया, वसूली की आरसी जारी

● दुबौलिया के ग्राम चकोही में प्रधान श्रीनिवास पाठक और सेक्रेटरी राजेश पांडेय का कारनामा

● जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन विष्णुदेव तिवारी की जांच में हुआ खुलासा

संवाददाता। बस्ती

**वैसे** ही पूरे जिले में शौचालय के नाम पर लूट मची हुई है। प्रधान और सेक्रेटरी को जब भी मौका मिला उसे हाथ से जाने नहीं दिया। इन दोनों को न तो जेल जाने का डर रहता है, और न कार्रवाई का खौफ। लक्ष्मी मिलती रहे, भले ही समाज में बदनामी हो रही हो। सालभर इन दोनों के खिलाफकार्रवाई होती रही, फ्रि भी घोटाला नहीं रुका। जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिषन विष्णुदेव तिवारी की जांच में एक बार षौचालय में हुए घोटाले का उजागर हुआ। पता चला कि प्रधान श्रीनिवास पाठक और ग्राम पंचायत अधिकारी राजेष कुमार पांडेय ने मिलकर 125 लाभार्थियों का 11.48 लाख हजम कर लिया। इन दोनों से गबन किए धन की वसूली के लिए आरसी जारी की गई है। यह्रह जिम्मेदारी डीएम आषुतोष निरंजन ने एडीएम को दी है। हालांकि अभी तक इन दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई नहीं की गई। जिले में जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन के रुप में राजा पेर सिंह और विष्णुदेव तिवारी कार्यरत है। इन दोनों का काम मिषन के तहत बनाए जारहे शौचालय और दिए गए धन की मानिटरिंग करना है। रिकार्ड गवाह है कि इन दोनों के पारदर्षी जांच और कार्रवाई के चलते लगभग 20 करोड़ का खुलासा हो चुका है। कईयों प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफकार्रवाई भी हो चुकी है,कई जेल की हवा भी खा रहे है। विभाग और पूरे जिले में इनके ईमानदार वाली छवि की चर्चा हैं। इसी क्रम में जिला परियोजना समन्वयक विष्णुदेव तिवारी ने दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम चकोही का निरीक्षण किया। पता चला कि इस ग्राम पंचायत में 329 षौचालय के लाभार्थियों के नाम पर 38.48 लाख जारी किया गया। पहले की जांच में 15 लाख का गबन पाया गया, पताचला कि 125 लाभार्थियों का धन उन्हें न देकर ठेकेदार को दे दिया। बहरहाल जब इसकी जांच चर्चित जांच अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी से कराया गया तो गबन की राषि घटकर 11.48 लाख रह गई। इसके लिए दोनों को नोटिस जारी किया गया, मगर दोनों ने जबाव नहीं दिया। अन्य गड़बड़ी भी पकड़ में आई। डीएम ने दोनों के खिलाफ आरसी जारी करने का आदेश दिया है। विधिक कार्रवाई अवशेष है।

# सीएम और डिप्टी सीएम से की फर्जी टेंडर निरस्त करने की मांग

● प्रहरी एप के चलते हो रहा फर्जीवाड़ा

संवाददाता। बस्ती

**आदर्श** पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने सीएम, डिप्टी सीएम, प्रमुखसचिव, मुख्य अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष एवं चीफइंजीनियर को लिखे पत्र में कहा कि प्रहरी एप के चलते करोड़ों रुपये का ठेका हासिल करने के ठेकेदार फर्जी अभिलेखों का सहारा ले रहे हैं। नीसढ़ से पैडलेगंज के सिक्स लेने के ठेके का उदाहरण देते हुए कहा कि इस ठेका को हासिल करने के लिए ठेकेदार द्वारा फर्जी अभिलेख लगाए गए। इस निविदा के चलते कोई भी निविदा नहीं निकाली जा रही है। समिति के अध्यक्ष ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड और निविदा को निरस्त करने के साथ प्रहरी एप को विसंगतियां दूर होने तक उसे स्थगित करने की मांग भी की। कहा कि यह प्राइवेट प्रहरी एप पलीता लगाने का काम कर रहा है।

प्रहरी एप लागू करने की सरकार और विभाग मंषा की पूरी नहीं हो रही है। प्रहरी एप की विसंगतियां दूर करने के लिए प्रदेष के 17 सांसद और विधायक मुख्यमंत्री और विभागीय डिप्टी सीएम को पत्र लिख चुके हैं, बावजूद विसंगतियां दूर नहीं की गई। ठेकेदारों का कहना है कि षासन में बैठे आला अधिकारी नहीं चाहते कि प्रहरी एप की खामियां दूर हो, क्यों कि अगर खामियां दूर हो गई तो बड़े ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की मंषा पूरी नहीं होगी। इस मामले में अधिकारी सीएम को भी अपनी रिपोर्ट के जरिए गुमराह कर रहे हैं।

# नियोजित विकास के लिए बुना जाने लगा तानाबाना

● चार नवसृजित नगर पंचायतों के सीमा क्षेत्र निर्धारण की प्रक्रिया शुरू

● प्रभावित ग्राम, क्षेत्र, जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का होगा आंशिक परिसीमन

● आपत्तियों, निस्तारण, अंतिम सूची प्रकाशन के लिए जारी हुआ रोस्टर

संवाददाता। बस्ती

**चार** नगर पंचायतों के गठन की प्रक्रिया के साथ ही नए साल में गांवों का स्वरूप बदल जाएगा। अब इन गांवों के लोग प्रधानी का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे बल्कि आने वाले समय में वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ सकेंगे। मुण्डेरवा नगर पंचायत में उमरी अहरा, किठिउरी, जगदीषपुर, बोदवल, बरडाड़, बढ़ौनी उर्फ षिवपुर, मुण्डेरवा, नगर बाजार नगर पंचायत में झमड़ोत, नगर, भैसवरहा, बारीजोत, खुटहन, टेमा, रेहार, देवापार, बरवनिया, हरनखा, बलगोड़ा, लखनहट, बकैनियाडीह, बिरउपुर, घुइसापार, उग्रसेनपुर, फुलवरिया पाण्डेय, खड़ौहा खुर्द, फुलवरिया बरगाह, जैतुआ, नगर पंचायत गनेषपुर में गढ़वल, बंधुआ, गनेषपुर, आसपुर, मंझरिया, चैनपुर, कसानगंज नगर पंचायत में दैलापुर, नरोत्तमपुर, कटईया, रतासी, बढ़या, मदनपुरा, भुवनपुर, राजाजोतकला, मटिहनिया, दुबौली मिश्र, हरिवंषपुर, महुआ मिश्र, खजुहा, बुधईपुर, बेलसड़, कुसमरि, पिकौरासानी, करनपुर, नौवागाड़ा को शामिल किया गया है। यह गांव अब गंवई नहीं रह जाएंगे बल्कि शहर का हिस्सा हो जाएंगे। इन चारों नगर पंचायतों के गठन में आने वाली बाधा भी दूर हो गई है। आपत्तियों और सुझावों का निस्तारण होने के साथ गठन की प्रक्रिया में अब किसी प्रकार की कठिनाई नहीं रह गई है। अब इन गांवों का शहरीकरण के हिसाब से नियोजित विकास का ताना बाना बुना जाएगा।

नगर पालिका सीमा विस्तार और नगर पंचायतों के सृजन से प्रभावित ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, जिला पंचायतों के प्रादेषिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का आंषिक परिसीमन किया जाएगा। पुनर्गठन के उपरांत प्रभावित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत के वार्डों के निर्धारण के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त करने, निस्तारण और प्रकाषन आदि के लिए शासन स्तर पर समय सारिणी निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायतवार जनसंख्या अवधारण के लिए पांच और छह जनवरी, त्रिस्तरीय पंचायत के वार्डों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसके प्रकाषन के लिए सात से दस जनवरी, आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 11 एवं 12 जनवरी, आपत्तियों के निस्तारण के लिए 13 एवं 14 जनवरी, अंतिम सूची के प्रकाषन के लिए 15 एवं 16 जनवरी तिथि निर्धारित की गई है। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से डीएम को शासनादेषों के अनुरूप दी गई समयसारिणी अनुसार अनुपालन सुनिष्चित करने के लिए निर्देषित किया गया है।

# नूतन वर्ष पर गुरुजनों व बच्चों को एकेडमी के प्रबंधक ने दी बधाई

संवाददाता। संतकबीरनगर

**सूर्या** इण्टरनेशनल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल परिसर में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने कक्षा 9वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के साथ केक काटकर नूतन वर्ष 2021 में उनके उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबंन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को नव वर्ष 2021 की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सम्बोधन में कहा कि जैसा कि हम सभी लोग जानते है कि पिछला वर्ष 2020 पूरे विश्व के लिए कष्टदायक रहा है और हम सभी लोग नये वर्ष 2021 में प्रवेश कर चुके हैं। नया वर्ष मतलब नई उम्मीदें और नई आकांक्षाओं का वर्ष, अपने अधूरे सपनो को पूरा करने का वर्ष, अपने गमों को भुलाकर खुशियां बाँटने का वर्ष होता है। नये वर्ष की शुरूआत हम हमेशा की तरह नई उमंग, नई उम्मीदे, नये सपने और नये लक्ष्य को लेकर वर्ष 2021 की शुरूआत करते है ताकि आने वाला समय बेहतर के साथ-साथ और भी बेहतर हो। साथ ही साथ विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने नव वर्ष 2021 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की दृष्टि से पिछला साल बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहा है।

# कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन को दी चेतावनी

● एसडीएम धनघटा ने राहुल गांधी पर किया था टिप्पणी

● जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएम को दिया 2 सूत्रीय मांग पत्र



**संतकबीरनगर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को दो सूत्रीय मांग पत्र देकर एसडीएम धनघटा के खिलाफ ज्ञापन दिया है। कांग्रेसियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी पर टिप्पणी किया जाना बहुत ही निन्दनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि उपजिलाधिकारी ने प्रशासनिक आचारसंहिता का उल्लंघन करते हुए हमारे नेता का मानहानि किया है जिसके खिलाफ हम कांग्रेसजन मानहानि के धारा के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराने की मांग करते है। कांग्रेसियो ने मांग किया है कि सांसद राहुल गांधी का अपमान में कांग्रेसजन बेहद दुखी है एवं उक्त जिलाधिकारी को तत्काल निलम्बन की मांग करते है। कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दिया है कि एक सप्ताह के अन्दर उक्त उपजिलाधिकारी के खिलाफ वैधानिक एवं न्यायपूर्ण कार्यवाही नही की गई तो हम कांग्रेसजन अपने मांगो को मनवाने में सम्पूर्ण जनपद में आन्दोलन करने पर बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# अधिवक्ताओं ने निर्वतमान डीएम सुशील पटेल को दी विदाई



**मिर्जापुर।** अधिवक्ताओं द्वारा निर्वतमान जिलाधिकारी सुशील पटेल का विदाई समारोह बार एसोसियशन के प्रांगण आयोजित किया गया है। जिसमें अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमलेश दुबेए कांग्रेस जिला सचिव मनीष दुबेए अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विधान दूबे के अलावा सैकड़ों अधिवक्ता विदाई समारोह में सम्मिलित हुये।

## नवागत डीएम ने लिया मां विन्ध्यवासिनी का आशिर्वाद

**विन्ध्याचल, मीरजापुर।** नवागत जिलाधिकारी प्रवीण लक्षकार ने कार्यभार ग्रहण के पूर्व माँ विन्ध्यवासिनी के चरण कमलों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया । दर्शनोपरांत उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट विन्ध्य कॉरिडोर ए शुद्ध जल योजना तथा प्रत्येक गरीबों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी । इन योजनाओं को सकुशल सम्पन्न करने के लिए आप पत्रकारों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है । इस दौरान अपर जिलाधिकारी यू पी सिंह व नगरमजिस्ट्रेट विनय जयहिंद व एसडीएम सदर मौजूद रहे।

# नपं हरिहरपुर में पीएम आवास (शहरी योजना) का सर्वश्रेष्ठ योगदान

● प्रधानमंत्री ने वर्चुअल के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्ष को दिया प्रशस्ति पत्र

● जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने हरिहरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू शाही को दी बधाई



कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी के साथ हरिहरपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि — पायनियर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**विकास** कार्यों के लिए संवेदनशील रहने वाले नगर पंचायत हरिहरपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप शाही (पप्पू शाही) ने हमेशा हरिहरपुर में बेहतर कार्य किया है। जिसका नतीजा रहा कि देश में जब पीएम आवास शहरी योजना की समीक्षा की गई तो प्रदेश में लखनऊ के मलिहाबाद व जनपद संतकबीरनगर के हरिहरपुर सबसे अव्वल रहा। नूतन वर्ष के उपलक्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्षो से वार्ता कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र कन्नौजिया एवं प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप शाही को बधाई दिया। यह कार्यक्रम एनआईसी बस्ती में सम्पन्न हुआ। जनपद के हरिहरपुर नगर पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार कन्नौजिया, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं पी0ओ0 डूडा प्रमेन्द्र सिंह को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं एवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री आवास एवं शहरी मामले हरदीप सिंह पुरी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत पूरे भारत मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर पंचायतों का चयन हुआ है। इसमे जनपद का हरिहरपुर नगर पंचायत शामिल है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि जनपद के हरिहरपुर नगर पंचायत का उत्कृट कार्य के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना गौरव की बात है। इसके लिये उन्होंने चेयरमैन एवं पी.ओ. डूडा को बधाई दिया।

# सक्रिय टीबी रोग अभियान का डीएम ने लिया जायजा



**बस्ती।** सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान का क्षय रोग हास्पिटल पहुंच डीएम आषुतोष निरंजन ने जायजा लिया। निर्देष दिया कि टैली शीट भरने के बाद ही घर-घर मार्किंग करें। दो जनवरी से शुरू अभियान 12 जनवरी तक संचालित होगा। टीबी हारेगा, देष जीतेगा अभियान के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम उम्र के क्षय रोगी को गोद लिया जाएगा। इसके अलावा डीएम एवं एसीएमओ डा0 सीएल कन्नौजिया ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मड़वानगर में आयोजित गोल्डन कार्ड कैम्प का निरीक्षण किया। निर्देष दिया कि सभी एमओआईसी तथा सुपरवाइजर फील्ड में प्रतिदिन भ्रमण कर अभियान का जायजा लेकर शाम को रिपोर्ट करें। कहा कि टीबी रोग एक गम्भीर बीमारी है, जो हम सबके लिए चुनौती बनी हुई है। इसके लिए टीबी रोग से प्रसित मरीजो को गम्भीरतापूर्वक चिन्हित करना होगा। कहा कि इस अभियान के साथ 18 वर्ष से कम आयु के टीबी रोगियों को एक व्यक्ति द्वारा गोद लिए जाने का अभियान शुरू किया गया है। गोद लिए टीबी रोगी को नियमित दवा खिलाना, पौष्टिक आहार देना एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है। प्रत्येक नागरिक से अपील किया कि 18 वर्ष से कम आयु के रोगी को गोद लें,उनकी देखभाल करें।

### अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, दो मोटर साइकिलें भी बरामद

**गाजीपुर।** जनपद के थाना जमानियां द्वारा अवैध देशी शराब 03 पेटी ,135 शीशी के साथ व दो मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जमानिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान करमहरी बार्डर पिकेट पर मुखबिर की सूचना पर 03 पेटी अवैध देशी शराब 135 शीशी, व 02 अदद मोटरसाइकिल 61I,1722, 45,5452 के साथ 02 अभियुक्तगण रविन्द्र पुत्र मन्नी चौधरी निवासी बहुअरा थाना मोहनियां जिला कैमूर,भभुआ, बिहार और अजय कुमार पुत्र दुलार चौधरी निवासी ग्राम बहुअरा थाना मोहनिया जिला कैमूर,भभुआ, बिहार को गिरफ्तार किया गया।

### बैंक आफ बड़ौदा के सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गयी विदाई

**बदलापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के बैंक आफ बड़ौदा बदलापुर में बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी प्रवीण श्रीवास्तव का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर बैंक के सभी कर्मचारी द्वारा माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें विदाई दिये। साथ ही शाखा प्रबंधक तरुण बंसल ने कहा कि श्री श्रीवास्तव का बैंक के योगदान सराहनीय है जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। वर्तमान की महामारी में एक योद्धा की तरह वे डटे रहे जो तमाम कठिनाइयों का सामना करते हुए अपना कार्यकाल पूरा किये।

### बच्चों को वस्त्र एवं उपहार किया गया वितरित

**करंजाकला, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के जासोपुर गांव स्थित बनवासी बस्ती में पन्नालाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनकल्याण समिति द्वारा कोषाध्यक्ष ज्योति वर्मा के जन्मदिन पर बच्चों को नये वस्त्र एवं उपहार आदि वितरित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने ज्योति वर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। श्रीमती वर्मा ने उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के सिलोखरा चौराहे के पास शनिवार को सुबह लावारिश हालत में मिला युवक का शव राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब बाइक का नंबर सर्च किया तो उसकी शिनाख्त डुमरियागंज थाना क्षेत्र के परसा हुसेन निवासी बसंती अग्रहरि के बेटे अर्पित के रूप में हुई। इस की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रोरो कर हुआ बुरा हाल आनन.फानन में सिलोखरा पहुंच कर बसंती अग्रहरि ने बताया कि मेरा बेटा अर्पित अपने ससुराल गोंडा थाना गौरा चौकी गया था

### यातायात पर हुई गोष्ठी

**देवरिया ।** पुलिस लाईन सभागार में आयोजित हुई मिशन शक्ति एवं सुरक्षित यातायात विषयक कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं छात्र छात्राओं को किया गया ।

# सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों की भरी झोली

## संत रविदास शिक्षा सहायता योजना मैं छात्रों को मिली 188 साइकिले

संवाददाता। देवरिया

श्रम विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण एवं कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को जिन्होंने 10 वी और 12 वी की परीक्षा पास कर ली हैएऐसे 188 बच्चों को सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय साकेत नगर देवरिया के प्रांगण में नि:शुल्क साइकिल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि श्रमिक देश के विकास की धुरी हैएउसके बिना देश का निर्माण संभव नही है।भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के लिये अनेक योजनाएं चलायी जा रही है। जिसका सभी श्रमिक बंधु लाभ उठायें तथा श्रम विभाग के अधिकारी भी गांवो में जाकर पात्र श्रमिको का विभाग में पंजीयन करे और उन्हें सरकार द्वारा श्रमिकों के लिये चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराएं।सरकार द्वारा श्रमिकों के लिये विभिन्न कार्य किये जा रहे है। सरकार श्रमिकों तथा उसके परिवार के शिक्षा,स्वास्थ,रोजगार,शादी.विवाह आदि सभी पहलुओं पर ध्यान देते हुये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है। इस दौरान श्रम परिवर्तन अधिकारी रमण कुमार श्रीवास्तव, मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, जिलाकार्यसमिति सदस्य भाजपा रामदास मिश्रा, नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा अजय पाण्डेय, अमित सिंह बबलू, राजेन्द्र विक्रम सिंह, वेदप्रकाश जायसवालएसतीश चंद्र तिवारीएप्रवीण श्रीवास्तवए सुनील कुमारएअभिजीत उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



### श्रम विभाग के संचालित योजनाओं के तहत बांटे गये 188 साइकिल

**देवरिया।** श्रम विभाग के अन्तर्गत उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना में बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिको के बच्चो,पुत्र,पुत्रियों जिन्होने कक्षा 10 वी 12 वी उर्त्तीण कर अगली कक्षा में अद्ययन कर रहे है को श्रमिक पंजीयन व साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन श्रम कार्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सदर डा सत्य प्रकाश मणि द्वारा 188 साइकिल वितरत किया गया। सदर विधायक त्रिपाठी ने कहा कि श्रमिक देश के विकास की धूरी हैए उसके बिना कोई निर्माण कार्य नही हो सकता। श्रमिको के हित के लिये संचालित योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्जहोने बच्चो को उच्चतम शिक्षा प्राप्त कराने की अपील की तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को कैम्प लगाकर निर्माण श्रमिको के पंजीयन कराने हेतु निर्देश दिये।

### माटीकला के 67 कामगारों को नि:शुल्क विद्युत चाक का वितरण

**देवरिया ।** जिला ग्रामोद्योग विभाग देवरिया द्वारा शनिवार को आईटीआई कालेज के हाल में माटीकला के 67 कामगारों को नि:शुल्क विद्युत चाक का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने की नई पहल कर रही है।ग्रामोद्योग विभाग रोजगार का सृजन करते हुये समृद्धि बन रहा है। गांव के गरीब लोगों को रोजगार के लिये प्रेरित करने वाला यह विभाग प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में रोजगार को आपके घर पर करने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सच्चे अर्थों में कहा जाये तो आत्मनिर्भर भारत का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी जी ने देखा है उसे पूरा करने में यह विभाग अग्रणी भूमिका निभा सकता है।आज नि:शुल्क विद्युत चाक का वितरण किया जा रहा है। इसका लाभ अन्य लोग भी ले सके इसके लिये आप सभी गांवो में सम्बन्धियों को जरूर बताये।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को समारोह आयोजित कर नम आंखों से दी गई विदाई

**गाजीपुर।** जनपद के सदर विकास खण्ड के बकुलियापुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाध्यापिका गायत्री सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका के सेवा काल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होने कर्तव्यनिष्ठाए ईमानदारी और कर्तव्य परायणता से दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यो को सदैव याद किया जाएगा। उनका कार्य अनुकरणीय रहा है। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय में लगातार 33 वर्षों तक गायत्री सिंह ने अपनी सेवा दी है। वे विद्यालय के बच्चों के विकास में इनका योगदान सराहनीय रहा है। शिक्षिका मंजू सिंह ने कहा कि शिक्षा जगत में गायत्री सिंह की एक विशेष पहचान है। उनका क्रियाकलाप बच्चों एवं शिक्षकों को चिरस्मरणीय रहेगा। अरुण कुमार राय ने कहा कि योगदान एवं सेवानिवृत्त होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन अपने कार्यकाल में इन्होंने जिस तरह बेहतर प्रदर्शन किया वह हमेशा अनुकरणीय है। शिक्षक शालिनी सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। छात्र.छात्राओं का हमेशा सही मार्गदर्शन करते रहे। उनके शिक्षा से लाभान्वित होकर कई छात्र.छात्राओं ने अपना करियर बनाया तथा समाज में एक मिसाल कायम की। विदाई समारोह में शिक्षक परिवार की ओर से उन्हें अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तक सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

## डीएन सिंह के पदचिन्हों पर चलने से होगा कर्मचारी समाज का भला : अरविंद नाथ

**गाजीपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष रहे कर्मचारी नेता स्वर्गीय डीएम सिंह की 58वीं जयंती शुक्रवार को फुल्लनपुर स्थित आवास पर श्रमिक उत्थान समिति के तत्वधान में मनाई गई। वक्ताओं ने डीएन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्वक याद किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक अरविंद नाथ राय ने बताया कि डीएन सिंह जीवन पर्यन्त कर्मचारीए मजदूरों की आवाज बनकर हजारों कर्मचारियोंए मजदूरों के लिए कठोर संघर्ष करते रहे। इस दौरान उन्होंने कई बार लम्बी भूख हड़ताल भी की। कर्मचारी हितों की खातिर हमेशा लड़ाई लड़ने वाले ऐसे कर्मचारी नेता आदर्श प्रतिमान स्थापित करते हैं। उनके कार्यों व पदचिन्हों पर चलने से ही कर्मचारी तथा समाज का भला हो सकेगा। योगगुरु शिवशंकर राय ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वण् डीएन सिंह कुशल कर्मचारी होने के साथ.साथ कुशल नेता भी थे। उन्होने अपना पूरा जीवन संघ के लिए समर्पित कर दिया।

### नेकी के दीवाल बने स्टाल पर जुटी गरीबो की भीड़

**गाजीपुर।** जनपद में नगर के प्रमुख समाजसेवी विवेक कुमार सिंह शम्मी के नेतृत्व में कचहरी रोडए एसपीआफिस के बगल में की की दीवार के नाम से स्टाल लगाया गया जिसमें जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, शाल, स्वेटर, कम्बल, जूते, मोफलर आदि नि:शुल्क वितरीत किया गया। श्री सिंह ने बताया कि हर साल की भॉति इस साल भी नगर की जनता से यह अपील किया गया कि जो गर्म कपड़े, जूते इत्यादि उनके उपयोग में घरों में नही आ रहे है वह हर वो जरूरत का सामान स्टाल पर देने की कृपा करें जिससे इस भीषण ठण्ड में जरूरतमंदों में वितरीत किया जा सके तथा गरीब असहायों को इस ठण्ड के मौसम में राहत मिल सके। उन्होनें बताया कि करीब.करीब 500 वस्त्र, जूते, कपड़े इत्यादि आज ष्नेकी की दीवार के स्टाल से वितरीत किये गये। आगे



भी यह कार्यक्रम 4, 5, 6 जनवरी को कचहरी रोड पर चलता रहेगा। उन्होनें ने नगर की जनता से अपील भी किया कि जो सामान लोगों के घरों में उनके जरूरत से ज्यादा हो वह स्टाल पर देने की कृपा करें जिससे गरीब असहायों की मदद की जा सके।

# महिलाओं के सम्मान सुरक्षा व स्वालम्बन के लिये जन जागरुकता जरुरी : डीएम



## यातायात नियमों का करें पालन, साथ में वाहनो के रखे सभी कागजात

संवाददाता। देवरिया

एन्टी करप्शन कमेटी आफ इंडिया एसीसीआई के तत्वाधान में पुलिस लाईन सभागार में ष्सुरक्षित यातायात-नियमन जिंदगी का एवं मिशन शक्ति के संबंध में कार्यक्रम आयोजत हुआ। जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अमित किशोर विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र सहित एएसपी शिष्यपाल सिंहए एसडीएम सदर सौरभ सिंहए क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्यायए एआरटीओ राजीव चतुर्वेदी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं निबंध लेखन में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गयाए वही मिशन शक्तिए यातायात एवं वन स्टाप सेन्टर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को भी इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि दुर्घटनाओं में हर साल लाखों की जान चली जाती हैं यदि नियमो का पालन करेए सुरक्षा के उपायो को अपनाये तो इसमें काफी कमी आ सकती है व लोगो की जान बच सकत है। उन्होने सभी से यातायात नियमो के पालन किये जाने पर जोर दिया। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके स्वालम्बन के लिये मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित की गयी है जिससे कि बेटियों व महिलाओं में जागरुकता आये और वे स्वालम्बन एवं सशक्तिकरण की दिशा में कैसे आगे बढे उसमें अपनी अग्रणी भूमिका निभा सकें उन्होने मिशन शक्ति के प्रति जागरुकता लाने एवं महिलाओं के सम्मान सुरक्षा की दिशा में बढ़ चढ़ कर कार्य किये जाने की अपेक्षा सभी से कीं। पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी होनी चाहिये तथा उसका पालन भी करना चाहिये। वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करना चाहिये वही वाहन के सभी प्रपत्रों को लेकर साथ चलना चाहिये। उन्होने यह भी कहा कि कोविड.19 में सभी लोगो ने जागरुकता का परिचय देते हुए काफी मेहनत इससे बचाव के लिये की गयीं । आगे भी मेहनत पर पानी न फिरेए इसके लिये कोविड.19 के दिशा निर्देशो का पालन करने की जरुरत है। उन्होने कहा कि शारदीय नवरात्र से चैत्र नवरात्रि तक मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित की गयी है। यह कार्यक्रम जन जन का आन्दोलन बने।



## पुलिसिया दुर्व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

अधिवक्ताओं के साथ आये दिन पुलिस उत्पीड़न को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। शनिवार को अधिवक्ताओं ने सदर एसओ द्वारा एक अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एसओ को हटाने की मांग उठाया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि शासन की लाख कवायद के बाद भी अधिवक्ताओं के साथ पुलिसिया उत्पीड़न रूक नही रहा है। डेमोक्रेटिक बार के संरक्षक अजय कुमार सिंह और पूर्व महामंत्री नितिन तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अजय कुमार मौर्य के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने चेताया कि सदर एसओ के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नही हुआ तो अधिवक्ता पूरे जनपद में सड़क पर उतकर आन्दोलन करेंगे। अंत में अधिवक्ताओं ने सदर एसओ के खिलाफ यूपी बार कौसिंल और मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही।

### निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 6 जनवरी को

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर की अध्यक्षता में निर्माणाधीनध्निर्मित विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 6 जनवरी को विकास भवन के गांधी सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने देते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीए कार्यदायी विभागए खंड विकास अधिकारीए अधिशासी अधिकारीए नगर पंचायतध्नगर पालिका को निर्देशित किया है कि वे माह दिसम्बर 2020 तक लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त प्रगति की सूचना के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## लेखपाल की मनमानी के खिलाफ संगठन लामबंद

**सकलडीहा,चन्दौली।** गोंड समाज द्वारा सभी अभिलेख उपलब्ध कराने के बाद भी लेखपालों द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने में हीलाहवाली की जा रही है। जिसे लेकर गोंड समाज के लोग लामबंद है। समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामउजागिर गोंड ने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा समाज के लोगों द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया है। जिसे लेकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया है। गोंड समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि शासनादेश के अनुसार सारे साक्ष्य उपलब्ध कराने के बाद भी लेखपालों द्वारा प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने पर आनाकानी किया जा रहा है। जिसके कारण समाज के बच्चे सरकार की योजनाओं से वंचित हो जा रहे है। यही नही एक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा समाज के लोगों को जाति सूचक शब्दों के साथ दुर्व्यवाहर किये जाने का आरोप लगाया। जिसे लेकर गोंड समाज के लोग आन्दोलन की चेतावनी दिया है। वही समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामउजागिर गोंड ने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया है।

## प्रदेश की खुशहाली व तरक्की सपा सरकार में ही संभव: लकी यादव



संवाददाता। जौनपुर

नगर स्थित जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान मल्हनी से नवनिर्वाचित विधायक लकी यादव ने कहा कि आज केन्द्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इस सरकार के वादों से लोगों ने बड़ी उम्मीदें लगा रखी थी लेकिन आज सभी नौजवान, छात्र, किसान, मझोले व्यापारी,कर्मचारी इस सरकार से दुखी है। प्रदेश में बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ रही है। किसान पर कानून थोपा जा रहा है। विपक्ष पर मुकदमे थोपे जा रहे हैं। जनता अब झूठ और दमन से उब चुकी है। समाजवादियों की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। प्रदेश के लोगों के चेहरे पर मुस्कान व खुशहाली सपा सरकार में ही संभव है। पूर्व सांसद तुफानी सरोजए पूर्व मंत्री केपी यादवए पूर्व एमएलसी लल्लन यादव ने संगठन की मजबूती व किसानों के समर्थन में संघर्ष पर बल दिया।

### प्राचार्य के रूप में डा समर बहादुर सिंह ने कार्यभार संभाला

**जौनपुर।** नगर के तिलकधारी महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य के रूप में महाविद्यालय के बी0एड0 विभागाध्यक्ष डाण् समर बहादुर सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के उपरांत डाण् सिंह ने कहा कि उनका मुख्य कर्तव्य यही है कि महाविद्यालय में अनुशासन के साथ पठन.पाठन का कार्य सम्पन्न हो। विदित हो कि डाण् सिंह 1988 में महाविद्यालय में बीएड विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हुए। उसके बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक में कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। वर्तमान में डाण्सिंह डीन शिक्षा संकायए डायरेक्टर पीएचडी सेल पूर्वांचल विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं।

### प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र खेसरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत भूपतजोत में शनिवार को चौपाल का आयोजन करके प्रशासन आपके द्वार ष्कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारीए बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षकए लेखपाल एवं पुलिस के साथ चौपाल में प्रतिभाग किया। चौपाल में ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। जो मौके पर नहीं निस्तारित हो सके उनके लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## संत रामसुभीख प्रजापति की मनायी गयी जयंती

**जौनपुर।** नगर के मुरादगंज स्थित संत रामसुभीख प्रजापति धर्मशाला में अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज द्वारा भारतीय प्रजापति शीर्षक सुधारक संत रामसुभीख प्रजापति की 94वीं जयंती मनायी गयी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाससपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय प्रजापति ने कहा कि संत रामसुभीख प्रजापति हमेशा कुम्हार जाति के उन लोगों का घोर विरोध किया करते थे जो कुम्हार जाति के होकर अन्य जाति का शीर्षक अपने नाम के साथ प्रयोग करते थे। ये सभी जाति व धर्म का सम्मान करते थे। विशिष्ट अतिथि मोहन लाल प्रजापति ने कहा कि सन् 1964 में ये प्रजापति शीर्षक सुधारने में क्रांतिकारी नेता हुआ करते थे।



इनको लोग मोकादम जी कहते थे। उन्होंने कहा था कि 21वीं शताब्दी सन् 2021 के बाद सम्पूर्ण भारत में कुम्हार क्रांति आयेगी।

# नव वर्ष पर जिले में विविध आयोजनों की रही धूम

## नए वर्ष पर उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्य के लिए डॉ. सीपी आर्या को किया जा रहा सम्मानित

संवाददाता। मऊ

नव वर्ष को लेकर जिले में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर विविध प्रकार के आयोजन किए गए थे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ दंत रोग चिकित्सक डॉण् सीपी आर्या को चिकित्सा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में नव वर्ष 2021 का उत्साह साफ नजर आया। नए वर्ष के दौरान युवाओं ने दोस्तों के साथ पार्कए रेस्टोरेंटए सहित धार्मिक.सार्वजनिक स्थलों पर दिन गुजारा। इस दौरान युवाओं की जोड़ी बेफिक्र होकर एक.दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे थे। फूलों की दुकान पर तरह.तरह के आकर्षक फूल.मालाएं और बुके लेने



के लिए युवाओं का दल सुबह से शाम तक जुटा रहा। लाल गुलाब की बिक्री जबरदस्त रहा। घर से लेकर बाहर तक साल के पहले दिन लोगों ने जमकर मौज.मस्ती की। सूर्यदेव भी नए वर्ष के उत्साह के साथ खड़े दिखाई दिए। साइबर जगत तो कई दिनों से सोया ही नहीं है। फेसबुकए व्हाट्सएपए ट्वीटरए ईमेल पर बधाई संदेशों को तांता लगा रहा। हालत यह कि सुबह से शाम तक कई बार नेट जाम भी हो गया। 31 दिसंबर को साल की विदाई में नगर में दर्जनों स्थान पर कार्यक्रम आयोजित हुए। डीजे और डांस के आयोजन सहित होटल.रेस्टोरेंट में सामूहिक भोज आदि का कार्यक्रम हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी विविध आयोजन किए गए थे। रातभर नृत्य.भोज के साथ मय का खुमार भी तारी रहा।

### पूर्वदशम छात्रवृत्ति की समय सारणी निर्गत

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि समाज कल्याण उप्र द्वारा पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु संशोधित समय सारणी निर्गत कर दी गयी है। जो पोर्टल पर भी प्रदर्शित करा दी गयी है। अभी भी जो छात्र, छात्रा, आनलाईन आवेदन करने से वंचित रह गये है वे अपना जारी नवीन समय सारणी के अनुसार पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र. छात्राओं को आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21 जनवरी एवं संस्थाओं द्वारा आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, सत्यापित, वापस एवं अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 02 फरवरी 2021 निर्धारित की गयी है।

## जगदम्बिका पाल, युवा पीढ़ी लें सीख : हरीश द्विवेदी

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल का 70 वां जन्म दिवस समारोह स्थानीय सूर्यबक्श पाल पीजी कालेज के प्रांगण में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व सांसद हरीश द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कप्तानगंज से विधायक सीए चंद्रप्रकाश शुक्लए रवि सोनकरए संजय प्रताप जायसवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल नें एक साथ केक काटकर समारोह का आगाज किया।

### केक काटकर मनाया सांसद का जन्मदिन

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदम्बिका पाल जी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बर्डपुर के चैनपुर चौराहे पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं संग केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई तथा ईश्वर से उनके दीर्घायु होंने और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहने की कामना किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेयए मंडल उपाध्यक्ष अमित उपाध्यायए सेक्टर प्रभारी सबलू साहनी आदि लोग मौजूद रहे।

### टीबी हारेगा देश जीतेगा के दूसरे चरण का हुआ शुभारंभ

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी हारेगा देश जीतेगा के तहत तीन चरणों में अभियान चलाया जा रहा है । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रथम चरण विगत 26 दिसम्बर 2020 से 01 जनवरी 2021 तक चलाया गया। जिसमें जनपद कारागारए वृद्धा आश्रमए बाल संरक्षण एवं मदरसों में जाकर टीबी एवम कोविड के संभावित रोगियों की खोज की गई । लगभग 1000 लोगों की स्क्रीनिंग के बाद कुल 60 सैंपल कलेक्ट किये गए जिनमें कोई भी टीबी रोगी नहीं पाया गया । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत शनिवार को राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा किया गयाए जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।

## शरारती तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर प्रतिमा, ग्रामीण आक्रोशित

**जौनपुर।** परियावां गांव के कुड़वां चौराहे पर लगा भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा शुक्रवार की देर रात शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। जब टूटने की आवाज सुनाई दी तो आसपास के लोगों ने विरोध किया। इसके बाद शरारती तत्वों ने मारपीट के साथ फायरिंग किया जिसमें 26 वर्षीय मुलायम पुत्र रामदीन के हाथ में लगती हुई गोली निकल गई। वहीं 21 वर्षीय सुजीत पुत्र शंकर को पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। घटना की जानकारी सुबह जब ग्रामीणों को हुआ तो ग्रामीण आक्रोशित हो गये और सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होने लगे। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मांग किया कि तुरन्त दूसरी प्रतिमा लगवाई जाए तब जाकर हम लोग यहां से हटेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाए।

# डीएम ने भूलेख कक्ष का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट के भूलेख कक्ष का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरासत अभियानए स्वामित्व योजनाए आम आदमी बीमा योजनाए स्थापना सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया एवं संबंधित पटल सहायक को आवश्यक निर्देश दिए। वर्तमान में चल रहे वरासत अभियान व स्वामित्व योजना को लेकर जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्टार कानूनगो व राजस्व निरीक्षक की सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक का निरीक्षण कर एक महीने के अन्दर अपडेट करने के निर्देश दिए साथ ही जो कर्मचारी रिटायर हो गए हैं उनके सभी देयकों का तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए इसके साथ ही जिलाधिकारी ने फइलों के रखरखाव को ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में कोविड.19 के दृष्टिगत सैनिटाइजेशनए साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

### डीएम ने सुनी जन समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर शनिवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 19 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# अपर जिलाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**संवाददाता।** अमेठी

**जनपद** की निवर्तमान अपर जिलाधिकारी विध्र वंदिता श्रीवास्तव की आज कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य एवं भावभीनी विदाई की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरुण कुमारए अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटाए उप जिला अधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्य सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एकर्मचारीए अधिवक्तागण मौजूद रहे। सभी ने निवर्तमान अपर जिलाधिकारी के कार्यकाल की भूरि.भूरि सराहना करते हुये कहा कि जनपद में अपर जिलाधिकारी का कार्यकाल सदैव याद किया जाता रहेगा। निर्वाचन से लेकर अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर अपर जिलाधिकारी ने जिस प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुये आसन्न समस्याओं का समाधान किया जिसके कारण कोई भी समस्या जनपद के समक्ष उत्पन्न नही हुई यह उनके उत्कृष्ट कार्यकाल का प्रमाण रहा हैए आज स्थानान्तरण के फलस्वरूप हम सभी से विदा हो रही हैं। सरकारी सेवा की यह नियति है कि एक निश्चित कार्यकाल के पश्चात् अन्यत्र तैनाती के जनपद पर जाना पड़ता है। भावुक मुद्रा में निवर्तमान अपर जिलाधिकारी ने अमेठी जनपद के अपने कार्यकाल के दौरान साथी अधिकारियोंए कर्मचारियोंए अन्य विभागीय अधिकारियोंध्कर्मचारियोंए जनपद के प्रबुद्ध नागरिकोंए समाज सेवियोंए व्यापार मण्डल व अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया और आश्वासन भी दिया कि वे जहां भी रहेगीं अमेठी के अपने कार्यकाल को सदैव स्मरण करती रहेगीं। इस विदाई समारोह के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमारए तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग बालिका के साथ दुराचार

**बाराबंकी।** एक और नाबालिक बालिका के साथ दुराचार का मामला सामने आया है।पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। घटना देर शाम लगभग सात बजे की है मसौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार की शाम एक चौदह वर्षीय बालिका शौच के लिये घर से बाहर गयी थी तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे युवक अमित ने उसे दबोच लिया और जबरन दुराचार किया और उसे गंभीर अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। बदहवास हालत में घर लौटी बालिका ने अपने परिजनों को आपबीती बताई तो उनके भी होश उड़ गये। आनन फानन ने परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया।इस संबंध मे क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार दूबे ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही पीड़ित बालिका को जिला महिला चिकित्सालय भेजकर चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है,जिसके बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### कच्ची दीवार गिरने से मासूम बालिका की हुई मौत

**तिलोई अमेठी।** कोतवाली मोहनगंज अंतर्गत उत्तरपारा गांव में बीती कल शाम लगभग 4 बजे एक कि निर्धन दलित की कच्ची दीवार के गिर जाने से उसके मलबे में दो मासूम सगी बहने दब गई जिसमें से एक की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गए गई जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार पवन कुमार शर्मा देर रात मौके पर पहुंचे व अपने मातहत कर्मचारियों को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया तथा घटना के प्रति उन्होंने गहरा दु:ख भी जताया। जानकारी के मुताबिक उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरपारा गावँ निवासी धर्मराज की बेटी कु0 सीता ;4द्ध व सुमन ;11द्ध घर के बाहर खेल रही थी कि सहन में बनी दीवार के ऊपर रखा छप्पर समेत दीवार भरभरा कर गिर गयी जिसके नीचे दबी कु0 सीता 4 वर्ष की मौके पर मौत हो गई तथा ग्रामीणों की अथक प्रयास के बाद मलबे से निकाली गई दूसरी बेटी सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। तहसीलदार पवन कुमार शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लेने होने के बाद बताया कि कोटेदार को राशन सामग्री मुहैया कराने का निर्देश देते हुए उसके परिजनों के नाम राशन कार्ड तुरंत बनाने का निर्देश भी दिया गया है । लेखपाल धैर्य कुमार श्रीवास्तव ने मौके का जायजा ले करके अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है ।उक्त घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अभिषेक शुक्ला ने बताया कि दीवाल गिरने से घायल हुई बालिका का इलाज करने के बाद उसे घर भेज दिया गया है।

### भाजपा ने पंचायत चुनावों को लेकर किया मंथन

**ललितपुर।** नेशनल हाईवे स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में पंचायत चुनाव के अलावा अन्य सांगठनिक विषयों पर चर्चा की गयी।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू उपस्थित रहे ।बैठक में मुख्य चर्चा का विंदु पंचायत चुनाव रहा । मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर एक चुनाव को गम्भीरता से लेती है और इसी तरह पंचायत चुनावों को भी गम्भीरता से ले रही है ।हमारा लक्ष्य इस बार पंचायतों के अधिक से अधिक प्रतिनिधि जीत कर लाने का है और इस के लिए कार्यकर्ताओं से मिलकर ऐसी कार्ययोजनायें वनायीं जायेंगी कि हम अधिक से अधिक सफल हो सकें । इस अवसर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहूए जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड श्रमसेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पन्थ उर्फमन्नूकोरी सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरीराम निरंजन जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला निवर्तमान अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवासए उपस्थित रहे ।वैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने की और संचालन जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला ने किया

### मोबाइल शॉप में लगी आग

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की रात एक मोबाइल की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गयी जिससे उसमें रखा हजारों का कीमती सामान जलकर राख हो गया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने पुलिस व फायर विभाग को जानकारी दी तब जाकर आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल गुप्ता निवासी सत्यप्रेमी नगर की स्टेशन रोड स्थित दुलारा काम्पलेक्स में बाथम इलेक्ट्रानिक्स की दुकान है। अतुल ने बताया कि रोज की भॉति शुक्रवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चला गया था और शनिवार की सुबह जब दुकान खोलने के लिये दुकान के कर्मचारी विवेक व संतोष आये तो देखा कि दुकान की अंदर से धुँआ निकल रहा है इस पर सर्वप्रथम हमें सूचना देने के साथ ही पुलिस व फायर विभाग को भी अवगत कराया तब मौके पर पहुच कर आग पर काबू पाया गया। उन्होने बताया कि इस घटना में हजारों का सामान जलकर राख हो गया है। फायर विभाग आग से हुये नुकसान का आकलन करने में जुटा है। मामला शार्ट सर्किट से होने की बात कही जा रही है।

### नवागत उपजिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवागत उपजिलाधिकारी सुनील त्रिवेदी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए तहसीलदार श्रद्धा सिंह ने कहा सरकार की योजनाओं को अमली जामा पहनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए राजस्व अधिकारियों व कर्मियों की अहम भूमिका होती है। वहीं रजिस्ट्रार कानूनगो हरिहर प्रसाद यादव उदय प्रताप सिंह सेतु राम घनश्याम त्रिपाठी सहित अन्य राजस्व अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर नवागत एसडीएम सुनील त्रिवेदी का स्वागत किया । वहीं गुरुवार को शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण में सचिव पद पर स्थानांतरित किए गए एसडीएम राम शंकर को तहसील कर्मियों ने फूल मालाओं से लाद कर भावभीनी विदाई दी नवागत एसडीएम सुनील त्रिवेदी ने स्थानांतरित उपजिलाधिकारी राम शंकर को विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की ।इसके अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मियों ने विदाई देते हुए उनके साथ बिताए कार्यकाल को याद करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उनके संकल्प की चर्चा की ।वहीं निवर्तमान एसडीएम राम शंकर ने समारोह को संबोधित करते हुए करीब एक वर्ष के कार्यकाल में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।समारोह में अशोक सिंह अमर बहादुर अशोक विश्वकर्मा अमर नाथ पांडेय सहित समस्त तहसील कर्मी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, हुई मौत

**बाराबंकी।** कोतवाली नगर के मोहम्मदपुर पुलिस चौकी के पास लखनऊ.अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर मौके पर ही घायल बुजुर्ग दम तोड़ दिया ।प्राप्त विवरण अनुसार बुजुर्ग श्याम लाल(70)पुत्र गोपाल निवासी सेमरा कॉलोनी थाना चिनहट जनपद लखनऊ के रूप में हुई है ।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया है और फरार अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है

### विधायक रांकी में सौंपेंगी विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात

**प्रतापगढ़** सांगीपुर क्षेत्र के रांकी गांव मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना विभिन्न विकास योजनाओं की आज रविवार को आधारशिला रखेगी। इसके उपरांत वह पूर्वान्ह ग्यारह बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेगीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी करेगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति मे दी है।

### चार जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समस्त थानो में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान में 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।

# नेता विपक्ष की अगुवाई में सपाइयों ने सौंपी आर्थिक सहायता

**संवाददाता।** प्रतापगढ़



**कोतवाली** के बाबूतारा गांव मे पिछले वर्ष पुलिस पिटाई से हुई मौत को लेकर सपा के प्रतिनिधिमण्डल ने शनिवार को गांव पहुंचकर मृतक मकबूल की पत्नी अनीशुलनिशा को पार्टी की ओर से एक लाख की सहायता राशि चेक सौंपा। नेता विपक्ष रामगोविंद चौधरी की अगुवाई मे गांव पहुंचे प्रतिनिधिमण्डल ने घटना को लेकर मृतक के परिजनों से दुख जताते संवेदना प्रकट की। नेता विपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के रहते जुल्म और ज्यादती पराकाष्ठा पर आ पहुंची है। उन्होनें कहा कि प्रदेश मे कानून और व्यवस्था पंगु हो चुकी है। वहीं बाबूतारा जैसी कई घटनाएं पुलिस की निरंकुशता को बयां कर रही है। प्रतिनिधिमण्डल मे विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी रहे संजय पाण्डेय ने भी घटना की बर्बरता से नेता विपक्ष को अवगत कराया। प्रतिनिधिमण्डल मे पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा, पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह मुन्ना, कुण्डा चेयरमैन गुलशन यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, सोरांव विधायक अंसार अहमद, पूर्व प्रमुख शांति सिंह, टीपी यादव, सियाराम यादव, भइयाराम पटेल, पूर्व विधायक श्याद अली, सपा ब्लाक अध्यक्ष साकिर अली, रामनयन वर्मा, वाशिक खॉन, अनीस खॉन, मंजूर अली, समशाद अली, मकसूद खॉन, रामलगन यादव, मिथिलेश मिश्र, आदि रहे।

# चाय विक्रेता का गोली मार किया घायल, विरोध में बाजार बंद

**संवाददाता।** प्रतापगढ़



**चाय** विक्रेता को घात लगाये बदमाशो ने शनिवार की भोर गोली मारकर घायल कर दिया। हालांकि गंभीर रूप से घायल चाय विक्रेता का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज मे इलाज जारी है। घटना को लेकर बाजार मे तनाव फैल गया और दोपहर तक बाजार मे प्रतिष्ठान बंद रखकर लोगों ने विरोध जताया। सीओ के समझाने बुझाने पर दोपहर बाद बाजार मे प्रतिष्ठान खुल सके। कोतवाली के डीह मेंहदी बाबूगंज मे मो. शकील उर्फ लालबाबू 40 घर से दो सौ मीटर दूर चाय की दुकान चलाया करता है। शनिवार को शकील करीब साढे चार बजे घर से रोज की तरह दुकान खोलने निकला। इस बीच गली मे पहले से ही घात लगाये बैठे हमलावर ने उस पर फायर झोंक दिया। गोली शकील के कंधे के नीचे हाथ मे जा लगी। जख्मी शकील की चीखपुकार सुन आसपास के लोग घरो से निकलकर दौड पडे। तब तक नकाबपोश बदमाश भी मौके से भाग निकले। घायल शकील को आननफानन मे स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां भी इलाज के बाद चिकित्सको ने शकील को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घटना से आक्रोशित व्यापारियो ने दुकान बंद कर विरोध जताना शुरू किया। जानकारी मिलने पर सीओ जगमोहन भी बाजार पहुंचे। सीओ तथा कोतवाल संजय यादव ने हमलावर को हिरासत मे लेने का भरोसा दिलाया तो व्यापारी शांत हो सके। दोपहर बाद प्रतिष्ठान खुल गये।

## मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** घरौनी बनाने के कार्यों का डीएम के साथ मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सर्वे टीम द्वारा गांवों मे ड्रोन कैमरे से की जा रही मैपिंग के कार्य का लिया जायजा ।इस दौरान मौके पर मौजूद राजस्व निरीक्षक एवं अधिकारियों से शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे वरासत अभियान की प्रगति के बारे मे भी जानकारी ली।मंडलायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वरासत के कार्य मे कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए।शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम अरियामऊ जदवापुर तासीपुर रानीकटरा आदि में सर्वे आफ इंडिया की टीम द्वारा तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह की अगुवाई में ड्रोन कैमरे से घरों की मैपिंग का कार्य किया जा रहा था। डीएम के साथ मंडलायुक्त मौके पर पहुंच गए और कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी के स्वागत समारोह में जुटे भाजपाई



**संवाददाता।** बाराबंकी

**सांसद** उपेंद्र रावत ने कहा कि एमएलसी चुनावों में समर्पित कार्यकर्ताओं के बलबूते भाजपा को दोनो सीटों पर शानदार जीत हासिल हुई। अब जिले के भाजपा के विधायकों की संख्या चार से बढ़ कर छह हो गयी है जिससे जिले में विकास कार्यो में और तेजी आएगी।सांसद शनिवार को भाजपा कार्यालय में शिक्षक और स्नातक एमएलसी के स्वागत समारोह में बोल रहे थे।इसके पूर्व दोनो एमएलसी का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया।दोनो एमएलसी जीत के बाद पहली बार भाजपा कार्यालय पहुँचे थे।शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक के आत्मसम्मान की लड़ाई के लिए कृत संकल्पित रहूँगा।स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि जिले की समस्याओं को जोर शोर से विधान परिषद में उठाऊंगा । नवनिर्वाचित दोनो विधायकों ने कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया।विधायक बैजनाथ रावत ने कहा कि चुनाव जीतने पर मान जरूर बढ़ता है मगर अभिमान नहीं बढ़ना चाहिए।पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह ने कहा कि एमएलसी चुनाव में जीत का सिलसिला पंचायत चुनाव में भी जारी रखना होगा।जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्नातक चुनाव में विपक्षी को कर्मठ कार्यकर्ताओं जिस तरह से मात दी है उसी के भरोसे जिले में पंचायत चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा।इस अवसर पर पुर विधायक राजरानी रावतएकिसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह सिद्धूएकोऑपरेटिव चेयरमैन धीरेंद्र वर्माए डॉ हरिनाम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।सन्चालन महामंत्री सन्दीप गुप्ता ने किया।इस अवसर पर राकेश पटेलएरचना श्रीवास्तवएप्रमोद तिवारीएविजय आनन्द बाजपेईए राम सिंह वर्माए अरविंद मौर्यएडॉ अमित वर्माएराजेश वर्माए सरिता सिंहए रामेश्वरी द्विवेदीएअर्चना मिश्राए आशीष शर्माएडॉ रिजवान अलीएभरतलाल सिंह एडॉ अवधेश वर्मा सहित भाजपा के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन्मदिन मनाया गया

**स्वागत** समारोह के उपरांत कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्यए विधायक शरद अवस्थी एवं विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में केक काटकर इनके दीर्घ जीवन की कामना की गई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**बाराबंकी।** शनिवार को देवा थाना अंतर्गत ग्राम पलटा के पास अनियंत्रित टैम्पो ने बाइक सवार को जोरदार टक्करमार दी जिसमें बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और देवा से सवारी लादकर जा रहा टैम्पो भी पलट गया और टैम्पो चालक मौके से फरार होने हो गया।सूचना मिलने पर पँहुची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बहादुरपुर पोस्ट सोमैया नगर निवासी विकास मौर्या;24द्ध पुत्र कमलेश प्रसाद किसी कार्य से देवा की ओर जा रहा था और सामने से सवारी लेकर आ रहे एक अनियंत्रित टैम्पो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर बाइक सवार युवक ने दमतोड़ दिया।वहीं देवा थाने के उपनिरीक्षक भगवान दास यादव ने बताया कि मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।वहीं म्रतक के परिवार में मातम का माहौल है।

# सपा कार्यकर्ता मतदाताओं को करें जागरूक

**संवाददाता।** ललितपुर

**बाइस** में साइकिल का नारा बुलंद करते हुये आसन्न पंचायत चुनाव में समर्थित प्रत्याशियों को जीत दर्ज कराने की दिशा में कार्य करने की रणनीति को लेकर नये वर्ष 2021 में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड ने की जबकि संचालन महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन ने किया। बैठक में नये वर्ष के साथ.साथ सपा जिलाध्यक्ष का नवीन कार्यकारिणी के साथ एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सभी फ्रण्टल जिलाध्यक्षों के साथ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूलमालायें पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

बैठक को संबोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर वर्ष 2021 ही शेष रह गया है। इसलिए अब हम सभी को एकजुट होकर मतदाताओं को जागरूक करना होगा। पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुये अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडना उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष में वैश्विक महामारी जैसी आपदा को सत्तादल ने अवसर के रूप में तब्दील कर लियाए लेकिन अब सपाईयों को एकजुट होकर ष्बाइस में साइकिलष् की थीम पर कार्य करते हुये आगे बढना है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर कभी भी अधिसूचना जारी हो सकती है। इसलिए हम सभी को एकजुट होकर पार्टी से समर्थित प्रत्याशियों को ग्राम प्रधानए जिला पंचायत सदस्य पदों पर अधिक से अधिक संख्या में जीत हांसिल कराने के लिए जमीनी स्तर से मेहनत और अधिक करनी है। इसके अलावा पार्टी की चिह्न साइकिल के लिए गांव.गांव में जाकर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों की हालत बद से बदत्तर होती जा रही है।

## युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों मे एक युवक मौत हो गई परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली के आवास विकास के जलनिगम कॉलोनी के निवासी विजय पाठक का 23 वर्षीय पुत्र विनय पाठक जो आवास.विकास में मोबाइल की एक दुकान का संचालित करता है उसे नववर्ष के दिन उसके कार सवार दोस्त बुलाकर ले गए थे और देर रात तक वापस न आने के बाद जब परिजनोने मोबाइल पर संपर्क किया तो विनय ने बताया कि आ रहा हूं लखनऊ मे हूं और अभी लौट आऊंगा फिर देररात घर आया और तेज से आवाज अपनी माता को दी मां मेरे पेट मे बहुत जोर का दर्द हो रहा है फिर आनन.फानन परिजन विनय को जिला अस्पताल लेकर पंहुचे कुछ ही देर में विनय ने दम तोड़ दिया पिता सहित परिजनों ने कुछ खिलाकर हत्या करने की आशंका जताई है।

# परखी गईं बालगृह की व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** ललितपुर




**अपर** जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं मूल्यांकन समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह ;किशोरद्ध नेहरूनगर एवं राजकीय बाल गृह ;बालकद्ध दैलवारा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम राजकीय सम्प्रेक्षण गृह ;किशोरद्धए नेहरूनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में कुल 54 किशोर संस्था में निवासरत पाये गये। किशोरो के शयन कक्षो शौचालयो स्नानगृह रसोई आदि निरीक्षण किया गया। संस्था में 15 सीसीटीवी कैमरे लगे है। किशोरो के पीने के लिये संस्था में दो आर ओ व एक वाटर कूलर लगा पाया गया।प्र सहायक अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुए संस्था में इसके बचाव के सभी इन्तजाम किये जाये व समय.समय पर बच्चो व कर्मचारियो की जांच करायी जाये। निरीक्षण समिति द्वारा संस्था में निरूद्ध किशोरो से संस्था की समस्त व्यवस्थाओं के बारे में पूंछा गया। जिसमें सभी किशोरों द्वारा सभी व्यवस्थाये ठीक बताई गयी। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभीबच्चो को क्लास में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने के निर्देश दिये गये। तदोपरान्त जिला निरीक्षण समिति राजकीय बाल गृह ;बालकद्ध दैलवारा गयी सभी कर्मचारी ड्यूटी के अनुसार तैनात थे। संस्था में निवासरत बालक शिक्षण कार्य करते पाये गये। वर्तमान में संस्था में 32 बच्चे निवासरत है। संस्था के प्र अधीक्षक राधेलाल ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन हेतु संस्था में टी वी कैरम टेबिल टेनिस किकेट फुटबॉल आदि खेलों की व्यवस्था है। बालकों सेउनके स्वास्थ्य शिक्षा खान.पान आदि की गुणवत्ता परखी गयी सभी बालकों द्वारा व्यवस्थायें ठीक बताई गयी। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संस्था में उपलब्ध जगह कमरो मनोरंजन कक्ष शिक्षण कक्ष शौचालयों स्नान गृहो एवं रसोई कक्ष का निरीक्षण किया गया इसके बाद बच्चों को प्रदान किये जाने वाले कपडों विस्तर की गुणवत्ता परखी गयी। बच्चों के पीने के लिये संस्था में दो आर ओ व एक वाटर कूलर लगा पाया गया।

पायनियर
रविवार, 3 जनवरी, 2021

# एजेण्डा



मेरे लिए इंटरनेट एक प्रकार का काला छेद है और मैं उसमें सचमुच कभी नहीं जाती हूं
- जेनिफर लॉरेंस

# पेट मजबूत तो प्रतिरक्षण मजबूत

**महामारी ने भारत के स्वास्थ्य देखभाल सेक्टर में खामियों को उजागर कर दिया है। अभी तक हमारे देश में 1.47 लाख मौतें हो चुकी हैं जबकि पूरी दुनिया में 1.74 करोड़ लोग इस महामारी का शिकार हो चुके हैं। प्रतिरक्षण को नजरंदाज करने वाले लोगों ने कोरोना वायरस से लड़ने हेतु अपने शरीर का प्रतिरक्षण बढ़ाने के लिए वैकल्पिक दवा व प्रोबायोटिक्स का सहारा लिया। योग और व्यायाम प्राथमिकता बन गए साथ ही स्वस्थ खानपान शैली को अपनाया गया। इस दौरान, देशों ने उपचार तलाशने की जददोजहद की है और एक असरकारी टीका आने वाला है जब भारत 2021 में टीकाकरण की शुरुआत करेगा।**







ISHI KHOSLA

> अनेक लोग यह जानकर चकित हो सकते हैं कि प्रतिरक्षण प्रणाली का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा पेट में स्थित होता है। इस तंत्र का काम इनफ्लेमेशन पैदा करके हमलावर का सफाया करना तथा उससे लड़ने के लिए एंटीबाडीज को सक्रिय करने का प्रयास करना है।

किसने सोचा होगा कि एक अदृश्य वायरस दुनिया में इस कदर उथल पुथल मचा देगा? और यह कि हमारे भीतर जो खरबों सूक्ष्म जीव हमारे जीवन को का तानाबाना बुनते हैं: असलियत में तय करते हैं कि हम भीतर से बाहर कौन हैं। हम कैसे दिखते हैं और हम कितने स्वस्थ हैं।

ढाई हजार साल पहले, जब हिप्पोक्रेट्स ने कहा था कि : सभी बीमारियां पेट में आरंभ होती हैं। उनका एक अद्भुत सहजबोध था जिसकी केवल हाल ही में, मानवजाति को प्रभावित करने वाली अनेक जटिल सूजनकारी बिमारियों (सीआईडी) के रोगजनन में आयी नयी समझदारियों के कारण, भरपूर प्रशंसा की गयी है।

30 साल पहले तक, जब मानव जीनोम परियोजना अभी अपने आयोजन चरण में थी, सामान्य परिकल्पना थी कि जेनेटिक प्रवृत्ति एवं परिवेशगत उत्प्रेरणा का उभरना दोनों अनिवार्य थे और संक्रमित, एलर्जिक, न्यूरोइनफ्लेमेटरी या न्यूरोडिजनरेटिव, आटोइम्यून बिमारियों एवं कैंसर समेत जटिल ज्वलनशील बिमारियां विकसित होने के लिए पर्याप्त थे।

हालांकि महामारी विज्ञान आंकलन, पश्चिमी गोलार्द्ध में संक्रमणकारी बिमारियों में संयोगवश गिरावट के साथ, जटिल सूजनकारी रोगों में पिछले चार दशकों के दौरान भारी तेजी दिखाता है कि जीन




या पर्यावरण दायरे के साथ कुछ गड़बड़ी थी। इसने स्वच्छता परिकल्पना को उत्पन्न किया जो इस बात का समर्थन करती थी कि हम खुद को अपने खुद के भले के लिए बहुत ज्यादा साफ रखा हुआ था और यह कि पश्चिमी जीवनशैली को अपनाने वाले लोग संक्रमणकारी रोगों को तेजी से शिकार होने के बजाय धीरे धीरे जटिल सूजनकारी रोगों से मरेंगे जैसा कि अभी भी विकासशील देशों में हो रहा है। (अलेस्सियो फासानो जनवरी 2020)

अब यह स्पष्ट है कि पेट का माइक्रोबायोटा प्रतिरक्षण प्रणाली समस्याओं के रोगजनन का प्रमुख कारण है। हालांकि अनेक प्रक्रियाएं इसमें शामिल होती हैं, मगर प्रतिरक्षण प्रणाली स्पष्टतया विशेष भूमिका निभाती है। सचमुच, पेट के माइक्रोबियल संरचना में शारीरिक संतुलन का बिगड़ना डिसबियोसिस की ओर ले जाता है, जो फिर सूजन को बढ़ाने यहां तक जीन अभिव्यक्ति को प्रभावित करने में सक्षम होता है।

अनेक लोग यह जानकर चकित हो सकते हैं कि प्रतिरक्षण प्रणाली का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा पेट में स्थित होता है। इस तंत्र का काम इनफ्लेमेशन पैदा करके हमलावर का सफाया करना तथा उससे लड़ने के लिए एंटीबाडीज को सक्रिय करने का प्रयास करना है। प्रतिरक्षण तंत्र शरीर की अपनी कोशिकाओं का भी सफाया करता है जब वे बीमार हो जाती हैं।

इन गतिविधियों को करने के लिए, प्रतिरक्षण तंत्र की कोशिकाओं को दुश्मनों के बारे में दोस्तों को बताने में सक्षम होने की आवश्यकता होती है। पेट के सूक्ष्मजीव इसमें पुन: केन्द्रीय भूमिका निभाते हैं: पाचनकार्य के दौरान, वे फाइबर को छोटे मालीक्यूल्स में विभाजित कर देते हैं जिसमें शार्ट चेन फैटी एसिड (एससीएफए) सम्मिलित होते हैं। ये एससीएफएस पेट के प्रतिरक्षण कार्य को प्रभावित करते हैं और टी सेल्स को सक्रिय करते हैं, यानी वो सूचना देने में जो दुश्मनों से दोस्त को पहचानने में तथा यह फैसला करने में, कि कोशिका पर कब हमला करना है और कब नहीं करना है, में शरीर की सहायता करती है।



**भारत में कुल संक्रमित मामलों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है।**

**आईएमए के अनुसार 500 से अधिक डॉक्टरों ने कोविड 19 संक्रमण से अपना जीवन खोया है।**

**विश्व में लगभग आठ करोड़ लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और लगभग 17.51 लाख लोगों की जान गयी है।**

**अमेरिका में सर्वाधिक 1.91 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं।**

पेट के माइक्रोबियोम में गड़बड़ी सीधे बिमारियों को प्रभावित करती है, मसलन, इनफ्लेमेटरी बोवल डिजीज, डायरिया व अनेक अन्य पाचनकारी बिमारियों को। यह पेट के बाहर की विभिन्न अन्य जटिल घातक बिमारियों का शुरूआती बिन्दू भी हो सकती है जिनमें अस्थमा, त्वचा रोग, स्वप्रतिरक्षण रोगों एवं मेटाबोलिक बिमारियां शामिल हैं।

प्रोफेसर सार्किस मेजमानियन, केलटेक में, माइक्रोबायलोजी के प्रोफेसर, जिन्होंने एक दशक से ज्यादा समय स्वास्थ्य पर पेट के सूक्ष्म जीवों के प्रभाव का अध्ययन किया है, वे इंगित करते हैं कि पेट में विभिन्न बैक्टीरियल प्रजातियों का संतुलन प्रभावित कर सकता है कि प्रतिरक्षण तंत्र सक्रिय होता है या नहीं।

प्रोबायोटिक्स एवं इम्युनिटी के बीच संबंध, हालांकि वैज्ञानिक दायरों में पूर्णतया स्थापित है, को आम व्यक्ति द्वारा आसानी से नहीं समझा जाता है। इम्युनिटी निर्माण में प्रोबायोटिक्स की भूमिका को समझने से इन भोजनों की बेहतर स्वीकार्यता की ओर बढ़ा जा सकता है।

>> पेज 3

## रोग को जड़ से समाप्त करता है आयुर्वेद

**डॉ. प्रताप चौहान-**

हम सभी ने कहावत सुनी है, 'नींद सबसे अच्छी दवा है' लेकिन हमारी लगातार बढ़ती सीमारेखाओं के कारण, खासतौर पर घर से काम करने वाले दौर में जहां काम कभी रुकता नजर नहीं आता है और घर चौबीस घंटा आफिस बन गया है, हम धीरे धीरे अपनी नींद खो रहे हैं। रोज रात में 6 से 8 घंटे की नींद लेना शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य संरक्षण में सहायता कर सकता है।

अच्छी नींद के साथ, हमें संतुलित, स्वास्थ्यवर्द्धक खुराक व जीवनशैली भी रखने की आवश्यकता है। आयुर्वेद आहार (खुराक) और विहार (जीवनशैली) पर अत्यंत जोर देता है। उदाहरण के लिए, आपने बुजुर्गों से कोरोना वायरस के खिलाफ बचने तथा प्रतिरक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए दिन में एक बार काढ़ा पीने के बारे में सुन रखा होगा। योग भी सभी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी जाना जाता है।

जो चीज समझना आवश्यक है वो यह कि वैकल्पिक दवा का उपयोग हमें अधिक खुशहाल व अधिक स्वस्थ जीवन जीने वाला बना सकता है। और महामारी के दौरान, यदि हम इन सभी चीजों का अभ्यास करें तो हम बेहतर श्वांसकारी क्षमता, कम बेचैनी व बेहतर प्रतिरक्षण प्राप्त कर सकते हैं। आयुर्वेद इतना असरकारी क्यों है तो इसका कारण यह है कि यह रोग के असली कारक का उपचार करता है। यह समस्या की जड़ में जाता है। हालांकि मुख्यधारा औषधि बीमारी के लक्षण के उपचार पर ज्यादा जोर देती है, जबकि आयुर्वेद समस्या के मूल कारण को सुधारता है और कुल मिलाकर जीवन की गुणवत्ता सुधारता है। इसलिए हालांकि आप नियमित अपना मास्क पहन रहे हैं और अपने हाथों को धोते रहने के साथ सामाजिक दूरी बनाए रखे हैं, मगर आयुर्वेद की उन सदियों पुरानी अभ्यास क्रियाओं को जागृत करना मत भूलें, जो बेहतर जीवन जीने में सहायता कर सकती हैं।

**- लेखक जीवा आयुर्वेद के निदेशक, लेखक, जन वक्ता, टीवी व्यक्तित्व एवं आयुर्वेदाचार्य हैं**

## असरकारी मीठी गोलियां

**डॉ. कुशल बैनर्जी-**

होम्योपैथिक या अन्य आयुष प्रणालियों की सलाह का प्रावधान था और अभी भी, सुविधाजनक ढंग से, बढ़ते जोखिमपूर्ण आचरण के प्रोत्साहन के बराबर माना जा रहा है। आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्रालयों ने स्पष्ट किया था कि कोविड-19 की रोकथाम संबंधी समूची सार्वजनिक स्वाथ्य सलाह का अनुपालन किया जाए। एक मध्य भूमि उभरती नजर आई जहां अन्य उपायों को लागू करते हुए, पूरक एवं वैकल्पिक औषधि सलाह (सीएएम) दी जा सकती थी।

उद्योग के कुछ महारथियों ने भी होमियोपैथी की खपत को उत्साहित करने में अपनी आवाज मिलाने में सुविधा महसूस की। हम अपने रोगनिरोध प्रावधान के सुरक्षात्मक असर का समझना चाहते थे। यह दुखद है कि हालांकि सिर्फ 11 से अधिक महीने पहले सामने आए नए वायरस के जीनोमिक कोड के अनुक्रम का पालन करते हुए वैक्सीन को बिलकुल नए सिरे से विकसित किया गया और हजारों प्रतिभागियों की भागीदारी वाले अनेक बहुराष्ट्रीय प्रयोगों के जऱिए चलाई गयी, मगर होमियोपैथी दवाओं से संबंधित प्रयोग जिन्हें कि दो सौ सालों से उपयोग होता आया है और जिनका अद्भुत सुरक्षा नतीजा रहा है, अभी भी पूरा नहीं हुआ है।



गति में अंतर शायद आंशिक तौर पर होमियोपैथी फार्मास्युटिकल कंपनियों की लगभग पूर्णतया रूचि न होने का अंजाम हो सकता है। महंगे प्रयोगों की श्रंखला चलाना, जिसमें कि आम तौर पर उपलब्ध होमियो पैथी दवाइयां होती हैं, इन कंपनियों को निवेश पर कोई लाभ प्रदान नहीं करता है।

भारत दुनिया के लिए सीएएम का प्रकाशस्तंभ है। हमें इस जिम्मेदारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

आयुर्वेद उपचार की एक प्राचीन भारतीय प्रणाली है, लेकिन होमियोपैथी का घर भी कई दशकों से भारत ही बना हुआ है। भारतीयों में प्रणाली की लोकप्रियता अदभुत है। नीति निर्माताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि आयुष प्रणालियों के लिए संसाधनों का आवंटन निष्पक्ष हैं और देशभक्ति की गुमशुदा समझ से ऊपर उठी हुई है।

कोविड-19 तथा, आम तौर पर, साक्ष्य आधारित दवा के चलन के संदर्भ में, प्रमाण की अनुपस्थिति, अनुपस्थिति का प्रमाण नहीं। इस कहावत को पारंपरिक दवा के क्रियान्वयन तथा सीएएम को नजरंदाज करने के लिए किया जा रहा है। सीएएम को उन मरीजों से अलग नहीं रखा जाना चाहिए जो सह रोगों या पारंपरिक दवा अंतर्क्रियाओं के कारण, इसके उपयोग को बाधित करती हैं, पारंपरिक दवाइयां लेने में अक्षम हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि मरीजों की प्राथमिकताएं व मूल्यों को हमेशा हमारे चिकित्सीय निर्णयन को निर्देश देना चाहिए न कि हमारे व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों को।

**- लेखक डॉ. कल्यान बैनर्जी क्लीनिक में होम्योपैथ सलाहकार हैं।**



इंसान अज्ञात से कभी नहीं डरता है, वह ज्ञात के साकार होने से डरता है

- जिद्दू कृष्णमूर्ति

# गुरु को अपना मार्गदर्शक बनाएं



जीवन चक्र

भारत भूषण पद्मदेव

पिछले अंक से बात को आगे बढ़ाते हुए, आइए पहले मन के रसायन व बुनावट पर एक नजर डालते हैं। क्योंकि यह व्यक्ति के कार्यात्मक आदेश के जरिए संचालित व परिभाषित होता है। मन के तीन कार्यात्मक उपकरण होते हैं– बुद्धि, अहंकार और मनसा। उनकी अपने आपमें स्वतंत्र पहचान नहीं है। बल्कि वे एक एकीकृत व्यवस्था में परस्पर गुंथे हुए हैं, सभी एक दूसरे के सहयोग में काम करते हैं।

तीनों के वैयक्तिक योगदान की बात करते हैं, बुद्धि विशिष्ट बौद्धिक क्षमता है। यह आपको प्रत्यक्ष मसलों की तटस्थतापूर्वक विश्लेषण करने तथा सही मार्ग चुनने के लिए उचित फैसले पर पहुंचने का अवसर देती है। लेकिन बुद्धि अपने आप भूमिका नहीं अदा करती है। इसे अहंकार के जरिए सचेतन रूप से जगाना पड़ता है। 'मैं' चेतना की अपनी अंतर्निहित समझ से, अहंकार आदेश देता है कि जीवन में कैसे आगे बढ़ें। और मनसा, आगे बढ़कर दो प्रकार से काम करती है। यह अंतर्निहित इच्छा प्रवृत्तियों को कार्यरूप में रूपांतरित करती है। साथ ही, यह बाह्य जानकारी एकत्रित करती है। दोनों मामलों में, अहंकार को, किसी भी पहल पर कदम उठाने से पहले आवश्यक समझदारी हेतु, बुद्धि को जगाने वाला माना जाता है। हालांकि, विडंबना यह है कि अक्सर अहंकार जानकारी को उसके प्रत्यक्ष मूल्य पर ग्रहण करता है जब, मनसा सहज फैसले पर प्रतिक्रिया व प्रतिउत्तर प्रदान करेगी, जो पुरस्कृत एवं निराशाजनक – दोनों रूपों में समान संभावनाएं लेकर चलती है।

अब आते हैं मन के रसायन पर। मन पूर्वजन्म से चले आ रहे कार्मिक फल से संरक्षित विचारों से खुराक पाकर उड़ान भरता है। मन बाह्य लालसाओं व प्रभावों का भी प्रतिउत्तर देता है। दोनों मामलों में अहंकार से उम्मीद की जाती है कि वह मन को पूर्णतया सक्रिय भूमिका का अवसर देने से पहले उचित समझदारी हेतु बुद्धि को जगाए। हालांकि विडंबना यह है कि उन लोगों के लिए, जो नासमझीपूर्ण जीवन जी रहे हैं, अक्सर अहंकार विचार को उनके प्रत्यक्ष मूल्य पर ग्रहण कर लेता है, कि इसे आवश्यक समझदारी की अनिवार्यता महसूस नहीं होती है। इस कारण, यह नतीजा निकलता है कि हम अपने सशक्तीकरण उपकरण को जगाने में विफल रहते हैं, और जब हम विफल होते हैं तो हम अपनी नीयति में आसरा तलाशने की कोशिश करते हैं।

यहां यह जोड़ देना लाजिम है कि मन में मौजूद विचार बीज, हमारे मन को अपने अनुरूप ढालते हैं। वे आपको उन अनुवांशिक प्रवृत्तियों में जकड़ देते हैं जिनके साथ व्यक्ति जन्मा होता है– यानी इच्छा प्रवृत्तियों, गुणों व खूबियों, रूचियों – अरूचियों, पूर्वाग्रहों या आवेगों, आदतों व नजरियों के साथ। जो हमारी दूरदर्शिता को हमारे मन में



पूर्वजन्म से चले आ रहे विचार बीजों के तहत एक सीमित मानसिक दायरे में बांधता है। इस कारण, हम मौजूदा मसले को सीमित व एकांगी नजरिए देखते हैं, आम तौर पर बेहतर विकल्प तलाशने की कोशिश में वास्तविकता से परे देखने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ऐसे लोग नयी शैक्षणिक जानकारी को बिरले स्वीकारते हैं।

मन का एक और पहलू है जो अंजाने में लगातार विचारों को खुराक देता रहता है, उन विचारों का अधिकांश बेतुका होता है, बल्कि कुछ तो निराशाजनक भी होते हैं। मन उनके साथ जंगल में एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उछलकूद करते बंदर की तरह मनमाने ढंग से खिलवाड़ करता है। जो फिर हमारे मन को कुछ इस कदर उलझा देता है कि इसमें समस्या को वस्तुगत ढंग से नए विचारों के समझने का अवसर नहीं देता है और फिर उसके खामियाजे भुगतता है। परिणामस्वरूप, मन इतना जटिल हो जाता है कि सामने दिखती साधारण सच्चाइयों को देख नहीं पाता है। यह गोल गोल चक्कर लगाता रहता है, लेकिन सत्य इसके ध्यान से ओझिल रहता है। याद रखें, आप केवल उन्हीं चीजों को पहचानते हैं जिन पर आप ध्यान देते हैं। जो हमारे लिए लाजिमी बना देता है कि पहले मन की सीमाओं से बाहर निकला जाए, यदि हम किसी रूप में खुद को बेहतर बनाना चाहते हैं। लेकिन आदतें मुश्किल से बदलती हैं। यदि आप किसी भी रूप में आत्मचिंतन द्वारा अपनी अनुवांशिक प्रवृत्तियों को जान भी लें, जिसमें कि हम कुछ माध्यमों की वजह से सक्षम हैं, मगर आम तौर पर यह उनकी जकड़ से बाहर निकलना कठिन होता है। वे स्वेच्छिक ढंग से अपनी भूमिका निभाते रहते हैं।

यहां एक गुरू की भूमिका सामने आती है। वह कोई जादुई छड़ी नहीं घुमाता है। स्वयं अपनी सीमाओं को समाधान करके तथा अपनी दृष्टि का विस्तार करके, वह जानता है कि आपका बेहतर कल की दिशा में कैसे मार्गदर्शन करना है। वह पहले आपको आपकी अंतर्निहित क्षमताओं से परिचित कराता है, जो हालांकि अपार है, मगर अछूती हैं। इस तरह, वह पहले आपको बेहतर सशक्तीकरण हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आगे बढ़ने के लिए अपने मन को उसकी पूर्ण क्षमता जानने के लिए प्रशिक्षित करना होता है, जिसके बाद मन फिर किन्हीं सीमाओं को नहीं जानता है, वह मौजूदा मसलों को खुले मन से देखता है, बगैर किन्हीं प्रकार की सीमाओं के सही मार्ग का चुनाव करता है।

इसे संभव बनाने के लिए, गुरु पहले आपको मन की गांठों को खोलने की प्रक्रिया से गुजारता है। पर्याप्त मानसिक दायरा इससे उपलब्ध होता है जिससे ताजा शैक्षणिक जानकारियां आत्मसात होती हैं। दूसरा, वह आपको आपकी अनुवांशिक सीमाओं से परिचित कराता है और उनके समाधान का तरीका बताता है। फिर वह जीवन की सच्चाईयों की शिक्षा प्रदान करता है जिन्हें जब मन के गहन दायरों में आत्मसात कर लिया जाता है, तो वे आप सहज आचरण में झलकने लगती हैं। इससे फिर आप अपनी नीयति को दुबारा लिखने के लिए कमर कस लेते हैं।

# मन को सहज रखें

## जीवनशैली बदलती है तो वह हमारी मन:स्थिति को प्रभावित करती है जिस पर अक्सर कम ध्यान जाता है। यह कुछ बातें हैं जिनसे आपका मूड बेहतर हो सकता है

आप संभवतया कम उम्र से अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के तरीकों को लेकर प्रशिक्षित रहे हैं, मगर मानसिक स्वास्थ्य तथा अपनी देखभाल करने जैसे प्रश्न हाशिए पर चले गए हैं। यदि आप बेचैनी या अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य बिमारी का शिकार बताए गए हैं तो इलाज में स्पष्टतया भावनात्मक उपचार एवं दवा शामिल होते हैं।

जीवनशैली बदलती है तो वह हमारी मन:स्थिति को प्रभावित करती है जिस पर अक्सर कम ध्यान जाता है। संयोगवश, अनेक लोगों के अब मूड तथा संज्ञेयवादी स्वास्थ्य को अपने शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर प्राथमिकता देने से, मानसिक स्वास्थ्य और उससे जुड़ा विमर्श, वर्तमान समय में पुराने जमाने के मुकाबले कम अपमानजनक हुआ है। आज सावधानी शारीरिक स्वास्थ्य के समान मूल्यवान है। वे लोग भी, जो संज्ञानात्मक स्वास्थ्य स्थिति से पीड़ित नहीं हैं, आज भी अपने मूड का खयाल रखने, तनाव घटाने तथा रोजमर्रा के मानसिक स्वास्थ्य को समझने के असरकारी तरीके ढूंढ़ सकते हैं।

जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य के साथ, मानसिक स्वास्थ्य को पोषण एक प्रचलित प्रक्रिया है, सरल रोजमर्रा गतिविधियां तथा जीवनशैली बदलाव इसमें वृद्धि कर सकते हैं। मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य प्रशिक्षक, तथा लेट अस टॉक, की संस्थापक, कंचन राय, आपको शुरूआत करने के लिए, पांच जीवनशैलीगत बदलावों का उल्लेख करती हैं:



**राहतकारी तकनीकों का अभ्यास:** हालांकि संवेदी जानकारी पल में तनाव दूर कर सकती है, मगर राहतकारी तकनीकें समग्र तनाव स्तरों को सघन होने में सहायता करती हैं। प्राणायाम, योग, गहरी सांस लेना तथा क्रमश: मासंपेशीगत राहत जैसे अभ्यास बेचैनी स्तरों में रोक लगाने में सहायता कर सकते हैं तथा आपके मन व तन के संतुलन में सहायता करते हैं।

**स्वस्थ खानपान उपयोगी विकल्प है:** उत्तम मस्तिष्क कामकाज हासिल करने के लिए, आपको अपनी खुराक में हरी पत्तीदार सब्जियां, अनाज, फलियां, सीफूड एवं चर्बीमुक्त मांस जैसे समग्रभोजन के सेवन में वृद्धि करनी होगी। इन भोज्यों में मैग्नीशियम, फोलेट, जिंक तथा उत्तम वसायुक्त ऐसिड सम्मिलित होते हैं जो सेरेब्रल क्रिया को तीव्र करते हैं। पॉलीफेनोल्स से समृद्ध खाद्य पदार्थ, मसलन वाइन, डार्क चाकलेट्स और बेरीज मन को सक्रिय करने में उत्तम भी हैं।

**शारीरिक गतिविधि के जरिए मानसिक स्वास्थ्य सुधारें :** आपके शरीर को गतिशील रखने के लिए फिटनेस गतिविधियां एक ठोस मानसिक उत्प्रेरणा प्रदान कर सकते हैं। वे गतिविधियां जिनमें सामाजिक अंतर्क्रिया एवं प्रकृति से परिचय शामिल होता है, संभवतया बाद में भी मानसिक स्वास्थ्य में सहायता कर सकते हैं।

**जब सहायता की आवश्यकता हो तो पहुंच बनाएं :** सकारात्मक जीवनशैली बदलाव दवा या उपचार की प्रतिस्थापन नहीं हैं लेकिन, बल्कि, कुछ ऐसा हैं जिसे आप उपचार के अलावा अपना हिस्सा बना सकते हैं। हालांकि अधिकांश जीवनशैलीगत बदलाव उत्साहजनक हो सकते हैं, मगर कुछ उतार-चढ़ाव चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं यदि इनका भावनात्मक सहारे के रूप में इस्तेमाल होता है। किसी को इससे विशेषज्ञ समर्थन के साथ, कोमलता से निपटने की आवश्यकता पड़ सकती है।

**नींद को प्राथमिकता देना :** नींद शैलियों में सुधार के साथ, नींद स्वच्छता तकनीकें भी अनिद्रा के उपचार में सहायता करती हैं। इनमें कैफीन उपयोग को सीमित करना, अपनी नींद के समय को नियमित करना, स्क्रीन टाईम को घटाना तथा यह सुनिश्चित करना शामिल है कि आप सुबह तय समय पर जाग जाते हैं। खुद को जबरदस्ती मत सुलाएं, यदि आप 20 मिनट के भीतर नहीं सो पा रहे हैं, तो आपके लिए जागना और किसी गतिविधि में ध्यान लगाना बेहतर है जब तक कि आप थकान महसूस नहीं करते। उत्तम नींद शैली हासिल करने का दूसरा आधार है प्रकाश को सीमित स्तर पर रखना। इससे मेलाटोनिन के उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जिससे नींद में इजाफा होगा। अच्छी नींद लेना तनाव स्तरों के नियमन के लिए महत्वपूर्ण है, इससे अप्रत्यक्षतया मानसिक स्वास्थ्य दुरूस्त होता है।

# एक बेहतर दुनिया

## राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज का कहना है कि हमें अपने समय, धन व ऊर्जा को शांति एवं सद्भाव में निवेश करने का फैसला करना चाहिए

सदियों से दुनिया भर के दार्शनिकों ने बताया है कि खुशी की अवधारणा को सरलतया व्यक्तिगत संतुष्टि या अपने जीवन से संतुष्ट होने के रूप में परिभाषित या विश्लेषित किया जा सकता है। इसलिए सरल शब्दों में, कोई कह सकता है कि खुश होने के लिए, व्यक्ति को संतुष्ट होने की जरूरत है। लेकिन क्या यह सचमुच आज के समय व दौर में संभव है? वैसे, मौजूदा दुनिया में, किसी को बिरले ही कोई आदमी मिलेगा जो असंतुष्ट नहीं है। उसके पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, जिनमें से एक प्रमुख कारण है उसकी वित्तीय चुनौतियां। इसके अलावा, व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा नैतिक मसलों से संबंधित असंतोष हो सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप, इंसान बेचैनी, उदासीनता, तनाव, घृणा, यहां तक कि क्रोध व मानसिक कष्ट से दबा हुआ है। इसलिए, उसकी योजनाएं व गतिविधियां गलत होते हैं और यह लड़ाइयों की ओर ले जाता है। कुछ लोगों की हवा में किले बनाने की आदत भी होती है। नतीजा होता है कि वे समझ नहीं पाते हैं कि यह केवल कड़ी मेहनत के जरिए है कि इंसान दोनों छोर हासिल कर पाता है। इसलिए, हमें याद रखना चाहिए कि जिस प्रकार भोजन शरीर को बनाए रखता है, उसी प्रकार आपका मन खुशी में स्थायित्व प्राप्त करता है। इसलिए कहावत है: खुशी जैसे भोजन के बराबर कोई भोजन नहीं है। और खुश होने के लिए आपको संतुष्ट होना पड़ता है। जैसा कि अल्फ्रेड नोबल नहीं सही कहा है कि 'संतुष्टि एकमात्र सच्ची संपत्ति है।' इसीलिए हमें संतुष्टि की संपत्ति खोने के लिए अलग किस्म की संपत्ति हासिल करने के पीछे नहीं भागना चाहिए।

खुशी के संसाधनों के रूप में संतुष्टि उतनी ही अच्छी होती है जितना कि संपत्ति को माना जाता है। इसीलिए क्या यह उचित है, कि किसी किस्म की संपदा हासिल करने के लिए संतुष्टि की संपदा को खो दिया जाए? व्यवहार का उचित तरीका यह है कि इंसान को मौजूदा संकट में शांत रहना चाहिए और साथ ही साथ, इसे बदलने या हल करने का व्यवस्थित तरीका तलाशना चाहिए। वर्तमान को अपने खुद के कर्मों का प्रतिफल मानते हुए, हमें इस वजह से भविष्य के लिए सावधान होना चाहिए।



हमें याद रखना चाहिए कि दुनिया बदलाव का विषय है और हर व्यक्ति जैसा बाता है वैसा काटता है। इसलिए, व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि उसे जीवन में किन्हीं अनचाही स्थितियों का सामना न करना पड़े।


संतुष्टि, शुद्धता एवं शांति त्रिगुण है जो व्यक्ति का जीवन जीना अर्थपूर्ण बनाते हैं। वे जीवन में तब नजर आते हैं जब व्यक्ति ने आध्यात्मिक अध्ययन किया हो या ध्यान का अभ्यास किया हो। योग के बिना, व्यक्ति आंतरिक शांति व सुकून बनाए नहीं रख सकता या पा नहीं सकता। हालांकि, आम तौर पर लोग सोचते हैं कि आध्यात्मिक अध्ययन अरूचिकर, ऊबाऊ, थकाऊ होते हैं और मुख्यतया आस्था पर आधारित होते हैं, मंत्रों के दोहराव व रूढ़ियों से बंधे होते हैं। लेकिन यह सच नहीं है। आध्यात्मिक अध्ययन उतने ही दिलचस्प होते हैं जितने कि अन्य विषय और ध्यान न तो रूढ़ि है, न ही इसमें पवित्र संस्कृति सूत्र का दोहराव होता है। यह इतना ही सरल है जितना कि शुरूआत में थोड़ा मार्गदर्शन के साथ चिंतन करना, याद करना एवं महसूस करना। ध्यान को संतुष्टि व शांति के रूप में उच्च लाभ प्राप्ति के निवेश के रूप में समझा जाना चाहिए, जो कि ऐसे सर्वाधिक मूल्यवान पुरस्कार हैं जो जीवन प्रदान करता है।

आज, यदि हम अपने आसपास देखें तो हम ऐसे कितने सारे लोगों को पाएंगे जो समाज में शांति व सद्भाव के लिए अपना समय, धन व ऊर्जा लगा रहे हैं? दुर्भाग्यवश, वे ज्यादा नहीं हैं। यह आवश्यक समय है कि हम अपने समय, धन व ऊर्जा को शांति एवं सद्भाव में निवेश करने का फैसला करें। यदि हम अपने इर्दगिर्द एक शांतिपूर्ण व सदभाव वाली दुनिया पाना चाहते हैं, तो हममें से हर एक के जरिए इसकी शुरूआत होनी चाहिए।

# इस सप्ताह आपका भविष्य

## मधु कोटिया


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस साल आपके लंबी बिमारी से उबरने के अच्छे आसार हैं। आपकी ऊर्जा व क्षमता उत्तम रहेगी। खूब पानी पीएं और शांतचित्त रहने के लिए प्राणायाम व ध्यान करें। आपको पेशेवर जीवन उन्नति करेगा। आम काम के दोस्ताना माहौल का आनंद लेंगे। आप जबरदस्त उत्पादकता के जरिए अपनी टीम को संभालने व उसे संगठित करने में सक्षम रहेंगे। आपकी कड़ी मेहनत करने के लिए पहचान व पदोन्नति प्राप्त होगी। व्यवसाय मालिकों को भी अपनी मेहनत का लाभ मिलेगा। जीवन साथी के साथ संबंध में गहराई आएगी।

**शुभ अंक:** 2,6, 23 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** रविवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस साल स्वास्थ्यर, खासतौरपर महिलओं का, नाजुक हो सकता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और नियमित व्यायाम करें। इसी प्रकार, भावनात्मक संतुलन बनाए रखें, क्योंकि अति भावुक होना आपके मन की शांति को भंग करेगा। करियर मोर्चे पर, यह साल आपके लिए संतुलित रहेगा। सलाह है कि कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें और स्थिति नकारात्मक के साथ सकारात्मक दोनों पक्षों पर विचार करें । आपकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक योग्यताएं आपको फलदायी नतीजे प्रदान करेंगी।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** शुक्रवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस साल आपके व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में संकटमय स्थितियों के कारण आपका स्वास्थ्य संवेदनशील रहेगा। किसी बड़ी स्वास्थ्य चिंता से बचने के लिए भावनात्मक रूप से मजबूत रहें। योग और ध्यान का अभ्यास करना मददगार होगा। पेशेवर मोर्चे पर, जीवन इस साल धीमा व ऊबाऊ रहेगा। सलाह है कि आप अपने मौजूदा कामों में ध्यान केन्द्रित रखें क्योंकि बदलाव शायद अच्छा न हो। आप व्यापार में अपने भुगतान की वापसी पाने में कठिनाइयों का सामना करेंगे। बजट की योजना बनाना व गैरजरूरी खर्चों से बचना आर्थिक स्थिरता प्रदान करेगा।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** धानी **शुभ दिन:** बुधवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



इस साल सुधार की संभावनाएं हैं। जो लोग बीमारी से जूझ रहे हैं उनके तेजी से ठीक होने के आसार हैं। आप उत्साह व क्षमता में बुलंदी पर होंगे। यह आपको अच्छी दिनचर्या का पालन करने तथा एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ने में प्रेरित करेगा । अपने खाने को लेकर सावधान रहें किसी प्रकार की एलर्जी का शिकार हो सकते हैं। कार्य मोर्चे पर, आपको फलदायी नतीजे हासिल होंगे। यह साल अपनी घोषणाओं व लक्ष्यों की सफल कहानियां हासिल करने के लिए अच्छा है। यह संबंधों में सहजता लाने वाला साल है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** सोमवार

### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



इस साल आपका मानसिक स्वास्थ्य कुछ कुछ खराब रहेगा। आप भावनात्मक समस्याओं का सामना कर सकते हैं जिससे आपको बेचैनी व अवसाद हो सकता है। आपका तनाव धीर धीरे आपके शारीरिक भावों में झलकने लगेगा। आपको अपनी भावनाएं व्यक्त करनी चाहिए और निर्देशित ध्यान सत्रों का पालन करना चाहिए। पेशेवर स्तर पर, आपका कार्य जीवन इस साल सहज नहीं रहेगा। आप आपने कार्य पूरे करने के दौरान चुनौतियों व बाधाओं का सामना कर सकते हैं। रिश्तों में जटिलताएं सामने आ सकती हैं।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** सोमवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हासिल होगा। तैलीय भोजन से बचें । अनेक ताजा फलों तथा सब्जियों वाली संतुलित खुराक अपनाएं और अपना वजन उचित बनाए रखें। करियर मोर्चे पर, यह साल अनेक सबक प्रदान करेगा। आप अपने काम में भारी मेहनत व समर्पण प्रस्तुत करेंगे, जो आपको अच्छे नतीजे प्रदान करेगा। आपको पहचान प्राप्त होगी और आपके उत्तम प्रयासों के लिए आपको सराहा जाएगा। व्यापारियों के लिए यह साल शुभ रहेगा। आप नयी परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए, व्यापार विस्तार देखेंगे।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** शुक्रवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



यह साल बीमार व्यक्तियों को बीमारियों से राहत प्रदान करेगा। अपने स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक डाक्टरों व दवाओं पर विचार करें। बेहतर नतीजों के लिए आयुर्वेद अपनाएं। आप समग्र स्वास्थ्य-लाभ के लिए अपनी दिनचर्या में योग व ध्यान को भी शामिल कर सकते हैं। इस साल करियर मोर्चे पर, चीजें उत्साहजनक रहेंगी। जो लोग सरकारी नौकरियों में हैं वे अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे। नये विभाग में पदोन्नति या उन्नत प्राधिकार मिलने की संभावनाएं हैं। व्यक्तिगत संबंधों के लिए यह साल शुभ है।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस साल सकारात्मकता एवं क्षमता से भरपूर होगा जो समृद्धि लेकर आएगा। अपनी खानपान आदतों का ध्यान रखें, तैलीय व मसालेदार भोजन से बचें। अपनी फिटनेस दिनचर्या में थोड़ा समय निवेश करने से बिमारियां दूर रखने में सहायता मिलेगी। कार्य मोर्चे पर, यह साल आशावादियों के लिए अच्छा रहेगा। क्योंकि उन्हें सफलता पाने के लिए अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आप उत्साह से भरे होंगे और सभी संभावनाओं को फलदायी नतीजों में बदलने में सक्षम होंगे। व्यक्तिगत जीवन के मोर्चे पर स्थायी संबंध स्थापित होंगे।

**शुभ अंक:** 4 **शुभ रंग:** काला **शुभ दिन:** गुरूवार


### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



इस साल स्वास्थ्य आपके लिए बहुत अच्छा नहीं दिखता है। आप मौसमी बिमारियों व जुकाम का शिकार हो सकते हैं। सलाह है कि अपनी मर्जी से दवा लेने का प्रयास न करें इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। आराम के लिए गहन प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करें। पेशेवर मोर्चे पर, जीवन इस साल कुछ संघर्ष व चुनौतियां पेश कर सकता है। कार्यालय की राजनीति से बेचैनी हो सकती है। ऐसी समस्त संभावनाओं के बावजूद सकारात्मक नजरिया बनाए रखें, इससे आपको विपरीत स्थितियों से निपटने में सहायता मिलेगी।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस साल स्वास्थ्य चिंता का कारण बनेगा। महिलाएं हार्मोनल असंतुलन का सामना कर सकती हैं। अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। पेशेवर मोर्चे पर, जीवन इस साल एकरस रहेगा। आप अपने मौजूदा कार्य रूपरेखा में थकान व गतिरोध महसूस कर सकते हैं। बेहतर अवसरों की तलाश की ओर कदम बढ़ाने की सलाह है। फैसले लेने में सक्रिय रहें वर्ना आप खुद को तनावग्रस्त तथा अपने काम को बोझिल बना सकते हैं। अनुमानकारी व्यापार में निवेश न करने की सलाह है, इसमें नुकसान होने के आसार हैं। व्यक्तिगत संबंध अच्छे रहेंगे।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



आपका मानसिक तनाव आपके स्वास्थ्य में नजर आएगा और बीपी की समस्याएं उभर सकती हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। अपनी स्वास्थ्य चिंताओं को हल्के में न लें। अपने मन को शांत करने के लिए ध्यान करें। करियर मोर्चे पर, आप अपने कार्यालय के वातावरण से नाखुश हो सकते हैं और संवादहीनता का शिकार हो सकते हैं। इससे आपके कार्य प्रदर्शन पर असर पड़ेगा और तनाव पैदा होगा। आप अप्रत्याशित वित्तीय हानि का सामना कर सकते हैं। कोई भी नया निवेश न करने की सलाह है। जीवन साथी से टकराव हो सकता है।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** मंगलवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस साल आप उत्तम स्वास्थ्य में होंगे। लंबी बिमारियों से ग्रसित लोग ठीक होने की ओर अग्रसर हो सकते हैं। मौसमी बिमारियों व फ्लू का शिकार हो सकते हैं। खूब ज्यादा पानी पीने की सलाह है। कार्य मोर्चे पर, जीवन अच्छा रहेगा यदि आप इस दिशा में कड़ी मेहनत करते हैं। आसार हैं कि आपको अपने भय व असुरक्षाओं को दरकिनार करना चाहिए और आगे देखना चाहिए क्योंकि सफलता के संकेतक हैं। अपने सहजबोध पर भरोसा करें। वित्तीय स्थिति स्थिर रहेगी,हालांकि पैसे को लेकर भावुकता से कोई फैसला न करें।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** फिरोजी **शुभ दिन:** गुरूवार



पढ़ना एक संवाद है।
सभी किताबें बोलती हैं।
लेकिन एक अच्छी किताब
सुनती भी है
- मार्क हेडन



# रहें नई सहजता में

**मेहमानवाज कंपनियां आज सोशल डिस्टेंसिंग के बीच मेहमानों को संपर्कमुक्त, सहज, एवं उल्लेखनीय सेवाएं सुनिश्चित करने की तैयारी कर रही हैं। यहां कुछ रुझान हैं जो 2021 में देखे जा सकते हैं**








दुनिया में सबसे बड़े उद्योग के रूप में, पर्यटन सबकुछ है और सबकुछ पर्यटन है। भारत के साल 2022 तक सबसे युवा देश बन जाने की संभावना है जहां कि औसत आयु 29 साल होगी। इंस्टाग्राम विश्वस्तरीय सोशल मीडिया नेटवर्कों पर राज कर रहा है तथ 59 मिलियन सक्रिय मासिक यूजर्स के साथ हम इंस्टाग्राम के लिए तीसरा सबसे बड़ा बाजार हैं। लोगों ने अपने खुद के नियम निर्धारित किए हैं और कंपनियों और बाजार रणनीतिकारों को वह परोसने के लिए मजबूर किया है जो वे कोविड-19 दौर के पहले से चाहते हैं।

मेहमानवाज कंपनियां आज सोशल डिस्टेंसिंग के बीच मेहमानों को संपर्कमुक्त, सहज, एवं उल्लेखनीय सेवाएं सुनिश्चित करने की तैयारी कर रही हैं। नया जानकार विश्व ग्राहक नये रूझान निर्धारित कर रहा है जो 2021 तक राज करने जा रहे हैं,- ऐसा नूरमहल के मैनेजिंग डायरेक्टर, रूप प्रताप चौधुरी कहते हैं।

## स्मार्ट नियंत्रण वाले स्मार्ट कमरे

चाहे यह कृत्रिम मेधा हो, मशीन लर्निंग या इंटरनेट सामग्री हो, भविष्योन्मुखी तकनीकों ने संपर्कहीन अनुभव सुनिश्चित करने के लिए होटल के कमरों पर पूरा कंट्रोल जमा लिया है। आपके ठहरने के दौरान कमरे की चाभी से लेकर व्यक्तिगत मनोरंजन तक, हर चीज अब स्मार्ट उपकरणों के जरिए पहुंच के भीतर है। जो कभी वैज्ञानिक फिल्मी दृश्य जैसा लगता था, आज वायस कमांड के जरिए तापमान, मूड तथा आपके होटल कक्ष का वातावरण तय कर सकता है।

कल्पना करें कि आपका कमरा आपकी आलीशान सुविधा व प्रवास को सुनिश्चित करते हुए, अपने आप प्रकाश पहचान रहा है या चमकीलेपन के स्तर को समायोजित कर रहा है, तापमान नियंत्रित कर रहा है तथा ऊर्जा बचाने में योगदान कर रहा है।

आप वायस पहचान तकनीक का इस्तेमाल करके संपर्कमुक्त रूम सर्विस का आनंद ले सकते हैं या आप अपने स्मार्टफोन पर एक क्लिक के जरिए अपने पसंदीदा स्पा सत्र की बुकिंग कर सकते हैं। समृद्धि, सुविधा तथा अद्भुत कक्ष अनुभव 2021 में डिजीटल होने जा रहे हैं। स्मार्ट रूम कुंजीमुक्त इंट्री, ध्वनिमुक्त विडीज, सहज प्रसारित मनोरंजन, तारमुक्त उपकरण चार्जिंग, होटल स्टाफ के साथ तत्काल वीडियो चर्चाओं तथा नवयुगीन मेहमानों के लिए काफी कुछ पावर पैक्ड होने जा रहा है। स्थायित्व ज्यादा बड़ा और ज्यादा हरित होने जा रहा है।

विश्वस्तरीय तालाबंदी का सकारात्मक पक्ष यह है कि प्रकृति को पुन: खुलने व खिलने का समय मिला है। इसने हमें गृह को बचाने के लिए जीवन को बचाने की पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों एवं स्थायित्व का सच्चा मूल्य महसूस कराया है। पुन:चक्रीकरण के जरिए पर्यावरण की सुंदरता को बनाए रखना तथा पंच सजीव तत्वों - मसलन जल, कचरा, ऊर्जा, भोजन एवं ढांचे के उचित प्रबंधन के जरिए नयी जानकार दुनिया में होटल ब्रांड अब टिकाऊ आवभगत अनुभव प्रदान करने के प्रति समर्पित हैं। होटल सिर्फ न्यूनतम कृत्रिम शक्तियों का उपयोग कर रहे हैं चाहे यह हवा, पानी और जल के रूप में हैं। आर्गेनिक, शाकाहार एवं शाकाहारी विकल्प अब खाद्य एवं पेयजल सूचियों में आज अग्रणी हैं। होटल सौर ऊर्जा पर ज्यादा जोर दे रहे हैं जिससे कि वे भावी पीढ़ियों के लिए ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान कर सकें। प्लास्टिक तिनके, कटलरी, पानी की बोतलें, प्रसाधन बोतलों को अब कंपोस्ट होने वाली या पुन:उपयोगी विकल्पों के साथ बदल दिया गया है।

## मोबाइल चेक-इन

इस साल ने नये रुझान निर्धारित किये हैं जो 2021 में भी राज करने जा रहे हैं। संपर्कमुक्त जांच मेहमानवाजी का नया नियम बन गये हैं और मेहमान चेकइन के लिए या अन्य कमरे से संबंधित जिज्ञासाओं के लिए रिसेप्शन जाने से बचना चाह रहे हैं। ये संपर्कमुक्त तकनीकें उपभोक्ताओं को न केवल आसानी व सुरक्षा प्रदान कर रही हैं, बल्कि होटल वालों के कार्यात्मक गड़बड़ियों वाले माहौल में सहायता भी कर रही हैं।

चेटबोट्स किसी भी मेहमान की जिज्ञासा का उत्तर देने में सक्षम हैं। इसके विपरीत, वर्चुटल टूर एवं मोबाहल चेकइन 2021 में यात्रा शौकीनों को प्रसन्न करने के लिए तैयार हैं।

## रोबोट रूम सर्विस

भारत में अनेक होटलों ने पहले ही कमरे की सफाई एवं रूम सर्विस कार्यों में बदलाव लाने के लिए रोबोट को अपना लिया है। सर्विस रोबोट्स के उभार ने मेहमानवाजी के नए दौर की शुरूआत की है। मेहमान इन रोबोटस से सेवाएं लेने के लिए रोमांचित हैं जो यहां पर अत्यंत सुरक्षा, स्वच्छता एवं आराम का भरोसा देने के लिए हैं। अगले साल 2021 में रोबोट सेवकों की नयी ब्रिगेड होगी जो आपको या मेहमान कक्षों को स्नैक्स, प्रसाधन सामग्रियां या अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराएगी। वाई-फाई का इस्तेमाल करते हुए वे विभिन्न तलों तक आ जा सकते हैं, काल लिफ्ट या मुख्य द्वार पर खड़े हो सकते हैं जहां मेहमान उनसे सवाल पूछ सकते हैं व उनसे संवाद का आनंद ले सकते हैं। रोबोट्स अब आपके फ्रंट डेस्क मैनेजर हैं जो आपको स्पा एवं जिम टाइमिंग , बैठने के उत्तम स्थानों, लोकप्रिय खरीदारी केन्द्रों जैसी बुनियादी जानकारी तथा मेहमानों की आवश्यकताओं हेतु वैयक्तिक जानकारी प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त दूरी वाले टूर तथा आसपास के स्थलों पर घूमना

लोग अब लंबी छुट्टियों पर आसपास की जगहों पर घूमना पसंद कर रहे हैं और लंबी यात्राओं के बजाय कम दूरी वाली यात्राएं पसंद कर रहे हैं। बुकिंग डाट कॉम द्वारा कराए गए एक ताजा सर्वे ने बताया है कि लोग छोटी यात्राएं करने लगे हैं और यात्रा पाबंदियों में आसानी से घर के करीब स्थानों पर अनोखे अनुभव तलाशने लगे हैं। चाहे वो बैग पैकर्स हो, कार्पोरेट समूह हों, परिवार या मित्र हों, लोग संक्षिप्त एवं सुकूनदायी प्रवास के लिए अपने आसपास के इलाकों में जाना पसंद कर रहे हैं। घरेलू पर्यटन गंतव्यों पर लोगों को आने हेतु प्रोत्साहित करने की कोशिश में पर्यटन उद्योग ने भारतीयों को साल 2022 तक भारत में कम से कम 15 विभिन्न पर्यटन स्थलों को देखने की शपथ लेन का आहवान करते हुए देखो अपना देश अभियान भी आरंभ किया है।

## पेज 1 का शेष

# पेट मजबूत तो प्रतिरक्षण मजबूत

प्रोबायोटिक्स संरचनाएं प्रत्यक्ष हानिकारक माइक्रोव्स पर विपरीत प्रभाव डालती हैं जिसके अंतर्गत उनकी संख्या घटती है, उनका मेटोबोलिज्म कमजोर होता है और इससे हमारी प्रतिरक्षण प्रणाली सीधे प्रेरित भी होती है। हमारा सत्तर फीसदी प्रतिरक्षण तंत्र हमारे पेट की आंतों से संचालित है। स्पष्टतया, आंत सिर्फ पाचनकारी अंग नहीं है बल्कि यह सबसे बड़ा प्रतिरक्षा अंग है। हृदय, लीवर और फेफड़ों के स्वास्थ्य से जुड़ा विमर्श हमेशा चलता आया है, लेकिन महामारी की मेहरबानी है कि हम अपने पेट के स्वास्थ्य को ज्यादा गंभीरता से लेने लगे हैं।

स्वस्थ रहने का सबसे सरल तरीका यह है कि मेक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेटस, प्रोटीन और वसा) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन, मिनरल्स) की पर्याप्त आपूर्ति को सुनिश्चित करें जो प्रतिरक्षण प्रणाली के ऊतकों एवं कोशिकाओं की मदद कर सकें। समग्रता में संतुलित खुराक के अलावा, नियमित रूप से प्रोबायोटिक्स को खाना अच्छे प्रतिरक्षण से जुड़ा है। प्ररिरक्षण प्रतिक्रिया पेट में रहने वाले माइक्रोव्स के संतुलन पर निर्भर करती है। प्रोबायोटिकस की खपत के जरिएए इन माइक्रोव्य की आबादी को साधना बेहतर प्रतिरक्षण स्वास्थ्य का एक सुनिश्चित तरीका है। विभिन्न प्रकार का बेक्टीरिया, जिनमें जेनेरा लेक्टोबेसिलस तथा बाइफिडोबेक्टीरियम समेत, पेथोजेन्स के दबाने तथा संक्रमणों के प्रति प्रतिरोध निर्मित करने की अपनी क्षमता के लिए पहचाने गए हैं। हालांकि , यह अत्यावश्यक है कि इस संदर्भ में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एवं स्थापित प्रोबायोटिक्स का चुनाव किया जाए।

अपने प्रतिरक्षण प्रदायी अवतार में प्रोबायोटिक्स की कार्यशैली विविधतापूर्ण एवं जटिल है। सरल शब्दों में समझाएं तो आंतों में पहुंचने पर, प्रोबायोटिक्स बैक्टीरिया, किसी भी रोगकारी एवं विपथगामी माइक्रोव्य को भगाने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक अवस्था में आ जाते हैं। प्रोबायोटिक्स बैक्टीरिया आंत संबंधी कोशिका दीवार पर कब्जा जमा लेते हैं जहां भी जुड़ाव होना संभव होता है जहां रोगकारक माइक्रोव्स संख्या में ज्यादा नहीं होते हैं।

कुल मिलाकर, प्रोबायोटिक्स एंटीबाडी प्रोडक्शन के जरिए हमारी सुरक्षा में इजाफा करते हैं, स्वाभाविक किलर सेल गतिविधि तथा बाहरी तत्वों को निगलने की प्रक्रिया को बढ़ाते हैं।

आज हम जानते हैं कि सभी बिमारियां पेट में सूजन से आरंभ होती हैं और कि हमारा दो तिहाई प्रतिरक्षण प्रणाली यहां पर होती है। पेट सबसे बड़ा प्रतिरक्षण अंग हैं जिसे लिम्फोइड टिशूज संबंधित माना गया है और जो शरीर में किसी भी अन्य टिशू से ज्यादा एंटीबाडीज उत्पन्न करता है- बी एंड टी लिम्फोसाइट्स। यदि जो हम खाते हैं वो हमारे बाहरी पेट के लिए गलत है तो यह प्रतिरक्षण के लिए गलत है। और यह कि अपने पेट को मजबूत बनाने का अर्थ है अपने प्रतिरक्षण को मजबूत बनाना।

अपनी 25 सालों की क्लिनिकल प्रेक्टिस से यह अवधारणा समय के इम्तिहान में खरी उतरी है। खाद्य संवेदनाओं और पेट के स्वास्थ्य की पहचान ने मेरे लिये डायबिटीज, कोरोनरी आर्टरी रोग, थायरायड रोग, गठिया, अस्थमा, सोरियोसिस, और अवसाद आदि जैसे लगभग सभी बिमारियों का जड़ से उपचार करना संभव बनाया है।

हालांकि महामारी ने अनिश्चितताएं प्रस्तुत की हैं, मगर धुंध और निराशा के बावजूद अच्छी खबर यह है कि यह अपने साथ, एक समान दर्जा होने की पद्धति तथा ऐसे समय जब प्रतिरक्षण एवं खुराक ने एक अप्रत्याशित महत्ता हासिल कर ली है, एक सकारात्मक प्रभाव भी लेकर आई है।

यह उत्तम समय है कि प्रतिरोधक शरीर का निर्माण करने हेतु अपना इलाज करें और पेट के भीतर ज्यादा गहरी छलांग लगाना शुरू करें।

- लेखक चिकित्सीय आहारविशेषज्ञ, स्तंभकार, लेखक, उद्यमी, शोधकर्ता एवं जन कल्याणकारी कार्यकर्ता हैं।

विभिन्न राष्ट्रीय अखबारों में प्रकाशित खबरों के मुताबिक, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन केन्द्रीय बजट में तीन खरब के विद्युत वितरण सुधार कार्यक्रम की घोषणा करने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लक्ष्य है ऊर्जा वितरण उपयोगिताओं की क्षमता बढ़ाने तथा क्षतियों को घटाने में सहायता करना। सुधार के हिस्से के रूप में ऊर्जा आपूर्ति की गुणवत्ता व विश्वसनीयता भी बेहतर होगी। यह कदम निश्चित रूप से आज देश के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों के लिए उम्मीद लेकर आता है जो दशकों से बिजली आपूर्ति की प्रतीक्षा करते आए हैं।

हाल में जम्मू और कश्मीर के संघीय क्षेत्र घोषित होने के बाद ,पूंछ जिले में मंडी तहसील में स्थित धारा पंचायत के निवासी 39 वर्षीय अब्दुल हफीज का कहना है, ''हमारा सिर्फ एक सवाल है- धारा पंचायत में बिजली का संकट कब समाप्त होगा? ग्रिड की तारें पेड़ों से कब उतारी जाएंगी? साल 1950 से, हमने एक सरकार से दूसरी सरकार तक नियंत्रण परिवर्तन देखा है, लेकिन हमारे जैसे लोगों की चिंताएं जो कि ग्रामीण एवं दूरदराज इलाकों में रह रहे हैं, अनसुनी रह जाती हैं।''

पूंछ अक्सर नियंत्रण रेखा पर होने वाले युद्धविराम उल्लंघनों की घटनाओं के लिए सुर्खियों में होता है। यह इलाका ऐसे टकराव क्षेत्र के रूप में पहचाना जाता है जिनका कठिन भूगोल तथा चरम मौसमी हालात इसके बाशिंदों की जिंदगी को और ज्यादा कठिन बनाते हैं। अनेक विकास मुददों में से, यह इलाका चरम बिजली संकट का सामना करता है। यहां, बिजली की मांग अनियमित आपूर्ति तथा आए दिन की बिजली कटौतियों के साथ पूरी होती है।

कई सालों से, धारा पंचायत के थापला मोहल्ला के बाशिंदे अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर चिंतित रहे हैं। कुछ अपवादों के साथ, अनेक घरों को या तो एकल, क्रेट या अन्य अनुपयुक्त तारों के जरिए प्राप्त होती है, जो कि असुरक्षित होते हैं और जिनमें बिजली के कारण आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की पूर्ण संभावना होती है। अतीत में, मंडी तहसील में बिजली कटौती के कारण अनेक घटनाएं घटी हैं, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

साल 2018 में, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत, जिसका उददेश्य ग्रामीण भारत में निरंतर बिजली आपूर्ति प्रदान करना है, बिजली विभाग ने मोहल्ले का सर्वे कराया था। इस योजना के अंग के रूप में, इस गांव में ट्रांसफार्मर के साथ बिजली की नयी तारें बिछायी जानी थीं। हालांकि, अभी तक, तारें बिछान और खंभे लगाने का काम अधूरा पड़ा है।

जहां देश के अन्य हिस्सों के लोग बिजली आपूर्ति के फायदे पाते हैं मगर यहां के लोग अभी भी अंधेरे के दौर में जी रहे हैं। जब सूरज डूबता है तो यहां जीवन पूरी तरह ठप्प हो जाता है। छात्र यहां लिख-पढ़ नहीं पाते हैं। ?

मोहल्ले की एक बुजुर्ग महिला, अफसाना राशिद(नाम परिवर्तित) बताती हैं, ''मैं लगभग 85 साल की हूं। आजादी से पहले, हम सूदूर स्थानों से पानी लेकर आते थे। आज, हमारी युवा पीढ़ी वही काम कर रही है। बिजली आपूर्ति के मामले में यही हाल है। पहले, हम रात में हाथ से बने लैम्प का उपयोग करते थे। आज मैं सिर्फ इतना बदलाव देखती हूं कि आज हम बैटरी से चलने वाली टार्चलाइट का उपयोग करते हैं। मैं 1965 से सुनती आई हूं कि हमारे इलाके को बिजली की सप्लाई प्राप्त होगी, लेकिन हम अभी भी खंभों, तारों व ट्रांसफार्मर को अपने गांव तक पहुंचाने के लिए जूझ रहे हैं।''

मोरबान में, स्थिति थोड़ी बेहतर है, यहां दीन दयाल योजना के तहत खंभे और ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। हालांकि, गांव को अभी भी बिजली-आपूर्ति की नेमत हासिल नहीं हुई है। बिजली विभाग में कार्यरत जूनियर असिस्टेंट के अनुसार, मौजूदा महामारी के कारण हुई तालाबंदी ने स्थापन कार्य को अवरूद्ध कर दिया था। उन्होंने बताया कि ''आज, हम कटाई सीजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जैसे ही फसलों की कटाई पूरी होती है और जमीन खाली होती है, हम बिजली की लाइनें बिछा देंगे।''

उक्त योजना के तहत काम का ठेका तीसरी पार्टी को दे दिया गया है, जिसने बताया कि वर्तमान में, काम चार चरणों में विभाजित है। उसने बताया, '' चार चरणों में, हरि बढ़ा और मोरबन को पूरा किया जाना है। जैसे ही हम मोरबन में 39 बिजली खंभे तथा थापला मोहल्ले में 29 खंभे लगा देते हैं, इन दो क्षेत्रों में काम पूरा हो जाएगा। फतहपुर क्षेत्र में काम अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन एक्शन प्लान पर काम कर रहे हैं।''

बीते कुछ सालों में, सरकार ने दूरदराज गांवों के विद्युतीकरण को सुनिश्चित करने के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। यह नया बिजली वितरण सुधार कार्यक्रम न केवल विद्युत क्षतियों में कटौती करेगा बल्कि बेहतर क्षमता एवं विश्वसनीयता भी लाएगा, इससे अंततोगत्वा इन दूरदराज गांवों में रोशनी आ सकती है।


**- चरखा फीचर्स**

# उम्मीद की किरण

**नया विद्युत वितरण सुधार कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों के लिए उम्मीद लेकर आता है जो दशकों से बिजली आपूर्ति की प्रतीक्षा करते आए हैं। सलमा राज़ी की रिपोर्ट**







तहरवी एक महत्वपूर्ण फिल्म है जो वास्तविकता के चित्र को चित्रित करती है।
- नसीरुद्दीन शाह



## ट्रेंड बाजार


### अभिनेता विजय वर्मा ने दी मास्क पहने रहने की सीख

अभिनेता विजय वर्मा ने प्रशंसकों के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में कोरोना महामारी के इस कालखंड में मास्क पहनने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। वीडियो में विजय कई मास्क पहनते हैं और फिर वो उन्हें एक के बाद एक उतारते हैं। वीडियो के सबटाइटल्स में लिखा होता है, 'मुझे पता है मुझे पता है लेकिन फिर भी इन्हें न पहनने का कोई बहाना नहीं हो सकता।'



वीडियो में कैप्शन देते हुए उन्होंने आगे लिखा, 'चाहे मास्क पहने हुए कितना भी असहज लगे, खुजली हो या गर्मी लगे, लेकिन मास्क पहनना ही है और इसे चिपका कर पहनना है।' वर्तमान में वो मिर्जापुर के दूसरे सीज़न की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इसमें उनकी भूमिका दो जुड़वा भाइयों की थी जिसे उन्होंने बहुत ही सटीकता से निभाया है।' विजय को आजकल 674 हजार लोग इंस्टाग्राम पर तथा अन्य 36.9 हजार लोग ट्विटर पर फॉलो करते हैं।

### लोगों का प्यार देख कर आनंद आ गया: विद्युत



सटीक एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल ने कहा है कि 'जब हम लखनऊ में बीच सड़क पर फिल्म खुदा हाफ़िज़ के एक गाने की शूटिंग कर रहे थे तो उनकी सहकलाकार शिवालिका ओबरॉय और मुझे एक बाइक पर दिखाया जाना था और कैमरा हमारा पीछा कर रहा था। तो हमारे आसपास हजारों बाइक्स पर लोग हमारे साथ चलते हुए हमें हैलो बोलना चाह रहे थे। ऐसे में हमारे लिए शूटिंग करना कठिन हो रहा था। लेकिन भारत में फिल्मों के लिए ऐसे ही लोग अपना प्यार और स्नेह व्यक्त करते हैं और मुझे भी ये देखकर आनंद आ गया।

### जान्हवी ने बायोपिक फिल्म गुंजन सक्सेना...से बहुत कुछ सीखा



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने बायोपिक आधारित फिल्म गुंजन सक्सेना: द कार्गिल गर्ल, में शीर्षक भूमिका की थी। उनका कहना है कि इस भूमिका के बाद ही उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में स्वयं को और अच्छे ढंग से समझने में मदद मिली। जान्हवी का कहना है, 'इस फिल्म के माध्यम से मैं एक अभिनेत्री के रूप में स्वयं को और अच्छे ढंग से समझ पाई हूं। इस भूमिका के बाद ही मुझमें आत्मविश्वास अधिक आ गया। हो सकता है कि ये गुंजन सक्सेना मैडम की कहानी का असर हो। मुझे एक अभिनेत्री के रूप में अपने विकास का आनंद लेना आ गया है। मैं कुछ स्मरणीय भूमिकाएं करना चाहती थी और इस प्रकार से मैं लोगों के जीवन को छूना चाहती थी क्योंकि मुझे पता है कि सिनेमा ने मेरे जीवन को किस प्रकार से प्रभावित किया है।'

### गीतकार तथा निर्देशक वॉरेन नए कलाकारों से प्रभावित

सेलीन डायॅन, चेर, बेयॉन्से, लेडी गागा, डेमी लोवेटो तथा जस्टिन बीबर ने उनके शब्दों में जान फूंक दी है। वरिष्ठ अमरीकी गीतकार डायन वारेन का कहना है कि वो दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ कलाकारों के साथ काम कर रही हैं और उन्हें नई नई प्रतिभाओं के साथ सहयोग करना अच्छा लगता है। अपने चार दशक के कॅरियर में उन्होंने कई महान गायकों के लिए गाने लिखे हैं। उनसे पूछे जाने पर कि युवा कलाकारों के साथ एक टीम के रूप में काम करना कितना अलग है? वारेन का कहना था, 'मुझे बस यही लगता है कि मैं किसी गायक के साथ काम कर रही हूं। इसमें अंतर जैसा कुछ नहीं होता।। महान कलाकार महान होता है फिर चाहे वो 20 साल का हो या फिर 40 का। मुझे नए और उदीयमान कलाकारों के साथ काम करना अच्छा लगता है। इससे मस्ती और ताजगी बनी रहती है।'




# भारत में पहली बार टीवी पर नाटक की स्क्रीनिंग

## लेखक और निर्देशक कंवल खूसट का नाटक गिद्ध दो ऐसी महिलाओं के आसपास चलता है जो पितृसत्तात्मक समाज में एक जैसे दुखों के कारण एक दूसरे से जुड़ी होती हैं।

**इस साल** कई सफल नाटको को अपने प्लेटफॉर्म पर दिखाने के बाद ज़ी थियेटर की अंतिम प्रस्तुति गिद्ध रही। इसकी कहानी सीमा पार की है। इसका निर्देशन तथा लेखन कमल खूसट ने किया है और इसमें दो ऐसी महिलाओं के आसपास चलता है जो पितृसत्तात्मक समाज में एक जैसे दुखों के कारण एक दूसरे से जुड़ी होती हैं।

गिद्ध सलीमा की सीधी सादी ज़िंदगी में उसकी बहन सलमा के अचानक प्रकट होने से जुड़ी समस्याओं पर आधारित है जिसका दावा है कि वो उसकी ननद है। जैसे जैसे कहानी की परतें खुलती हैं तो पता चलता है कि उन दोनों के ही जीवन में उथल पुथल मचाने वाला व्यक्ति एक ही था जिसका नाम जुनैद था जो सलमा का भाई और सलीमा का पति था। वे दोनों मिलकर अपनी समस्याओं का हल तलाश लेती हैं और जो सामने आता है उसके बाद उनके जीवन सदा के लिए बदल जाते हैं लेकिन ये उनकी इच्छा के अनुरूप नहीं होता।

कंवल का कहना है, 'ज़ी थियेटर के साथ जुड़ना एक उत्साहजनक अनुभव रहा। झांझर दी पानवा झंकार तथा मुश्क की जबर्दस्त प्रस्तुति के बाद इस नाटक की प्रस्तुति अत्यंत प्रेरक, उत्साहजनक तथा रोचक रही। इसके लिए टेलीप्ले शब्दावली विकसित करना भी इस पूरे




अनुभव का एक सार्थक पहलू था। इस नाटक का विकास एक प्रयोग था लेकिन ये उतना ही चुनौतीपूर्ण भी था। लेकिन कुल मिलाकर मुझे अपनी टीम पर गर्व है और वो पूरी तरह से मेरे साथ रही तथा कुछ रोचक और प्रामाणिक रचने के लिए उनका मुझमें विश्वास भी इसकी सफलता का एक कारण था।'

अभिनेत्री सना ने बताया, 'इसमें दिखाए गए महिला चरित्र हमारे नाटकों में पारंपरिक रूप से दिखाए जाने वाले महिला चरित्रों से अलग थे। प्रारभ में मुझे लगा कि मैं स्वयं से बिलकुल अलग चरित्र कर रही हूं लेकिन बाद में इसे करने पर लगा कि दोनों में काफी समानताएं भी थीं। कमरे में कई सशक्त महिलाओं के होने से मेरे भीतर की झिझक जाती रही और इसके बाद मुझमें महिला होने की जानीसमझी अवधारणा दरकने लगी और मेरा चरित्र में आना आसान होता चला गया। हमने अपने चरित्रों में हर प्रकार के अनूठे अनुभव, विचार, कहानियों को आत्मसात किया और एक ऐसी प्रस्तुति में पिरो दिया जिसका कोई निश्चित प्रारूप नहीं था।'

इस टेलीप्ले में रास्ती फारूक़ तथा अदील अज़ल भी थे और इसका प्रसारण टाटा स्काई थियेटर पर भी किया गया। ये पहली बार था जब कोई नाटक भारत में टीवी स्क्रीन पर दिखाया गया।

# शाहरुख खान ने प्रशंसकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

## 2021 में बड़े पर्दे पर दिखने का वादा किया



**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान ने भले ही अपनी अगली फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन शनिवार को अभिनेता ने अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया कि वे उन्हें इस साल बड़े पर्दे पर देखेंगे। अपने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए, 55 वर्षीय अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन मिनट से अधिक का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह सिनेमा हॉल में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हैं। शाहरुख आखिरी बार 2018 में आई फिल्म जीरो में दिखे थे।

उन्होंने कहा, मैं आप सभी को देर से अपनी शुभकामनाएं दे रहा हूं और मुझे लगता है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि 2020 हर किसी के लिए सबसे खराब साल रहा। और इस भयानक समय में आशा की किरण, सकारात्मकता ढूंढ़ना मुश्किल है। लेकिन इन खराब, मुश्किल दिनों, भयानक वर्षों को देखते हुए इससे पार पाने के लिए मेरे पास एक रास्ता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि जब कोई अपने जीवन के सबसे निचले हिस्से में होता है, तो अच्छी बात यह है कि यहाँ से आगे बढ़ने का केवल एक ही रास्ता है, ... ऊपर ... और बेहतर जगह। अभिनेता ने सभी के लिए एक बेहतर और शानदार वर्ष की कामना की। शाहरुख ने पिछले साल नवंबर में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू की, जिसका निर्देशन वॉर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। बताया जाता है कि फिल्म का शीर्षक पठान है। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स कर रहा है। खान ने अपने संदेश में कहा, "आप सभी 2021 में मुझे बड़े पर्दे पर देखेंगे।

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर जागरूकता फैलाएंगी मानुषी छिल्लर

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड 2017 प्रतियोगिता की विजेता मानुषी छिल्लर को महिलाओं के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने ऑरेंज द वर्ल्ड नामक वैश्विक पहल में शामिल किया है। 23 वर्षीय मॉडल-अभिनेत्री ने कहा कि महिलाएं हर कहीं अलग-अलग तरह से हिंसा का शिकार होती हैं और यह देखकर उन्हें बहुत दु:ख होता है।

छिल्लर ने एक बयान में कहा कि सभी आयु वर्ग की महिलाओं को खतरा है और एक महिला होते हुए इस बात का एहसास पीड़ादाई होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और अन्य महिलाओं को भी यह करने के लिए सशक्त बनाना चाहिए।

अभिनेत्री का मानना है, कोविड-19 महामारी के दौरान, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ गए हैं। घरेलू हिंसा के मामले बढ़े हैं। लेकिन जैसा कि हम कोविड-19 से उबरने की दिशा में काम कर रहे हैं वैसे ही हमें एक ऐसी दुनिया के पुनर्निर्माण की दिशा में भी सक्रिय रूप से काम करने की जरूरत है जो महिलाओं के लिए सुरक्षित हो। छिल्लर यश राज फिल्म्स की इतिहास पर आधारित फिल्म पृथ्वीराज में अक्षय कुमार के साथ काम करेंगी और फिल्मों में पदार्पण कर रही हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। कुमार इसमें चौहान का किरदार निभाएंगे, जबकि मानुषी संयोगिता की भूमिका में नजर आएंगी।



# 51वें इफ्फी की शुरुआत विंटरवर्ग की फिल्म अनदर राउंड से होगी

**अनदर राउंड का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2020 में किया गया था। सैन सेबास्टियन अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में इस फिल्म के लिए मिकल्सन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के का सिल्वर शेल पुरस्कार जीता था।**

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के फिल्मकार थॉमस विंटरबर्ग की फिल्म अनदर राउंड आगामी 51वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव (आईएफएफआई) की उद्घाटन फिल्म होगी। इसमें मैड्स मिकल्सन ने अभिनय किया है। ऑस्कर 2020 में इसे आधिकारिक तौर पर डेनमार्क की तरफ से भेजा गया था, जिसकी कहानी उच्च विद्यालय के चार शिक्षकों के इर्द-गिर्द घूमती है जो अल्कोहल के प्रभाव को लेकर प्रयोग करते हैं। अनदर राउंड का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2020 में किया गया था। सैन सेबास्टियन अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में इस फिल्म के लिए मिकल्सन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के का सिल्वर शेल पुरस्कार जीता था। इस फिल्म के सह कलाकारों थॉमस बो लार्सन, मैग्नस मिलांग और लार्स रांथे के साथ ही विंटरबर्ग को निर्देशन के लिए सिल्वर शेल पुरस्कार हासिल हुआ था। यह कान फिल्म उत्सव के आधिकारिक चयन का हिस्सा भी था। आईएफएफआई का आयोजन हर वर्ष गोवा में 20 से 28 नवंबर तक होता है, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और अब इसका आयोजन 16 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाले फिल्म महोत्सव में जापान का ऐतिहासिक ड्रामा वाइफ ऑफ ए स्पाई का भी प्रीमियर होगा, जिसका निर्देशन कियोशी कुरोसावा ने किया है। वाइफ ऑफ ए स्पाई को पहले जापान में पिछले वर्ष जून में टेलीविजन फिल्म के तौर पर रिलीज किया गया। इस फिल्म का 77वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चयन हुआ और इसने सिल्वर लायन पुरस्कार जीता। फिल्म में यू आओई और इस्से ताकाहाशी ने अभिनय किया है। एक्यावनवें आईएफएफआई में अलग-अलग श्रेणियों में कुल 224 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसे महामारी को देखते हुए हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है।


# पाकिस्तान में सरकार ने दिलीप कुमार, राज कपूर के पैतृक घरों को खरीदने के लिए धन मंजूर किया

**भाषा।** पेशावर



पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शहर के बीचोंबीच स्थित बॉलीवुड अभिनेताओं दिलीप कुमार तथा राज कपूर के पैतृक घरों की खरीद के लिए 2.35 करोड़ रुपए जारी किए जाने की शनिवार को मंजूरी दी और इन्हें राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने औपचारिक रूप से प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित अधिकारियों को इन पैतृक हवेलियों को खरीदने की मंजूरी दे दी। इन हवेलियों को उस दर पर खरीदने की अनुमति दी गई है जो खैबर पख्तूनख्वा के संचार और निर्माण विभाग ने कुछ सप्ताह पहले तय की थी। पेशावर के उपायुक्त मुहम्मद अली असगर ने विभाग की एक रिपोर्ट के बाद दिलीप कुमार के 101 वर्ग मीटर के घर की कीमत 80.56 लाख रुपए, वहीं राज कपूर के 151.75 वर्ग मीटर के बंगले की कीमत 1.50 करोड़ रुपए तय की है। खरीदने के बाद दोनों हवेलियों को खैबर पख्तूनख्वा का पुरातत्व विभाग संग्रहालय में तब्दील करेगा।

## वेब बैड



### तांडव

तांडव में राजनीति के अंतर्गत अलग लोक एक जगह मिल जाते हैं। इसमें नाटकीयता के पुट के साथ समाज के उच्च पदस्थ लोग अपने पद और सत्ता को बचाने के लिए दूसरे को किस प्रकार से उखाड़ने में लगे रहते हैं, दिखाया गया है। युवा और राजनीति के छात्रों को भी इसमें दिखाया गया है कि इस नकारात्मक संसार में उनका भविष्य किस प्रकार का होने वाला है। जनवरी 15 को अमेजॉन प्राइम पर रिलीज़।



### वन नाइट इन मियामी

ये फिल्म एक ऐसी काल्पनिक रात की कहानी पर आधारित है जिसमें मुहम्मद अली, मैल्कम एक्स, सैम कुक तथा जिम ब्राउन एक स्थान पर एकत्र होकर 60 के दशक में हुए नागरिक अधिकार आंदोलन में अपनी भूमिका के बारे में बताते हैं। फिल्म अमेजॉन प्राइम पर 15 जनवरी 2021 को रिलीज़ होनी है।



### पीसेज़ ऑफवुमन

ये कहानी है एक ऐसी महिला की जिसे उसके पति की अनुपस्थिति में घर पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ता है। पति और परिवार के बिना ऐसे में उसकी भावनात्मक स्थिति को दर्शाती ये फ़िल्म 7 जनवरी 2021 को नेटलिक्स पर रिलीज़ होगी।

# बॉलीवुड को नए साल में कई छोटी-बड़ी फिल्मों के सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद

**मुंबई।** कोविड-19 की वजह से 2020 में अनेक फिल्मों को पारंपरिक तरीके से रिलीज नहीं किया जा सका लेकिन बॉलीवुड को उम्मीद है कि नए साल में स्थिति बदलेगी और विभिन्न विषयों पर बनी छोटे-बड़े बजट की फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकेगा।

हालांकि, बड़े बजट की उन फिल्मों को नई फिल्मों से सिनेमाघर में जगह पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा जिन्हें योजना अनुसार पिछले साल रिलीज नहीं किया जा सका। ऐसी ही फिल्मों में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म सूर्यवंशी है जिसे इस साल रिलीज किए जाने की उम्मीद है।

सूर्यवंशी रोहित शेट्टी की अजय देवगन अभिनीत सिंघम एवं रणवीर सिंह अभिनीत सिम्बा के बाद तीसरी महत्वाकांक्षी फिल्म है जिसमें कैटरीना कैफ भी किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म के कोविड-19 से स्थिति सुधरने के बाद साल की पहली या दूसरी तिमाही में रिलीज होने की उम्मीद है।




पिछले साल रिलीज स्थगित होने के बाद अक्षय कुमार की बच्चन पांडे , अतरंगी रे और बेल बॉटम भी कतार में हैं और इस समय निर्माण के विभिन्न चरणों मे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा 1983 में विश्वकप जीतने की पृष्ठभूमि पर बनी कबीर खान निर्देशित फिल्म 83 भी उन फिल्मों में है जिनके दर्शकों के सामने आने में कोविड-19 की वजह से देरी हुई है। इस फिल्म में रणवीर सिंह क्रिकेटर कपिल देव का किरदार निभा रहे हैं और उनकी असल जिंदगी की पत्नी दीपिका पादुकोण पर्दे पर भी साथ होंगी और कपिल देव की पत्नी रोमी देवी के किरदार में दिखेंगी।

सलमान खान की एक्शन-ड्रामा से भरपूर फिल्म राधे : यॉर मोस्ट वांटेड भाई भी ईद के मौके पर रिलीज होने की उम्मीद है। सलमान ने दंबग-3 के बाद निर्देशक प्रभुदेवा के साथ फिर से काम किया है। फिल्म में दिशा पटानी एवं रणदीप हुड्डा की भी भूमिकाएं हैं। खेल की ही पृष्ठ भूमि पर बनी अजय देवगन की फिल्म मैदान भी इस साल रिलीज होगी। इस फिल्म में देवगन ने सईद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है जो 1950 से 1963 में उनकी मौत तक भारतीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक रहे थे। यह एकमात्र फिल्म है जिसके रिलीज करने की तारीख तय हो गई है। अमित शर्मा निर्देशित फिल्म मैदान को 15 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना है। इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों की कतार में अमिर खान की लाल सिंह चड्ढा भी शामिल है जो हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इनके अलावा अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र , करण मल्होत्रा निर्देशित एवं रणबीर कपूर, संजय दत्त व वाणी कपूर अभिनीत शमशेरा , संजय लीला भंसाली निर्देशित गंगूबाई काठियावाड़ी ऐसी कुछ फिल्में हैं जिनके नए साल में रिलीज होने की उम्मीद है।